आश्विन कृष्ण पक्ष सप्तमी उपरांत 12:39 अष्टमी विक्रम संवत 2081

लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित

मंगलवार, 24 सितंबर 2024

वर्ष 3, अंक 46, पृष्ठ 16

2 राज्य, 6 संस्करण

मूल्य 6 रुपये

अमृत विचार

अयोध्या

एक सम्पूर्ण अखबार

www.amritvichar.com

दिसानायके ने नया युग लाने का किया वादा 16

सुर्खियों से दूर भारत के तारणहार बने रहे हैं जडेजा 15

पूरे परिवार का अपहरण, महिला की हत्या

कामतानाथ के दर्शन कराने के बहाने किया अपहरण, गला कसने पर पति कार से कूदा

संवाददाता, राठ/सरीला (हमीरपुर)

- पुलिस ने कार बरामद कर चालक को किया गिरफ्तार
- चार लोगों के खिलाफ दर्ज कराई गई एफआईआर

अमृत विचार : कामतानाथ के दर्शन के बहाने एक परिवार का अपहरण कर जान से मारने का प्रयास किया गया। गला कसने पर पति चलती कार से कूद गया, जबकि पत्नी की गला कसकर हत्या कर दी और राठ-उरई हाईवे पर गोहांड कस्बे के पास शव फेंक दिया। बेटे को भी मरा समझ कर रास्ते में फेंक दिया, जबकि बेटी को औरैया में छोड़ा। पुलिस ने तहरीर पर चार लोगों के खिलाफ अपहरण और हत्या का मामला दर्ज किया है। पुलिस ने कार बरामद कर ली है और चालक को गिरफ्तार कर पूछताछ कर रही है। आरोपियों की तलाश में चार टीमें गठित की गई हैं।

कानपुर नगर के चौबेपुर थाना क्षेत्र के मदारीपुर निवासी सूरज सिंह पुत्र छोटेलाल यादव परिवार के साथ कानपुर नगर के गुजैनी क्षेत्र के प्लाट नंबर 3 बी बर्रा में किराए पर रहता है। वह जूता फैक्ट्री में काम करता है। उसी मकान में त्रिभुवन उर्फ चाचा नाम का व्यक्ति भी रहता है। सूरज ने जरिया पुलिस को बताया कि त्रिभुवन ने चित्रकूट में कामतानाथ के दर्शन के लिए जाने की बात कही तो वह भी पत्नी अमन, बेटा रामजी और बेटी परी के साथ तैयार हो गया।

चित्रकूट जाने के लिए संजीव नामक व्यक्ति की अर्टिगा कार बुक की गई। शनिवार शाम त्रिभुवन ने अपने साथी वीर सिंह और रामप्रसाद को बुला लिया। सभी लोग कार से रवाना हुए। रविवार रात त्रिभुवन ने राठ-उरई हाईवे पर कुम्हरिया गांव के पास सूरज का गला दबाकर मारने का प्रयास किया। वह चलती कार से कूद गया। इसके बाद सूरज के पुत्र शिवा उर्फ रामजी को गोहांड के पास फेंक दिया। बेटी परी और पत्नी अमन को लेकर भाग गए। कार सवारों ने अमन की गला दबाकर हत्या करने के बाद जरिया थाना क्षेत्र के रहंक बंबी के पास फेंक दिया। बेटी परी को औरैया में फेंक दिया। रविवार सुबह रामजी ने गोहांड के पास एक मंदिर में घटना की जानकारी पुजारी को दी। पुजारी ने पुलिस को सूचना दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने बच्चे को अपने साथ लेकर उसके पिता सूरज यादव की तलाश की तो वह भी मिल गया। सोमवार सुबह पुलिस ने रहंक बंबी के पास खेत से महिला का शव बरामद किया।

हम बंटे थे इसीलिए अयोध्या से कटे थे : योगी

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- मीरजापुर में 127 परियोजनाओं का किया लोकार्पण-शिलान्यास
- 1500 से अधिक युवाओं को वितरित किया स्मार्टफोन व टैबलेट
- मत्स्य आहार प्लांट के लिए लगभग चार करोड़ का चेक भी सौंपा

अमृत विचार : मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने अयोध्या धाम और रामलला के नवनिर्मित मंदिर का उदाहरण देते हुए सवाल पूछा है कि ऐसी स्थिति क्यों हुई कि अयोध्या में 500 वर्षों तक इंतजार करना पड़ा? रामलला के भव्य मंदिर को तोड़कर आक्रांताओं ने क्यों गुलामी का ढांचा खड़ा कर दिया था? उसका एक ही कारण है कि हम बंटे थे, इसलिए कटे थे। इसलिए बंटिए मत, बल्कि एकजुट होकर विकास व सुरक्षा के माहौल में आगे बढ़िए।

योगी आदित्यनाथ ने सोमवार को मीरजापुर के गोपालपुर, विकासखंड पहाड़ी में 765 करोड़ रुपये की 127 विकास परियोजनाओं का लोकार्पण-शिलान्यास किया। स्वामी विवेकानंद युवा सशक्तिकरण योजना के तहत 1500 से अधिक युवाओं को स्मार्टफोन व टैबलेट वितरित किए। मत्स्य आहार प्लांट की स्थापना की पहली क़िस्त के रूप में लगभग चार करोड़ का चेक भी सौंपा। विभिन्न योजनाओं के लाभार्थियों को सम्मानित करते हुए विद्या शक्ति पोर्टल की भी शुरुआत की।

माफिया को प्रशासन करता था सैल्यूट

मुख्यमंत्री ने कहा कि 2017 के पहले माफिया समानांतर सरकार चलाते थे। खनन, पशु, संगठित अपराध, भूमाफिया हावी थे। जब उनका काफिला निकलता था तो सामान्य जनप्रतिनिधि सहम जाते थे, प्रशासन सैल्यूट करता था। आज माफिया गिड़गिड़ा रहे हैं कि जान बख्श दो।

अपराधियों के सामने नाक रगड़ते थे विपक्षी

योगी ने विपक्षियों पर निशाना साधते हुए कहा कि जाति का खेल खेलने वाले लोग माफिया व दुर्दांत अपराधियों, दंगाइयों के सामने नाक रगड़ते थे। आज जब राज्य की विकास की नई धारा के साथ बढ़ रहा है तो यह फिर से अवरोध बनकर खड़ा होना चाहते हैं। ऐसे लोग वर्तमान के साथ भावी पीढ़ी के भविष्य के साथ भी खिलवाड़ कर रहे हैं।

एक नजर

विधायक अमानतुल्लाह की हिरासत 7 अक्टूबर तक

नई दिल्ली। दिल्ली की एक अदालत ने सोमवार को धन शोधन के एक मामले में आम आदमी पार्टी (आप) के विधायक अमानतुल्लाह खान की न्यायिक हिरासत 7 अक्टूबर तक बढ़ा दी। खान की न्यायिक हिरासत की समय सीमा समाप्त होने पर उसे विशेष न्यायाधीश राकेश स्याल के समक्ष पेश किया गया जिन्होंने यह आदेश पारित किया। प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने दो सितंबर को खान को गिरफ्तार किया था। एजेंसी ने अदालत को बताया था कि अगर उसे रिहा किया गया तो वह गवाहों को प्रभावित कर सकता है और जांच को बाधित कर सकता है।

अवैध पटाखा फैक्ट्री से बड़ी मात्रा में बारूद बरामद

मुरैना। मध्यप्रदेश के मुरैना जिले के महुआ थाना पुलिस ने एक अवैध पटाखा फैक्ट्री पर छापा मारकर बड़ी मात्रा में बने हुए पटाखे, पोटाश और बारूद बरामद किया है। पुलिस सूत्रों ने यहां बताया कि महुआ थाना पुलिस को कल रात सूचना मिली कि ग्राम रुधावली में एक अवैध पटाखा फैक्ट्री में दीपावली के लिए बड़ी मात्रा में प्याखों का निर्माण किया जा रहा है। महुआ थाना पुलिस ने इसकी सूचना समीप के अंबाह थाना पुलिस को भी दी। अंबाह और महुआ थाना पुलिस ने संयुक्त रूप से ग्राम रुधावली में जाकर उक्त फैक्ट्री पर छापा मार करवाई की।

चाइल्ड पोर्नोग्राफी देखना डाउनलोड करना अपराध

सुप्रीम कोर्ट ने मद्रास हाईकोर्ट का फैसला पलटा, कहा-अदालतें इस शब्द का इस्तेमाल भी न करें

नई दिल्ली, एजेंसी

चाइल्ड पोर्नोग्राफी शब्दावली बदलने को लाया जाए अध्यादेश

तीन जजों की पीठ ने कहा कि संसद को चाइल्ड पोर्नोग्राफी शब्दावली को चाइल्ड सेक्शुअल एक्सप्लॉइटेटिव एंड अब्यूजिव मटीरियल शब्दावली से प्रतिस्थापित करने के लिए से पॉक्सो में संशोधन लाने पर गंभीरता से विचार करना चाहिए। पीठ ने यह भी कहा कि इस संशोधन के लिए फिलहाल सरकार अध्यादेश जारी कर सकती है। शीर्ष अदालत ने इसके साथ ही देश में यौन शिक्षा कार्यक्रमों को व्यापक रूप से लागू करने का भी सुझाव दिया, जिसमें नाबालिगों के साथ रतिक्रिया के चित्रण के कानूनी और नैतिक नतीजों की भी जानकारी शामिल की जाए।

सुप्रीम कोर्ट ने सोमवार को अपने एक ऐतिहासिक फैसले में बच्चों से जुड़ा पोर्नोग्राफी कंटेंट देखना या डाउनलोड करना कानूनी अपराध घोषित किया है। शीर्ष न्यायालय ने कहा है कि चाइल्ड पोर्नोग्राफी कंटेंट को देखना या डाउनलोड करना पॉक्सो एक्ट और आईटी लॉ (सूचना एवं तकनीकी कानून) के तहत अपराध है।

प्रधान न्यायाधीश डीवाई चंद्रचूड़, न्यायमूर्ति जेबी पारदीवाला और न्यायमूर्ति मनोज मिश्रा की पीठ ने गैर सरकारी संगठन ''जस्ट राइट फॉर चिल्ड्रन अलायंस'' की अपील और राष्ट्रीय बाल अधिकार संरक्षण आयोग के हस्तक्षेप पर इस विषय में मद्रास हाईकोर्ट के एक फैसले को पलटते हुए नए दिशा-निर्देश जारी किए हैं। पीठ ने अपने फैसले में केंद्र सरकार को बाल पोर्नोग्राफी (चाइल्ड पोर्नोग्राफी) शब्द की जगह संशोधित शब्दावली ''बाल यौन शोषण और दुर्व्यवहार सामग्री'' (चाइल्ड सेक्शुअल एक्सप्लॉइटेटिव एंड अब्यूजिव मटीरियल) रखने के लिए जरूरी प्रक्रिया अपनाने के निर्देश दिए हैं। सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि अदालतें भी चाइल्ड पोर्नोग्राफी शब्द का इस्तेमाल न करें।

अदालत ने पूरे देश में बच्चों को कम उम्र से ही पॉक्सो के बारे में जागरूक बनाने पर जोर दिया है, ताकि बाल संरक्षण, शिक्षा और यौन कल्याण के लिए एक मजबूत और सुविचारित दृष्टिकोण सुनिश्चित किया जा सके। शीर्ष अदालत ने यह भी माना है कि यदि सोशल मीडिया मंच सरकार या उसकी एजेंसियों द्वारा समुचित रूप से बाल यौन सामग्री के रूप में अधिसूचित आपत्तिजनक सामग्री को साक्ष्य को अप्रभावित रखते हुए अपने मंच से शीघ्रता पूर्वक नहीं हटाते हैं तो ऐसे मंचों को सूचना प्रौद्योगिकी अधिनियम की धारा 79 के तहत दी गई सुरक्षा का लाभ नहीं मिलेगा।

दरअसल, एक मामले की सुनवाई में मद्रास हाईकोर्ट ने कहा था कि अगर कोई पोर्नोग्राफी कंटेंट डाउनलोड करता और देखता है, तो यह अपराध नहीं, जब तक कि नीयत इसे प्रसारित करने की न हो। वहीं सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि ऐसे कंटेंट का स्टोरेज, इसे डिलीट न करना और इसकी शिकायत न करना बताता है कि इसे प्रसारित करने की नीयत से स्टोर किया गया है। हाईकोर्ट ने यह मामला खारिज करके अपने फैसले में गंभीर गलती की है। हम उसका फैसला रद करते हैं और मामले को वापस सेशन कोर्ट भेजते हैं।

छत्तीसगढ़ में वज्रपात से पांच बच्चों समेत आठ लोगों की मौत

- भोजनावकाश में स्कूल में खेल रहे थे बच्चे

राजनांदगांव, एजेंसी। छत्तीसगढ़ के राजनांदगांव जिले में सोमनी के पास जोरातराई गांव के स्कूल में सोमवार को बिजली गिरने (वज्रपात) से पांच बच्चों समेत आठ लोगों की मौत हो गई तथा कुछ अन्य घायल हो गए। ये बच्चे भोजन अवकाश में खेल रहे थे। तभी बारिश के बीच बिजली गिरी जिसकी चपेट में उक्त छात्र और अन्य लोग आ गए। जिलाधिकारी संजय अग्रवाल ने स्कूली बच्चों समेत आठ लोगों की मौत की पुष्टि की है। बताया गया कि सोमनी थाना क्षेत्र के जोरातराई गांव में करीब डेढ़ बजे के आसपास मौसम खराब हुआ और बिजली की कडक़ड़ाहट के साथ बारिश हुई। उस वक्त गांव के सरकारी स्कूल के बच्चे भोजन अवकाश पर मैदान में खेल रहे थे और वे बिजली की चपेट में आ गए। इससे घटनास्थल पर ही पांच बच्चों समेत आठ लोगों की मौत हो गई। कुछ बच्चों के घायल होने की भी खबर है। जिलाधिकारी संजय अग्रवाल, पुलिस अधीक्षक व जिला शिक्षाधिकारी के साथ मेडिकल टीम गांव पहुंची और घायल बच्चों का उपचार शुरू किया।

सुल्तानपुर डकैती का एक और आरोपी ढेर

कार्यालय संवाददाता, उन्नाव

- मारे गए बदमाश अनुज सिंह पर घोषित था एक लाख रुपये का इनाम
- सोमवार भोर में एसटीएफ लखनऊ व अचलगंज पुलिस से हुई मुठभेड़

अमृत विचार : सुल्तानपुर जिले के एक ज्वैलर्स की दुकान में 28 अगस्त को पड़ी डकैती में शामिल रहे दो बदमाशों की अचलगंज क्षेत्र में पुलिस और एसटीएफ से सोमवार भोर में मुठभेड़ हो गई। इसमें एक बदमाश पुलिस की गोली लगने से ढेर हो गया जबकि दूसरा भागने में सफल रहा। मुठभेड़ में मारे गए बदमाश अनुज प्रताप सिंह पर एक लाख रुपये का इनाम था।

सुल्तानपुर स्थित एक ज्वैलर्स की दुकान में 28 अगस्त को दिनदहाड़े डकैती पड़ी थी। वारदात में शामिल रहे दो बदमाशों की लोकेशन एसटीएफ लखनऊ की टीम को उन्नाव के अचलगंज थाना क्षेत्र में मिली थी। एसटीएफ ने उन्नाव पुलिस के साथ घेरने की योजना तैयार की। रविवार देर रात एसटीएफ व पुलिस ने बदमाशों की घेराबंदी की। बदमाश बाइक से भागने लगे। उन्नाव के थाना अचलगंज क्षेत्र में बदमाशों का पुलिस से आमना-सामना हो गया। अपने को घिरा देख बदमाशों ने पुलिस टीम पर फायर कर दिया, पुलिस की जवाबी फायरिंग में एक बदमाश के सिर में गोली लगी। दूसरा बदमाश भागने में सफल रहा। मारे गए बदमाश की पहचान अनुज प्रताप सिंह पुत्र धर्मराज सिंह निवासी गांव जनापुर थाना मोहनगंज अमेठी के रूप में हुई। जिला अस्पताल में डॉक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया।

अनुज की बहन मनीषा सिंह ने भाई को निर्दोष बताया। जो डकैती में शामिल थे सभी का एनकाउंटर होना चाहिए। सजा देने का काम कोर्ट का है। मेरे भाई को विपिन सिंह और विनय शुक्ला ने फंसाया है। पिता धर्मराज सिंह ने कहा कि विपक्ष ने कहा था केवल जाति विशेष का एनकाउंटर सरकार करवा रही है। आज देख लीजिए ठाकुर का भी एनकाउंटर हो गया। जिन पर 35 से 40 केस हैं। उनका एनकाउंटर नहीं हो रहा है।

खाली छोड़ी केजरीवाल की कुर्सी

नई दिल्ली, एजेंसी

- आतिशी ने संभाला दिल्ली के 8वें मुख्यमंत्री पद का प्रभार
- कहा-भरत की तरह करेंगी मुख्यमंत्री पद का काम

आम आदमी पार्टी (आप) की नेता आतिशी ने सोमवार को दिल्ली की 8वीं मुख्यमंत्री का प्रभार संभाला और कहा कि वह उसी तरह काम करेंगी, जैसे भरत ने अपने बड़े भाई भगवान राम की 'खड़ाऊं' को अयोध्या के सिंहासन पर रखकर काम किया था। वह मुख्यमंत्री कार्यालय में केजरीवाल की कुर्सी पर नहीं बैठीं और उन्होंने कहा कि केजरीवाल की कुर्सी खाली रहेगी। वह केजरीवाल की कुर्सी के बगल में रखी सफेद रंग की एक अन्य कुर्सी पर बैठीं।

आतिशी ने केजरीवाल सरकार में उनके पास रहे 13 विभागों का प्रभार अपने पास रखा है जिनमें शिक्षा, राजस्व, वित्त, बिजली और पीडब्ल्यूडी शामिल हैं। उन्होंने प्रभार संभालने के बाद कहा कि मैं दिल्ली के मुख्यमंत्री के रूप में चार महीने तक उसी तरह काम करूंगी, जैसे भरत ने भगवान राम की खड़ाऊं को सिंहासन पर रखकर काम किया था। अरविंद केजरीवाल ने इस्तीफा देकर राजनीति में गरिमा की मिसाल कायम की है।

मुख्यमंत्री पद का अनादर : भाजपा

नई दिल्ली। दिल्ली के मुख्यमंत्री का कार्यभार संभालने के बाद आतिशी के बयान पर भाजपा सांसद मनोज तिवारी ने तंज किया है। उन्होंने कहा कि आतिशी एक खाली कुर्सी दिखाती हैं तो इसका मतलब वह अपने को मुख्यमंत्री नहीं मानती हैं। यह कृत्य मुख्यमंत्री पद और संविधान का अनादर है। भाजपा की दिल्ली इकाई के प्रमुख वीरेंद्र सचदेवा ने आतिशी की आलोचना करते हुए कहा कि यह मुख्यमंत्री के पद का अपमान है। भाजपा प्रवक्ता प्रदीप भंडारी ने कहा आतिशी जी और अरविंद केजरीवाल जी दिल्ली में लालू-राबड़ी मॉडल और सोनिया-मनमोहन मॉडल चलाना चाहते हैं।

भारत में एमपॉक्स क्लेड-1 बी का पहला मामला मिला

- यूएई से केरल लौटे युवक में मिले लक्षण

नई दिल्ली। एमपॉक्स वायरस के जिस स्वरूप (स्ट्रेन) को विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) ने पिछले महीने सार्वजनिक स्वास्थ्य आपातकाल घोषित किया था, भारत में उसका पहला मामला सामने आया है। पिछले सप्ताह केरल में एक व्यक्ति के इससे संक्रमित होने की पुष्टि हुई।

सूत्रों ने बताया कि मल्लपुरम निवासी 38 वर्षीय व्यक्ति को 'क्लेड-1बी स्ट्रेन' से संक्रमण का पता चला है, जो हाल में संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) से लौटा है। सूत्रों ने बताया कि रोगी की हालत स्थिर है। यह इस स्वरूप का पहला मामला है। इस स्वरूप के कारण विश्व स्वास्थ्य संगठन ने पिछले महीने दूसरी बार एमपॉक्स को सार्वजनिक स्वास्थ्य आपातकाल घोषित किया था। इससे पहले राजधानी दिल्ली में सामने आया एमपॉक्स का एक मामला हरियाणा के हिसार निवासी 26 वर्षीय व्यक्ति का था, जो इस महीने की शुरुआत में पश्चिमी अफ्रीकी 'क्लेड 2' स्वरूप से संक्रमित पाया गया था।

तिरुपति मंदिर का हुआ शुद्धिकरण

तिरुमला, एजेंसी

तिरुमला मंदिर में लड्डू प्रसाद में मिलावट के परिप्रेक्ष्य में तिरुमला तिरुपति देवस्थानम (टीटीडी) ने सोमवार सुबह तिरुमाला मंदिर की यज्ञशाला में वैखानस आगम के सिद्धांतों के अनुसार मंदिर का शुद्धिकरण करते हुए 'शांति होम' किया। टीटीडी के कार्यकारी अधिकारी जे. श्यामला राव और अतिरिक्त कार्यकारी अधिकारी सीएच वेंकैया चौधरी ने पवित्र समारोह के संपन्न होने के बाद बताया कि महा शांति होम का उद्देश्य बुरे प्रभावों को दूर करना, लड्डू प्रसादम और अन्य नैवेद्यम की पवित्रता को बहाल करना और श्रीवारी भक्तों का कल्याण करना है।

उन्होंने कहा कि यह पवित्र अनुष्ठान एक पाप-मुक्त अनुष्ठान है और इसके एक हिस्से के रूप में ऋत्विकों द्वारा वास्तु शुद्धि, कुंभजला संप्रोक्षण किया गया। भक्त लड्डू प्रसादम और नैवेद्यम की गुणवत्ता के बारे में अपनी आशंकाओं और गलतफहमियों को दूर कर सकते हैं। मंदिर के मुख्य पुजारियों में से एक वेणुगोपाल दीक्षितुलु ने कहा कि सुबह छह से दस बजे तक यज्ञशाला में संकल्पम, विश्वक्सेना आराधना, पुण्याहवचनम, वास्तु होम, कुंभ प्रतिष्ठा, पंचगव्य आराधना की गई।

प्रसाद विवाद : मंदिर में किया गया शांति होम

मंदिर की रसोई में शुद्धि अनुष्ठान करते पुजारी।

घी की आपूर्ति करने वाली कंपनी को दी नोटिस

नई दिल्ली। केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय ने तिरुमला तिरुपति बालाजी मंदिर में लड्डू प्रसादम के लिए घी की आपूर्ति करने वाली एक कंपनी को कारण बताओ नोटिस जारी किया है। मंत्रालय ने मंदिर में घी की आपूर्ति करने वाली चार कंपनियों के उत्पाद के नमूने मांगे थे और उनका परीक्षण किया था। इनमें से एक कंपनी के उत्पाद का नमूना मानकों के अनुरूप नहीं पाया गया है।केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री जगत प्रकाश नड्डा ने कहा कि तिरुमला तिरुपति प्रसाद मामले में आंध्र प्रदेश सरकार से रिपोर्ट मांगी गई है और इस पर उचित कार्रवाई की जाएगी।

बिहार में निर्माणाधीन पुल का एक हिस्सा ढहा

पटना, एजेंसी

- प्रांत में हाल के दिनों में ढह चुके हैं एक दर्जन से अधिक पुल

बिहार में पटना जिले के बख्तियारपुर-ताजपुर गंगा महासेतु का एक निर्माणाधीन हिस्सा रविवार रात को ढह गया। इस घटना को हाल के दिनों में बिहार के कई जिलों में एक दर्जन से अधिक पुलों के ढहने की कड़ी में देखा जा रहा है।

बिहार विधानसभा में प्रतिपक्ष के नेता तेजस्वी यादव ने घटना के पीछे निर्माण कार्य में वित्तीय भ्रष्टाचार का आरोप लगाया। हालांकि बिहार राज्य सड़क विकास निगम लिमिटेड (बीएसआरडीसीएल) के मुख्य महाप्रबंधक प्रबीन चंद्र गुप्ता ने बताया कि घटना बियरिंग बदलने के दौरान हुई है जो एक नियमित अभ्यास है। किसी के हताहत होने की खबर नहीं है। बख्तियारपुर-ताजपुर गंगा महासेतु के निर्माण की देखरेख बीएसआरडीसीएल कर रहा है। प्रबीन गुप्ता ने बताया कि खंभों पर गर्डर रखते समय उनमें से एक गिर गया।

फिल्म लापता लेडीज ऑस्कर के लिए नामित

चेन्नई। किरण राव की 'लापता लेडीज' को ऑस्कर पुरस्कार 2025 के लिए भारत की आधिकारिक प्रविष्टि के तौर पर चुना गया है। फिल्म फेडरेशन ऑफ इंडिया ने सोमवार को यहां यह घोषणा की। पितृसत्ता पर हल्के-फुल्के व्यंग्य से भरपूर इस हिंदी फिल्म को 29 फिल्मों में से चुना गया है जिनमें बॉलीवुड की हिट फिल्म एनिमल, मलयालम की राष्ट्रीय पुरस्कार विजेता अट्टम और कान फिल्म महोत्सव की विजेता ऑल वी इमेजिन एज लाइट शामिल हैं। असमी फिल्म निर्देशक जाहनु बरुआ की अध्यक्षता वाली 13 सदस्यीय चयन समिति ने सर्वसम्मति से चुनाव किया।

बजट 150 करोड़ का, केंद्र-राज्य का ड्रीम प्रोजेक्ट फिर भी बेपटरी

कौशल विकास मिशन के भविष्य पर प्रश्न चिन्ह, उप्र. के 2677 ट्रेनिंग सेंटर के संचालक निराश

अजय दयाल, लखनऊ

- लाखों युवा तकनीकी प्रशिक्षण लेकर स्वरोजगार करने को लालायित, लेकिन अभी अवसर नहीं
- दस लाख रुपये की एफडी सैकड़ों प्रशिक्षणदाताओं के सामने बेरोजगारी का संकट

अमृत विचार: लगभग डेढ़ सौ करोड़ रुपये का बजट है, किंतु निर्धारित लक्ष्य नहीं। लगभग ढाई हजार प्रशिक्षण केंद्र हैं, लेकिन वहां भी सिर्फ सन्नाटा। लाखों युवा तकनीकी प्रशिक्षण लेकर स्वरोजगार करने को लालायित हैं, पर अभी अवसर नहीं। स्टार्टअप और ट्रेनिंग पार्टनर्स को भविष्य की चिंता सताने लगी है। कुल मिलाकर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का एक ड्रीम प्रोजेक्ट उत्तर प्रदेश में बेपटरी हो रहा है। जी हां, यह ड्रीम प्रोजेक्ट है कौशल विकास मिशन का। इसका प्रमुख उद्देश्य ज्यादा से ज्यादा युवाओं को तकनीकी प्रशिक्षण देकर रोजगार के अवसर दिलाना या स्वरोजगार में मदद करने का है।

फिलहाल स्थिति यह है कि वर्ष 2024-25 में 01 अप्रैल से शुरु हुए सत्र में एक भी नयी ट्रेनिंग शुरु नहीं हुई। ऐसे में उप्र. के 2,677 ट्रेनिंग सेंटर के संचालक गहरी निराशा में हैं। सत्र 2022-23 में इन्हीं ट्रेनिंग सेंटर की संख्या 2,276 थी जिसमें 2023-24 में 400 की बढ़ोत्तरी हो गई थी। आईटीआई, और पॉलिटेक्निक सेंटर को छोड़ ऐसे निजी प्रशिक्षण केंद्र जो किराए पर हैं, उनके सामने आर्थिक संकट है। यही नहीं, दस लाख रुपये की एफडी जमाकर न्यू स्टार्टअप पॉलिसी के तहत काम पाने वाले सैकड़ों प्रशिक्षणदाताओं के सामने अब बेरोजगारी का संकट खड़ा होने वाला है। इनमें अधिकांश ऐसे हैं, जिन्होंने बैंकों से कर्ज लेकर दस लाख की एफडी मिशन में जमा की है। हालांकि 2022-23 और 2023-24 के सत्र उपलब्धि वाले रहे। उन सत्रों में क्रमशः 3.48 लाख पंजीकृत युवाओं में से 1.55 ने ट्रेनिंग ली और 97,286 को अलग-अलग क्षेत्रों में नियुक्ति भी मिल गई। इसके बाद 3.49 लाख युवाओं ने ट्रेनिंग हासिल करने को पंजीकरण कराया। इनमें से 2.23 ने प्रशिक्षण पूरा किया और 1.30 को रोजगार भी मिला।

अभी तक किसी भी प्रशिक्षणदाता को लक्ष्य नहीं

वित्तीय वर्ष 23-24 के लिए प्रशिक्षणदाताओं को लक्ष्य फरवरी 2022 में ही दे दिया गया था। इससे प्रशिक्षणदाताओं को तैयारी के लिए पर्याप्त समय भी मिल गया था और जिन लोगों ने किराए आदि प्रशिक्षण केंद्र बनाएं हैं, उन्हें भी पर्याप्त समय मिल गया था। वह बताते हैं कि इस बार अभी तक किसी भी प्रशिक्षणदाता को लक्ष्य नहीं दिया गया है।

> अभी हमें टारगेट नहीं मिला है, टारगेट मिलते ही ट्रेनिंग शुरु कर दी जाएगी। बजट की कोई समस्या नहीं है। संभवत : अगले माह इसके प्रशिक्षण कार्यक्रमों को मूर्त रूप दे दिया जाएगा।
> -**अभिषेक सिंह**, मिशन निदेशक, कौशल विकास मिशन, उप्र.

एक नजर

नए सीडीओ ने संभाला पदभार

अयोध्या, अमृत विचार : प्रदेश शासन से तबादले पर आए मुख्य विकास अधिकारी केके सिंह ने कार्यभार संभाल लिया। वह रविवार की देर शाम यहां पहुंचे। इसके पहले पूर्व मुख्य विकास अधिकारी ऋषि राज ने रविवार को ही अपना चार्ज छोड़ दिया था। नवागत सीडीओ ने सोमवार से काम शुरू कर दिया।

राजकीय सम्प्रेक्षण गृह का किया निरीक्षण

अयोध्या। अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश/सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण अनिल कुमार वर्मा ने राजकीय सम्प्रेक्षण गृह (किशोर) का निरीक्षण किया। सम्प्रेक्षण गृह (किशोर) में कुल 114 किशोर अपचारी निरुद्ध हैं। निरुद्ध किशोर अपचारियों से उनके स्वास्थ्य एवं भोजन के बारे में जानकारी ली। अपचारियों ने बताया कि स्वास्थ्य की जांच के लिए समय-समय पर चिकित्सक आते हैं। सहायक अधीक्षक राजकीय संप्रेक्षण गृह (किशोर) को समुचित साफ-सफाई के लिए निर्देश दिया। तहसील बीकापुर के देश दीपक आदर्श इंटर कॉलेज में नशीली दवाओं, धूम्रपान के सेवन से होने वाले दुष्प्रभाव के विषय पर विधिक जागरूकता एवं साक्षरता शिविर का आयोजन किया गया।

जिले के 15 स्कूली वाहन अवैध घोषित

अनफिट वाहनों पर कार्रवाई की तैयारी में आरटीओ, भेजी गई नोटिस

अयोध्या कार्यालय

अमृत विचार : जिले के 15 स्कूली वाहन बगैर फिटनेस के सड़कों पर फर्राटा भर रहे हैं। अनफिट वाहनों के फिटनेस के लिए स्कूलों को आरटीओ की ओर से नोटिस भी जारी कर दी गई, किन्तु उनके कान पर जूं नहीं रेंग रही है। आरटीओ ऋतु सिंह ने बताया कि जिले में स्कूली व अन्य बगैर फिटनेस के वाहन कतई सड़कों पर नहीं चलने पाएंगे। यदि उनके फिटनेस नहीं हुए तो वाहन निलम्बन व निरस्तीकरण आदि वैधानिक कार्रवाई की जाएगी।

आरटीओ ऋतु ने बताया कि जिले के अनफिट स्कूली वाहनों में अब तक 130 वाहन फिटनेस करा चुके हैं। अभी भी 236 वाहनों का पंजीयन निलंबित है तथा दो वाहन का पंजीयन निरस्तीकरण और एक वाहन पर समर्पण की कार्रवाई की जा चुकी है। इसी क्रम में जिले के 77 यात्री वाहनों का पंजीयन निलंबित है व 19 यात्री बसों का पंजीयन निरस्त किया जा चुका है। उन्होने बताया कि मुख्य सचिव के निर्देशन में जुलाई माह से स्कूली वाहनों व यात्री वाहनों के प्रति अभियान चलाकर कार्रवाई की जा रही है।

अधिकारियों के साथ बैठक करतीं आरटीओ ऋतु सिंह। अमृत विचार

इन स्कूली वाहनों पर हो रही कार्रवाई

जिन स्कूली वाहनों पर कार्रवाई हो रही हैं उनमें प्रमुख जय पार्वती गुरुकुल पीडी स्कूल, सुभाष चन्द्र बोस इंटर कॉलेज, द एमएस डीडी सेवा समिति, हाजी आशिक अली एड्यू एण्ड वीएस, राज बली स्मारक पब्लिक स्कूल, बालिका इंटर कॉलेज मया बाजार, डायनामिक इंटर कॉलेज, डॉ. लोहिया बालिका इंटर कॉलेज बीकापुर, दुर्गावती एस.पी. एण्ड जेएस मोतीगंज व अन्य शामिल हैं। उन्होंने अभिभावकों से अपील की है कि मानकों के अनुरूप संचालित स्कूली वाहनों से ही बच्चों को स्कूल भेजें, अन्यथा किसी भी अप्रिय स्थिति के लिए वे स्वयं उत्तरदायी होंगे।

चोरी करने पहुंचे गिरोह ने सास-बहू समेत तीन लागों को किया घायल

बड़ागांव, अयोध्या

अमृत विचार : रौनाही थाना क्षेत्र के गांव बरसेंडी में रविवार की रात चोरी करने घुसे लोगों ने परिवार को जमकर पीटा और सास-बहू को मरणासन्न कर दिया, जबकि एक युवक को गंभीर चोट आई है। गंभीर घायल सास-बहू को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। मौके की नजाकत देख थाना पुलिस ने एफएसएल और डॉग दस्ता की टीम बुला जांच-पड़ताल कराई है।

बताया गया कि रविवार की रात तीन चोर सत्ती चौरा पुलिस चौकी क्षेत्र स्थित गांव बरसेंडी निवासी जगदंबा सिंह उर्फ बब्लू के घर में छत के रास्ते दाखिल हुए और घर में रखा कीमती सामान खंगालना शुरू कर दिया। खटपट सुनकर जगदंबा सिंह की मां प्रेमा सिंह की नींद खुली तो उन्होंने अपनी बहू मनाली सिंह को आवाज दी और माजरा जानने को कहा। चोरों ने सास-बहू को

▸▸ एफएसएल के साथ टीम ने मौके पर किया जांच-पड़ताल

जगा देख हमला बोल दिया और दोनों की डंडा तथा अन्य सामान से पिटाई करने लगे। इसके बाद दोनों ने अपनी जान बचाने के लिए गुहार लगाई तो प्रेमा सिंह का पुत्र जगदंबा सिंह घर के भीतर पहुंचा। परिवार वालों का कहना है कि जगदंबा सिंह ने एक चोर को पकड़ लिया था। अपनी पहचान उजागर होने और पकड़े जाने के भय से चोरों ने उसपर भी हमला किया और घायल कर मौके से फरार हो गए। इसके बाद आस-पास के लोग मौके पर पहुंचे तो देखा कि सास-बहू और जगदंबा सिंह घायल पड़े हैं। तत्काल मामले की खबर पुलिस को दी और घायलों को उपचार के लिए भेजवाया।

जगदंबा सिंह उर्फ बब्लू का सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर इलाज हुआ है, जबकि गंभीर घायल सास-बहू को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। कुछ दिन पूर्व सत्ती चौरा चौकी क्षेत्र में ही पूर्व प्रधान ध्रुव सिंह के घर चोरी हुई थी। एसपी देहात एके सोनकर और सीओ सदर अरुण कुमार सिंह के नेतृत्व में पुलिस के साथ विधि विज्ञान प्रयोगशाला की टीम ने मौका-मुआयना तथा साक्ष्य संकलन किया है। पीड़ित बबलू सिंह ने बताया पत्नी को सिर में 21 और मां को 9 टांके लगे हैं, वहीं मां की आंख और सिर में काफी चोट आई हैं। इस संबंध में चौकी प्रभारी सती चौरा एसएन सिंह ने बताया कि मौके से एक चोर की चप्पल बरामद हुई है। पीड़ित परिवार की ओर से शिकायत मिली है। प्रकरण में जांच और कार्रवाई की जाएगी। बरसेंडी गांव में रविवार रात चोरों ने यहां कुछ गहने व कुछ नगदी चोरी का अंजाम दिया। सूचना पर पहुंचे एसपीआरए, क्षेत्राधिकारी, थाना प्रभारी व फॉरेंसिक टीम जांच जूटी। मामले की तहरीर पीड़ित ने पुलिस दी।

शारदापुरम कालोनी के लोगों ने महापौर को सड़क व नाली निर्माण के लिए सौंपा ज्ञापन।

शारदापुरम कॉलोनीवासियों ने महापौर को सौंपा ज्ञापन, सड़क व नाली निर्माण की मांग

अयोध्या कार्यालय

अमृत विचार। नगर निगम के दशरथ कुंड वार्ड स्थित शारदापुरम कालोनी निवासियों ने सोमवार को महापौर को ज्ञापन सौंपा है। ज्ञापन में मोहल्लेवालों की समस्या को देखते हुए सड़क और नाली निर्माण की मांग की है।

मुकेश सिंह के नेतृत्व में महापौर के आवास तीन कलशा तिवारी मंदिर पहुंचे शारदापुरम कालोनी समिति के पदाधिकारियों ने महापौर को बताया कि पौराणिक खजुहा कुंड के पीछे 7 वर्ष पुरानी शारदापुरम कॉलोनी है। बगल स्थित पसियाना मोहल्ले का गंदा पानी कॉलोनी में भर जाता है, जिसके चलते बच्चों को स्कूल जाने और लोगों को आने-जाने में दिक्कत हो रही है। इस कॉलोनी में लगभग 300 लोग निवास करते हैं। समिति ने महापौर से कॉलोनी में नाली और सड़क का निर्माण करने की मांग की है। समिति के अध्यक्ष हरीश ने बताया कि महापौर ने कार्रवाई के लिए मांग पत्र को निगम के आयुक्त को निर्देशित किया है और जल्द ही कॉलोनी में सड़क और नाली का निर्माण कराने का आश्वासन दिया है। ज्ञापन देने वालों में दुर्गेश, अंजनी, शंकर सोनी, कुलदीप उपाध्याय, अजय कुमार समेत अन्य शामिल रहे।

उत्तरीय रेलवे मजदूर यूनियन का क्रोध प्रदर्शन शुरू

अयोध्या कार्यालय। केंद्रीय नेतृत्व के आह्वान पर सोमवार को उत्तरीय रेलवे मजदूर यूनियन (यूआरएमयू) की शाखा इकाई की ओर से अयोध्या कैंट स्टेशन पर पांच दिवसीय क्रोध प्रदर्शन शुरू हुआ। पुरानी पेंशन बहाली की मांग को लेकर पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं ने हाथ में स्लोगन लिखी तख्तियां लेकर प्रदर्शन किया और पुरानी पेंशन योजना की बहाली तक आंदोलन जारी रखने की बात कही। यह प्रदर्शन 27 सितंबर तक अनवरत जारी रहेगा। सरकार की ओर से एक जनवरी 2004 से रेल सेवा में आए कर्मियों के लिए पेंशन योजना बंद कर दी है, इसकी जगह पहले सरकार की ओर से राष्ट्रीय पेंशन योजना (एनपीएस) और इस वर्ष एकीकृत पेंशन योजना (यूपीएस) लागू की गई है। पुरानी पेंशन योजना की बहाली को लेकर संघर्ष किया जा रहा है। मीडिया प्रभारी अवधेश कुमार ने बताया कि यूआरएमयू के राष्ट्रीय महा मंत्री बीसी शर्मा के आह्वान पर सोमवार से अयोध्या कैंट रेलवे स्टेशन पर एनपीएस और यूपीएस के विरोध में तथा पुरानी पेंशन योजना के समर्थन में क्रोध प्रदर्शन शुरू किया गया है। शाखा अध्यक्ष जितेंद्र यादव के नेतृत्व में हुए इस धरना-प्रदर्शन में सहायक शाखा मंत्री दिनेश त्रिवेदी व राजन यादव, संगठन मंत्री दीपक शुक्ला, मंडल उपाध्यक्ष दीपक समेत अन्य रेल कर्मचारी शामिल रहे।

स्वास्थ्य राज्य मंत्री ने ग्राम चौपाल में सुनीं समस्याएं

चौपाल में ग्रामीणों के साथ संवाद करते स्वास्थ्य राज्यमंत्री मयंकेश्वर सिंह। (अमृत विचार)

मिल्कीपुर, अयोध्या

अमृत विचार। मिल्कीपुर विधानसभा के अमानीगंज ब्लॉक के शक्ति केंद्र रौतावां व मोहली में आयोजित ग्राम चौपाल में राज्य मंत्री ने ग्रामीणों की समस्याएं सुनीं। सरकार की योजनाओं के बारे में मौजूद लोगों को अवगत कराया।

ब्लॉक क्षेत्र के ग्राम पंचायत रौतावां, मोहली शक्ति केंद्र पर आयोजित ग्राम चौपाल में मुख्य अतिथि के रूप में स्वास्थ्य राज्य मंत्री मयंकेश्वर शरण सिंह पहुंचे, जहां पर भाजपा कार्यकर्ताओं ने उनका स्वागत किया। उन्होंने ग्राम चौपाल में आये हुए ग्रामीणों से कहा कि भाजपा सरकार आमजन की समस्याओं के निराकरण हेतु संकल्पित है। उन्होंने प्रधानमंत्री मोदी और योगी सरकार की सराहना करते हुए कहा कि भारतीय जनता पार्टी किसानों के प्रति हमेशा कटिबद्ध रही है। उन्होंने शक्ति केंद्र मांझगांव, रसूलपुर लिलहा, देवगांव में भी कार्यक्रम को सम्बोधित किया। कार्यक्रम का संचालन चंद्रकेश ने किया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से जिपं सदस्य प्रतिनिधि अजीत प्रताप, सूबेदार सिंह, वीर प्रताप सिंह वीरू, अमर बहादुर सिंह, दीपक सिंह, विनायक उपाध्याय सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

सार-संक्षेप

एसएसपी के साथ भारत दर्शन कार्यक्रम के तहत जनपद पहुंचा प्रशिक्षु अधिकारियों का दल।

प्रशिक्षु अधिकारियों ने जानी राम मंदिर की सुरक्षा

अयोध्या, अमृत विचार : भ्रमण पर निकले पुलिस के प्रशिक्षु अधिकारियों के एक दल ने सोमवार को वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक तथा अन्य अधिकारियों से मुलाकात की। जिला पुलिस की ओर से प्रशिक्षु अधिकारियों को राम जन्मभूमि परिसर की सुरक्षा व्यवस्था तथा पुलिस बल की तैनाती के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई। बताया गया कि भारत दर्शन कार्यक्रम के तहत जनपद पहुंचे उत्तर पूर्वी पुलिस अकादमी के आधारभूत प्रशिक्षण हासिल कर रहे 15 सदस्यीय राजपत्रित और अराजपत्रित अधिकारियों के दल का रिजर्व पुलिस लाइन स्थित पुलिस अधीक्षक कार्यालय में वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक राजकरन नय्यर ने स्वागत किया। आपसी परिचय के बाद सुरक्षा से जुड़े जनपद के अधिकारियों ने प्रशिक्षु अधिकारियों को विस्तार से जानकारी दी। सीओ अयोध्या आशुतोष तिवारी ने बताया कि सांस्कृतिक यात्रा/भ्रमण कार्यक्रम के तहत पहुंचे प्रशिक्षु अधिकारियों को मंदिर परिसर की सुरक्षा व्यवस्था समेत अन्य जानकारी से अवगत कराया गया है।

रुदौली और मवई में आयोजित हुआ स्वास्थ्य शिविर

शिविर के दौरान विधायक रामचंद्र यादव ने वार्ड का निरीक्षण किया।

रुदौली, अयोध्या। अमृत विचार : सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र रुदौली व मवई में सेवा पखवाड़ा अभियान के अन्तर्गत आयुष्मान योजना के छह वर्ष पूर्ण होने उपलक्ष्य में नि :शुल्क स्वास्थ्य परीक्षण शिविर का शुभारंभ किया। पीएम के जन्मदिन पर आयोजित सेवा पखवाड़े के तहत मवई में आयोजित स्वास्थ्य शिविर में 91 मरीजों की खून जांच हुई। 14 का एक्सरे हुआ और 23 गर्भवती महिलाओं की जांच हुई। मरीजों की नि :शुल्क जांच व दवाएं वितरित की गई। विधायक रामचंद्र यादव ने शिविर का शुभारंभ करते हुए कहा कि मवई ब्लाक में 60 हजार 557 आयुष्मान कार्ड बनाए जा चुके हैं। 854 मरीजों को आयुष्मान कार्ड से उपचारित किया गया। इसी प्रकार रुदौली ब्लाक में एक लाख 24 हजार 395 लोगों का आयुष्मान कार्ड बनाया गया और 657 मरीजों को उपचारित किया गया। चिकित्साधीक्षक डॉ. मदन बरनवाल, डॉ. पीके गुप्त सहित भाजपा के जिलाध्यक्ष अनुसूचित मोर्चा किशोरी लाल भारती, धर्मेंद्र सिंह, निर्मल शर्मा, मंडल अध्यक्ष संतोष मिश्र, सचिन कसौंधन, प्रमोद द्विवेदी सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता मौजूद रहे।

पुलिस पर प्रताड़ना का आरोप, कार्रवाई की मांग

पत्रकारों से बातचीत करते तेज नारायण पांडेय 'पवन'।

अयोध्या। समाजवादी पार्टी के प्रदेश प्रवक्ता व पूर्व राज्य मंत्री तेज नारायण पांडेय पवन ने महारजगंज थाना क्षेत्र के पूरा बाजार चौकी प्रभारी पर थाना क्षेत्र निवासी एक युवक के साथ बर्बरता और प्रताड़ना का आरोप लगाया है। उन्होंने चौकी प्रभारी को निलंबित करते हुए उनके खिलाफ रिपोर्ट दर्ज करवा कार्रवाई की मांग की है। वहीं पुलिस ने शिकायत पर युवक का शांति भंग में चालान किए जाने की बात कही है। सिविल लाइन स्थित एक होटल में पत्रकारों से वार्ता करते हुए बताया कि महराजगंज थाना क्षेत्र निवासी एक युवक की पत्नी बिना उससे पूछे कहीं चली गई थी। पत्नी वापस लौटी तो उसने पूछताछ शुरू कर दी। इससे नाराज विवाहिता ने डायल 112 को फोन कर दिया। रात में ही युवक के गांव पहुंची पीआरवी उसको लेकर पूरा बाजार पुलिस चौकी चली आई और चौकी पर रात भर उसकी पिटाई की गई। सपा नेता तेजनरायण पांडेय पवन ने आरोप लगाया कि महाराजगंज थाने के पूरा बाजार चौकी प्रभारी हरिशंकर राय ने समरजीत निषाद की इस कदर पिटाई की कि उसका प्राइवेट पार्ट लाल हो गया। प्रकरण में एसपी देहात एके सोनकर ने वीडियो बयान जारी कर बताया कि विवाद के चलते पुलिस ने युवक का शांति भंग में चालान किया है। मामले की राजपत्रित अधिकारी से जांच कराई जा रही है।

डॉ. वीरेंद्र को एक और उपलब्धि, बने गवर्निंग बॉडी के सदस्य

अयोध्या कार्यालय। अमृत विचार : राजर्षि दशरथ मेडिकल कॉलेज के फिजिशियन डॉ. वीरेंद्र वर्मा को एक बार फिर से बड़ी उपलब्धि हासिल हुई है। वह गवर्निंग बॉडी एसोसिएशन ऑफ फिजिशियन के सदस्य के रूप में चुने गए हैं। उत्तर प्रदेश चैप्टर में बतौर सदस्य के रूप में उनका चयन होने के बाद अयोध्या के तमाम चिकित्सकों में खुशी की लहर दौड़ गई है। इसी के साथ मेडिकल कॉलेज भी गौरवान्वित हुआ है। दरअसल कुछ माह पूर्व यूपी चैप्टर के लिए एसोसिएशन का चुनाव हुआ था। एपीकॉन यूपी चैप्टर में सदस्य के रूप में डॉ. वीरेंद्र वर्मा चयनित हुए हैं। 26 लोगों की कार्यकारिणी में चेयरमैन, वाइस चैयरमैन, सेक्रेटरी व तमाम पदों पर फिजिशियन का चयन हुआ है। अयोध्या मेडिकल कॉलेज के डॉ. वीरेंद्र वर्मा इस सूची में अयोध्या मंडल के इकलौते चिकित्सक हैं। इससे पहले फिजिशियन डॉ. वीरेंद्र सिंह एसोसिएशन के चेयरमैन रह चुके हैं। डॉ. वीरेंद्र वर्मा ने बताया कि मैं पूरी लगन के साथ एसोसिएशन में कार्य करूंगा। अभी तक कोई बड़ी कॉन्फ्रेंस अयोध्या में नहीं हुई है। मेरी कोशिश रहेगी कि आने वाले दिनों में यहां कार्यक्रम कराया जाए। प्रधानाचार्य डॉ. ज्ञानेंद्र कुमार, उप प्रधानाचार्य डॉ. सत्यजीत वर्मा, ब्लड बैंक प्रभारी डॉ. डीके सिंह, डॉ. अरविंद वर्मा व अन्य विभागों के विभागाध्यक्षों ने बधाई दी है।

ज्ञानेश्वरी पारायण के लिए आयोजन स्थल को आकर्षक ढंग से सजाया गया है। अमृत विचार

तीन हजार लोग आज करेंगे ज्ञानेश्वरी का पारायण

अयोध्या कार्यालय। महाराष्ट्र के वारकरी समुदाय से जुड़े तीन हजार लोग मंगलवार की सुबह से छह दिन तक ज्ञानेश्वरी का पारायण करेंगे। मणिपर्वत के निकट स्थित कार्यक्रम स्थल पर सोमवार को श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के महासचिव चंपत राय के तैयारियों का जायजा लिया। अयोध्या ढांचा ध्वंस के समय सर्व देव अनुष्ठान में इस समुदाय के दस हजार लोग अयोध्या आए थे तब ये अशोक सिंघल के संपर्क में थे। जाते वक्त सभी ने सरयू जल से संकल्प लिया था कि मन्दिर बनने के बाद अयोध्या में

वारकरी समुदाय से जुड़े लोग 80 बसों से पहुंचे अयोध्या

ज्ञानेश्वरी का अविकल पारायण करेंगे। अब श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र द्वारा विकसित किए गए तीर्थ क्षेत्र पुरम (पुराना बाग बिगेसी) में मंगलवार की सुबह पांच बजे से कार्यक्रम प्रारंभ होगा। इसके लिए 80 बसों से तीन हजार लोग पहुंचे हैं। उस समय संकल्प लेने वाले कुछ लोग भी इसमें शामिल हैं। सुबह पांच बजे एक हजार लोग कांकड़ आरती में सम्मिलित होंगे। आयोजक टोली के सुरेश परसावार ने बताया कि सात से साढ़े आठ बजे तक तीन हजार लोग ज्ञानेश्वरी का पारायण करेंगे। फिर साढ़े नौ से साढ़े बारह तक पारायण और तीन से साढ़े चार तक व्याख्यान होगा। शाम को पांच से साढ़े छह तक हरिनाम कीर्तन तथा सात बजे से नौ बजे तक कीर्तन होगा। वारकरी समुदाय कीर्तन के लिए ही जाना जाता है। आयोजकों में से एक श्रीरंग जोशी के अनुसार ज्ञानेश्वरी में अठारह अध्याय और 95 हजार ओवी हैं। एक ओवी में दो पंक्ति होती है।

विशेष संचारी रोग नियंत्रण अभियान को लेकर बैठक

अयोध्या। अमृत विचार: मुख्य विकास अधिकारी कृष्ण कुमार सिंह ने एक से 31 अक्टूबर तक चलने वाले विशेष संचारी रोग नियंत्रण अभियान को लेकर बैठक की। बताया कि विशेष संचारी रोग नियंत्रण अभियान और दस्तक अभियान 11 से 31 अक्टूबर तक चलेगा। विभागीय अधिकारियों को निर्देश दिया कि अभियान आरंभ से पूर्व सभी महत्वपूर्ण बैठकें आयोजित करा लें। कार्य योजना तैयार कर समय से नोडल विभाग स्वास्थ्य विभाग को उपलब्ध करा दें। प्रशिक्षण कराने के लिए कहा। बैठक में अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी (वीबीडी) के साथ डीपीओ, अपर मुख्य चिकित्साधिकारी, संबंधित विभागों के अधिकारी, नोडल अधिकारी, डीएमओ, फाइलेरिया कंट्रोल ऑफिसर, सीएचसी के चिकित्सा अधीक्षक, संस्थाओं डब्ल्यूएचओ, यूनिसेफ के प्रतिनिधि, डीएचईआईओ, डीसीपीएम एवं अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

सहकारी गन्ना विकास समितियों की निर्वाचन प्रक्रिया शुरू

अयोध्या कार्यालय

अमृत विचार: जिले में सहकारी गन्ना विकास समितियों के निर्वाचन के लिए निर्वाचन अधिकारियों की तैनाती कर दी गई है। सामान्य निकाय के गठन के लिए मतदाता सूची के अनंतिम प्रकाशन के साथ निर्वाचन प्रक्रिया शुरू हो गई है। 24 सितंबर को प्रकाशित मतदाता सूची पर आपत्तियां ली जाएंगी।

जिले में तीन सहकारी गन्ना विकास समितियां मसौधा, फैजाबाद और गनौली हैं। सबसे पहले इनमें सामान्य निकाय का गठन किया जाएगा। इसके लिए निर्वाचन प्रक्रिया शुरू कर दी गई। निर्वाचन अधिकारी व सहायक निबंधक सहकारिता रण विजय सिंह के मुताबिक मसौधा के लिए उप जिलाधिकारी सोहावल एके चौरसिया, फैजाबाद के लिए एसडीएम सदर विकास दुबे और

▸▸ निर्वाचन अधिकारियों की तैनाती, मतदाता सूची का अनन्तिम प्रकाशन, आज दी जा सकतीं हैं आपत्तियां

गनौली समिति के लिए एसडीएम रुदौली प्रवीण यादव को निर्वाचन अधिकारी बनाया गया है।

सोमवार को सभी समितियों के सामान्य निकाय के चुनाव के लिए मतदाताओं की सूची का अनंतिम प्रकाशन कर दिया गया। मसौधा समिति में कुल 68348, फैजाबाद समिति में कुल 41320 और गनौली समिति में 41343 मतदाता पंजीकृत हैं। मतदाता सूची का अनंतिम प्रकाशन कर दिया गया। बताया कि सूची पर आपत्तियां 24 सितंबर को 10 से दो बजे तक ली जाएंगी। 25 आपत्तियों के निस्तारण के साथ ही अंतिम प्रकाशन किया जाएगा। 26 सितंबर से सामान्य निकाय के लिए नामांकन प्रक्रिया शुरू होगी।

मुख्य मार्ग से अतिक्रमण हटाने की कवायद शुरू

रुदौली, अयोध्या

अमृत विचार। शहर के मुख्य मार्ग पर हुए अतिक्रमण को हटाने की कवायद शुरू हो गई है। इसको लेकर तहसील सभागार में एसडीएम, जनप्रतिनिधियों व व्यापारियों की बैठक आयोजित की गई।

बैठक में ईओ ने कहा कि शहर के मुख्य मार्ग पर पर बढ़ते अतिक्रमण से आए दिन जाम लग रहा। व्यापारी अपनी दुकानों के सामने फुटपाथ पर दुकान लगा रहे। सभासद उमाशंकर कसोधन ने कहा कि बढ़ते ई रिक्शा जाम के मुख्य कारक है।व्यापारी सचिन कसोधन ने कहा की नगर पालिका परिषद क्षेत्र में पार्किंग न होने से वाहन मार्गो पर खड़े रहते है। विधायक राम चंद्र यादव ने कहा कि शहर के मार्गो से अतिक्रमण हटाने से पहले व्यापारियों और अतिक्रमण करने वालो को नोटिस दिया जाए। फुटपाथ पर होने वाले अतिक्रमण को हटवाने की व्यापक कार्य योजना बनाने के लिए कहा। एसडीएम प्रवीण यादव ने अधिशासी अधिकारी से मुनादी कराने के निर्देश दिए। बैठक में नगर पालिका

▸▸ व्यापारियों, जनप्रतिनिधियों के साथ अफसरों ने की बैठक, रुदौली का मामला

व्यापारियों सौंपा मांग पत्र

अतिक्रमण हटाने के लिए आयोजित बैठक में व्यापार मंडल के पाधिकारियों ने एसडीएम को माग पत्र सौंपा ।माग पत्र में कहा कि रुदौली नगर में लागू नो एंट्री से व्यापार काफी प्रभावित हो रहा है इसलिए दिन में दो घण्टे नो एंट्री में छूट दिया जाए। शहर में पार्किंग की व्यवस्था कराए जाने, ई रिक्शे से लगने वाले जाम से मुक्ति के लिए कार्ययोजन बने। शहर में शौचालय का निर्माण करवाने, टेढ़े मेढ़े खंभो को व्यवस्थित कराने का मांग पत्र सौंपा। एसडीएम प्रवीण यादव ने मांग पत्र पर कार्यवाही का आश्वासन दिया है।

अध्यक्ष जबर अली, अधिशासी अधिकारी सुरेश मौर्या, कोतवाल संजय मौर्या, सभासद मुन्ना उस्मानी, मोहम्मद शाहिद , आशीष वैश्य, व्यापार मंडल के जिलाध्यक्ष श्रवण कुमार सुल्तानिया, जिला महामंत्री श्यामबाबू गुप्ता, प्रांतीय मंत्री मो0 हसीन आज़ाद, नगर अध्यक्ष जान मोहम्मद, नगर महामंत्री राजेश गुप्ता, मो शारिक, रामजी, अजय सहित तमाम व्यापारी मौजूद रहे।

ब्लॉक स्तरीय प्रधानमंत्री खेल प्रतियोगिता की विजेता टीम ट्रॉफी के साथ। अमृत विचार

प्रधानमंत्री खेल प्रतियोगिता में विजेता व उपविजेता टीम पुरस्कृत

अयोध्या कार्यालय

अमृत विचार : रुदौली के हिंदू इंटर कालेज में आयोजित दो दिवसीय प्रधानमंत्री खेल प्रतियोगिता का सोमवार को समापन समारोहपूर्वक हुआ। मुख्य अतिथि ब्लाक प्रमुख प्रतिनिधि सर्वजीत सिंह ने विजेता व उपविजेता टीमों को ट्रॉफी प्रदान कर पुरस्कृत किया। समापन समारोह में कॉलेज के छात्र-छात्राओं ने सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए। प्रतियोगिता के कबड्डी स्पर्धा में 38, रस्साकसी में 25 व वालीबॉल स्पर्धा में 18 टीमों ने भाग लिया।

कबड्डी प्रतियोगिता में मोती का पुरवा टीम विजेता व गौरियामऊ उपविजेता रही। रस्साकसी प्रतियोगिता में मुतौली टीम विजेता व बैहारी उपविजेता टीम उपविजेता रही। वालीबॉल प्रतियोगिता में गौरियामउ टीम विजेता अमराइगांव टीम उपविजेता रही। ब्लॉक स्तरीय प्रतियोगिता की विजेता व उपविजेता टीमें लोकसभा स्तरीय प्रधानमंत्री खेल पर प्रतिभाग करेंगी। इस मौके पर हिंदू इंटर कॉलेज के प्रधानाचार्य रामप्रिय सिंह, राम केवल लोधी, अशोक कसौधन, राम मिलन लोधी, शिव गोविंद पांडे, सुधीर गुप्ता, आदि मौजूद रहे।

लूट के आरोप में युवक को भेजा जेल

बड़ागांव, अयोध्या। रौनाही थाना क्षेत्र के कांटा चौराहे के पास शनिवार को कोचिंग से वापस आ रही एक छात्रा से मोबाइल व पर्स छीनने का मामला प्रकाश में आया था। सीसी फुटेज के आधार पर युवक की पहचान रुदौली थाना क्षेत्र के मीसा गांव निवासी रामपाल सिंह उर्फ भगोले के रूप हुई। चौकी प्रभारी सत्ती चौरा एसएन सिंह ने बताया कि आरोपी को जेल भेज दिया गया है।

जालपा देवी मंदिर में चलाया स्वच्छता अभियान

अयोध्या, अमृत विचार : जिला गंगा समिति, वन प्रभाग अयोध्या के तत्वावधान में स्वच्छता ही सेवा अभियान के तहत जालपा देवी मंदिर के प्रांगण में स्वच्छता अभियान चलाया गया। मन्दिर की साफ सफाई की गई। पौधरोपण किया गया। क्षेत्रीय वन अधिकारी ने लोगों को शपथ दिलाई। कार्यक्रम में क्षेत्रीय वन अधिकारी अयोध्या अरुण कुमार मौर्या, जिला परियोजना अधिकारी श्वेता साहू, जलज असिस्टेंट कोऑर्डिनेटर नीरज कुमार, उमेश मिश्रा, मनीष सिंह, सौरभ सिंह, मनोज श्रीवास्तव आदि मौजूद रहे।

आज का मौसम

आगामी 24 घंटे में हल्के बादल छाए रहने की संभावना है।

33.0° अधिकतम तापमान | 25.0° न्यूनतम तापमान

आज के कार्यक्रम

- ज्ञानेश्वरी का पारायण तीर्थ क्षेत्र पुरम (पुराना बाग बिगेसी) में सुबह 5 बजे से।
- महापौर गिरीशपति त्रिपाठी सर्किट हाउस में दोपहर 12 बजे प्रेस कॉन्फ्रेंस करेंगे।
- तुलसी स्मारक भवन में रामलीला का मंचन शाम 6 बजे से।

एक नजर

मंडलीय सीनियर टेबल टेनिस टीम चयनित

अयोध्या। अमृत विचार : पं. दीनदयाल उपाध्याय जन्मशताब्दी वर्ष पर अलीगढ़ में 26 सितम्बर से आयोजित राज्य स्तरीय सीनियर महिला व पुरुष टेबल टेनिस प्रतियोगिता में प्रतिभाग करने वाली अयोध्या मंडल टीम यहां घोषित कर दी गई। आरएसओ चंचल मिश्रा ने बताया कि चयन ट्रायल के आधार पर मंडल टीम का चयन किया गया। चयनित पुरुष टीम में अयोध्या के कार्तिकेय मौर्य, यश केवलरमानी, सुलतानपुर के सैफ अली, शिवम चौरसिया, सार्थक श्रीवास्तव व गौरव कुमार शामिल हैं। महिला टीम में श्रेया सिंह, नेहा सिंह, नेहा कुमारी, अनुष्का राठौर, सानिया व शालिनी सभी अयोध्या की चयनित हुई हैं। सुल्तानपुर के सैफ अली को टीम मैनेजर बनाया गया है।

जिला अस्पताल में बुजुर्गों के इलाज के लिए होगा अलग वार्ड

12 सौ मरीज रोजाना पहुंचते हैं अस्पताल

10 फीसदी मरीज इनमें होते हैं बुजुर्ग

08 बेड अभी प्रस्तावित है जीरियाट्रिक वार्ड के लिए

अयोध्या कार्यालय

▸▸ दवा से लेकर फिजिकल चेकअप तक के लिए नहीं भटकना पड़ेगा इधर-उधर

▸▸ हीट एंड स्ट्रोक वार्ड को जिरियाट्रिक वार्ड में बदलने की तैयारी

अमृत विचार : जिला अस्पताल में बुजुर्ग मरीजों के लिए जीरियाट्रिक वार्ड बनेगा। यहां एक ही छत के नीचे बुजुर्ग मरीजों के इलाज संबंधी हर सुविधा मिलेगी। उन्हें दवा से लेकर फिजिकल चेकअप तक को इधर-उधर भटकना नहीं पड़ेगा। इसके लिए अस्पताल के हीट एंड स्ट्रोक वार्ड को जिरियाट्रिक वार्ड में बदला जाएगा। अभी मौजूदा हाल में आठ बेड पर इलाज करने की व्यवस्था पर विचार किया जा रहा है। यह वार्ड आईसीयू की तरह दिखेगा।

जिला अस्पताल की ओपीडी और इमरजेंसी कक्ष को मिलाकर तकरीबन डेढ़ हजार मरीज प्रतिदिन इलाज के लिए आते हैं। इनमें बुजुर्ग मरीज भी होते हैं, जिन मरीजों को भर्ती करने की जरूरत पड़ती है, उन्हें वार्ड में भर्ती कर दिया जाता है। ये बुजुर्ग मरीज भी अन्य मरीजों के साथ ही वार्ड में भर्ती किए जाते हैं, लेकिन अब शासन ने ऐसे मरीजों के इलाज के लिए अलग वार्ड बनाने का निर्देश दिया है। जीरियाट्रिक वार्ड खासकर उन बुजुर्ग मरीजों के लिए बनाया जाएगा, जो बेहद कमजोर और चलने-फिरने से असमर्थ होंगे। उनके लिए जीरियाट्रिक वार्ड में ही सारी सुविधाएं मुहैया कराई जाएंगी। एसी लगे रहेंगे। शारीरिक परीक्षण के लिए जरूरी सुविधाएं मुहैया कराई जाएंगी। मरीज की स्थिति क्या है, उसे कौन से उपचार की आवश्यकता है। इसकी निगरानी की जाएगी। इसी वार्ड में मरीज को दवाएं भी उपलब्ध होंगी। इसके अलावा मरीजों की जांच और रहने-खाने की सुविधाएं मुहैया होंगी।

इसी वार्ड को जीरियाट्रिक वार्ड में तब्दील करने पर किया जा रहा विचार।

एनसीडी ओपीडी बनाने की भी है तैयारी

जिला अस्पताल में गैर संचारी रोग (एनसीडी) ओपीडी बनाने पर भी विचार किया जा रहा है। गैर-संचारी रोग, एक व्यक्ति से दूसरे व्यक्ति में नहीं फैलते। ये पुरानी बीमारियां होती हैं, जिनमें लंबे समय तक या आजीवन देखभाल की जरूरत होती है। इनमें कैंसर, हृदय रोग, स्ट्रोक, पुरानी श्वसन संबंधी बीमारियां, मधुमेह, मानसिक स्वास्थ्य और तंत्रिका संबंधी स्थितियां, किडनी की बीमारी जैसी कई बीमारियां शामिल हैं। गैर संचारी रोगों की अलग ओपीडी बन जाने पर मरीजों में संक्रमण की संभावना कम हो जाती है।

> अभी हाल ही में एक निरीक्षण के दौरान सीएमओ ऑफिस से एसीएमओ आए हुए थे। उन्होंने अस्पताल में जीरियाट्रिक वार्ड बनाने की बात कही है। हालांकि यह सीएमओ ऑफिस से ही संचालित होगा। हमें केवल जगह देनी है। वार्ड बनाने के लिए हीट एंड स्ट्रोक वार्ड पर ही विचार किया गया है। – **डॉ. उत्तम कुमार, सीएमएस, जिला अस्पताल**

इमरजेंसी में भर्ती के लिए लाल वाला पर्चा बहाल

जिला अस्पताल की इमरजेंसी में भर्ती होने वालों के लिए लाल वाला पर्चा फिर बहाल हो गया है। अब पहले की ही तरह भर्ती होने वाले मरीजों को लाल पर्चा कटवाना पड़ेगा। यह पर्चा पूरी तरह नि:शुल्क रहेगा। अधीक्षक डॉ. विपिन वर्मा ने बताया कि यह व्यवस्था सोमवार से ही लागू की गई है।

बेटाइम सफाई कर रहे कर्मियों ने तीमारदारों को किया बाहर, भड़के

अयोध्या कार्यालय। अमृत विचार : जिला अस्पताल में उल्टी गंगा बह रही है। नियम कानून ताक पर रखकर काम किया और कराया जा रहा है। मॉनिटरिंग करने वाला कोई नहीं है। अगर किसी ने आवाज उठाई तो परेशानी में आ जाएंगे। ताजा मामला सोमवार का है। यहां मेडिकल वार्ड के गलियारे में मशीन से बेटाइम पोछा लगाया जा रहा है। इस दौरान आने-जाने वाले तीमारदारों पर रोक लगा दी गई। लोगों ने जब इसका विरोध किया तो चैनल के पास कुर्सियां रख रास्ता बंद कर दिया गया। भड़के तीमारदारों से काफी देर तक कर्मचारियों की बहस भी हुई। अस्पताल में साफ-सफाई का काम सुबह आठ बजे से पहले ही हो जाना चाहिए लेकिन अस्पताल में अक्सर सफाई का काम दोपहर में शुरू होता है। नियमता सुबह सफाई इसलिए जरूरी हो जाती है क्योंकि आवाजाही कम होती है। उसके बाद किसी एक स्थान पर गंदगी होने पर सफाई की जाती है। सोमवार को मेडिकल वार्ड में 12 बजे के बाद गलियारे में सफाई चल रही थी। तीमारदारों को बाहर ही रहने को कहा गया। भीषण गर्मी में तीमारदार रास्ते में ही लाइन से बैठ गए। थोड़ी देर ही बीता था कि लोगों की लंबी लाइन लग गई। इस दौरान कई लोगों ने कर्मियों से वार्ड में जाने की विनती की गई तो उनसे अभद्रता भी हुई। चौरे से आई गीता ने बताया कि हम लोग काफी देर से मरीज का खाना लिए खड़े हैं, लेकिन अंदर ही नहीं जाने दिया जा रहा। दोपहर के टाइम कहीं पोछा लगाया जाता है। इस संबंध में सीएमएस डॉ. उत्तम कुमार ने बताया कि सफाई करने का समय सुबह का है। किस कारण देर हुई। जवाब तलब किया जाएगा।

मेडिकल वार्ड जाने के इंतजार में बैठे तीमारदार।

मिल्कीपुर में पेड़ से लटका मिला युवक का शव

मिल्कीपुर, अयोध्या। अमृत विचार: इनायत नगर थाना क्षेत्र के भिटारी गांव में संदिग्ध परिस्थितियों में सुरजीत यादव (18) का गांव के बाहर खेत में कटहल के पेड़ से शव फंदे से लटकता मिला। पुलिस चौकी हैरिंग्टनगंज क्षेत्र के भिटारी गांव निवासी शिव कुमार यादव का 18 वर्षीय बेटा सुरजीत यादव रविवार की देर शाम घर से लापता हो गया। परिजनों ने काफी खोजबीन की, लेकिन पता नहीं चला। रविवार को गांव के बाहर खेत के पास कटहल के पेड़ से सुरजीत यादव का शव लटकता हुआ दिखाई दिया। प्रभारी निरीक्षक अभिमन्यु शुक्ला का कहना है कि शव की पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही घटना के संबंध में कुछ स्पष्ट कहा जा सकेगा। मृतक के परिजनों की ओर से अभी कोई तहरीर नहीं मिली है।

विकास कार्यों की प्रगति में अयोध्या को मिली 9वीं रैंक

अयोध्या कार्यालय। अमृत विचार: मुख्यमंत्री डैशबोर्ड के प्राप्तांक और ग्रेडिंग के आधार पर नवागत मुख्य विकास अधिकारी कृष्ण कुमार सिंह ने विकास कार्यों की समीक्षा की। उन्होंने बेहतर प्रगति लाने का निर्देश दिया। साथ जिले को प्रदेश में नौवीं रैंक मिलने पर प्रसन्नता व्यक्त की।

कलेक्ट्रेट में आयोजित समीक्षा बैठक में उन्होंने विद्युत आपूर्ति, माध्यमिक शिक्षा, उद्यान, पंचायती राज विभाग के तहत स्वच्छ भारत मिशन, ग्राम विकास विभाग, बीसी सखी, स्वयं सहायता समूह, पंचायती राज विभाग के तहत 15 वें वित्त आयोग, पर्यटन, प्राथमिक शिक्षा विभाग के तहत निपुण भारत आकलन एवं मध्याह्न भोजन, समाज कल्याण विभाग से मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना, लोक निर्माण विभाग के तहत पूर्ण परियोजनाओं की समीक्षा की। योजनाओं मे अपेक्षित प्रगति लाने का निर्देश दिया। विभाग से प्रतिदिन इसकी समीक्षा की जाए। प्रत्येक चार दिन में इसकी सूचना भेजी जाए। जिला पंचायत राज अधिकारी को आरआरसी सेंटर को संचालित कराने का निर्देश दिया।

▸▸ **सीएम डैशबोर्ड के आधार पर सीडीओ ने की विकास कार्यों की समीक्षा**

भदरसा सामूहिक दुष्कर्म मामले में दाखिल हुआ आरोप पत्र

अयोध्या, कार्यालय

▸▸ **मामले में पॉक्सो एक्ट अदालत में 26 सितंबर को तय है रिमांड पेशी**

अमृत विचार। सियासत के साथ शासन-सत्ता तक हलचल मचाने वाले पूराकलंदर थाना क्षेत्र निवासी किशोरी से सामूहिक दुष्कर्म मामले में विवेचक ने आरोप पत्र विशेष न्यायाधीश पॉक्सो एक्ट प्रथम निरुपमा विक्रम की अदालत में प्रस्तुत कर दिया है। अभियुक्तों के रिमांड की पेशी 26 सितंबर पहले से ही नियत की गई है। मामले में आरोप पत्र दाखिल किए जाने की पुष्टि अभियुक्त मोईद खान के अधिवक्ता वाईवी मिश्रा ने किया है।

थाना क्षेत्र के भदरसा कस्बा निवासी किशोरी के साथ सामूहिक दुष्कर्म की रिपोर्ट पीड़िता की मां ने 29 जुलाई 2024 को दर्ज कराई थी। आरोप लगाया था कि उसकी 12 वर्षीय पुत्री खेत में काम कर रही थी। इसी दौरान मोईद खान का नौकर राजू खान खेत में पहुंचा और उसे बुलाकर बेकरी के कारखाने में ले गया। वहां मोईद खान ने उसके साथ दुष्कर्म किया और राजू ने मोईद खान के मोबाइल से इसका वीडियो बनाया और इसी आपत्तिजनक वीडियो के सहारे बलैकमेल कर राजू ने पुत्री के साथ कई बार दुष्कर्म किया, जिसके चलते वह गर्भवती हो गई। तहरीर पर पूराकलंदर थाना पुलिस ने दोनों के खिलाफ सामूहिक दुष्कर्म और पाक्सो एक्ट की धारा के तहत अभियोग पंजीकृत किया था। आरोप पत्र में मामले की विवेचना कार्यवाही पूरी होने के बाद विवेचक की ओर से मोईद अहमद और राजू खान की ओर से पीड़िता के साथ सामूहिक बलात्कार किए जाने, जिससे पीड़िता के गर्भवती होने तथा जान से मार डालने की धमकी देने तथा पाक्सो एक्ट की धाराओं के तहत आरोप बखूबी साबित होने की बात कही गई है।

एक नवंबर से शुरू होगी धान की खरीद

अयोध्या कार्यालय

▸▸ **ग्रेड वन धान 2320 रुपये प्रति कुंतल खरीदा जाएगा**

अमृत विचार: अयोध्या में एक अक्टूबर से श्रीअन्न व एक नवम्बर से धान की खरीद प्रारंभ होगी। जनपद अयोध्या में खरीफ विपणन वर्ष 2024-25 में समर्थन मूल्य योजना के अंतर्गत कृषकों द्वारा उत्पादित ज्वार के खरीद के लिए खाद्य विभाग (विपणन शाखा) के कुल 03 और धान खरीद के लिए 52 क्रय केन्द्र को खोलने के लिए जिलाधिकारी ने अनुमोदन दिया है। सरकार ने धान का रेट निर्धारित कर दिया है। किसानों से समर्थन मूल्य पर कामन धान 2300 रुपए प्रति कुंतल व ग्रेड वन धान 2320 रुपये प्रति कुंतल खरीदा जाएगा।

अयोध्या जनपद में खाद्य विभाग

(विपणन शाखा) के 13, पीसीएफ के 19, पीसीयू के 10, यूपीएसएस के आठ व भाखानि के दो, कुल 52 क्रय केन्द्र स्वीकृत किये गये हैं। इन केन्द्रों के स्वीकृत किये जाने के पश्चात तहसील सदर में 13, सोहावल में 06, मिल्कीपुर 11, बीकापुर में 14 तथा रुदौली तहसील में कुल आठ क्रय केन्द्र संचालित होंगे। शासन ने किसानों को किसी भी क्रय केन्द्र पर अपनी सुविधा के अनुरूप धान बिक्री करने की सुविधा प्रदान की है। किसान सुविधानुसार अपना धान किसी भी क्रय केन्द्र पर विक्रय कर सकते हैं।

यहां बना रहा क्रय केंद्र

प्रशासन से स्वीकृत तीन ज्वार क्रय केन्द्रों में खाद्य विभाग के केन्द्र क्रमश मसौधा, नवीन मंडी, अमानीगंज तथा पटरंगा के साथ-साथ धान क्रय केन्द्र क्रमश: नवीन मंडी सदर, गोसाईगंज (नवीन मंडी), पूरा बाजार, सोहावल मिल्कीपुर, हैरिंग्टनगंज मिल्कीपुर, अमानीगंज, बीकापुर शेरपुरपारा, तारुन, रुदौली डाक बंगला-प्रथम रुदौली, डाक बंगला द्वितीय, अमराईगाव व पटरंगा स्वीकृत किये गये हैं। जिला खाद्य विपणन अधिकारी अयोध्या धनंजय सिंह ने बताया कि ज्वार व धान खरीद के लिए तैयारी पूरी की जा रही हैं। समय से क्रय नीति के अनुसार खरीद प्रारम्भ हो जाएगी।

मंडल व जिला स्तरीय चयन ट्रायल कल

अयोध्या। अमृत विचार: पं. दीनदयाल उपाध्याय जन्म शताब्दी वर्ष के अवसर पर राज्य स्तरीय सीनियर पुरुष/महिला वर्ग बैडमिंटन प्रतियोगिता के जिला एवं मंडल स्तरीय चयन/ट्रायल्स डॉ. भीरामराव अम्बेडकर अन्तर्राष्ट्रीय क्रीडा संकुल डाभासेमर में 25 सितम्बर को होगा। जिला स्तरीय ट्रायल 11 बजे से और मंडल स्तरीय दो बजे से आयोजित किया जाएगा। क्षेत्रीय क्रीडा अधिकारी चंचल मिश्रा ने अयोध्या जिले के सभी प्रधानाचार्य/प्रधानाचार्या से आग्रह किया है कि जिला स्तरीय चयन/ट्रायल्स में अपने-अपने विद्यालय/कालेज के बालक खिलाड़ियों को निर्धारित तिथि में चयन/ट्रायल्स भेजने का कष्ट करें।

यार्ड रिमॉडलिंग के चलते कई ट्रेनों के मार्ग बदले

अयोध्या कार्यालय

अयोध्या से होकर गुजरेंगी ट्रेनें

अमृत विचार : उत्तर रेलवे के लखनऊ मंडल के शाहगंज जंक्शन पर नॉन इंटरलॉकिंग कार्य और बाराबंकी जंक्शन-अयोध्या कैंट-अकबरपुर-जफराबाद सेक्शन पर यार्ड रिमॉडलिंग के चलते रेल प्रशासन ने इस मार्ग से गुजरने वाली कई ट्रेनों का मार्ग परिवर्तित किया है। यह ट्रेनें अयोध्या के रास्ते गुजरेंगी।

शनिवार को वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक कुलदीप तिवारी ने बताया कि यार्ड रिमॉडलिंग के चलते वाराणसी जं.-मां बेल्हा देवी धाम प्रतापगढ़ जं-रायबरेली जं-लखनऊ के बजाय 4 अक्टूबर तक रेल संख्या 13307 और 13308 गंगा सतलज एक्सप्रेस और 13009 और 13010 दून एक्सप्रेस अब बाबतपुर, खालिसपुर, जलालगंज, जफराबाद जं, जौनपुर जं, मेहरावां, खेता सराय, शाहगंज जं, बिलवाई, मालीपुर, अकबरपुर जं, गोशाईंगंज, अयोध्या धाम, अयोध्या कैंट, सोहावल, रुदौली, पटरंगा, दरियाबाद, बाराबंकी जं के रास्ते आएगी-जाएगी। 22, 26, 27, 29 सितंबर व 03,04 अक्टूबर को 13238 कोटा-पटना एक्सप्रेस (वाया अयोध्या छावनी) लखनऊ-सुलतानपुर जं-जफराबाद जं के बजाय अयोध्या कैंट, अयोध्या धाम, अकबरपुर जं, शाहगंज जं, जौनपुर जं, 22,24,25,27, 29 सितंबर व 01,02,04 अक्टूबर को 13483 और 13484 फरक्का एक्सप्रेस (अयोध्या कैन्ट के रास्ते) जफराबाद जं-सुलतानपुर जं-लखनऊ के बजाय जौनपुर जं, शाहगंज जं, मालीपुर, अकबरपुर जं, गोशाइगंज, अयोध्या धाम, कैंट, सोहावल, रुदौली, दरियाबाद, बाराबंकी जं, 23 व 30 सितंबर को 15636 गुवाहाटी-ओखा द्वारका एक्सप्रेस जफराबाद जं- सुल्तानपुर जं-लखनऊ के बजाय अकबरपुर जं, अयोध्या कैंट, 25 सितंबर व 2 अक्टूबर को 15668 कामाख्या-गांधीधाम एक्सप्रेस जफराबाद जं- सुलतानपुर जं-लखनऊ के बजाय अयोध्या कैंट, 27 सितंबर व 4 अक्टूबर को 15934 अमृतसर-न्यू तिनसुकिया एक्सप्रेस लखनऊ-सुलतानपुर जं-जफराबाद जं के बजाय अयोध्या कैंट, अकबरपुर जं, 28 सितंबर को 19321 इंदौर-पटना एक्सप्रेस (वाया अयोध्या कैंट) लखनऊ-सुल्तानपुर जं-जफराबाद जं के बजाय अयोध्या कैंट, अकबरपुर जं, जौनपुर जं, 23 व 30 सितंबर को 22103 मुंबई लोकमान्य तिलक टर्मिनल-अयोध्या कैन्ट सुपरफास्ट एक्सप्रेस जफराबाद जं-सुलतानपुर जं-अयोध्या कैंट के बजाय जौनपुर जं, शाहगंज जं, अकबरपुर जं, 23 व 25 सितंबर को 18103 टाटानगर-अमृतसर जलियांवाला बाग एक्स जफराबाद जं- सुलतानपुर जं-लखनऊ के बजाय शाहगंज जं, अयोध्या कैंट और 23, 24, 25, 26, 28, 29, 30 सितंबर व 1,2,3,5 अक्टूबर को पटना वंदे भारत ट्रेन जफराबाद जं-सुलतानपुर जं-अयोध्या कैंट के बजाय बाराबंकी जं-गोमती नगर, अयोध्या धाम मार्ग पर संचालित होगी। उन्होंने बताया कि समय-सारिणी, ठहराव आदि के लिए यात्री वेबसाइट अथवा हेल्पलाइन से संपर्क कर लें।

सराय चैमल में पूर्व सांसद लल्लू सिंह द्वारा मेराज अहमद को भाजपा की सदस्यता दिलाते हुए।

चौपाल लगा पूर्व सांसद ने चलाया सदस्यता अभियान

पूरा बाजार, अयोध्या। भाजपा के राष्ट्रीय सदस्यता अभियान के तहत सोमवार को विकास खंड पूराबाजार के सराय चैमल में पूर्व सांसद लल्लू सिंह ने चौपाल लगाकर कई लोगों को भाजपा का सदस्य बनाया। चौपाल के दौरान लल्लू सिंह ने स्थानीय लोगों की समस्याओं को भी सुना। उन्होंने संबंधित विभाग के अधिकारियों से फोन पर बात करके कुछ प्रमुख समस्याओं का तुरंत निराकरण करवाया। शक्ति केंद्र प्रमुख शोभाराम वर्मा, आनंद सिंह पिंटू, चंद्रपाल वर्मा, गुड़िया बीडीसी, रामसमुझ वर्मा, तालुकदार वर्मा, दान बहादुर वर्मा, श्यामलाल वर्मा, रमेश, लाल बहादुर, राजकुमार, जगदीश, प्रदीप, मेराज, मो. हाशिम, मो. साबिर, जगन्नाथ पासवान आदि उपस्थित रहे।

केंद्रीय विवि के सहायक प्रोफेसर पर आठ लाख रुपये हड़पने की रिपोर्ट दर्ज

अयोध्या कार्यालय

अमृत विचार : लखनऊ स्थित केंद्रीय विश्विद्यालय के सहायक प्रोफेसर के खिलाफ बेईमानी कर आठ लाख रूपये हड़पने की रिपोर्ट दर्ज हुई है। यह रिपोर्ट चिकित्सक की पत्नी ने नगर कोतवाली पुलिस में दर्ज कराई है। पुलिस ने तहकीकात शुरू कर दी है।

कोतवाली क्षेत्र के देवकाली रोड अश्वनीपुरम वजीरगंज जप्ती निवासी शिप्रा सिंह पत्नी स्व. डा. विशाल सिंह का कहना है कि बाबा साहब भीमराव केंद्रीय विश्वविद्यालय लखनऊ में अर्थशास्त्र विभाग में सहायक प्रोफ़ेसर के पद पर तैनात विनीत पटेल ने निजी जरूरत के लिए उनसे 9 लाख रुपया उधार लिया था। उन्होंने 3 लाख रुपया नकद और 6 लाख रुपया उनके बैंक खाते में भुगतान किया था। स्वयं के बैंक खाते में इतनी रकम न होने के चलते तीन लाख रूपये की रकम विनीत पटेल के खाते में आरटीजीएस के जरिए अपनी बहन प्रियंका सिंह के बैंक खाते से भेजवाया था। जिसमें से विनीत ने केवल एक लाख रुपया ही वापस किया और अब फोन तक उठाना गंवारा नहीं समझ रहे। पीड़िता का आरोप है कि अपरिचित नंबर से फ़ोन करने पर सहायक प्रोफेसर की ओर से गाली-गलोच की जाती है तथा जान से मारने की धमकी देते है। वह कई बार तकादा करने लखनऊ गई, लेकिन वह कभी मिलते ही नहीं। रकम वापस दिलाने और कार्रवाई के लिए शिकायत एसएसपी को दी है।

नगर कोतवाल अश्विनी कुमार पांडेय ने बताया कि शिकायत पर सहायक प्रोफेसर के खिलाफ आठ लाख रूपये वापस न करने और धमकी की धारा में रिपोर्ट दर्ज की गई है। मामले की विवेचना कराई जा रही है।

सार-संक्षेप

दुष्कर्म पीड़िता के परिवार को दिया मदद का आश्वासन

अयोध्या। अमृत विचार : जनवादी महिला समिति की राष्ट्रीय संयुक्त सचिव मधु गर्ग के नेतृत्व में अखिल भारतीय जनवादी महिला समिति व भारतीय महिला फेडेरेशन के एक प्रतिनिधिमंडल ने सोमवार को रौनाही थाना क्षेत्र निवासी सामूहिक दुष्कर्म पीड़िता के परिवार से मुलाकात की। फोन पर पीड़िता से बात की व परिवार को मदद का आश्वासन दिया। प्रतिनिधमंडल का कहना है कि परिवार का आरोप है कि परिचित लड़के ने युवती से बहला-फुसलाकर अपने दोस्तों के संग मिलकर दुष्कर्म किया और वीडियो बनाकर किसी को न बताने की धमकी दी। प्रतिनिधि मंडल में प्रदेश अध्यक्ष सुमन सिंह, संयुक्त सचिव वंदना राय, भारतीय महिला फेडेरेशन की प्रदेश महामंत्री कांति मिश्रा, जिले की सामाजिक कार्यकर्ता ममता सिंह व अंजु अग्रवाल शामिल रहीं। राष्ट्रीय संयुक्त सचिव मधु गर्ग ने बताया कि यह एक दलित बच्ची के यौन शोषण का मामला है। इसका राजनीतिक लाभ के लिए इस्तेमाल नहीं होना चाहिए।

पूरा बाजार सीएचसी पर लगा जन आरोग्य स्वास्थ्य मेला

जन आरोग्य मेले का उद्घाटन करते विधायक वेद प्रकाश व अधीक्षक डॉ. अमित वर्मा।

पूरा बाजार, अयोध्या। अमृत विचार : प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिन सेवा पखवाड़ा के अवसर पर पूरा बाजार स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) में जन आरोग्य स्वास्थ्य मेले का आयोजन किया गया। उद्घाटन अयोध्या विधायक वेद प्रकाश गुप्ता ने किया। उन्होंने कहा कि मोदी के नेतृत्व में देश स्वास्थ्य, शिक्षा और संस्कृति जैसे महत्वपूर्ण क्षेत्रों में तेजी से आगे बढ़ रहा है। विधायक ने आयुष्मान कार्ड वितरण बूथ का उद्घाटन किया। इसके अलावा उन्होंने विभिन्न स्वास्थ्य शिविरों का निरीक्षण किया। इसके बाद स्वास्थ्य केंद्र की लैब में जाकर रक्त परीक्षण करवाया। कार्यक्रम में महानगर अध्यक्ष कमलेश श्रीवास्तव, अलोक कुमार सिंह रोहित, गन्ना समिति के चेयरमैन दीपेंद्र सिंह, सीएचसी अधीक्षक डॉ. अमित वर्मा, डॉ. राकेशमणि त्रिपाठी, दिनेश, राघवेंद्र, ओमप्रकाश, दिव्य प्रकाश, प्रदीप, पूरा मंडल अध्यक्ष वरुण चौधरी, शंभू नाथ, हरिभजन, रामप्रीत, राजेश पाठक, संतोष बाबा सहित तमाम लोग मौजूद थे।

75 हजार आयुष्मान कार्ड बन कर तैयार, कैंप में होगा वितरण

सोहावल सीएचसी पर स्वास्थ्य प्रदर्शनी का निरीक्षण करते विधायक अमित सिंह चौहान।

सोहावल, अयोध्या। अमृत विचार : सेवा पखवारा के तहत सोमवार को सीएचसी में स्वास्थ्य प्रदर्शनी और आयुष्मान कार्ड को लेकर एक कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में बाल विकास परियोजना की आंगनबाड़ी और स्वास्थ विभाग की आशा बहुओं ने हिस्सा लिया। मुख्य अतिथि विधायक बीकापुर अमित सिंह चौहान के साथ भाजपा नेता सूर्य प्रसाद श्रीवास्तव, पूर्व ज्येष्ठ प्रमुख राम औतार यादव शामिल हुए। सीएचसी प्रभारी डॉ. प्रेम चंद ने बताया कि स्वास्थ केंद्र से जुड़ी 2 लाख 48 हजार की आबादी पर 92 हजार पात्र लाभार्थियों का आयुष्मान कार्ड बनाने का लक्ष्य था इसके सापेक्ष अब तक 75 हजार से ज्यादा आयुष्मान कार्ड बन कर तैयार हो गए हैं। इनका वितरण स्वास्थ विभाग के कैंपों के जरिए किया जाना तय किया गया है। डॉ. अनिल सिंह, बाल विकास परियोजना अधिकारी अनिता सोनी, सभासद अमित श्रीवास्तव व बड़ी संख्या में महिलाएं मौजूद रही।

पुरानी पेंशन के लिए अटेवा की आक्रोश रैली 26 को

अयोध्या। अमृत विचार : केंद्र सरकार द्वारा लागू किए गए यूपीएस/एनपीएस के खिलाफ जिले के शिक्षक और कर्मचारी 26 सितंबर को जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी कार्यालय से गांधी पार्क तक पैदल मार्च कर आक्रोश व्यक्त करेंगे और साथ सरकार से पुरानी पेंशन बहाल करने की मांग भी रखेंगे। अटेवा/एनएमओपीएस के राष्ट्रीय सचिव अभिनव सिंह राजपूत ने कहा कि देश में जनाक्रोश रैली के तहत जिला मुख्यालय पर प्रदर्शन कर ज्ञापन सौंपने का निर्णय राष्ट्रीय अध्यक्ष विजयबंधु द्वारा लिया गया है। जिला कार्यकारिणी द्वारा शहर के विभिन्न चौराहों पर कार्यक्रम की होर्डिंग्स लग चुकी है। अटेवा के जिला संयोजक विजय प्रताप सिंह ने कहा कि सरकार द्वारा यूपीएस/एनपीएस लागू कर शिक्षकों और कर्मचारियों के साथ धोखा किया गया है। महामंत्री उमाशंकर शुक्ल ने बताया कि कार्यक्रम की तैयारी के लिए जिला प्रभारी बनाया गया है। कार्यक्रम प्रभारी जिला उपाध्यक्ष हृदय राम और सहप्रभारी मीडिया प्रभारी अनूप दूबे को बनाया गया है।

आयोजन | यूपी इंटरनेशनल ट्रेड शो में सजेगा अयोध्या के तीन उत्पादों का स्टाल, दिखेगी चिकनकारी व जरी-जरदोजी, मसाले और अयोध्या में बनीं बैट्री

नोएडा में बिखरेगा अवध के चिकनकारी व जरी-जरदोजी का जलवा

राजेंद्र कुमार पांडेय, अयोध्या

▸▸ **25 से 29 सितंबर तक आयोजित होगा यूपी इंटरनेशनल ट्रेड शो**

अमृत विचार: वैश्विक पर्यटन नगरी बन रही अयोध्या अब व्यापार के क्षेत्र में कदमताल करेगी। यहां के उत्पाद, इंटरनेशनल व्यापार मेले में धूम मचाने वाले हैं। 25 सितबंर से ग्रेटर नोयडा मे लगने वाले व्यापार शो में अन्य उत्पादों के साथ अवध की चिकनकारी, जरी-जरदोजी अपना जलवा बिखेरेंगे।

ग्रेटर नोएडा के इंडिया एक्सपो सेंटर एंड मार्ट में 25 से 29 सितंबर तक आयोजित होने वाले यूपी इंटरनेशनल ट्रेड शो में अयोध्या के तीन उत्पादों को स्थान मिला है।

उम्मीद है कि यह प्रदेश के विभिन्न जिलों के उत्पादों के बीच अपनी छाप छोड़ेंगे। व्यापार मेले में यहां की अर्चिता इंडिया प्राइवेट लिमिटेड की ओर से मसाले, प्रमिला आर्ट एंड क्राफ्ट्स की ओर से चिकनकारी जरी-जरदोजी और बैट्री निर्माण करने वाली हाइफ्लो इंडस्ट्रीज का स्टॉल लगेगा। हाइफ्लो के सुमित जायसवाल कहते हैं कि यह एक सुखद अनुभव है कि उनका उत्पाद व्यापार मेले में शोभा बढ़ाएगा। साथ ही इसको इंटरनेशनल पहचान मिलेगी। इसके साथ अन्य उत्पादों के मालिकान भी पुलकित हैं। कहते हैं कि वहां उत्पादों को ग्लोबल प्लेटफार्म मिलेगा। पहचान बनेगी। अयोध्या का नाम रोशन होगा।

चिकनकारी से अयोध्या को नई पहचान की उम्मीद

मेले में यहां से भेजे जा रहे उत्पादों में सबसे ज्यादा फोकस और उम्मीद अन्य के साथ चिकनकारी और जरी-जरदोजी से है। इससे अयोध्या को एक और पहचान मिल सकती है। यह कारीगरी का नायाब नमूना है। इससे जुड़े लोग बताते हैं कि लखनऊ इसका केंद्र है, लेकिन लखनऊ के साथ आस-पास के अंचलों के गांव-गांव तक फैला है। अवध के लोग भी कुछ हद तक इसके काम से जुड़े हैं। महिलाएं इसका काम ज्यादा करती हैं। वस्त्र की पारंपरिक कढ़ाई और कशीदाकारी, चिकन की प्रसिद्ध शैली है। चिकनकारी, लखनऊ के साथ ही थोड़ा बहुत अवध के अन्य क्षेत्र में भी फैली है। जानकार लोग बताते हैं कि चिकनकारी का एक खूबसूरत आर्ट पीस लंदन के रायल अलंबर्ट म्यूजियम में भी पर्यटकों को देखने के लिए रखा है।

क्या है चिकनकारी और जरी-जरदोजी

चिकनकारी मलमल, रेशम और शिफान जैसे अन्य कपड़ों पर सुई और महीन सूती धागे का इस्तेमाल करके हाथ से कढ़ाई की जाती है। इसे लघु उद्योग में माना जाता है। एक वस्त्र को तैयार करने में कई-कई दिन लग जाते हैं, लेकिन खासतौर से गर्मियों में शरीर पर धारण करने से लुक बदल जाता है। अयोध्या में भी रईश तबियत के लोगों में इसका प्रचलन है। इसीलिए यहां के बाजारों में भी कशीदाकारी वाले चिकन के कपड़े बहुतायत में मिलते हैं। व्यापार मेले में चयन के पीछे एक कारण यह भी है। जरी-जरदोजी धातु कढ़ाई से जुड़ी शैली है। इसमें सोने और चांदी के धागों, मोतियों और मनकों का प्रयोग किया जाता है। यह भी रेशम, मखमल, साटन आदि के कपड़ों पर किया जाता है। इससे बने कपड़ों का प्रयोग किसी समय राजाओं के द्वारा प्रयोग किया जाता था। राजसी पोशाक को सुंदर दिखाने के लिए इसका प्रयोग होता है। यह महीन काम है। ज्यादातर हाथ से किया जाता है।

> यूपी इंटरनेशनल ट्रेड शो के लिए उत्पादों का चयन सोच विचार कर किया गया है। आधुनिक तकनीक से बनी बैट्री और मसाले मेले के बेहतर उत्पाद हो सकते हैं, लेकिन यदि लोगों को पसंद आया तो चिकनकारी, जरी जरदोजी से व्यापार के क्षेत्र में जिले को नई पहचान मिल सकती है। – **जीसी गौर, सहायक आयुक्त, उद्योग अयोध्या**

सार-संक्षेप

बैक होते ट्रक से कुचलकर मजदूर की मौत

बाराबंकी। अमृत विचार : ट्रक चालक के अचानक वाहन बैक करने से बिहार निवासी एक मजदूर की पहियों के नीचे दबकर मौत हो गई। बिहार के जिला खगड़िया के थाना मड़ैया के गांव हरईया निवासी इंदल कुमार (38) अपने भाई मुन्ना कुमार के साथ नगर कोतवाली के सफेदाबाद स्थित दयाल फैक्ट्री में काम करता था। सोमवार को वह फैक्ट्री के पास चाय पी रहा था। इस दौरान एक ट्रक चालक ने वाहन बैक कर दिया जिससे इंदल ट्रक के पहियों के नीचे दब गया। घटनास्थल पर ही उसकी मौत हो गई।

फाइनेंसर और किसान बनकर एजेंसी से उठा ले गए तीन ट्रैक्टर

कार्यालय संवाददाता, बाराबंकी। अमृत विचार : फाइनेंसर व किसान बनकर ट्रैक्टर एजेंसी पहुंचे चार लोग फर्जी कागजात व प्रमाण पत्र लगाकर तीन ट्रैक्टर उठा ले गए। अब एजेंसी मालिक ट्रैक्टर तलाश रहा है। एक स्थान पर उसे यह तीनों ट्रैक्टर दिखे भी पर वहां भीड़ एकत्र होने से वह चुपचाप चला गया। पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर ली है। लखनऊ मार्ग पर गांधी आश्रम के निकट आर्यन मोटर्स के नाम से वीरेन्द्र सिंह की महिन्द्रा ट्रैक्टर एजेंसी है। उसने तहरीर में कहा है कि आशीष वर्मा ग्राम झलिया थाना सफदरगंज फाइनेंस कम्पनी का फर्जी प्रतिनिधि, निखिल वर्मा पुत्र मिथलेश कुमार वर्मा ग्राम पल्हरी, कमल कुमार पुत्र ननकऊ निवासी ग्राम इलिचपुर थाना कोठी, आशीष वर्मा निवासी झलिया, धनेश कुमार पुत्र जय नरायन निवासी नंदपुर सरायं शेख थाना चिनहट लखनऊ आदि किसान बनकर उसकी एजेंसी पर पहुंचे। इन लोगों ने आधार कार्ड देते हुए फाइनेंसर आशीष कुमार से फाइनेंस कराकर प्रपत्र कम्पनी में उपलब्ध कराने की बात कही। उसने भरोसा कर अलग अलग तिथियों में ट्रैक्टर उपलब्ध करा दिया। इसके बाद फाइनेंसर तथा ट्रैक्टर मालिकों से पैसा मांगने पर टालते हुए ट्रैक्टरों को लगातार इस्तेमाल में रखा। उसने ट्रैक्टरों को कब्जे में लेने का प्रयास किया तो आशीष वर्मा, निखल, धनेस कुमार, कमल कुमार व अनिल कुमार वर्मा, अखिलेश कुमार आदि लोगों ने जान से मारने की धमकी देते हुए कहा कि उन लोगों ने ट्रैक्टर फर्जी कागजातों के सहारे लिया है, अब इन्हें खोज नहीं पाओगे।

छुट्टा मवेशियों से तंग किसान धरने पर बैठे

चौरासी कोसी परिक्रमा पड़ाव आस्तीक मुनि आश्रम पर धरना शुरू

मिल्कीपुर, अयोध्या।

आस्तीक मुनि आश्रम पर धरना देते छुट्टा मवेशियों से परेशान किसान। अमृत विचार

अमृत विचार : मिल्कीपुर विधानसभा क्षेत्र के पौराणिक स्थल आस्तीक मुनि आश्रम पर छुट्टा मवेशियों से तंग किसानों ने धरना प्रदर्शन शुरू कर दिया है। इनायतनगर थाना क्षेत्र के ग्राम डीह पूरे बीरबल (आस्तीकन बाजार) में छुट्टा मवेशियों की व्यवस्था ना किए जाने से आक्रोशित किसानों का कहना है कि आस्तीकन बाजार में सैकड़ों की संख्या में मौजूद मवेशियों को जब तक गोशालाओं में नहीं छोड़ा जाएगा, तब तक हम यहीं पर बैठे रहेंगे।

विधानसभा क्षेत्र में अगले कुछ दिनों में उपचुनाव होना है और क्षेत्र में छुट्टा मवेशियों को लेकर किसानों में काफी गुस्सा भी है। किसानों ने बताया कि उन्हें पूरी रात जाग कर इन छुट्टा मवेशियों से अपनी फसलों की सुरक्षा करनी पड़ती है। यदि जरा सी आंख लग गई तो खेतों में झुंड में छुट्टा मवेशी घुस जाते हैं और धान, उड़द, गन्ना आदि फसलों को चट कर जाते हैं। हमलों में कई किसानों की जान जा चुकी है। किसानों ने बताया कि सरकार की ओर से छुट्टा मवेशियों को पकड़कर पशु आश्रय स्थलों पर छोड़ने का निर्देश भी है। उसके बावजूद प्रशासन की कुंभकर्णी नींद नहीं खुल रही है। धरने पर बैठे सामाजिक कार्यकर्ता प्रवीण यादव ने बताया कि आए दिन यहां छुट्टा मवेशियों से कोई ना कोई घायल हो रहा है। जब तक सरकार इसका समाधान नहीं करेगी, हम लोग बिना कुछ खाए पिए यही अनशन पर रहेंगे। धरने में घुरेहटा के पूर्व प्रधान राम धीरज, रामयज्ञ यादव, प्रांजल यादव, धर्मचंद, महेंद्र कुमार, विनोद, गंगाराम, रामलाल, संजय, मोहम्मद रईस, आजाद सहित दर्जनों किसान शामिल रहे।

सदर तहसील पर किसानों ने मांगों को लेकर दिया धरना

अयोध्या कार्यालय। अमृत विचार : छुट्टा पशुओं से फसल की सुरक्षा की गारंटी, स्मार्ट मीटर की वापसी, किसानों की जमीन अधिग्रहण पर रोक लगाने, किसानों मजदूरों की सम्पूर्ण कर्ज माफी, 300 यूनिट बिजली मुफ्त देने, गन्ने का मूल्य 600 रुपए प्रति क्विंटल करने, उत्तर प्रदेश सहित देश में बढ़ते महिला अपराधों पर रोक लगाने आदि मांगों को लेकर संयुक्त किसान मोर्चा ने जिला मुख्यालय तहसील सदर पर विशाल धरना प्रदर्शन किया और राष्ट्रपति को सम्बोधित ज्ञापन अतिरिक्त नगर मजिस्ट्रेट को सौंपा। धरने की अध्यक्षता संयुक्त किसान मोर्चा के संयोजक मया राम वर्मा, किसान नेताओं राम तीर्थ पाठक व अशोक यादव के तीन सदस्यीय अध्यक्ष मण्डल तथा संचालन भाकियू नेता कमला प्रसाद बागी ने किया। प्रदर्शन में उपस्थित सैकड़ों लोगों को सम्बोधित करते हुए वक्ताओं ने कहा कि वर्तमान सरकार देश के किसानों को गुलाम बनाने के मकसद से तीन कृषि कानून लायी थी जिसे किसानों ने लड़कर वापस लेने के लिए मजबूर कर दिया। किसान सभा के प्रदेश सचिव अशोक कुमार तिवारी, भाकपा (माले) जिला प्रभारी अतीक अहमद, मजदूर नेता शैलेन्द्र प्रताप सिंह, माता बदल, अयोध्या प्रसाद तिवारी, उमाकांत विश्वकर्मा आदि नेताओं ने संबोधित किया।

प्रधान व पंचायत सचिव में मारपीट

सिरौलीगौसपुर, अमृत विचारः गांव में हो रही खुली बैठक में प्रधान व पंचायत सचिव में मारपीट हो गई। ग्रामीणों ने दोनों पक्षों में बीच बचाव करा मामला शांत कराया। दोनों पक्षों ने कोतवाली बदोसराय में शिकायत दर्ज कराई। सोमवार को विखं दरियाबाद की ग्रापं खजूरी में परिवार रजिस्टर संशोधन को लेकर खुली बैठक हो रही थी। इसमें सहायक विकास अधिकारी पंचायत अनिल सिंह के साथ पंचायत सचिव विनोद कुमार चर्चा कर रहे थे। इसी बीच अचानक किसी बात को लेकर नाराज ग्राम प्रधान शोएब अहमद व पंचायत सचिव के मध्य वाद विवाद होने लगा और देखते ही देखते मारपीट होने लगी।

पारिवारिक कलह के चलते स्टांप वेंडर ने फांसी लगाकर दी जान

कार्यालय संवाददाता, बाराबंकी। अमृत विचारः स्टांप वेंडर का शव उसके घर में फांसी के फंदे से लटकता मिला। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। घटना की वजह पारिवारिक कलह बताई जा रही। उधर, घटना की खबर से रजिस्ट्री कार्यालय में शोक फैल गया। शहर कोतवाली क्षेत्र के मोहल्ला सुभाषनगर के रमाकांत वर्मा 63 जिला मुख्यालय पर रजिस्ट्री कार्यालय में स्टांप वेंडर थे। रविवार की देर रात उनका शव घर के बरामदे में फांसी के फंदे से लटका मिला। सूचना पाकर पुलिस मौके पर पहुंची ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा। पुलिस के अनुसार पारिवारिक कलह के चलते रमाकांत ने फांसी लगा ली। घटना की जानकारी होने पर रजिस्ट्री कार्यालय में कामकाज ठप हो गया।

55 लाख से लगेंगी 11 इकाइयां, मिलेगा रोजगार

कार्यालय संवाददाता, बाराबंकी

- मुख्यमंत्री ग्रामोद्योग योजना के तहत बैंकों से मिलेगा ऋण, अब तक 26 लोग कर चुके हैं आवेदन
- बैंकों द्वारा दिए गए ऋण पर सामान्य वर्ग के उद्यमी को 4 प्रतिशत देना होगा ब्याज

अमृत विचारः जिले में मुख्यमंत्री ग्रामोद्योग योजना के तहत 11 इकाइयां 55 लाख की वित्त पोषण से लगाई जाएंगी। लक्ष्य के सापेक्ष जिला ग्रामोद्योग कार्यालय में इकाइयों का आवेदन प्राप्त होने लगा है। विभाग आवेदनों की जांच के बाद मानक पूरा करने पर स्वीकृति देकर वित्त पोषण के लिए बैंकों को भेजेगा। हालांकि अब किसी भी इकाई का वित्त पोषण बैंकों द्वारा नहीं किया गया है।

ग्रामीणों को स्वरोजगार से आत्मनिर्भर बनाने के उद्देश्य से योजना संचालित है, जिसके तहत ग्रामीण क्षेत्रों में व्यवसाय या ग्रामोद्योग की इकाई लगाने पर सरकार वित्तपोषण की सुविधा देती है। इकाइयों को पांच से दस लाख तक बैंकों से वित्त पोषण किया जाता है। बैंकों द्वारा इकाई को दिए गए ऋण पर सामान्य वर्ग के उद्यमी को चार फीसदी ब्याज देना होता है जबकि एससीएसटी, ओबीसी के अभ्यर्थियों को ब्याज से मुक्त रखा गया है। व्यवसाय व उद्योग लगाने के लिए जिले से आवेदन आने शुरू हो गए हैं। अब तक 26 आवेदन आ चुके हैं। शासनस्तर से विभाग को वित्तीय वर्ष में 11 इकाइयों का लक्ष्य मिला है। बैंकों की आर्थिक मदद से आवेदक निर्धारित उद्योगों में से अपनी इच्छानुसार इकाई लगाकर आत्मनिर्भर बन सकेंगे।

योजना में लगेंगी ये इकाइयां

योजना में जिन प्रमुख इकाइयों को सूचीबद्ध किया गया है। उनमें तेल मिल, फ्लोर मिल, बेकरी उद्योग, हथकरघा, हस्त शिल्प, इलेक्ट्रीशियन उद्योग, इंटरलॉकिंग, टेंट हाउस, शटरिंग समेत अन्य व्यवसाय और ग्रामोद्योग शामिल हैं। विभाग को मिले 26 आवेदनों का सत्यापन करने के बाद मानक पूरा करने वालों को वित्त पोषण के लिए बैंकों को भेजा जाएगा। वित्त पोषण के बाद इकाइयां लगाई जाएंगी। इकाइयों के लगने से करीब तीन सौ युवाओं को रोजगार मिलेगा।

पॉपकार्न की मुफ्त मशीन

खादी एवं ग्रामोद्योग विभाग पॉपकार्न निर्माण के कार्य में रुचि रखने वालों को निःशुल्क पॉपकार्न मशीन देगा जिससे वह स्वरोजगार कर आत्मनिर्भर बन सकेंगे। इसके लिए भी संबंधितों को विभाग के कार्यालय में आवेदन करना होगा। निःशुल्क पॉपकार्न मशीन के लिए आवेदक की आयु 18 वर्ष से 45 वर्ष तक होनी चाहिए। इच्छुक आवेदक विकास भवन स्थित ग्रामोद्योग कार्यालय में आवेदन जमा कर सकते हैं। पात्र लाभार्थियों का चयन जिला स्तरीय समिति द्वारा किया जाएगा।

> वित्तीय वर्ष 2024-25 के लिए जिले को 55 लाख के वित्त पोषण से 11 इकाई लगाने का लक्ष्य मिला है। प्रत्येक इकाई के लिए पांच लाख निर्धारित किए गए हैं। इकाइयों को लगाने के लिए आवेदन मिलना शुरू हो चुका है। आवेदनों का सत्यापन कर वित्त पोषण के लिए बैंकों को भेजा गया है। वित्त पोषण होने के बाद इकाई लगाई जाएगी। **-आरके श्रीवास्तव, जिला ग्रामोद्योग अधिकारी**

अभियान चलाकर दिलाई भाजपा की सदस्यता

सुबेहा, बाराबंकी। भाजपा द्वारा चलाये जा रहे सदस्यता अभियान के अंतर्गत आज बूथ नंबर 362 रोहना मीरापुर और बूथ नंबर 358 सिधियावॉ मंडल सुबेहा में अभियान चलाकर सदस्यता कराया गया। इस मौके पर विवेक मिश्रा मंडल महामंत्री, मिथिलेश शुक्ला शक्तिकेंद्र संयोजक, बूथ अध्यक्ष राम बिलास तिवारी, रामकेवल आदि मौजूद रहे।

कार्यालय जिला खाद्य विपणन अधिकारी, अम्बेडकरनगर

पत्रांक 918 / जि0खा0वि0अ0/प्रेस विज्ञप्ति / कार्यालय / 2024-25 दिनांक- 13.09.2024

निविदा सूचना (संशोधित)

जिला खाद्य विपणन अधिकारी, अम्बेडकरनगर कार्यालय हेतु भवन की आवश्यकता है, जिसमें एक बड़ा हॉल, 02 कमरे एवं स्टोर / रिकार्ड रूम का कमरा अनिवार्य रूप से हो तथा इसके साथ बाथरूम पानी व वाहन पार्क करने की सुविधा उपलब्ध हो। इच्छुक भवन स्वामी अविलम्ब जिला खाद्य विपणन अधिकारी, अम्बेडकरनगर कार्यालय मालीपुर रोड़, क्रय विक्रय सहकारी समिति के सामने शहजादुपर अकबरपुर, अम्बेडकरनगर में विज्ञप्ति दिनांक से एक सप्ताह में सम्पर्क करें।

(विनीता मिश्रा)
जिला खाद्य विपणन अधिकारी,
अम्बेडकरनगर

दुर्गा पूजा को लेकर संयुक्त टीम ने किया शहर का भ्रमण

अयोध्या कार्यालय

विसर्जन यात्रा मार्ग का निरीक्षण करते अपर जिलाधिकारी नगर सलिल कुमार।

अमृत विचारः दुर्गा पूजा महोत्सव को अच्छे ढंग से संपन्न कराने के लिए सोमवार को संयुक्त टीम ने शहर के विभिन्न स्थानों का भ्रमण किया। प्रशासन के अफसरों और केंद्रीय दुर्गा पूजा एवं रामलीला समन्वय समिति के लोगों ने अब तक की तैयारी और समस्याओं को देखा।

भ्रमण पर निकली टीम में अपर जिलाधिकारी नगर सलिल कुमार पटेल, पुलिस अधीक्षक नगर मधुवन कुमार सिंह, केंद्रीय समिति के अध्यक्ष मनोज जायसवाल के साथ अन्य लोग थे। अध्यक्ष मनोज जायसवाल ने अधिकारियों को बताया कि फतेहगंज स्थित ओवर ब्रिज की वजह से दुर्गापूजा और रामलीला का पर्व मनाया जाना संभव नहीं प्रतीत हो रहा है। शीघ्र इस समस्या का निदान कराया जाए। लालबाग रेलवे क्रॉसिंग को खुलवाकर राजकीय इंटर कॉलेज से वजीरगंज तक पूरे ओवर ब्रिज के बगल सर्विस रोड का निर्माण त्योहार के पूर्व ही कर लिया जाए। राम जानकी मंदिर फतेहगंज और चेला छावनी में जल भराव की समस्या अधिकारियों को दिखाई। रामलीला स्थल हैदरगंज रामलीला स्थल साहबगंज की खराब इंटरलॉकिंग के बारे में बताया। रीडगंज से लेकर बछड़ा होते हुए रामपथ तक सड़क की दयनीय स्थिति बताई। शहर के सभी रेलवे क्रॉसिंग पर लाइन दोहरीकरण के कारण बड़े-बड़े गड्ढे हो गए हैं, जिससे रोज कोई ना कोई वाहन पलटते रहते हैं। इन्हीं मार्गो से माता की मूर्ति रखे हुए वाहन जाएंगे तो कोई दुर्घटना होने पर उसका जिम्मेदार रेलवे विभाग ही होगा। निरीक्षण में सहसंयोजक गगन जायसवाल,पुलिस विभाग के समन्वयक जेएन चतुर्वेदी, विद्युत विभाग के प्रभारी सुप्रीत कपूर, पार्षद एवं जोनल प्रमुख राजेश गौड़, जोनल प्रमुख अतुल सिंह,अखिलेश पाठक, चंदन, अमित, संजय श्रीवास्तव, रंजीत शर्मा, विशाल गुप्ता आदि थे।

सड़क दुर्घटना में अधेड़ की मौत

रामसनेहीघाट, बाराबंकी। अमृत विचार : अयोध्या-लखनऊ राजमार्ग पर रविवार को अज्ञात वाहन से घायल अधेड़ की इलाज के दौरान मौत हो गई। शाहपुर मुरारपुर निवासी 55 वर्षीय रामकुमार अयोध्या के सुल्तानपुर गांव गए थे। देर शाम वह साइकिल से सुल्तानपुर से गांव लौट रहे थे तभी ताला मोड़ के पास पीछे से आ रहे वाहन ने उन्हें टक्कर मार दी। राहगीरों की सूचना पर एंबुलेंस द्वारा उन्हें सीएचसी भेजा गया। चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार के बाद जिला मुख्यालय रेफर किया। जिला अस्पताल में देर रात इलाज के दौरान रामकुमार की मौत हो गई। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

अवैध वसीयत का किया खेल कानून के दायरे में हो गया फेल

अयोध्या कार्यालय

- वसीयत से हथियायी गई जमीन को ग्राम सभा के खाते में दर्ज करने का आदेश

अमृत विचार : अवैध वसीयत के आधार पर हथियायी गई जमीन को बंदोबस्त अधिकारी चकबंदी ने ग्राम सभा के खाते में दर्ज करने का आदेश दिया है। यह मामला मिल्कीपुर तहसील क्षेत्र की गांव अलीपुर खजुरी का है।

अलीपुर खजुरी गांव के रहने वाले बरखू पुत्र औतार के नाम चक संख्या 353 जसमें गाटा संख्या 792/.273 हेक्टेयर पहला चक और गाटा संख्या 798 /.028 हेक्टेयर दूसरा चक दर्ज था। उनका कोई वारिस नहीं था। उनकी मौत 27 फरवरी 2005 को हो गई तो उनकी जमीन राज्य सरकार में निहित हो गई, लेकिन गांव के संतोष कुमार पुत्र स्वामी प्रसाद ने वसीयत चकबंदी अधिकारी कुचेरा के न्यायालय से दो सितंबर 2009 को अपना नाम अंकित कराने का आदेश प्राप्त किया। इसके लिए इश्तेहार भी तामील नहीं कराया गया। वसीयत से जमीन प्राप्त करने के लिए इस तथ्य को छिपाया गया कि वसीयत करने वाले बरखू कोरी जाति के थे, लेकिन जिसके पक्ष में वसीयत की गई वह संतोष कुमार ब्राह्मण जाति के थे। इसके बाद यह मामला उच्च न्यायालय भी पहुंचा था, लेकिन उच्च न्यायालय ने याचिका निरस्त कर दी। साथ ही उपशम प्राप्त करने का आदेश हुआ। कई चरणों में न्यायालय में सुनवाई के बाद यह मामला बंदोबस्त अधिकारी चकंबदी के न्यायालय में पहुंचा। भूमि प्रबंध समिति से उठाए गए इस मामले में कहा गया कि बरखू अनुसूचित जाति का था। बिना जिलाधिकारी के अनुमति के सवर्ण व्यक्ति के पक्ष में वसीयत निष्पादित करना निषेध है। बंदोबस्त अधिकारी चकंबदी धर्मेंद्र कुमार मिश्र ने अपील को स्वीकार करते हुए चकबंदी अधिकारी के दो सितंबर 2009 के आदेश को निरस्त कर दिया। साथ ही आदेश दिया किया कि चक संख्या 353 से मृतक बरखू पुत्र औतार का नाम खारिज होकर आराजी गांव सभा/ नवीन परती दर्ज हो।

उ.प्र. पावर ट्रान्समिशन कारपोरेशन लिमिटेड

ई-निविदा सूचना

(1) ई - निविदा संख्या - 05/ वि0प्रे0ख0 (अयो0)/2024-25-विद्युत पारेषण खण्ड, अयोध्या के नियंत्रणाधीन विद्युत पारेषण उपखण्ड (चतुर्थ), टाण्डा, अम्बेडकरनगर के अंतर्गत 132 के0वी0 विद्युत उपकेन्द्र, टाण्डा पर वितरण स्कंध के 33के0वी0 विद्युत उपकेन्द्र निर्माण हेतु परिसर में रिक्त भूमि पर रखे गये विद्युत सामग्री को हटाने के कार्यो हेतु ई- निविदा आमंत्रित की गयी है जिसे http:/etender.up.nic.in पर दिनांक 24.09.2024 को प्रकाशित किया जायेगा । कार्य की अनुमानित लागत-1,09,800 /- (18% जी0एस0टी0 सहित) है। कार्य पूर्ण करने की अवधि 15 दिनों की रहेगी। संदर्भित निविदा हेतु धरोहर धनराशि- 2,000/- एवं निविदा प्रपत्र जी0एस0टी0 सहित रू0 590/- मात्र है। आनलाइन निविदा भरने की अंतिम तिथि 14.10.2024 समय 18: 00 बजे तक एवं निविदा खुलने की तिथि 15.10.2024 समय 13: 30 बजे है। कार्य की कुल मात्रा, निविदा विशिष्टीकरण व अन्य नियम एवं शर्तें ई - निविदा पोर्टल http:/etender.up.nic.in पर उपलब्ध है। अधोहस्ताक्षरी को बिना कारण बताये एक अथवा सभी निविदाएं निरस्त करने का अधिकार सुरक्षित रहेगा। निर्धारित तिथि के विस्तार तथा शुद्धि पत्र से सम्बन्धित सूचना यदि कोई होगी केवल बेबसाइट पर अपलोड की जायेगी । अतः स्वयं को अपडेट रखने के लिए उपरोक्त बेबसाइट को नियमित देखें । **'राष्ट्रहित में बिजली बचायें ' अधिशासी अभियन्ता विद्युत पारेषण खण्ड उ.प्र.पा.ट्रा. का लि., अयोध्या, पत्रांक-1609/ वि0प्रे0ख0 (अयो0) / निविदा सूचना दिनांक 23/9/24**

कार्यालय उपजिलाधिकारी जलालपुर जनपद अम्बेडकरनगर

नीलामी सूचना तहसील-जलालपुर जनपद अम्बेडकरनगर

पत्रांक-129 /रा0नि0का0/मत्स्य पालन आवंटन नीलामी/प्रकाशन/2024 दिनांक-18 सितम्बर 2024

उत्तर प्रदेश राजस्व संहिता 2006 (यथा संशोधित) की धारा 61, 189 व 190 व उ0प्र0रा0सं0 नियमावली 2016 के नियम 57 व 58 में दी गयी व्यवस्था के अनुसार एवं उ0प्र0 शासन राजस्व अनुभाग-1 की अधिसूचना संख्या-76 / 1364 / एक-1-2016-20(8) / 2016 दिनांक 20.10.2016 उ0प्र0रा0सं0(द्वितीय संशोधन) नियमावली 2016 में प्रदत्त आधारों पर तहसील जलालपुर जनपद अम्बेडकरनगर में अवस्थित तालाब / पोखर / मीनाशय एवं जल प्रणालियों के 10 वर्षीय आवंटन हेतु मत्स्य शिविर का आयोजन दिनांक 09.10.2024 व 10.10.2024 को समय पूर्वांह 11 बजे तहसील सभागार जलालपुर जनपद अम्बेडकरनगर में किया जायेगा, जिसमें निम्नलिखित विवरण के अनुसार मत्स्य पालन हेतु तालाब के आवंटन हेतु पात्र व्यक्तियों के मध्य 10 वर्षीय लगान पर नीलामी करायी जायेगी। 02 हे0 से बड़े तालाबों की नीलामी मत्स्य जीवी सहकारी समितियों को दिया जायेगा।

1- नीलामी का स्थान- सभागार तहसील जलालपुर।
2- नीलामी का समय- 11.00 बजे पूर्वाह से ।

क्र0सं0	ग्राम का नाम	विकास खण्ड का नाम	तालाब / पोखर / मीनाशय एवं जल प्रणाली का विवरण		आरक्षित बोली की धनराशि 2 हे0 से अधिक में 1000 व 2 हे0 से कम में 5000 प्रतिवर्ष हे0	नीलामी की तिथि	बोली बोलने के लिए जमानत राशि (आरक्षित बोली की धनराशि का 10 प्रतिशत	नीलामी का स्थान व समय
			गाटा सं0	क्षे0(हे0में)				
1	2	3	4	5	6	7	8	9
1	सुल्तानपुर गोइथा	जलालपुर	1ड	4.3050	430500.00	27.09.2024	43100.00	
2	करमैनी	जलालपुर	143घ	3.6350	363500.00	27.09.2024	36400.00	
3	नेमपुर	जलालपुर	270ग	0.2620	13100.00	27.09.2024	1400.00	
4	तेंदुआदियरा	जलालपुर	195झ	0.6200	31000.00	27.09.2024	3100.00	
5	कजपुरा	जलालपुर	1234ख	0.5040	25200.00	27.09.2024	2600.00	
6	कोठीभार	जलालपुर	64मि0	0.4120	20600.00	27.09.2024	2100.00	
7	गयासपुर	जलालपुर	1077	0.2530	12650.00	27.09.2024	1300.00	
8	बीबीपुर	जलालपुर	123ड़	0.7650	38250.00	27.09.2024	3900.00	
9	कटघरमूसा	जलालपुर	818ग	1.9810	99050.00	27.09.2024	10000.00	
10	रसूलपुर बाकरगंज	जलालपुर	314ग	0.7010	35050.00	27.09.2024	3600.00	
11	रसूलपुर बाकरगंज	जलालपुर	1403मि0	1.7670	88350.00	27.09.2024	8900.00	
12	बीबीपुर भुसौली	जलालपुर	293ख	0.4300	21500.00	27.09.2024	2200.00	
13	बीबीपुर भुसौली	जलालपुर	2घ	0.3040	15200.00	27.09.2024	1600.00	
14	सिसारा	जलालपुर	223	0.4430	22150.00	27.09.2024	2300.00	
15	सिसारा	जलालपुर	229	0.2910	14550.00	27.09.2024	1500.00	
16	गौरामहमदपुर	जलालपुर	1270	0.7210	36050.00	27.09.2024	3700.00	सभागार तहसील जलालपुर पूर्वांह 11:00 बजे
17	करौदी	जलालपुर	462	0.5340	26700.00	27.09.2024	2700.00	
18	करौदी	जलालपुर	471	0.3040	15200.00	27.09.2024	1600.00	
19	जमौली	जलालपुर	331ख	0.7370	36850.00	27.09.2024	3700.00	
20	जमौली	जलालपुर	216ख	0.5060	25300.00	27.09.2024	2600.00	
21	आजनपारा	जलालपुर	841क	0.7770	38850.00	27.09.2024	3900.00	
22	मालीपुर	जलालपुर	214	1.1640	58200.00	27.09.2024	5900.00	
23	कोठीभार	जलालपुर	2क	0.3160	15800.00	27.09.2024	1600.00	
24	कोठीभार	जलालपुर	2ड	0.1390	6950.00	27.09.2024	700.00	
25	कोठीभार	जलालपुर	2च	0.3160	15800.00	27.09.2024	1600.00	
26	कोठीभार	जलालपुर	2छ	0.3160	15800.00	27.09.2024	1600.00	
27	विशम्भरपुर	जलालपुर	262दमि0	4.0300	403000.00	27.09.2024	40300.00	
28	हरिपालपुर	जलालपुर	708	0.5440	27200.00	27.09.2024	2800.00	
29	मरहरा	भियांव	1369	1.6950	84750.00	28.09.2024	8500.00	
30	मरहरा	भियांव	1796	0.4640	23200.00	28.09.2024	2400.00	
31	निमटिनी	भियांव	707	0.3290	16450.00	28.09.2024	1700.00	
32	दुल्हुपुरकलां	भियांव	361ग	0.2190	10950.00	28.09.2024	1100.00	
33	लवइया	भियांव	916क	5.6840	568400.00	28.09.2024	56900.00	
34	बरौना	भियांव	954 / 3 मि0	4.5450	454500.00	28.09.2024	45500.00	
35	बसहा	भियांव	49	0.2910	14550.00	28.09.2024	1500.00	

दिनांक- 09.10.2024 व 10.10.2024 को नीलामी से अवशेष तालाबो की नीलामी दिनांक 14.10.2024 को पूर्वान्ह 11 बजे से की जायेगी।

नोट- उपरोक्त तालिका में कमांक 23,24,25,26 पर अंकित तालाब आपस में शामिल होने के कारण तीनों का कुल क्षे0 1.0870हे0 लगान रू0 54350.00 की नीलामी एक साथ होगी।

नीलामी प्रक्रिया मे भाग लेने की पात्रता एवं शर्तेः-

1. नीलामी प्रक्रिया मे बोली बोलने की पात्रता एवं शर्त शासनादेश -3736 / 1-2-95-रा-2 दिनांक 14.10.95 के अनुरूप होगी, जो तहसील मुख्यालय एवं राजस्व परिषद की बेबसाइट bor.up.nic.in पर उपलब्ध है।
2. पट्टे की शर्ते एवं नीलामी से सम्बन्धित किसी अन्य जानकारी नीलामी की तिथि से पूर्व कार्यालय तहसीलदार जलालपुर /भूलेख अनुभाग से किसी भी कार्य दिवस में प्राप्त की जा सकती है।
3. नीलाम अधिकारी तहसीलदार जलालपुर होंगे ।
4. नीलामी बोलने के इच्छुक व्यक्ति को अद्यतन जाति एवं निवास प्रमाण पत्र तथा छः माह के अन्दर का निर्गत आय प्रमाण पत्र तथा राजस्व देयों से सम्बन्धित अदेयता प्रमाण पत्र के साथ अपना आवेदन पत्र एवं जमानत राशि नीलामी के पूर्व जमा करना होगा। तथा नीलामी सम्पन्न होने के उपरान्त सर्वोच्च बोली दाता को 10 वर्षीय मत्स्य पालन लगान की सम्पूर्ण धनराशि का 1/4 तत्काल जमा करना होगा तथा अवशेष 3/4 धनराशि 15 दिवस के अन्दर जमा करना होगा।
5. आरक्षित बोली 02 हे0 से कम के तालाब पर 5000 / - रू0 प्रति हे0 प्रतिवर्ष तथा 02 हे0 से अधिक 10000 / -रू0 प्रति हे0 प्रतिवर्ष दर पर होगी।
6. नीलामी आवंटन स्वीकृत करने का अधिकार एवं अन्तिम निर्णय अधोहस्ताक्षरी में निहित है।
7. पट्टा शिविर / नीलामी प्रक्रिया के दौरान कोबिड-19 से सम्बन्धित समस्त प्रोटोकाल का अनुपालन करना होगा।

उपजिलाधिकारी
जलालपुर।

UP-219757 दिनांक 23.09.2023
विज्ञापन वेबसाइट www.up.gov.in पर उपलब्ध है।

अमृत विचार
क्लासीफाइड

वर्गीकृत विज्ञापन हेतु अमृत विचार अखबार के कार्यालय में सम्पर्क करें

सूचना

मै सूचित करना चाहती हूँ कि गरिमा शुक्ला व गरिमा त्रिपाठी दोनों मेरे ही नाम है। भविष्य में मुझे **गरिमा शुक्ला पत्नी अरुण कुमार त्रिपाठी निवासी -मो0 शेखर कालोनी हरदोई** के नाम से जाना जाए।

सूचना

पहले मेरा नाम RAIS AHAMAD था अब मैने बदलकर अपना नाम MOHAMMAD RAEESH AHMAD रख लिया है भविष्य में मुझे इसी नाम से जाना व पहचाना जाए। S/O:MAKBOOL, VILL -SEUR CHAMURKHA, POST- KUREBHAR THANA-KUREBHAR,SULTANPUR, UTTAR PRADESH-228151

सूचना

सूचित हो कि मैं **माता प्रसाद सिंह पुत्र स्व0 प्रताप सिंह मौजा-जगदीशपुर, पोस्ट-बौरिहा पर0महादेवा तहसील तरबंगज वारिहाता ग्राम-पूरे पेदी शिवा वक्तावर पोस्ट बुधईपुरवा, परगना तहसील जिला-गोण्डा,** मैने अपने बड़े पुत्र मलखान सिंह पुत्र माता प्रसाद सिंह का चाल- चलन ठीक नही है वह आपराधिक किस्म का होने के कारण अपना पारिवारिक रिश्ता समाप्त करते हुए अपनी चल-अचल सम्पत्ति से बेदखल करता हूँ। अब मेरा उससे कोई वास्ता व सरोकार नहीं होगा अपने कृत्यों का वह स्वयं जिम्मेदार होगा।

सूचना

सूच्य हो कि मेरे एनटीपीसी सेवा अभिलेखों में मेरी पत्नी का नाम ताहिरा और जन्मतिथि 01/07/1968 अंकित है , जो अपूर्ण और अशुद्ध है ।जबकि अन्य अभिलेखों में मेरा नाम ताहिरा खातून और जन्मतिथि 15/03/1972 दर्ज है , जो पूर्ण और सही है । अतः सेवा अभिलेखों में मेरी पत्नी का सही नाम ताहिरा खातून और जन्मतिथि 15/03/1972 दर्ज किया जाए । **इस्तिखार अहमद पुत्र अब्दुल वहाब निवासी - वार्ड नंबर 10 , भीतरी गांव , नगर पंचायत ऊंचाहार - रायबरेली**

सूचना

सूचित हो कि **जमील अहमद** (JAMIL AHAMAD) **पुत्र हाजी अब्दुल रज्जाक, निवासी- मोहल्ला मिर्जागंज, कस्बा व परगना व तहसील- मलिहाबाद, जिला लखनऊ** मेरी पुत्री रमशा जमील (RAMSHA JAMEEL) के विद्यालय के अभिलेखों में मेरा नाम त्रुटिवश जमील अहमद (JAMIEL AHMAD) दर्ज हो गया है जो कि गलत है, मेरा सही नाम जमील अहमद (JAMIL AHAMAD) है। अतः मेरी पुत्री के विद्यालय अभिलेखों में मेरा नाम संशोधन कर जमील अहमद (JAMIL AHAMAD) दर्ज किया जाये ।

सूचना

सूचित हो कि मैं **मोहम्मद इदरीश खाँ पुत्र स्व0 रफी खॉ निवासी-हाता हजरत साहब मोहल्ला काकोरी लखनऊ** मेरी पुत्री MEHVISH KHAN के जन्म प्रमाण पत्र में माता का नाम त्रुटिवश KAUSER KHAN के स्थान पर QAUSER KHAN नाम अंकित हो गया है जो कि सत्य व सही है। अतः मेरी पुत्री की माता का नाम QAUSER KHAN के स्थान पर KAUSER KHAN पढा व समझा जाये तथा पुत्री की माता का नाम समस्त दस्तावेजो मे QAUSER KHAN के स्थान पर KAUSER KHAN नाम संशोधित कर अंकित किया जाय।

NOTICE

We, Sudipto Banerji and Monica Banerji, Directors of AdvantageSB Communications Private Limited, located at 1605, Rupa Solitaire, MBP, Mahape, Navi Mumbai 400710, Registered at 406, Drosia Apartment, Chandganj Garden Lucknow hereby declare that we have no business relationship with Mr. Alok Mukherjee, residing at Hauz Khas, New Delhi, or with Incite Infotech Private Limited, located at 208, 2nd Floor, Triveni Complex, E 10-12, Jawahar Park, Laxmi Nagar 110092, New Delhi, India. Any individual or organization engaging with them on matters related to us or our company does so at their own risk. Please consider this notice as a formal statement of our separation.

सूचना

सूचित हो कि मेरा नाम संजय कुमार संजू पुत्र रामाधर के नाम से जाना जाता है दोनों नाम एक ही व्यक्ति के है। **- संजय कुमार संजू, पुत्र रामाध, ग्राम व पो0 सदरपुर, सीतापुर, उ0प्र0, मो0-93699586674**

सूचना

पहले मेरा नाम MOHAMMAD FAROOQ KHAN था अब मैं आपना नाम बदलकर FAROOK KHAN रख लिया हूँ अब मुझे इसी नाम से जाना पहचाना जाए। **- फारुक खान मोहल्ला बजार, रौनाही- अयोध्या**

सूचना

गाटा संख्या की संपत्ति भूमि के संबंध में पारुल मल पुत्र दादूमल द्वारा कन्हैया लाल जावरानी, चंद्र नाथ लेवरानी और सेवक राम जावरानी और लाल चंद्र जावरानी के पक्ष में निष्पादित मूल विक्रय पत्र। 849बीए, सिविल लाइंस हरदोई, परगना बांगर (अंदर नगर पालिका), तहसील और जिला हरदोई में स्थित है, जो विधिवत उप-रजिस्ट्रार सदर, जिला हरदोई के कार्यालय में बुक नंबर के तहत पंजीकृत था। 1, वाल्यूम नं. 515, पृष्ठ 181/182, दस्तावेज़ संख्या। 1326, दिनांक 16.09.1966. उपरोक्त कागजात घर से दुकान तक परिवहन के दौरान खो गये थे।

सूचना

सूचित हो कि मैं अर्चना कपूर मेरे प्रापर्टी के कागज जिसकी गाटा सं0-849Ba है जो कि सिविल लाइन हरदोई परगना बंगर (नगर पालिका के अन्तर्गत) तहसील एवं जनपद हरदोई में स्थित है और सब-रजिस्ट्रार सदर हरदोई के कार्यालय में बुक नं0-1, वैल्यूम नं0-515, पृष्ठ सं0-181/182, प्रपत्र सं0-1326 दिनांक-16.09.1966 में अंकित है। वास्तव में खो गये है।

सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरा नाम सचिन जायसवाल पुत्र श्रवण कुमार जायसवाल निवासी ग्राम व पोस्ट अरसिया बाजार तहसील शाहगंज जनपद जौनपुर ही लेकिन मेरे अभिलेख में मेरा नाम त्रुटि बस कृतिक जायसवाल हो गया है जो सही नहीं है। मेरा नाम सचिन जायसवाल पुत्र श्रवण कुमार जायसवाल ही जाना एवं समझा जाए। **- सचिन जायसवाल पुत्र श्रवण कुमार जायसवाल, निवासी- ग्राम व पोस्ट अरसिया बाजार तहसील शाहगंज, जनपद जौनपुर**

सूचना

मेरे शैक्षिक प्रमाणपत्रों में मेरा नाम अखिलेश कुमार पुत्र बृजपाल है। जबकि आधार पैन कार्ड पासपोर्ट में अखिलेश शर्मा पुत्र बृजपाल शर्मा दर्ज है। मुझे अखिलेश शर्मा के नाम से जाना जाए । अखिलेश कुमार व अखिलेश शर्मा एक ही व्यक्ति है। **अखिलेश शर्मा पुत्र बृजपाल शर्मा, निवासी मानिकपुर मोड सेंट्रल बैंक के पास इटावा**

NOTICE

Original sale deed executed by Parul, Mal S/O Dadumal, in favour of Kanhaiya Lal Javrani, Chandra Nath levrani & Sevak Ram Javrani & Lal Chandra Javrani, in respect of the property land of Gata no. 849Ba, Situated at Civil Lines Hardoi, Pargana Bangar (Andar Nagar Palika), Tehsil & District Hardoi, which was duly registered in the office of the Sub-Registrar Sadar, District Hardoi, Vide Book no. 1, Volume no. 515, Pages 181/182, Document no. 1326, dated 16.09.1966.The above papers were lost during transit from home to shop

शांतिपूर्ण ढंग से मनाएं दुर्गा पूजा व दशहरा का त्योहार

जिला संवाददाता, अंबेडकरनगर।

अमृत विचार। आगामी दुर्गा पूजा और दशहरा पर्व को सद्भाव, शांतिपूर्ण व सकुशल संपन्न कराए जाने के दृष्टिगत कलेक्ट्रेट सभागार में धर्म गुरुओं और केंद्रीय दुर्गा पूजा समिति के पदाधिकारियों व संभ्रांत नागरिकों की उपस्थिति में पीस कमेटी की बैठक का आयोजन किया गया।

बैठक के दौरान रामलीला समिति के पदाधिकारियों, सदस्यों की समस्याओं के बारे में जिलाधिकारी अविनाश सिंह और पुलिस अधीक्षक डॉ. कौस्तुभ ने जानकारी हासिल किया। उन्होंने कहा कि दशहरा, दूर्गा पूजा के त्योहार को आपसी मेल, मिलाप, भाई चारे की भावना से मिल-जुल कर शान्तिपूर्ण और सद्भाव के साथ मनाएं। जिलाधिकारी ने समस्त पंडाल स्थलों, जुलूस मार्गों, विसर्जन स्थलों पर अनवरत साफ-सफाई, निर्बाध विद्युत आपूर्ति सुनिश्चित कराने के निर्देश सम्बन्धित अधिकारियों को दिए हैं। जिलाधिकारी ने कहा कि दुर्गा पूजा से पहले सभी कार्य पूरा कर लिया जाए, जिससे किसी को किसी भी प्रकार की असुविधा न हो। वहीं पुलिस अधीक्षक डॉ. कौस्तुभ ने सभी थानाध्यक्षों को निर्देश दिए कि अपने क्षेत्र में भ्रमण करते रहें और स्थानीय लोगों के सम्पर्क में रहें, यदि कही से कोई समस्या संज्ञान में आती है, तो उसका त्वरित निराकरण किया जाए। जिलाधिकारी ने कहा कि विसर्जन जुलुस मार्ग पर साफ-सफाई की व्यवस्था के साथ विद्युत पोलों के इनसुलेशन का कार्य सुनिश्चित कराए। उन्होंने कहा कि सम्बन्धित विभाग के अधिकारी स्थानीय लोंगों को बुला कर बैठक कर उनकी समस्याओं से अवगत हो लें और समस्या का निस्तारण कराएं।

बैठक में मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. राजकुमार, अपरजिलाधिकारी वित्त एंव राजस्व डॉ. सदानंद गुप्ता, जिला विकास अधिकारी सुनील कुमार तिवारी, अपर पुलिस अधीक्षक पश्चिमी विशाल पांडेय, समस्त उपजिलाधिकारी, जनपद के समस्त सीओ, थानाध्यक्ष, समस्त अधिशाषी अधिकारी नगर पालिका, अधिक्षण अभियंता विद्युत, जनपद के विभिन्न तहसीलों से आए संभ्रान्त व्यक्ति और सम्बन्धित विभाग के अधिकारी और कर्मचारी मौके पर उपस्थित रहें।

बैठक करते जिलाधिकारी अविनाश सिंह व साथ पुलिस अधीक्षक डॉ. कौस्तुभ।

जर्जर व लटके हुए तारों को ठीक कराने के दिए निर्देश

जिलाधिकारी ने अधिक्षण अभियंता विद्युत को कड़े निर्देश देते हुए कहा कि इस त्योहार के अवसर पर निर्वाध विद्युत आपूर्ति कराएं और लटके व टूटे हुए जर्जर तारों को तत्काल ठीक करा दिया जाए। दशहरा, दूर्गा पूजा को सकुशल सम्पन्न कराने में नगर पालिका, नगर पंचायत क्षेत्र में संबंधित उपजिलाधिकारी, अधिशाषी अधिकारी नगर पालिका, पंचायत, क्षेत्राधिकारी और थानाध्यक्ष सभी आपस में मिल कर समस्याओं का त्वरित समाधान सुनिश्चित कराएं। जिलाधिकारी ने दूर्गा पूजा समिति के आयोजकों से अपील किया प्रतिमाओं का विसर्जन के दौरान सुरक्षा का विशेष ध्यान दिया जाए।

पुलिसकर्मी क्षेत्रों का करें भ्रमण पुलिस अधीक्षक डॉ. कौस्तुभ ने थानाध्यक्षों को निर्देश देते हुए कहा कि पवित्र पर्व दशहरा, दूर्गा पूजा के त्योहार में किसी प्रकार की खलल नहीं होना चाहिए। सभी संबंधित अधिकारी अपने कर्तव्य और दायित्व का पूर्ण निष्ठा के साथ ईमानदारी पूर्वक निर्वहन करें। सभी लोंग मिल कर क्षेत्रों का भ्रमण करें और यह सुनिश्चित करें कि किसी भी प्रकार की कोई समस्या नहीं उत्पन्न न हो।

किशोरी से तीन लोगों ने किया सामूहिक दुष्कर्म

जलालपुर, अंबेडकरनगर।

अमृत विचार। शौच कर वापस लौट रही किशोरी का मुंह बंद कर घर से दूर ले जाकर तीन लोगों के द्वारा सामूहिक दुराचार करने का मामला प्रकाश में आया है। बेहोशी हालत में दरिंदे किशोरी को उस के घर के पीछे छोड़ कर फरार हो गये। सुबह परिजनों ने पुत्री को बेहोशी हालत में पाकर अस्पताल ले गए। हालत में सुधार होने के बाद पीड़िता के पिता ने कोतवाली जलालपुर पहुंच कर मामले में तहरीर दिया है। पुलिस ने आरोपियों के विरुद्ध दुष्कर्म, एससी-एसटी व पास्को एक्ट समेत विभिन्न धाराओं में मुकदमा पंजीकृत कर कार्रवाई शुरू कर दिया है। प्रकरण जलालपुर कोतवाली क्षेत्र के एक गांव का है।

केस दर्ज

▸▸ जलालपुर कोतवाली क्षेत्र के एक गांव का है मामला, पुलिस मामले की जांच-पड़ताल में जुटी

बता दें कि पीड़ित पिता ने पुलिस को तहरीर देते हुए बताया कि उसकी 15 वर्षीय पुत्री बीते 18 सितंबर को सुबह घर के बगल से शौच करके वापस आ ही थी। उसी समय तीन लोगों ने पुत्री का मुंह व हाथ पकड़ कर घर से दूर उठा ले गए। जिसके बाद जोर जबरदस्ती कर सामुहिक दुष्कर्म किया और जान से मारने की धमकी दिया। पीड़ित पिता ने बताया कि उसकी पुत्री को बेहोशी की हालत में घर के पीछे आरोपी छोड़ कर फरार हो गए। परिवार के लोग सुबह होने पर घर के पीछे बेहोशी की हालत में पुत्री को देखा तो उठा कर घर ले आए और उसे उपचार के लिए अस्पताल ले गए। उपचार के बाद भी पुत्री सदमे के कारण रह-रह कर बेहोश हो जा रही है। पुत्री की हालत देखकर परिजनों ने पूछ ताछ किया तो उसने पूरी वारदात परिजनों को बताया। घटना में उमेर खान को शक के आधार पर नामजद आरोपी बताया गया। जब कि दो अज्ञात की पहचान पीड़िता नहीं बता पायी। पीड़ित पिता की तहरीर पर पुलिस ने आरोपियों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर आवश्यक कार्रवाई शुरू कर दी है। फिलहाल मामलें में पुलिस तह तक पहुंचने के लिए अन्य टीमों का सहारा ले रही है।

सीओ अजेय कुमार शर्मा ने बताया कि आरोपियों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई की जा रही है। जल्द ही आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेजा जाएगा।

लापरवाह चिकित्सक व फार्मासिस्ट पर करें सख्त करवाई

एमएलसी व डीएम ने फीता काटकर स्वास्थ्य परीक्षण अभियान का किया शुभारंभ, ग्रामीणों को दी अभियान के बारे में जानकारी

शिविर को संबोधित करते डीएम अविनाश सिंह व साथ में एमएलसी डॉ. हरिओम पांडेय व सीएमओ डॉ. राजकुमार।, निशुल्क स्वास्थ्य शिविर में मौजूद लोग।

सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र अकबरपुर में स्वास्थ्य शिविर में मौजूद लोगों की भीड़।

जिला संवाददाता, अंबेडकरनगर।

अमृत विचार। सेवा पखवाड़ा के अंतर्गत आयुष्मान योजना के छह वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में प्रत्येक विधानसभा के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र और प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र पर निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया जा रहा है। जिसके क्रम में सोमवार को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भीटी में आयोजित निशुल्क स्वास्थ्य शिविर का एमएलसी डॉ. हरिओम पांडे और जिलाधिकारी अविनाश सिंह ने फीता काटकर स्वास्थ्य परीक्षण अभियान का शुभारंभ किया गया।

अभियान के दौरान जिलाधिकारी ने आए हुए ग्राम वासियों से अभियान के बारे में जानकारी हासिल की। ग्रामीणों ने जिलाधिकारी को बताया कि अभियान की जानकारी हमें नहीं है। जिस पर नाराज जिलाधिकारी ने उपस्थित चिकित्सकों, फार्मासिस्ट से अभियान के प्रचार&-प्रसार के बारे में पूछा तो चिकित्सकों और फार्मासिस्टों की लापरवाही पाई गई। जिस पर जिलाधिकारी ने मुख्य चिकित्सा अधिकारी को निर्देशित किया कि लापरवाह चिकित्सक और फार्मासिस्ट पर कड़ी से कड़ी करवाई किया जाए। इसके उपरान्त जिलाधिकारी ने स्वयं उपस्थित ग्रामीणों को स्वास्थ्य परीक्षण के बारे में जानकारी दी। उन्होंने कहा कि निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर में 60 वर्ष से अधिक आयु के बुजुर्गों को स्वास्थ्य परीक्षण की सुविधा दी जा रही। निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर में चिकित्सकों द्वारा मुफ्त चिकित्सा परामर्श, स्वास्थ्य परीक्षण के बाद दवाइयों का वितरण भी किया जा रहा है।

बच्चों को वितरित किया चॉकलेट

एमएलसी, जिलाधिकारी और मुख्य चिकित्सा अधिकारी ने उपस्थित बच्चों को चॉकलेट वितरित किया गया। इस दौरान मौके पर मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. राजकुमार, उप जिलाधिकारी भीटी पवन कुमार जायसवाल, अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. रामानंद और संबंधित विभाग के अधिकारी और कर्मचारी मौके पर उपस्थित रहे।

स्वास्थ्य शिविर में मरीजों का हुआ इलाज, वितरित की गई दवाएं

अंबेडकरनगर, अमृत विचार। भाजपा द्वारा चलाए जा रहे सेवा पखवाड़ा के अंतर्गत चल रहे विभिन्न कार्यक्रमों के अंतर्गत सोमवार को भाजपा जिलाध्यक्ष त्रयंबक तिवारी के मार्गदर्शन और जिला संयोजक बाबा राम शब्द यादव के संयोजन में जनपद के पांचों विधान सभाओं में भाजपा ने नि :शुल्क स्वास्थ्य शिविर आयोजित कर लोगों की जांच और उपचार कर दवाओं का वितरण किया। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भीटी में मुख्य अतिथि एमएलसी डॉ. हरिओम पांडेय ने स्वास्थ्य शिविर का शुभारंभ किया। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ द्वारा जनता के स्वाथ्य की देख भाल और उपचार के लिए निरंतर शिविर लगा कर स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराया जा रहा है। गरीब जनता के स्वास्थ्य के उपचार के लिए भाजपा सरकार आयुष्मान कार्ड बनाकर पांच लाख रुपए तक का फ्री में इलाज की सुविधा उपलब्ध करा रही है। उन्होंने कहा कि आयुष्मान कार्ड से फ्री में इलाज कराए जाने से लाखों गरीबों की जान बच रही है। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कटेहरी में पूर्व प्रत्याशी अवधेश द्विवेदी, जिला महामंत्री दिलीप पटेल देव, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र अकबरपुर में भाजपा जिला मीडिया प्रभारी बाल्मीकि उपाध्याय, जिला मंत्री विनय पाण्डेय, कमलेश यादव, टांडा में जिला पंचायत अध्यक्ष श्याम सुंदर वर्मा, पूर्व विधायक संजू देवी, पूर्व विधान सभा प्रत्याशी कपिल देव वर्मा, आलापुर में पूर्व विधायक त्रिवेणी राम, अनीता कमल, पूर्व जिलाध्यक्ष यमुना प्रसाद चतुर्वेदी, जलालपुर में पूर्व जिलाध्यक्ष रमा शंकर सिंह, जिला मंत्री चंद्रिका प्रसाद, भीटी में जिलामंत्री संजय सिंह नि :शुल्क स्वास्थ्य शिविर में मौजूद रहे।

सार-संक्षेप

मंत्री ने वन स्टाप सेंटर व आंगनबाड़ी केंद्रों का किया निरीक्षण

गर्भवती महिलाओं की गोदभराई करातीं राज्य मंत्री महिला कल्याण एवं बाल विकास पुष्टाहार प्रतिभा शुक्ला।

अंबेडकरनगर, अमृत विचार। राज्य मंत्री महिला कल्याण एवं बाल विकास पुष्टाहार प्रतिभा शुक्ला सोमवार को जनपद के एक दिवसीय दौरे पर रहीं। मंत्री ने सर्किट हाउस सभागार में विभागीय समीक्षा बैठक किया। समीक्षा बैठक के उपरांत उन्होंने सर्वप्रथम महिला कल्याण द्वारा संचालित वन स्टाप सेंटर का भी निरीक्षण किया। इसके बाद वह ग्राम सभा डोमनपुर के दो आंगनबाड़ी केंद्र का निरीक्षण किया। केंद्र पर गोद भराई और अन्नप्राशन का भी कार्यक्रम आयोजित किया गया। साथ ही साथ आंगनबाड़ी केंद्र में पौधारोपण भी किया गया। उसके उपरांत कटेहरी ब्लॉक में 1000 से अधिक महिलाओं की सहभागिता को संबोधित किया। जिसमें आंगनबाड़ी कार्यकत्री, आशा सहायिकाएं, स्वयं सहायता समूह की महिलाएं और महिला प्रधान आदि उपस्थित रहे। इस कार्यक्रम में चार प्री स्कूल किट वितरण किया गया। वहीं 11 गर्भवती महिलाओं की गोद भराई भी कराया गया। कार्यक्रम के तहत पांच बच्चों का अन्नप्राशन कराया गया। महिला कल्याण एवं बाल विकास पुष्टाहार की संचालित योजनाओं का जैसे कन्या सुमंगला योजना, मुख्यमंत्री बाल सेवा योजना, स्वस्थ बालक बालिका के तहत प्रमाण पत्र का वितरण किया गया। इस दौरान मौके पर एमएलसी डॉ. हरिओम पांडे, प्रमुख कटेहरि मौसम वर्मा व पूर्व विधायक अनीता कमल, जिला कार्यक्रम अधिकारी एसके सिंह, जिला प्रोबेशन अधिकारी राकेश कुमार, परियोजना निदेशक और संबंधित अधिकारी मौके पर उपस्थित रहे।

दुकानदार पर हमला करने के मामले में आधा दर्जन पर मुकदमा

जलालपुर, अंबेडकरनगर, अमृत विचार। दुकान में घुस कर आधा दर्जन लोगों द्वारा दुकानदार की धारदार हथियार व लाठी डंडों से हमला करने और 12 हजार नगदी लूट लिए जाने के मामलें में पुलिस ने तीन ज्ञात समेत आधा दर्जन लोगों के विरूद्ध लूट व प्राणघातक हमला समेत अन्य धाराओं में मुकदमा दर्ज किया गया है। घटना नगर के जमालपुर चौराहा स्थित एक दुकान पर रविवार को घटित हुई। बता दें कि नगर के मोहल्ला उस्मानपुर निवासी अमित गुप्ता ने पुलिस की दी गयी तहरीर में बताया कि वह अपने भाई सुमित के साथ अपनी जमालपुर चौराहे पर स्थित दुकान पर मौजूद था। इसी दौरान सूरज गौड़, बृजेश चौहान व टीटी निवासी वाजिदपुर अपने तीन अन्य अज्ञात साथियों के साथ पहुंचे और उस पर धारदार हथियार, लाठी-डंडो से हमला बोल दिया। पिटायी से पीडित का दाहिना हाथ टूट गया और शरीर पर भी गम्भीर चोटें आयी। बीच-बचाव करने आए भाई अमित की भी पिटायी कर दी गयी। पीडित का आरोप है कि हमलावर दुकान के गल्ले से 12 हजार रुपए नगद भी लूट ले गए। शोर गुल सुनकर जब तक आसपास के लोग पहुंचे हमलावर जान से मारने की धमकी देते हुए फरार हो गए। पीडित की शिकायत पर पुलिस ने आरोपियों तीन ज्ञात समेत आध दर्जन के विरुद्ध प्राणघातक हमला, लूट समेत अन्य धाराओं में मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। कोतवाल संतोष कुमार सिंह ने बताया कि मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। मामले की जांच-पड़ताल की जा रही है।

आपत्तिजनक पोस्ट करने के मामले में आरोपी गिरफ्तार

जलालपुर, अंबेडकरनगर, अमृत विचार। सोशल मीडिया पर वीडियो डाल कर साम्प्रदायिक माहौल बिगाड़ने और भावनाओं को आहत पहुंचाने के मामले मे एक बाल अपचारी के विरुद्ध कटका पुलिस ने मुकदमा पंजीकृत करते हुए गिरफ्तार कर न्यायालय भेज दिया। पुलिस के अनुसार सोमवार को सोशल मीडिया के विभिन्न प्लेटफार्मो पर भगवान विष्णु व भगवान शंकर का आपत्ति जनक गाने पर नृत्य करते हुए एआई के माध्यम से बनाया गया वीडियो पोस्ट किया गया। वीडियो वायरल होते ही आम जनमानस व वर्ग विशेष की धार्मिक भावनाएं आहत होने से लोगों में आक्रोश फैल गया और मामला संज्ञान में आने के बाद पुलिस ने जांच पड़ताल शुरू की तो पता चला कि उक्त वीडियो इंस्टाग्राम पर पोस्ट की गई थी। थानाध्यक्ष कटका ने बताया कि पुष्टि होने के बाद वीडियो पोस्ट करने वाले के विरुद्ध सुसंगत धारा में मुकदमा दर्ज कर एक बाल अपचारी अनिल निषाद निवासी करीम नगर थाना कटका को हिरासत में लेकर न्यायालय भेज दिया है।

संगठन की शक्ति से ही समाज को बदला जा सकता

जहांगीरगंज, अंबेडकरनगर, अमृत विचार। अखिल भारतीय ब्राह्मण महासभा ब्लॉक इकाई की बैठक गिरैया बाजार स्थित एक निजी मैरिज हाल में हुई। जिसमें जिलाध्यक्ष राजेश कुमार तिवारी ने कहा कि संगठन की शक्ति से ही समाज की दिशा को बदला जा सकता है। जिलाध्यक्ष ने कहा कि ब्राह्मण समाज आदिकाल से सबको एकजुट रखकर भारत के विकास का प्रयास कर रहा है। हम हमेशा सर्व समाज को एक साथ लेकर चले, लेकिन कुछ स्वार्थी अपने लाभ के चक्कर में ब्राह्मण समाज को बदनाम करते रहे हैं। संगठन के माध्यम से समाज को जागृत कर ऐसे लोगों को जवाब दिया जाएगा। इसके लिए हम सभी को एकजुट होकर सर्व समाज को संगठित करने का संकल्प लेंगे। विशिष्ट अतिथि डॉ. उदय राज मिश्र ने बताया कि ब्राह्मण समाज को अपने गौरव में इतिहास का अध्ययन करना चाहिए। कोई भी समाज जब अपने इतिहास को भूलता है तब उसका पतन होने लगता है। प्राचार्य डॉ. राम प्रताप मिश्र ने कहा कि लम्बे समय से ब्राह्मण कुचक्र के कारण अपने पथ से भटक गया था लेकिन अब वह जाग गया है।

सिंचाई सुविधा का नंदपुर के ग्रामीणों ने किया विरोध

अंबेडकरनगर, अमृत विचार। जनपद में खरीफ फसल के सिंचाई के लिए विभाग द्वारा किसानों को सिंचाई सुविधा उपलब्ध कराई जा रही है। पिछले वर्षों की भांति पौसरा राजवाहा नहर टेल भाग में पानी पहुंचाने में कठिनाई होने से टांडा पंप नहर का पानी किसानों की सिंचाई के लिए निरंतर उपलब्ध कराया जा रहा है, लेकिन नंदपुर गांव के कुछ ग्रामीणों द्वारा उपलब्ध कराई जा रही सिंचाई सुविधा का विरोध किया जा रहा है। कम डायमीटर की लगी पाइप से नहर पुलिया के ऊपर के भाग में जल फुलाव को अधिक डायमीटर की पाइप लगाकर दूर करने का प्रयास सिंचाई विभाग द्वारा किया जा रहा है। लेकिन नंदपुर गांव के कुछ ग्रामीणों द्वारा विरोध किया गया। समुचित समाधान के लिए सिंचाई विभाग व उप जिलाधिकारी टांडा द्वारा संज्ञान लेकर उत्पन्न विरोध के संबंध में आवश्यक कार्यवाही किया जाएगा। जिससे किसानों को उनकी खरीफ फसल के लिए सिंचाई सुविधा उपलब्ध कराई जा सके।

हर्षोल्लास के साथ मनाया जाएगा गुरु पर्व, तैयारियां तेज

टांडा, अंबेडकरनगर, अमृत विचार। नगर के मोहल्ला छज्जापुर स्थित सिद्धपीठ उदासीन आश्रम बड़ा फाटक में आगामी 27 सितंबर को हर्षोल्लास के साथ गुरु पर्व मनाया जाएगा। आश्रम के मंहत डॉ1 चंद्र प्रकाश त्रिपाठी ने बताया कि आश्विन कृष्ण पक्ष दशमी को परंपरागत ढंग से मनाए जाने वाला गुरु पर्व पर विधि विधान पूर्वक हवन-पूजन के उपरांत विशाल भंडारे का आयोजन होगा। आश्रम परिसर में इन दिनों गुरुपर्व को लेकर साफ-सफाई और रंग रोगन का कार्य चल रहा है। दूसरी ओर श्री उदासीन आश्रम हनुमान मंदिर के महंत दीनदयाल दास ने बताया कि गुरु पर्व के अवसर पर आश्रम परिसर में 26 सितंबर को संत समागम होगा। अगले दिन दोपहर दो बजे से भंडारा होगा। 28 रिरतंबर को संतों की विदाई के साथ कार्यक्रम का समापन होगा।

कांग्रेस के जिलाध्यक्ष बने सुनील मिश्रा

जिला संवाददाता, अंबेडकरनगर।

अमृत विचार। उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष पूर्व मंत्री अजय राय ने अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के निर्देश पर जनपद के मालीपुर निवासी वरिष्ठ कांग्रेस नेता, युवा कांग्रेस के पूर्व जिला अध्यक्ष, जलालपुर विधानसभा के पूर्व प्रत्याशी सुनील मिश्र को जिला कांग्रेस कमेटी का अध्यक्ष मनोनीत किया है। प्रदेश अध्यक्ष ने सुनील मिश्र को जिम्मेदारी सौंपते हुए यह आपेक्षा की है कि वह संगठन के हित में पूर्ण निष्ठा के साथ कार्य करके पार्टी को मजबूत करेंगे। अध्यक्ष बनने पर सुनील मिश्र ने कांग्रेस शीर्ष नेतृत्व सोनिया गांधी, मल्लिकार्जुन खडग़े, राहुल गांधी, प्रियंका गांधी, अविनाश पाण्डेय, सत्यनारायण पटेल, अजय राय, डॉ. निर्मल खत्री, प्रमोद तिवारी, आराधना मिश्र मोना समेत समस्त शीर्ष कांग्रेसीजनों का आभार व्यक्त किया है। उन्होंने कहा कि हम सभी की आपेक्षाओं पर खरा उतरने का पूर्ण प्रयास करेंगे।

कांग्रेस पार्टी का जिलाध्यक्ष बनने के बाद सुनील मिश्र को उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के सचिव मो. अनीश खान, एआईसीसी सदस्य सै मेराजुद्दीन किछौछवी, उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के पूर्व महासचिव शिवशंकर पाण्डेय, पूर्व जिल्लाध्यक्ष अजय सिंह कप्तान, राम कुमार पाल, वरिष्ठ कांग्रेस नेता पूर्व सभासद द्विजेन्द्र नारायण शुक्ल, उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के पूर्व सचिव अमित जायसवाल, जिला कांग्रेस प्रवक्ता अवधेश कुमार मिश्र बब्लू, डॉ. विजय शंकर तिवारी आदि कांग्रेसियों ने उन्हें बधाई दी है।

प्रियंका गांधी के साथ मौजूद कांग्रेस जिलाध्यक्ष सुनील मिश्रा।

डीएम ने प्राथमिक विद्यालय का किया निरीक्षण, दिए निर्देश

जिला संवाददाता, अंबेडकरनगर।

अमृत विचार। जिलाधिकारी अविनाश सिंह द्वारा प्राथमिक विद्यालय काही शिक्षा क्षेत्र भीटी का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने कक्षा में पहुंचकर छात्र-छात्राओं से पठन-पाठन की जानकारी हासिल किया।

जिलाधिकारी ने उपस्थित बच्चों से पहाड़ा और अंग्रेजी वर्णमाला को सुनकर विद्यालय में उपलब्ध कराई जा रही शैक्षिक गुणवत्ता को परखा। इस दौरान बच्चों ने पहाड़ा तथा अंग्रेजी वर्णमाला जिलाधिकारी को सही से सुनाया। जिस पर जिलाधिकारी ने खुशी जाहिर करते हुए बच्चों को चॉकलेट वितरित कर उन्हें और बेहतर ढंग से शिक्षा ग्रहण करने के लिए प्रेरित किया। इस दौरान जिलाधिकारी ने उपस्थित अध्यापकों को और भी बेहतर और रुचिकर ढंग से बच्चों को शिक्षा प्रदान करने के लिए निर्देशित किया। इसके उपरांत जिलाधिकारी ने विद्यालय परिसर के बगल में नया आधार कार्ड, आधार संशोधन के कार्यों का जायजा लिया। जिसमें महिलाएं अपने बच्चों के साथ नया आधार कार्ड और आधार संशोधन करा रही थी।

कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने राष्ट्रपति को संबोधित ज्ञापन डीएम को सौंपा

अंबेडकरनगर, अमृत विचार। जनपद में कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने भाजपा और सहयोगी दलों के नेताओं द्वारा राहुल गांधी के खिलाफ दिए गए बयानों के विरोध में कलेक्ट्रेट के निकट धरना दिया। धरने के बाद कार्यकर्ताओं ने जिलाधिकारी अविनाश सिंह के माध्यम से राष्ट्रपति को संबोधित ज्ञापन सौंपकर कार्रवाई की मांग किया है। बता दें कि कांग्रेस अल्पसंख्यक मोर्चा के प्रदेश सचिव जियाउद्दीन ने कहा कि राहुल गांधी संविधान और सामाजिक न्याय की रक्षा के लिए लगातार प्रयासरत हैं, लेकिन भाजपा नेताओं द्वारा उनकी आलोचना की जा रही है। उन्होंने आरोप लगाया कि भाजपा के नेता जातिगणना आर्थिक सर्वे और संस्थागत सर्वे जैसे महत्वपूर्ण मुद्दों पर भडक़ाऊ टिप्पणियां कर रही है। जियाउद्दीन ने कहा कि कांग्रेस पार्टी की मांग है कि ऐसे बयान दने वाले नेताओं पर कठोर कार्रवाई की जाए। उन्होंने राहुल गांधी की नफरत छोड़ो, भारत जोड़ो का पैगाम देने वाला बताया और कहा कि समाज के सभी पिछड़े, दलित, आदिवासी और अल्पसंख्यक लोग उनके साथ हैं।

अधिवक्ताओं से अभद्रता के आरोप में लेखपाल निलंबित

अकबरपुर तहसील में हंगामा करते अधिवक्ता। अमृत विचार

जिला संवाददाता, अंबेडकरनगर।

अमृत विचार। जनपद के अकबरपुर तहसील में तैनात लेखपाल पर अधिवक्ताओं से अभद्रता करने का अरोप लगा है। इस दौरान लेखपाल और अधिवक्ताओं में विवाद हुआ। जिसके चलते तहसील परिसर में घंटों गहमा-गहमी का माहौल बना रहा। मौके पर मौजूद अधिवक्ताओं ने तहसील प्रशासन मुर्दाबाद के नारे लगाए।

उपजिलाधिकारी सौरभ शुक्ला और सीओ देवेंद्र कुमार मौर्य ने मौके पर पहुंचकर अधिवक्ताओं को समझा-बुझाकर मामले को शांत कराना चाहा। लेकिन अधिवक्ता लेखपाल के निलंबन पर अड़े रहे। जिसके बाद उपजिलाधिकारी ने लेखपाल को निलंबित कर दिया और मामले को शांत कराया। बता दें कि अकबरपुर तहसील में तैनात लेखपाल अश्वनी उपाध्याय और तहसील के अधिवक्ता रामूर्ति यादव के बीच दाखिल खारिज के बाद फीडिंग को लेकर विवाद हो गया। अधिवक्ता का अरोप है कि लेखपाल ने उनके साथ गाली-गलौज किया और जेब में रखा उनका आईकार्ड तोड़ दिया।

अधिवक्ता के साथ हुई घटना के बाद तहसील के अधिवक्ता आक्रोशित हो गए। अधिवक्ता लेखपाल पर कार्रवाई को लेकर सभागार में उपजिलाधिकारी के सामने हंगामा करने लगे। अधिवक्ता के हंगामे की सूचना पर पहुंची पुलिस ने आरोपी लेखपाल को अकबरपुर कोतवाली लायी। इसके बाद भी अधिवक्ताओं का हंगामा घंटों चलता रहा। जिसके बाद उपजिलाधिकारी सौरभ शुक्ला ने लेखपाल को निलंबित कर दिया है।

खेल-कूद स्वर्ण और रजत पदक विजेता सीबीएसई की नेशनल जूडो चैंपियनशिप में करेंगे प्रतिभाग

रेडियंट एकेडेमी के छात्र-छात्राओं ने जूडो में जीते नौ गोल्ड

जलालपुर, अंबेडकरनगर।

अमृत विचार। नगर स्थित रेडियंट एकेडेमी के छात्र-छात्राओं द्वारा सीबीएसई पूर्वी जोन की जूडो चैंपियनशिप में शानदार प्रदर्शन कर अंकतालिका में ओवरऑल द्वितीय स्थान प्राप्त करने पर क्षेत्र में हर्ष का माहौल है।

वाराणसी के ज्ञानदीप इंग्लिश स्कूल जालूपुर में आयोजित की गई इस चैंपियनशिप में जूडो कोच अमित शुक्ला के नेतृत्व में विद्यालय की जूडो की टीम सीबीएसई पूर्वी जोन जूडो चैंपियनशिप में शानदार प्रदर्शन किया। इस चैंपियनशिप में छात्र-छात्राओं द्वारा विभिन्न आयु वर्गों में सफलता प्राप्त करते हुए 9 स्वर्ण, 9 रजत और 17 कांस्य पदकों पर कब्जा जमाया। कुल 35 पदकों के साथ विद्यालय के छात्र-छात्राओं ने अंक तालिका में दूसरा स्थान हासिल किया। उक्त पदक विजेताओं में स्वर्ण और रजत पदक विजेता सीबीएसई की नेशनल जूडो चैंपियनशिप में प्रतिभाग करेंगे। स्वर्ण पदक विजेताओं में अदिति शर्मा, अखिल यादव, आनंद यादव, अली हसन, मोहम्मद रेयान, अनुकूल जायसवाल आदि शामिल हैं।

विद्यालय के निदेशक गौरव कुमार व प्राचार्य अखिलेश शुक्ला के साथ मौजूद खिलाड़ी।

छात्र-छात्राओं को किया गया सम्मानित

विद्यालय परिवार द्वारा छात्र-छात्राओं की सफलता पर उनका सम्मान करते हुए बधाई दी है। विद्यालय के निदेशक गौरव कुमार, प्राचार्य अखिलेश शुक्ला, उप प्राचार्य सचिंद्र उत्तम और सुधीर सलारिया, कोऑर्डिनेटर दिलीप कुमार, शैल द्विवेदी, संगीता शर्मा, नौशीन इम्तियाज समेत सभी शिक्षकों ने इस सफलता पर हर्ष व्यक्त करते हुए विद्यार्थियों को नेशनल चैंपियनशिप के लिए शुभकामनाएं दी है। रेडिएंट एकेडमी के छात्रों द्वारा प्रतिवर्ष जूडो के खेल में विभिन्न चैंपियनशिप को अपने नाम किए जाने का गौरवशाली इतिहास रहा है। पिछले वर्ष भी विद्यालय के अनेक छात्रों द्वारा सीबीएसई द्वारा आयोजित नेशनल चैंपियनशिप में प्रतिभाग किया गया था। जिनमें छात्र आनंद यादव द्वारा स्वर्ण पदक प्राप्त करते हुए एसजीएफआई की अखिल भारतीय स्कूली गेम्स चैंपियनशिप में प्रतिभाग किया गया था और उसमें कांस्य पदक पर कब्जा जमाते हुए क्षेत्र को गौरवान्वित किया गया था।

प्रतिभागियों से राष्ट्रीय स्तर पर पदक की है उम्मीद

विद्यालय में जूडो कोच के रूप में कार्य कर रहे अमित शुक्ला ने बताया कि जूडो जैसे खेलों में प्रतिभाग करने से न सिर्फ शारीरिक क्षमता का विकास होता है बल्कि इससे मानसिक क्षमता और एकाग्रता भी बढ़ती है, जो विद्यार्थियों की पढ़ाई में भी सहायक होती है। पिछले साल की तरह इस बार भी प्रतिभागियों से सीबीएसई के राष्ट्रीय स्तर पर पदक की उम्मीद है। सीबीएसई के राष्ट्रीय स्तर तथा अखिल भारतीय स्कूली गेम्स चैंपियनशिप में पदक जीतने वाले छात्रों को सरकार विश्वविद्यालय व नियोक्ताओं द्वारा विशेष खेलकूद कोटे के तहत विभिन्न प्रकार की सुविधाएं दी जाती हैं। जिसमें नौकरियों में विशेष कोटा और विश्वविद्यालय में प्रवेश के लिए पदक विजेताओं का आरक्षण प्रमुख है।

सेवा पखवाड़ा के रूप में मनाया प्रधानमंत्री मोदी का जन्मदिन

बुजुर्गों को माला पहनाकर विधायकों ने किया स्वास्थ्य शिविर शुरू, शिविर में मौजूद डॉक्टरों ने मरीजों की जांच कर दीं निःशुल्क दवाएं

संवाददाता, गोंडा

अमृत विचारः प्रधानमंत्री मोदी के जन्मदिवस एवं आयुष्मान भारत योजना के 6 वर्ष पूरे होने पर सोमवार को जिले के विधानसभा क्षेत्रों में निशुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। सेवा पखावाड़ा के रूप में पीएम का जन्मदिन मनाते हुए विधायकों ने शिविर में आए बुजुर्गों का माला पहनाकर स्वागत किया और उनका निशुल्क स्वास्थ्य परीक्षण कराया। शिविर में मौजूद डाक्टरों ने मरीजों की जांच कर उन्हें दवाएं वितरित की।

सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र छपिया पर आयोजित "निःशुल्क स्वास्थ्य परीक्षण शिविर का शुभारंभ क्षेत्रीय विधायक प्रभात कुमार वर्मा ने मुख्य अतिथि के रूप में किया। यहां स्वास्थ्य परीक्षण शिविर में 60 वर्ष से ऊपर के लोगों का निःशुल्क स्वास्थ्य परीक्षण किया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए विधायक प्रभात वर्मा ने कहा कि भाजपा सरकार लोगों को कल्याण के लिए काम कर रही है। इस अवसर पर अनुसूचित मोर्चा जिलाध्यक्ष नंद किशोर, ज़िला संयोजक चिकित्सा प्रकोष्ठ अनिल कुमार मण्डल अध्यक्ष, प्रधान व कार्यकर्ता मौजूद रहे। सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र तरबगंज के अन्तर्गत प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र परास पर आयोजित निःशुल्क स्वास्थ्य परीक्षण शिविर में क्षेत्रीय विधायक प्रेमनरायन पाण्डेय ने मुख्य अतिथि के रूप में पहुंचकर मेले का शुभारम्भ किया। क्षेत्रीय विधायक ने शिविर में मौजूद बुजुर्गों को माला पहनाकर उनका स्वागत किया। उनके साथ सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के अधीक्षक नवनीत सिंह गौरव क्षेत्र के सभी ग्राम प्रधान, ब्लाक व प्रमुख सहित तरबगंज सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र की स्वास्थ्य टीम व क्षेत्र से आये हुए कार्यकर्ता व क्षेत्रवासी उपस्थित रहे आयुष्मान भारत योजना के 6 वर्ष पूरे होने पर सेवा सप्ताह के तहत स्वास्थ्य केंद्र रामनगर तरहर पर निशुल्क शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में सैकड़ो लोगों का स्वास्थ्य परीक्षण कर इलाज किया गया।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि सदर विधायक प्रतीक भूषण सिंह रहे। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार आम जनमानस का विशेष ध्यान रख रही है। सेवा सप्ताह के तहत शिविर लगाकर लोगों का इलाज व परीक्षण किया जा रहा है। जिलाध्यक्ष अमर किशोर ने कहा कि भाजपा सरकार लगातार जन कल्याणकारी योजनाओं का संचालन कर रही है। बीमार, लाचार, बुजुर्गों का इलाज शिविर के माध्यम से किया जा रहा है। कार्यक्रम के संयोजक कृष्ण मोहन तिवारी व अमरजीत सिंह ने कहा कि शिविर में सैकड़ो मरीजों का परीक्षण व इलाज किया गया है। भारतीय जनता पार्टी सदैव गरीबों व परेशान लोगों के साथ खड़ी रहती है। इस दौरान मंडल अध्यक्ष शिव यादव समेत काफी संख्या में पार्टी के पदाधिकारी व कार्यकर्ता मौजूद रहे।

इटियाथोक के प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र सदाशिव में आयोजित निशुल्क स्वास्थ्य परीक्षण शिविर कार्यक्रम का शुभारंभ मेहनौन विधायक विनय कुमार द्विवेदी उर्फ मुन्ना भैय्या ने किया। इस अवसर पर ज़िला महामंत्री आशीष त्रिपाठी, मंडल अध्यक्ष सत्यव्रत छोटू ओझा, सीएचसी अधीक्षक सुनील पासवान, रामानंद तिवारी, मंडल अध्यक्ष आत्माराम वर्मा, मंडल उपाध्यक्ष अजय राठौर, मंडल महामंत्री रमेश सिंह, भीम मौर्या समेत अन्य मौजूद रहे। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र परसपुर में आयोजित स्वास्थ्य शिविर का शुभारंभ क्षेत्रीय विधायक अजय सिंह तथा विधान परिषद सदस्य अवधेश कुमार सिंह उर्फ मंजू सिंह ने दीप प्रज्वलित किया। विधायक ने कहा कि सीएचसी परसपुर के अन्तर्गत क्षेत्र के 12 हजार से अधिक लोगों का आयुष्मान कार्ड बनाया जा चुका है। जिसका लाभ लोगों द्वारा लिया जा रहा है। उन्होंने लाभार्थियों को आयुष्मान कार्ड का वितरण भी किया। शिविर में अधीक्षक डॉ. लवकेश शुक्ला, डॉ. रामकृष्ण वर्मा, डॉ. विनीत सिंह, डॉ. आलोक पाण्डेय, डॉ. दीपक, डॉ. रबींद्रनाथ, डॉ. रेखा, भाजपा मण्डल अध्यक्ष डॉ. एसपी सिंह, रिचा पाण्डेय, वशिवनाथ सविता, सूरज सिंह विधायक प्रतिनिधि, पिंकू प्रधान पसका, अन्नू बाबा, अजय सिंह, दीपक सिंह, राजू प्रधान चगेंरी एवं सीएचसी के कर्मचारियों सहित सैकड़ों लोग उपस्थित रहे।

छपिया में आयोजित स्वास्थ्य शिविर को संबोधित करते गौरा विधायक प्रभात वर्मा।

स्वास्थ्य शिविर में पहुंचे बुजुर्गों को स्वागत करते तरबगंज विधायक प्रेम नरायन पांडेय।

आयुष्मान कार्ड वितरित करते विधायक अजय सिंह व एमएलसी अवधेश सिंह मंजू।

शिविर में मरीज का चेकअप करते डाक्टर, पीछे मौजूद सदर विधायक प्रतीक भूषण सिंह।

इटियाथोक में स्वास्थ्य शिविर में लोगों को संबोधित करते विधायक विनय द्विवेदी।

विधायक ने किया एक्सरे मशीन का उद्घाटन

परसपुर : सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र परसपुर पर वर्षों से प्रतीक्षारत एक्स रे मशीन का उद्घाटन सोमवार को क्षेत्रीय विधायक अजय सिंह ने किया। प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र से सीएचसी का दर्जा मिलने के बाद योग्य डाक्टरों के साथ-साथ मरीजों के सुविधा के लिए पैथोलॉजी सहित एक्सरे के लिए मशीन भी भेजी गयी थी लेकिन यह स्थापित नही हो सकी थी और पड़े पड़े खराब हो गयी। सीएचसी अधीक्षक डॉ. लवकेश शुक्ला ने बताया कि विभाग ने दो माह पहले नयी मशीन भेजी थी जिसे स्थापित कराया गया है। अब मरीजों को एक्स-रे के लिए बाहर नही जाना पड़ेगा। पुरानी मशीन को वापस भेजा जायेगा।

एक नजर

मारपीट में चार के खिलाफ केस दर्ज

इटियाथोक : इटियाथोक थाना क्षेत्र के ग्राम पंचायत अयाह के मजरा भड़जोतियां में रविवार की शाम को बच्चों के विवाद को लेकर दो पक्षों में मारपीट हो गई। बच्चों के विवाद में बड़े भी कूद पड़े। रोज अली और बख्शीश के परिवारों में जमकर मारपीट हुई।मारपीट में कई लोग घायल भी हुए। मारपीट के दौरान रोजअली, तरन्नुम, सईदा 16 वर्ष, तरूननुम 18 वर्ष घायल हो गई। रोज अली और तरन्नुम को जिला अस्पताल के लिए रेफर कर दिया गया। थाना प्रभारी शेषमणि पांडे ने बताया कि वादी के तहरीर पर चार पर मुकदमा दर्ज कर गिरफ्तार करके जेल भेजा गया है।

चोरी के सामान सहित दो गिरफ्तार

गोंडा : वजीरगंज पुलिस ने चोरी के सामान सहित दो शातिर को गिरफ्तार किया है। थाना वजीरगंज क्षेत्र के रहने वाली एक महिला ने लिखित तहरीर दी थी कि वह अपने घर में ताला लगाकर अपने लड़के के पास पंजाब गयी थी। वापस लौटी तो देखा की उसके घर से कुछ लोग घरेलू सामान उठा ले गये है। तहरीर के आधार पर थाना वजीरगंज में तीन नामजद आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया था। थानाध्यक्ष अभय सिंह ने बताया कि सोमवार आरोपी संदीप जायसवाल व फिरोज उर्फ अंसार आलम को गिरफ्तार कर उनके निशादेही पर चोरी का एक इनवर्टर, बैट्री, दो गैस सिलेण्डर, एक टूटा हुआ बक्सा समेत अन्य सामान बरामद किया गया। एस ओ ने बताया कि आरोपी संदीप जायसवाल पुत्र कृष्णा जायसवाल ग्राम परसापुर महडौर थाना वजीरगंज व फिरोज उर्फ अंसार आलम पुत्र निसार अहमद ग्राम रमराईपुर थाना वजीरगंज का रहने वाला है। दोनों के खिलाफ विधिक कार्रवाई की गयी है।

शिक्षकों को चयन वेतनमान दिलाए जाने की प्रक्रिया प्रारंभ

गोंडा, अमृत विचार : ब्लॉक रुपईडीह के प्राथमिक, पूर्व माध्यमिक व कंपोजिट विद्यालयों में एक ही पद पर 10 वर्ष कार्य कर चुके शिक्षक-शिक्षिकाओं को चयन वेतनमान दिलाये जाने के लिए प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। ब्लॉक के बीईओ मनीष कुमार सिंह ने बताया कि शिक्षकों को चयन वेतनमान दिलाए जाने के लिए कार्रवाई शुरू कर दी गई है। चयन वेतन मान के पात्र सभी शिक्षक शिक्षिकाओं को आगामी 30 सितंबर तक ब्लॉक संसाधन केंद्र पर पत्रावली उपलब्ध कराए जाने का निर्देश दिया गया है।

बैनामे की जमीन पर कब्जा करने की शिकायत

तरबगंज : गौहानी गांव की पीड़िता सावित्री का आरोप है कि उसकी जमीन बैरागीपुरवा गांव के बगल राजमार्ग से जुड़ी है। इस जमीन को उसने 2016 में अपनी देवरानी के साथ बैनामा करवाया था। जमीन पर उसका कब्जा भी है लेकिन तरबगंज के धनौली गांव निवासी एक व्यक्ति जबरदस्ती जमीन कब्जा कर रहा है। उपजिलाधिकारी तरबगंज विशाल कुमार ने बताया की शिकायत की जांच करवाई जा रही है।

युवती के साथ छेड़खानी कर वायरल की अश्लील फोटो, केस दर्ज

धानेपुर, अमृत विचार : क्षेत्र की रहने वाली एक युवती के साथ छेड़छाड़ व अश्लील फोटो वायरल करने का मामला सामने आया है। पीड़िता के मां की शिकायत पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर लिया है। धानेपुर थाना क्षेत्र के नगर पंचायत धानेपुर की रहने वाली एक महिला की ओर से दर्ज कराई गई एफआईआर में कहा गया है, कि चौक बाजार का रहने वाला एक युवक ने उसकी बेटी के साथ छेड़छाड़ किया है। यही नहीं उसकी अश्लील फोटो सोशल मीडिया पर वायरल कर दिया है। थानाध्यक्ष सुनील सिंह ने कहा कि मामले में आरोपी परदेसी कौशल के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया है।

धर्म दर्शन

शरः पृथ्वी पर जीवन के उद्भव का प्रथम प्रतीक

उपशमन सूक्त के देवता पर्जन्य हैं। पर्जन्य शब्द सामान्य अर्थों में वर्षा के लिए प्रयुक्त होता है, परंतु सभी का पोषक होने के कारण वह पोषणकर्ता भी है। अतः अनंत आकाश के विभिन्न स्रोतों से बरसने वाले पोषक एवं उत्पादक स्थूल एवं सूक्ष्म प्रवाहों को यहां पर्जन्य के रूप में वर्णित किया गया प्रतीत होता है। इस सूक्त में ऋषि ने धनुष से छूटने वाले विजयशील "शर" (बाण) के उदाहरण से जीवन तत्व के गूढ़ रहस्य को स्पष्ट करने का प्रयास किया है।

ओमप्रकाश त्रिपाठी
सेवानिवृत्त पुलिस महानिरीक्षक

"शर" शब्द का सामान्य अर्थ बाण है, किंतु पृथ्वी से जो अंकुर निकलता है, उसे भी शर कहते हैं। इस प्रकार यह शर पृथ्वी पर जीवन के उद्भव का प्रथम प्रतीक है और उसी पर प्राणी मात्र का जीवन निर्भर करता है। बाण अथवा जीवन तत्व के रूप में उसकी उत्पत्ति पिता पर्जन्य के सेचन से तथा माता पृथ्वी के गर्भ से होती है। यह जीवन तत्व ही समस्त बाधाओं एवं रोग आदि को जीतने में, जीवन लक्ष्य को भेदने में समर्थ होता है। इसलिए उसकी उपमा "शर" से दी गई है। जीवन संग्राम में विजय के लिए प्रयुक्त शर (जीवन तत्व) किस धनुष से छोड़ा जाता है, उसका सुंदर अलंकरण यहां प्रस्तुत किया गया है। उस धनुष का एक छोर माता पृथ्वी है तथा दूसरा छोर पिता पर्जन्य है। ज्या अर्थात प्रत्यंचा उन दोनों को खींचकर उनकी शक्ति संप्रेषित करती है। ज्या का एक अर्थ जन्मदात्री भी होता है। अतः आकाश में स्थित पर्जन्य एवं पृथ्वी की शक्ति के सहयोग से जीवन तत्व का संरक्षण करने वाली सृजनशील प्रकृति ही इस धनुष की ज्या (प्रत्यंचा) है। "शर" शब्द का प्रयोग यथास्थान मूत्र रोग के उपचार हेतु शलाका के लिए भी किया गया है। ऋषि अथर्वा कहते हैं कि अनेक प्रकार से चराचर धारक एवं पोषक पर्जन्य को हम इस "शर" के पिता के रूप में जानते हैं। अनेक प्रकार के स्वरूप देने वाली पृथ्वी को भी हम भली प्रकार जानते हैं। हे ज्या! आप हमारे शरीरों को चट्टान की तरह सुदृढ़ता एवं शक्ति प्रदान करें। शत्रुओं (शारीरिक दोषों) को शक्तिहीन बनाकर हमसे दूर करें। द्युलोक एवं पृथ्वी के मध्य स्थित तेज की भांति यह मुंज (मुक्तिदाता या शोधक जीवन तत्व) सभी स्रावों, रसों एवं रोगों के बीच प्रतिष्ठित रहे अर्थात शरीर या प्रकृति के समस्त स्रावों को वह जीवन तत्व रोगों की ओर न जाने दें। रोगों के शमन में उसका उपयोग करें।

इस शरीर के जनक पर्जन्य से हम भलीभांति परिचित हैं। अनंत बलशाली मित्रदेव (प्राण वायु) जो शर का पिता है, को हम जानते हैं। शर के पालक सशक्त वरुण देव को हम जानते हैं। हम शर के पिता आह्लादक चंद्र देव को जानते हैं। हम जानते हैं कि विशेष शक्ति संपन्न पवित्रतादायक सूर्य शर के पालक हैं। ये सभी तुम्हारा कल्याण करें। उनसे तुम्हें विशिष्ट पोषण प्राप्त हो तथा विकार बाहर निकल जाएं। मूत्र वाहिनी नाड़ियों, मूत्राशय एवं आंतों में स्थित दूषित जल इस चिकित्सा से पूरा का पूरा वेग के साथ शब्द करता हुआ शरीर से बाहर हो जाए। शर (शलाका) से मूत्रमार्ग को खोल देते हैं। बांध टूट जाने से जिस प्रकार जलाशय का जल शीघ्रता से बाहर निकलता है, उसी प्रकार रोगी के उदरस्थ समस्त विकार वेगपूर्वक बाहर निकलें। धनुष से छोड़े गए, तीव्र गति से बढ़ते हुए बाण की भांति तेरा संपूर्ण मूत्र (विकार) वेगपूर्वक बाहर निकले।

वैष्णव संप्रदाय

वैष्णव पुराणों में, विष्णु, ब्रह्मवैवर्त, हरिवंश तथा भागवत में विष्णु, नारायण, यादव कृष्ण तथा गोपाल कृष्ण के चरितों के विभिन्न पहलूओं का विस्तृत विवरण अंकित है। यह तथ्य विवादरहित है कि "श्रीमद् भागवत पुराण ही भागवत संप्रदाय का प्रमुख ग्रंथ है। मोटे तौर पर, वैष्णव संप्रदाय, भगवान विष्णु को ही परमेश्वर मानने वालों का संप्रदाय है। वैष्णव धर्म की सामान्य जानकारी हमें उपनिषद साहित्य से ही प्राप्त होने लगती है। छान्दोग्य उपनिषद में श्रीकृष्ण का उल्लेख मथुरा में जन्में देवकी पुत्र तथा आंगिरस शिष्य के रूप में होती है। वृष्णिवंशीय वासुदेव कृष्ण इस संप्रदाय के उपास्य देव हैं। वासुदेव को ज्ञान शक्ति, बल, वीर्य, ऐश्वर्य तथा तेज नामक छह गुणों से संपन्न होने के कारण ही भगवान या भागवत कहा गया है। वैरागी, दास, रामानंद, वल्लभ, निम्बार्क, माधव, राधा वल्लभ, सखी तथा गौड़ीय इसके उपसंप्रदाय हैं। प्रमुख वैष्णव संप्रदायों के नाम, प्रमुख आचार्य नाम तथा मत इस प्रकार हैं-वैष्णव संप्रदाय विशिष्टाद्वैत रामानुज, ब्रह्मा संप्रदाय द्वैत आनंद तीर्थ, रुद्र संप्रदाय विशुद्ध द्वैत वल्लभाचार्य और सनक संप्रदाय द्वैताद्वैत निम्बार्क। वैष्णव संतों का प्रमुख संबोधन है- आचार्य, स्वामी और संत।

डॉ. अजित कुमार सिंह
सेवानिवृत, पुलिस महानिरीक्षक

वैष्णव संतों में मूलतः वैरागी संप्रदाय के तीन प्रमुख अखाड़े श्रीदिगंबर अनी अखाड़ा, श्री निर्वाणी अखाड़ा और श्री निर्मोही अखाड़ा। यहीं पर यह तथ्य अत्यंत महत्वपूर्ण है कि जन्मना या जाति से ब्राह्मण न होकर भी वैष्णव धर्म धारण कर, सिर पर चोटी छोड़ सिर मुड़ा और विधिवत यज्ञोपवीत धारण कर वैष्णव ब्राह्मण बन सकता है। जन्मना गैरब्राह्मण से वैष्णव ब्राह्मण बने लोगों मे तमिल बन्निया, तेलगु नायडू, मलयाली गैर ब्राह्मणों की अच्छी खासी संख्या है। अपने सद्कर्म, हार्दिक भक्ति और आस्था के बल पर कोई भी मनुष्य वैष्णव बन सकता है। वैष्णव के लिए शारीरिक सौंदर्य पर ध्यान, तेल मालिश, हजामत से परहेज आवश्यक है। उसके लिए सुबह, दोपहर और सायं बेला में हरि कीर्तन, भजन, सत्संग, धर्म कथा श्रवण अनिवार्य है।

वर्ग पहेली-201

बाएं से दाएं

1. 1. महाप्रलय 2. पितृपक्ष 3. तीर्थस्थान।
4. एक दिशासूचक यंत्र जिसकी सुई सदैव पश्चिम दिशा की ओर रहती है; कुतुबनुमा, दिग्दर्शक यंत्र।
6. 1. श्रद्धा, आस्था 2. विश्वास, भरोसा, ऐतबार।
7. अभिमानी स्त्री।

ऊपर से नीचे

1. 1. मज़ाक संबंधी 2. हंसोड़, परिहासप्रिय, विनोदी।
2. नियत अनुपात में, अनुपात के अनुसार।
3. 1. घान 2. तेल आदि पेरने का कोल्हू 3. ढेर।
5. यशोदा, कृष्ण की माता।



वर्ग पहेली -200 का हल

	1 ह	क	2 ब	क
	ल		हु	3 जे
	फ़ी		का	ली
		4 कु	लि	या
	5 लि	पि	क	6 ता
		त		नू
7 जु	ई		8 स	फ़ी	र

सुडोकू -114

सुडोकू एक तरह का तर्क वाला खेल है, जो एक वर्ग पहेली की तरह होता है। जब आप इस खेल को खेलना सीख जाते हैं तो यह बहुत ही सरलता से खेला जा सकता है। सुडोकू खेल में बॉक्स में 1 नंबर से 9 नंबर तक आने वाले अंक दिए हैं। इसमें कुछ बॉक्स खाली हैं, जिन्हें आपको भरना है। कोई भी अंक दोबारा नहीं आना चाहिए। एक सीधी लाइन और एक खड़ी लाइन तथा बॉक्स में नंबर रिपीट नहीं होना चाहिए।

		8			5	7		
1			7			9		4
		3		6	1			2
			8			2		1
2		6				4		3
3		9			7			
8			1	9		3		
4		7			8			9
		1	2			5		

सुडोकू - 113 का हल

8	6	9	1	3	2	5	4	7
5	1	4	9	8	7	2	3	6
7	3	2	5	6	4	9	8	1
4	7	5	3	2	8	6	1	9
1	2	6	4	5	9	8	7	3
3	9	8	7	1	6	4	2	5
9	5	1	8	4	3	7	6	2
6	4	3	2	7	5	1	9	8
2	8	7	6	9	1	3	5	4

आज का भविष्यफल

-पं.डॉ. ज्ञानेन्द्र शर्मा

आज की ग्रह स्थिति : 24 सितंबर मंगलवार 2024 संवत-2081, शक संवत 1946 मास-आश्विन, पक्ष-कृष्ण पक्ष, तिथि-सप्तमी 12.38 तक तत्पश्चात अष्टमी।

आज का पंचांग



दिशाशूल-उत्तर। **ऋतु**-शरद।
चन्द्रबल- वृषभ, कर्क, सिंह, वृश्चिक, धनु, मीन।
ताराबल-भरणी, रोहिणी, मृगशिरा, आर्द्रा, पुनर्वसु, आश्लेषा, पूर्वा फाल्गुनी, हस्त, चित्रा, स्वाति, विशाखा, ज्येष्ठा, पूर्वाषाढ़ा, श्रवण, धनिष्ठा, शतभिषा, पूर्वाभाद्रपद, रेवती।
नक्षत्र-मृगशिरा 21.54 तक तत्पश्चात आर्द्रा।

मेष — आज अपना व्यवहार सबके प्रति अच्छा रखें। किराये के घर पर रहने वालों के मन में नए घर को लेकर चिन्ता बढ़ सकती है। आज आप अपनी सधी हुई संवादशैली के प्रभाव से लोगों को प्रभावित कर लेंगे। गलत कार्यों में अपना दिमाग न लगाएं।

वृष — आज व्यवसाय में में आप काफी अच्छा प्रदर्शन करेंगे। नई संपत्ति खरीदने को लेकर विचार बना सकते हैं। अपनी गलतियों और कमजोरियों को दूर करने का प्रयास करें। विपरीत विचारधारा वाले व्यक्तियों के साथ बहस न करें।

मिथुन — आज आपकी कार्यक्षमता में वृद्धि होगी। करियर में कुछ अच्छा बदलाव हो सकता है। आपकी दिनचर्या काफी अच्छी रहेगी। आप कुछ विशिष्ट कार्यों की तरफ मुड़ सकते हैं। धर्म-कर्म को लेकर दिखावा न करें। शुभ कार्यों में आप धन खर्च कर सकते हैं।

कर्क — आज नकारात्मक विचार आपके ऊपर हावी रहेंगे। अनिद्रा और घबराहट की समस्या हो सकती है। दूसरों पर ज्यादा भरोसा न करें। उच्च अधिकारी आपका विरोध कर सकते हैं। प्रेम संबंधों को लेकर थोड़े अधीर रहेंगे, किन्तु आज अपने दिल की बात कहने से बचें।

सिंह — आज प्रतियोगी परीक्षा की तैयारी कर रहे छात्रों को उत्तम सफलता मिलने के योग बन रहे हैं। अधूरे काम पूरे होने से मन में काफी खुशी रहेगी। जीवनसाथी आपका उत्साह बढ़ायेंगे। महिला जातकों को महंगे उपहार मिल सकते हैं।

कन्या — आज आपकी कार्यशैली लोगों के लिए चर्चा का विषय बन रही है। सभी काम सरलता से होते हुए प्रतीत होंगे। अविवाहित लोग विवाह को लेकर काफी उत्सुक रहेंगे। धर्म-कर्म के मामले में आप काफी रुचि लेंगे। परिवार के लोग किसी कारणवश आपसे नाराज हो सकते हैं।

तुला — आज विदेश में रहने वाले लोगों को घर की याद आयेगी। निजी कंपनियों जॉब करने वाले लोग अवकाश को लेकर बॉस से चर्चा कर सकते हैं। व्यवसाय संयमित रखें और दूसरों के मामलों में ज्ञान देने से बचें। अपनी योजनाओं को गुप्त रखें।

वृश्चिक — आज दांपत्य जीवन थोड़ा उबाऊ हो सकता है, लेकिन आप अपना व्यवहार जीवनसाथी के प्रति अच्छा रखें। शोध कार्यों के प्रति आपकी रुचि हो सकती है। दोस्तों के साथ मतभेद उभर सकते हैं। निम्न रक्तचाप और थकान की समस्या हो सकती है।

धनु — आज जीवनसाथी के साथ क्वालिटी टाइम बिताना पसन्द करेंगे। वैवाहिक संबंध काफी रोमान्टिक रहने वाले हैं। शाम के समय सिरदर्द की शिकायत हो सकती है। किसी रिश्तेदार को लेकर परेशान हो सकते हैं। आपकी आर्थिक स्थिति में सुधार होगा।

मकर — आज धन की समस्या दूर होगी। पार्टनर के साथ विवाद समाप्त होगा। आपकी दिनचर्या काफी अनुशासित रहेगी। घर में खुशियों का माहौल रहेगा। आपको कारोबार में मनचाही उन्नति मिलने की संभावना है। मानसिक शांति के लिए मित्रों से मिल सकते हैं।

कुंभ — आज दिन की शुरुआत खास ठीक नहीं रहेगी। जीवनसाथी पर नाराज हो सकते हैं। मसालेदार भोजन से बचें वरना कब्ज की समस्या भी हो सकती है। परिवार के कुछ लोग आपकी निन्दा कर सकते हैं, लेकिन आपको उन पर अभी ध्यान देने की आवश्यकता नहीं है।

मीन — आज किसी भी काम में मन नहीं लगेगा। घर की परिस्थितियों के सामने स्वयं को असहज महसूस करेंगे। मच्छरों से सावधान रहें। शाम के समय कहीं घूमने के लिए जा सकते हैं। इससे आपका मूड फ्रेश हो जायेगा। भोजन में शुद्धता का ध्यान रखें।

आज की फिल्में

औलाद
सुबह : 09.24
कुली नं. 1
रात : 07.16

खिलाड़ियों का खिलाड़ी
सुबह : 10.53
तरला
रात : 08.00

2012
सुबह : 10.23
डार्क फोनिक्स
रात : 08.45

रक्षाबंधन
दोपहर : 12.16
स्कंदा
रात : 08.00

शिवा द सुपर हीरो 3
सुबह : 11.27
गुप्त
रात : 07.30

आज की सुपरहिट फिल्म

जी सिनेमा पर दोपहर : 12.16 बजे

जोक्स ऑफ द डे

चिंटू (पिंटू से)- और सुना यार, बीवी से झगड़ा खत्म हुआ या नहीं?
पिंटू से- अबे घुटनों पर चलकर आई थी मेरे पास, घुटनों पर
चिंटू- क्या बात कर रहा है, सच में?
पिंटू - और नहीं तो क्या
चिंटू- फिर क्या बोली?
पिंटू - बोली बेड के नीचे से बाहर आ जाओ, पक्का अब नहीं मारुंगी!

मिंटू-सोनू जरा अपनी साइकिल देना।
पिंटू- नहीं, मैं नहीं दे रहा।
मिंटू-अगर मुझे साइकिल नहीं दोगे तो मेरा दिल खट्टा हो जाएगा
पिंटू-कोई बात नहीं चीनी खा लेना।

एक नजर

कंसल्टेंट इंजीनियर ने किया गांव का भ्रमण

रुपईडीह : ब्लॉक रुपईडीह में तैनात कंसल्टेंट इंजीनियर आशीष कुमार मिश्र ने ग्राम पंचायत रंजीत नगर व नौशहरा गांव का स्थलीय भ्रमण किया। यहां पर उन्होंने दोनों ग्राम पंचायतों द्वारा निर्माण कराये जा रहे कचरा निस्तारण केंद्र के गुणवत्ता की जांच की।

पशु चिकित्सालय में डॉक्टर तैनाती की मांग

रुपईडीह : ब्लॉक की ग्राम पंचायत वीरपुर झलहिया के पूरे ललक में स्थापित राजकीय पशु चिकित्सालय में पिछले दो साल से चिकित्साधिकारी का पत्र रिक्त चल रहा है। इससे पशुपालकों को चिकित्सालय का भरपूर लाभ नहीं मिल पा रहा है। प्रधान पुत्र रिंकू ओझा ने जिलाधिकारी से मिलकर उक्त चिकित्सालय में किसी चिकित्साधिकारी के तैनाती कराए जाने की माँग की है।

खुली बैठक कल

रुपईडीह : ब्लॉक की ग्राम पंचायत कौड़िया की खुली बैठक आगामी 25 सितंबर को पंचायत सचिवालय पर आयोजित की जाएगी। प्रधान रिंकू मिश्र ने बताया कि इस बैठक में प्रधानमंत्री ग्रामीण आवास योजना के तहत आवास विहीन परिवारों के चयन पर विचार किया जाएगा। उन्होंने बताया कि बैठक के लिए एडीओआईएसबी आजम खान को पर्यवेक्षक नियुक्त किया गया है।

मोटर पंप चोरी

धानेपुर, अमृत विचार : थाना क्षेत्र के ग्राम पंचायत गूंगीदेई के पंचायत भवन पर लगा मोटर पंप चोरी चला गया है। ग्राम प्रधान सोनी सिंह ने पुलिस को शिकायती पत्र में कहा है कि ग्राम पंचायत भवन पर समर सेबल पंप लगाया गया था। जहां पर लगा मोटर पंप चोर खोल ले गए हैं और बोरिंग की पाइप को निकालकर बाहर फेंक दिया है।पानी टंकी के चौकीदार ने सूचना दी।इस पर मौके पर जाकर देखा तो पंप गायब था।जिस पर रविवार को शिकायत की गई है।थानाध्यक्ष सुनील सिंह ने बताया कि तहरीर मिली है। जांच कराकर उचित कार्रवाई की जायेगी।

जहरीले जंतु के डसने से महिला की मौत

करनैलगंज, गोंडा, अमृत विचार : करनैलगंज क्षेत्र के ग्राम पंचायत नारायनपुर माझा के मजरा चाइनपुरवा निवासी राजरानी (45) पत्नी राम गोपाल सोमवार की सुबह गांव के पास स्थित खेत में मवेशियों के लिए चारा काटने गई थी। जहां किसी जहरीले जंतु ने राजरानी को डस लिया। किसी तरह वह घर पहुंची तो उसे गर्मी छिटकने लगी और बेहोश होकर गिर पड़ी। बेहोशी की हालत में परिजन महिला को आनन-फानन में स्थानीय सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया जहां चिकित्सक ने उसे मृत घोषित कर दिया। अस्पताल से मेमो भेजने व सूचना के बावजूद सुबह 9 बजे से दोपहर 1 बजे तक पुलिस मौके पर नहीं पहुंची। परिजन सीएचसी में ही महिला का शव रखकर रोते बिलखते रहे। दोपहर करीब दो डेढ़ बजे सीएचसी पहुंची पुलिस ने शव पंचनामा के उपरांत पोस्टमार्टम के लिए गोंडा भेजा। कोतवाल श्रीधर पाठक ने बताया कि शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। रिपोर्ट आने के बाद मौत का कारण स्पष्ट हो पाएगा। परिजनों ने सांप के काटने से महिला के मौत की आशंका जताई है।

दहशत के बीच रतजगा कर रहे फरेंदा शुक्ल गांव के ग्रामीण

परेशानी

- गांव में जंगली जानवर का खौफ बरकरार, वन कर्मी भी नहीं लगा सके सुराग

गोंडा, अमृत विचार: रुपईडीह ब्लाक के फरेंदा शुक्ल गांव में जंगली जानवर का खौफ बरकरार है। ग्रामीण दहशत के बीत रतजगा कर अपने परिवार व मवेशियों की सुरक्षा कर रहे हैं। गांव के लोग इसे भेड़िए का हमला बता रहे हैं जबकि जिला प्रशासन वन विभाग के हवाले से इसे जंगली जानवर का हमला मान रहा है। हालांकि वन विभाग की टीम गांव में कांबिंग कर जानवर का पता लगाने का दावा कर रही है लेकिन अभी उसके हाथ कोई ठोस सुराग नहीं लगा है। ऐसे में गांव में हमला कौन सा जंगली जानवर कर रहा है इसे लेकर संशय बना हुआ है। सोमवार को गांव में पूरी तरह से सन्नाटा पसरा रहा। लोग अपने दरवाजों पर निगहबानी करते दिखाई दिए।

रुपईडीह ब्लाक के फरेंदा शुक्ल व तेलियानी पाठक गांव में पिछले तीन दिनों से जंगली जानवर का आतंक बरकरार है। शुक्रवार की रात तेलियानी पाठक गांव के रहने वाले जगदीश यादव के पुत्र शुभम (11) व गणेश दत्त पांडेय के बेटे शिवम (12) तथा उनकी भैंस पर किसी जंगली जानवर ने हमला कर जख्मी कर दिया था। ग्रामीणों की सूचना पर पहुंची पुलिस ने पटाखा दागकर जानवर को भगाने की कोशिश की थी। लेकिन इसी रात इस जंगली जानवर ने फरेंदा शुक्ल गांव के मजरे रामललापुरवा के रहने वाले साकिर अली के 14 वर्षीय पुत्र साहिल तथा गांव की बड़का व हैदर की बकरी को भी जंगली जानवर ने हमला कर घायल कर दिया। सुबह जंगली जानवर के हमले की खबर फैली तो पूरे इलाके में दहशत फैल गयी। ग्राम प्रधान ने इसकी सूचना वन विभाग को दी तो वन कर्मी इसे सियार का हमला बताकर पल्ला झाड़ते नजर आए। जबकि गांव के लोग इस जंगली जानवर के भेडिया होने का अंदेशा जता रहे हैं।

जंगली जानवर से बचाव के लिए डंडा लेकर निगरानी करते ग्रामीण। अमृत विचार

रविवार को डीएम नेहा शर्मा ने जब मामले का संज्ञान लिया तो वन विभाग की टीम गांव पहुंची और जानवर की तलाश में कांबिंग शुरू की। हालांकि वन विभाग का दावा है कि यह भेड़िया नहीं बल्कि दूसरा कोई जंगली जानवर है। लेकिन यह जानवर कौन सा है वन कर्मी अभी इसका पता नहीं लगा सके हैं। वहीं सोमवार को फरेंदा शुक्ल गांव में सन्नाटा पूरा रहा। खौफ के साए में गांव के लोग हाथ में लाठी लेकर अपने दरवाजे पर चौकसी करने में लगे रहे।

गांव के लोगों ने बताया कि वन विभाग के लोग आए थे। सतर्कता और सावधानी बरतने का निर्देश मिला है, सो निगरानी की जा रही है। हालांकि जंगली जानवर नवरात्रि के हमले का खौफ अभी ग्रामीणों में बरकरार है और वह दिन रात अपने परिवार व मवेशियों की सुरक्षा में मुस्तैद हैं।

सांकेतिक भाषा का बताया महत्व

बेलसर : महाराजा देवी बख्श सिंह इंटर कॉलेज बेलसर में अंतर्राष्ट्रीय सांकेतिक भाषा दिवस पर प्रधानाचार्य एवं उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षक संघ के जिला एवं मंडलीय अध्यक्ष अजीत सिंह के अध्यक्षता में गोष्ठी का आयोजन किया गया। गोष्ठी को संबोधित करते हुए अजीत सिंह ने कहा कि वर्ष 2017 में संयुक्त राष्ट्र महासभा ने 23 सितंबर को अंतर्राष्ट्रीय सांकेतिक भाषा दिवस मनाने के आधिकारिक दिन के रूप में घोषित किया। स्पेशल एजुकेटर मनीष कुमार सिंह ने कहा कि विशेष आवश्यकता वाले बच्चों सीडब्ल्यूएसएन, को बढ़ावा देने के लिए सरकार हर संभव प्रयास कर रही है हमें भी इसमें भरपूर सहयोग करना चाहिए। इस दौरान विद्यालय में अध्यनरत दिव्यांग छात्र-छात्राओं महक सिंह, खुशबू, दीपक कुमार, आशीष कुमार, मो. अनीश, मनीष, रामभवन आदि को प्रधानाचार्य द्वारा सम्मानित कर उन्हें प्रोत्साहित किया गया।

तपती धूप में कर रहे 'आधार' के लिए जद्दोजहद

जिले के एकमात्र आधार केंद्र पर प्रतिदिन उमड़ रही हजारों की भीड़, घंटों लग रही कतार

संवाददाता, गोंडा

अमृत विचार: राशन कार्डों की केवाईसी ने पूरे जिले को लाइन में लगा दिया है। दूरदराज गांव से लोग जिला मुख्यालय स्थित आधार केंद्र पर तपती धूप में

घंटों लाइन में खड़े रहकर अपना 'आधार' तलाश रहे हैं। क्या बच्चे क्या बुजुर्ग सभी बदहवाश चेहरों के साथ प्रतिदिन आधार केंद्र बनवाने की जद्दोजहद कर रहे हैं लेकिन उनका आधार नहीं बन रहा। धूप और उमस के चलते कोई बेहोश हो रहा है तो कोई मायूसी लेकर वापस लौट जा रहा है। आधार केंद्र की बदइंतजामी को लेकर लोग जिला प्रशासन को कोस रहे हैं लेकिन उनकी सुनने वाला कोई नहीं है। आधार बनवाने के लिए लाइन में खड़े लोगों में सैकड़ों की संख्या में बच्चे हैं फिर भी अफसर बेखबर हैं।

सोमवार को आधार बनवाने आई एक छात्रा आधार केंद्र के बाहर बेहोश होकर गिर पड़ी। मौके पर मौजूद लोगों ने पानी का छींटा मारा तो वह होश में आई। फिर दिन भर वह आधार बनवाने के लिए बगल की एक दुकान में बैठी रही लेकिन उसका आधार नहीं बन सका। हालांकि जिला प्रशासन का दावा है कि बैंकों और डाकघरों में भी आधार बनाने की व्यवस्था की गयी है लेकिन यह व्यवस्था सिर्फ कागजों में दिखाई देती है। बैंक तो दूर अधिकतर डाकघरों में यह व्यवस्था ठप पड़ी है। ऐसे में हजारों की संख्या में लोग प्रतिदिन अंबेडकर चौराहे पर स्थित आधार केंद्र पर जुट रहे हैं।

सोमवार को धानेपुर से आधार बनवाने आए रामलौटन वर्मा को टोकन नहीं मिल सका। दोपहर तक लाइन में खड़ा रहने के बाद उन्हे वापस लौटना पड़ा। इसी तरह तपती धूप में लाइन में खड़ी 65 वर्षीय धनराजी ने बताया कि उनका अंगूठा खाद्यान्न मशीन पर नहीं लग रहा है। वह आधार दुरुस्त कराने आई हैं लेकिन लगता है कि शाम तक भी उनका नंबर नहीं आएगा। आधार कार्ड में विलंब के चलते उन्हें काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है।

आधार केंद्र कर्मियों की मनमानी ने बढाई मुश्किल

आधार केंद्र को कर्मियों की मनमानी ने यह मुश्किल और बढ़ा दी है। आधार बनवाने के लिए आने वाले लोगों को आसानी हो इसलिए उन्हे टोकन देने की व्यवस्था है लेकिन टोकन बांटने में आधार केंद्र के कर्मी मनमानी करते हैं। अपने चहेतों को टोकन पहले दे दिया जाता है जिससे आम लोगों का नंबर आते आते टोकन खत्म हो जाता है। ऐसे में घंटो खड़ा रहने के बाद लोगों को वापस लौटना पड़ता है। जब वह इस अव्यवस्था पर सवाल करते हैं तो उन्हे लाइन से बाहर कर दिया जाता है।

आंबेडकर चौराहे पर स्थित आधार केंद्र के बाहर लाइन में खड़ीं महिलाएं। अमृत विचार

गर्मी से बेहाल होकर पानी से मुंह धुलती महिला। अमृत विचार

सार-संक्षेप

भाजपा नेताओं की टिप्पणी पर भड़के कांग्रेस कार्यकर्ता

कलेक्ट्रेट परिसर में ज्ञापन देने पहुंचे कांग्रेस पदाधिकारी व कार्यकर्ता। अमृत विचार

गोंडा : कांग्रेस पार्टी के नेता व संसद में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी पर भाजपा नेताओ के टिप्पणी के विरोध में कांग्रेस के पिछड़ा वर्ग के जिलाध्यक्ष के अगुवाई में कांग्रेसियों ने प्रदर्शन कर जिलाधिकारी के माध्यम से राष्ट्रपति को ज्ञापन भेजा है। ज्ञापन पिछड़ा वर्ग विभाग के अध्यक्ष अर्जुन वर्मा के नेतृत्व सौपा गया है। ज्ञापन में कहा गया है कि भाजपा के टिप्पणी करने वाले नेताओं के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाए। राहुल गांधी संसद में विपक्ष के नेता हैं। उनके खिलाफ की गई टिप्पणी को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। भाजपा सरकार लगातार हिटलर शाही वाला रवैया अपना रही है। उनके नेता अनावश्यक टिप्पणी कर रहे हैं। उनको रोकने वाला कोई नहीं है। भाजपा के वरिष्ठ नेता चुप्पी साधे हुए हैं। कांग्रेसी इस टिप्पणी को लेकर लगातार प्रदर्शन कर रहे हैं। जब तक टिप्पणी करने वाले नेताओं के खिलाफ कार्रवाई नहीं होती है प्रदर्शन में तेजी आती रहेगी। कांग्रेस के कार्यकर्ताओं के सहित आम जनमानस भी की गई अनुचित टिप्पणी से आक्रोशित है। जनता भाजपा को माफ नहीं करेगी। ज्ञापन देने मे मुख्य रूप से जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष प्रमोद मिश्रा, जिला प्रवक्ता शिव कुमार दुबे, शहर अध्यक्ष रफीक रैनी अल्पसंख्यक कांग्रेस के अध्यक्ष सगीर अहमद खान, विनय प्रकाश त्रिपाठी, चांद खान, शहजाद मेवाती,,अजय रस्तोगी , रिजवान, राजू सेवादल ,बेबी मिश्रा सहित तमाम लोग उपस्थित रहे।

पूर्व मंत्री ने 700 बाढ़ पीडितों को बांटी सहायता

बाढ़ पीड़ितों को राहत सामग्री का वितरण करते पूर्व मंत्री रमापति शास्त्री।

नवाबगंज, गोंडा, अमृत विचार : सरयू नदी में आई बाढ़ से प्रभावित लोगों को सोमवार को पूर्व मंत्री व मनकापुर विधायक रमापति शास्त्री ने खेमपुर गांव में स्थित डाक बंगला पहुंच कर जैतपुर माझा गांव के बाढ़ प्रभावित 400 लोगों को राहत सामग्री किट का वितरण किया। उसके बाद दुल्लापुर गांव में पहुंच कर 300 बाढ़ प्रभावित लोगों में किट का वितरण किया। इस दौरान विधायक ने कहा कि केंद्र व प्रदेश की सरकार हर स्थिति में बाढ़ प्रभावित लोगों के साथ खड़ी है। हर पीड़ित परिवार तक लाभ पहुंचाने के लिए योगी सरकार तत्पर है। सरकार बाढ़ पीड़ितों का दर्द समझती है।हर पीड़ित परिवार तक राहत, सामग्री पहुंचेगी । जो लोग वंचित रह गए हैं उन तक क्षेत्रीय राजस्व निरीक्षक व लेखपाल राहत किट पहुंचाएंगे।किट में आलू, लाइया, चना, गुड़, बिस्कुट, माचिस, मोमबत्ती, आटा,चावल, दाल, हल्दी, मिर्च, सब्जी मसाला, तेल, नमक आदि बांटा गया।राहत सामग्री पाकर बाढ़ पीड़ितों के चेहरे पर मुस्कान आ गई। इस मौके पर उपस्थित नायब तहसीलदार चंदन जायसवाल, विधायक प्रतिनिधि वेद प्रकाश दूबे गोंडा सांसद प्रतिनिधि कमलेश पांडेय, जैतपुर माझा के प्रधान प्रतिनिधि रवि सिंह, दुल्लापुर गांव के प्रधान धनलाल निषाद उर्फ पोकई लेखपाल संध्या शुक्ला समेत बाढ़ पीड़ित मौजूद रहे।

स्कीम वर्कर्स को राज्य कर्मचारी घोषित करने की उठाई मांग

प्रदर्शन करते ट्रेड यूनियन के पदाधिकारी। अमृत विचार

गोंडा : केन्द्रीय श्रम संगठनों, स्वतन्त्र फेडरेशन व कर्मचारी संगठनों के आवाह्न पर अपनी मांगों को लेकर ट्रेड यूनियनों की आयोजन समिति ने सोमवार को काला दिवस मनाया और उप श्रमायुक्त कार्यालय पर धरना प्रदर्शन कर प्रधान मंत्री एवं मुख्य मंत्री को संबोधित ज्ञापन उप श्रमायुक्त अनुभव वर्मा को सौंपा। ट्रेड यूनियन के पदाधिकारी ने लेबर कोर्ट को रद्द करने और स्कीम वर्कर्स को राज्य कर्मचारी घोषित करने के साथ-साथ 26000 का मानदेय देने की मांग उठाई है। ज्ञापन में कहा गया है कि उत्तर प्रदेश में न्यूनतम वेतन सलाहकार समिति का गठन किया जाय तथा सेल्स प्रोमोशन एम्प्लॉयज के लिए न्यूनतम वेतन सलाहकार समिति में अलग से उप समिति बनाई जाय। प्रदेश में श्रम कानूनों का पालन सुनिश्चित किया जाय। इंजीनियरिंग, होटल, बीड़ी , कालीन, डिस्टलरी व शुगर उद्योग में वेतन पुनरीक्षण के लिए समितियों का गठन किया जाय। नियमित प्रकृति के काम पर रखे गये संविदा, आउट सोर्सिंग, ठेका मजदूरों को नियमित किया जाय। समान काम के लिए समान वेतन दिया जाय, समस्त मजदूरों को अनिवार्य रूप से वेतन पर्ची, ईएसआई, ईपीएफ, कार्ड दिया जाय। रजिस्टर में उनका नाम दर्ज हो, नेशनल पेंशन स्कीम, यूनीफाइड पेंशन स्कीम की जगह पुरानी पेंशन योजना बहाल की जाय। चारों श्रम संहिता रद्द किए जाय। पुराने श्रम कानूनों का पालन कड़ाई से किया जाय व स्कीम वर्कर्स को राज्य कर्मचारी घोषित कर उन्हे 26000 रुपये प्रति माह मानदेय दिया जाए। धरने में कॉमरेड सत्यनारायण तिवारी, कौशलेंद्र पांडेय, राम कृपाल यादव, सत्य प्रकाश पाण्डेय, हरिओम, विनीत तिवारी , सुरेश कनौजिया, रानी देवी आदि शामिल रहे।

श्रमजीवी पत्रकार यूनियन ने तय की सम्मेलन की रूपरेखा

गोंडा : श्रमजीवी पत्रकार यूनियन की एक बैठक सिंचाई विभाग के डाक बंगले में आयोजित की गयी। बैठक में आगामी 27 अक्टूबर को होने वाले सम्मेलन और स्मारिका (यादगार 2024) विमोचन पर विचार विमर्श किया गया। इसमें सभी सदस्यों और पदाधिकारी ने अपने विचार रखें। बैठक में तय तिया गया कि सम्मेलन में भाग लेने वाले सदस्यों को यूनियन की तरफ से यूनियन का एक बैग, स्मृति चिन्ह और प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया जायेगा। जिलाध्यक्ष कैलाश वर्मा ने बताया कि कार्यक्रम में प्रदेश अध्यक्ष को भी आमंत्रित किया गया है। बैठक में प्रमुख रूप से महामंत्री महेंद्र तिवारी, सदर तहसील अध्यक्ष ओमचंद शर्मा, राहुल तिवारी, विजय बहादुर तिवारी, प्रमोद शर्मा आदि मौजूद रहे।

ब्रेकडाउन होने से 15 घंटे बाधित रही बिजली

खरगूपुर, गोंडा

अमृत विचार: लाइन ब्रेक डाउन होने के बाद 15 घंटे तक विद्युत आपूर्ति बाधित रही। जिससे 50 से अधिक गांवों के 8 हजार उपभोक्ताओं को भीषण गर्मी में परेशानी का सामना करना पड़ा। रात में विद्युत कर्मियों ने लाइन ब्रेक डाउन का फॉल्ट ढूढ़ने का प्रयास। देर रात 2:30 बजे तक फाल्ट का पता नहीं चल सका। फलस्वरूप विद्युत आपूर्ति बहाल नहीं हो सकी।

खरगूपुर विद्युत उपकेंद्र अंतर्गत विशुनापुर, साउथ, देवतहा व आईपीडीएस टाउन सहित चार फीडर है।जिसमें विशुनापुर फीडर से जुड़े 50 से अधिक गांवों में आठ हजार उपभोक्ता हैं। सोमवार की शाम 5:35 बजे अचानक फीडर ब्रेक डाउन हो गया।उपभोक्ताओं का कहना है कि जानबूझकर ब्रेक डाउन कर विशुनापुर फीडर की आपूर्ति बाधित की जा रही है। अधिकांश संविदा कर्मचारी चाहते हैं कि विशुनापुर फीडर की लाइन सुचारु रूप से न चल सके। इसलिए साजिश कर लाइन ब्रेक डाउन कर रहे है।

पोल पर चढ़कर खराबी को ठीक करता बिजलीकर्मी। अमृत विचार

मुश्किल

- अंधेरे में रहे आठ हजार उपभोक्ता
- बिजली कर्मियों पर जानबूझ कर साजिश रचने का आरोप

उल्लेखनीय है कि कुछ दिन पूर्व विशुनापुर फीडर ब्रेकडाउन होने पर उपभोक्ताओं व विद्युत कर्मी के बीच हुए विवाद में तीन लोगों के विरुद्ध संविदा कर्मचारी ने एससीएसटी एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज कराया था। विद्युत उपकेंद्र खरगूपुर के अवर अभियंता लक्ष्मी नारायन यादव ने बताया कि विशुनापुर फीडर की लाइन ब्रेक डाउन होने के वजह की जानकारी की जा रही है।

खंभे में उतरे करंट की चपेट में आकर महिला झुलसी

नवाबगंज, अमृत विचार: नवाबगंज के मीरपुर गांव में सोमवार को विद्युत पोल में उतर रहे करंट की चपेट में आने से पांच बकरियों की मौत गयी। बकरियों को बचाने दौड़ी महिला भी झुलस कर गंभीर रूप से घायल हो गयी। बिजली कर्मियों को सूचना देकर तत्काल बिजली आपूर्ति बंद करायी गयी।

थाना क्षेत्र के मीरपुर गांव निवासी अमीरुननिशा सोमवार की सुबह करीब दस बजे अपने बकरियों को चराने गईं थी। नगवा - रेहली मार्ग पर मीरपुर गांव के पास लगे बिजली के खंभे में करंट उतर रहा था। जैसे ही बकरियां बिजली के पोल के पास पहुंची वह करंट की चपेट में आ गईं और गिर कर तड़पने लगी। बकरियों को तड़पता देख कर अमीरुननिशा दौड़कर उनके पास पहुंची लेकिन वह भी करंट की चपेट में आकर गिर गई। इसको देख कर दौड़े ग्रामीणों ने विद्युत विभाग को हादसे की सूचना देकर बिजली की सप्लाई बंद करायी लेकिन तब तक पांच बकरियों की मौत हो चुकी थी। गंभीर रूप झुलसी महिला को स्थानीय सीएचसी पर भर्ती कराया जहां पर उसकी हालत गंभीर बनी हुई है। ग्रामीणों ने विद्युत विभाग की लापरवाही से घटना होने की बात कही है।

- करंट की चपेट में आने से पांच बकरियों की मौत
- विद्युत विभाग पर लापरवाही का आरोप

क्रॉसिंग पार करते समय ट्रेन की चपेट में आया बुजुर्ग, मौत

मनकापुर, अमृत विचार: मनकापुर स्टेशन से झिलाही रेलमार्ग पर स्थित रेलवे फाटक पर सोमवार की सुबह पाटलिपुत्र एक्सप्रेस ट्रेन के आने दौरान फाटक बंद था। इसी बीच क्षेत्र के ग्राम सुरजापुर के मजरा पाण्डेयपुरवा निवासी जुग्गी लाल (60) फाटक पार करने लगे। फाटक पार करते समय वह ट्रेन के चपेट मे आ गए और गम्भीर रूप से घायल हो गए। सूचना पर तत्काल रेलवे पुलिस के उपनिरीक्षक रामपाल व स्थानीय लोगो ने ई रिक्शा से घायल जुग्गीलाल को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया जहां उपचार के दौरान उनकी मौत हो गयी। घटना की सूचना परिजनों को होने पर परिवार में कोहराम मच गया। रेलवे सुरक्षा बल पोस्ट प्रभारी निरीक्षक श्यामराज ने कहा सूचना पर तत्काल उप निरीक्षक को घटना स्थल पर भेज कर घायल को सीएचसी पहुंचाया गया लेकिन उसे बचाया नहीं जा सका।

एबीवीपी ने अभियान में दिलाई सदस्यता

गोंडा : अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद देश का नहीं अपितु विश्व का सबसे बड़ा छात्र संगठन है। सोमवार को जनपद के सालपुर नगर इकाई के श्री परमेश्वर दत्त इंटर कालेज समेत कई विद्यालयों में विद्यार्थियों की सदस्यता दिलाई गई। सदस्यता अभियान में प्रमुख रूप से जिला प्रमुख पवन शुक्ला, विद्यालय के प्रधानाचार्य ओम प्रकाश चौबे, जिला संगठन मंत्री हरिओम , विभाग संयोजक मुकेश सोनी , नगर मंत्री सालपुर प्रभात शुक्ल, पूर्व नगर मंत्री रवि शुक्ल, नगरमंत्री अमरेश, सूरज चतुर्वेदी , सहित कई कार्यकर्ता उपस्थित रहे। रवि शुक्ला ने बताया कि देश के लिए जीने व नेतृत्व की भावना भी विद्यार्थी परिषद सिखाता है।

गैर इरादतन हत्या के दो आरोपी गिरफ्तार

करनैलगंज, अमृत विचार : खेत में जानवरों की सुरक्षा के लिए लगाए गए तार में उतरे करंट से किशोर की मौत मामले में पुलिस ने गैर इरादतन हत्या का मुकदमा दर्ज किया था। प्रभारी निरीक्षक श्रीधर पाठक ने बताया कि एक जुलाई को कोतवाली करनैलगंज के ग्राम खजुरिया निवासी गल्लर ने मुकदमा दर्ज कराया था। जिसमें कहा गया कि उनका लड़का मुकेश (17) अपनी भैंस चराने के लिए गया था और उनके पड़ोस के लोगों ने खेत में कटीले तार लगा रखे थे। जिसमें करंट दौड़ाया गया था। करंट की चपेट में आकर मुकेश की मौत हो गई थी। मामले में पुलिस ने चार अभियुक्तों के विरुद्ध गैर इरादतन हत्या का मुकदमा दर्ज किया था। सोमवार को उपनिरीक्षक बब्बन सिंह एवं कांस्टेबल गंगेश प्रसाद ने आरोपी अनिल उर्फ अन्नू तिवारी, सुशील तिवारी निवासी ग्राम खजुरिया को गिरफ्तार कर न्यायालय भेजा गया है।

हमले में युवक बेहोश, चार पर केस

परसपुर: नगर पंचायत के राजा टोला निवासी प्रेम सिंह ने बताया कि रविवार को समय करीब साढ़े सात बजे शाम उनका बेटा विशाल सिंह राजपुर ब्रह्मचारी स्थान जा रहा था जहां पहले से घात लगाये राजवर्धन सिंह उर्फ सोनू सिंह, अजीत सिंह उर्फ तूफान,लाल जी सिंह निवासी ग्राम परसन पुरवा चरौहुंआ ने जान से मारने की धमकी देते हुए लात घूसों से उसकी पिटाई कर दी। इसी बीच अजीत सिंह उर्फ तूफान ने जान से मारने की नियत से मोटे लोहे की राड से सिर पर मार दिया। थानाध्यक्ष दिनेश सिंह ने बताया कि पीड़ित की तहरीर पर चार लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया है।

गुड़ाही बाजार में रामलीला शुरू

करनैलगंज के रामलीला भवन में रामायण गान करते श्रद्धालु। अमृत विचार

करनैलगंज, अमृत विचार : करनैलगंज की ऐतिहासिक श्रीराम लीला का मंचन नगर के मोहल्ला गुड़ाही बाजार में स्थित श्रीराम लीला भवन में प्रारंभ हो गया है। कार्यक्रम में पहले दिन रामायण गान और रामायण पूजन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। रामायण पूजन के दौरान श्री भैरवनाथ मंदिर के महंत रमाशंकर गिरि एवं गिरजा शंकर गिरी के द्वारा मंत्र उच्चारण और भगवान श्रीराम की आरती पूजन के साथ-साथ रामायण की पूजा की गई और प्रसाद का वितरण किया गया। इस दौरान रामलीला कमेटी के अध्यक्ष मोहित पाण्डेय, कामतानाथ वर्मा, रामजीलाल मोदनवाल, श्री भगवान साह, किसनु सिंह, नीरज जायसवाल, कन्हैयालाल वर्मा, अरुण कुमार वैश्य, अनोखेलाल मोदनवाल, चंद्र कुमार शुक्ल चंदा, शिवकुमार बाथम, घनश्याम तिवारी सहित भारी संख्या में श्रद्धालुओं ने हिस्सा लिया।

ऑपरेशन एनबीडब्लू: अभियान में 112 वारंटी किए गए गिरफ्तार

गोंडा, अमृत विचार: पुलिस अधीक्षक विनीत जायसवाल के निर्देशन में एनबीडब्लू अभियुक्तों की गिरफ्तारी के विशेष अभियान के तहत पुलिस ने अपने विशेष अभियान के तहत गैर जमानती वारंट के 112 वारंटी को गिरफ्तार किया है। यह सभी आरोपी न्यायालय से वारंट जारी होने के बावजूद फरार चल रहे थे और कोर्ट में हाजिर नहीं हो रहे थे। सोमवार को थाना कोतवाली नगर से 15, कोतवाली देहात से 13, खरगूपुर से 17, इटियाथोक से 07, मोतीगंज से 02, छपिया से 06, खोड़ारे से 01, मनकापुर से 05, तरबगंज से 03, नवाबगंज से 09, वजीरगंज से 02, परसपुर से 02, उमरीबेगमगंज से 07, करनैलगंज से 10, कटराबाजार से 06, कौडिया से 07 वारंटियों को गिरफ्तार कर न्यायालय रवाना किया गया।

एक नजर

जिलास्तरीय शांति समिति की बैठक 27 को

बहराइच। जिलास्तरीय शांति समिति की बैठक 27 सितंबर को कलेक्ट्रेट सभागार में होगी। दुर्गापूजा (नवरात्र पर्व) विजयादशमी (दशहरा) तथा मां दुर्गा की प्रतिमाओं का विसर्जन शान्तिपूर्ण ढंग से सौहार्दपूर्ण वातावरण में सकुशल सम्पन्न कराये जाने के उद्देश्य से 27 सितम्बर को अपरान्ह 04:30 बजे कलेक्ट्रेट सभागार में जिला मजिस्ट्रेट मोनिका रानी की अध्यक्षता में जिला स्तरीय शान्ति समिति की बैठक आयोजित की गयी है।

पुलिस ने वारंटी को गिरफ्तार कर भेजा जेल

नवाबगंज, बहराइच, अमृत विचार। पुलिस अधीक्षक वृन्दा शुक्ला द्वारा अपराध व अपराधियों के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण पवित्र मोहन त्रिपाठी व क्षेत्राधिकारी नानपारा प्रदुम्न कुमार सिंह के कुशल निर्देशन में प्रभारी निरीक्षक शीला यादव की अगुवाई में वारंटी को गिरफ्तार कर जेल भेजा है। थानाध्यक्ष ने बताया कि उप निरीक्षक रणजीत यादव, हेड कांस्टेबल इन्द्रजीत यादव, राकेश यादव, अमित मद्देशिया की टीम ने उदयवीर वर्मा निवासी ग्राम जमदान थाना नवाबगंज को गिरफ्तार किया है।

तालाब आवंटन शिविर आज

बहराइच। तहसील मोतीपुर अन्तर्गत मछुआ समुदाय व अनुसूचित जाति/जनजाति के व्यक्तियों के मध्य नीलामी पद्धति से तालाबों का दस वर्षीय पट्टा आवंटन 24 अक्टूबर को तहसील मिहींपुरवा (मोतीपुर) स्थित तहसीलदार के न्यायालय कक्ष में पूर्वान्ह 11 बजे से शिविर का आयोजित किया गया है। उप जिलाधिकारी मोतीपुर संजय कुमार ने बताया कि तहसीलदार को नीलाम अधिकारी नामित किया गया है। नीलामी में प्रतिभाग करने हेतु इच्छुक व्यक्ति तहसील स्थित भूलेख कार्यालय में राजस्व निरीक्षक से सम्पर्क कर विस्तृत जानकारी प्राप्त कर सकते हैं।

हादसे में युवक की मौत

बहराइच, अमृत विचार। विशेश्वरगंज थाना क्षेत्र के ग्राम पंचायत कांधमारी गांव निवासी शिवानंद (35) पुत्र हरि प्रसाद की मित्रता श्रावस्ती जिले के इकौना थाना क्षेत्र कटरा बाजार निवासी अनिल कुमार के यहां है। अनिल के साथ शिवानंद दो दिन पूर्व लखनऊ गया था। इसके बाद मित्र के घर पहुंच गया। रविवार सुबह वह हादसे में घायल हो गया। घायल को मेडिकल कॉलेज बहराइच में भर्ती कराया गया। यहां रात में इलाज के दौरान मौत हो गई। अस्पताल प्रशासन की सूचना पर पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

जागरूकता कार्यक्रम 26 को

बहराइच। ग्रामीण क्षेत्रों में बढ़ती बेरोजगारी के समाधान तथा ग्रामीण अंचलों के शिक्षित युवक-युवतियों एवं परम्परागत कारीगरों के शहरों की ओर पलायन को रोकने हेतु गांव में ही अधिक से अधिक रोजगार के अवसर उपलब्ध कराये जाने के उद्देश्य से खादी तथा ग्रामोद्योग बोर्ड द्वारा जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। चित्तौरा में 26 सितम्बर को खादी तथा ग्रामोद्योग बोर्ड द्वारा जागरूकता कार्यक्रम आयोजित होगा। जिला ग्रामोद्योग अधिकारी भूमिका चावला ने बताया कि कार्यक्रम में प्रतिभाग करने हेतु इच्छुक शिक्षित बेरोजगार व परम्परागत कारीगर विभागीय वेबसाइट यूपीकेवीआईबी डाट जीओवी डाट इन आनलाइन रजिस्ट्रेशन अथवा जिला ग्रामोद्योग कार्यालय के माध्यम से आफलाइन आवेदन कर सकते हैं।

जाम ने लगाया वाहनों की रफ्तार पर ब्रेक

संवाददाता, बहराइच

अमृत विचार। शहर में सोमवार को जाम की समस्या लोगों के लिए नासूर बन गई है। जाम के चलते वाहनों की रफ्तार पर ब्रेक लग गया। लोग गली-कूचे से निकलने को विवश दिखे। जाम के चलते एक किलोमीटर तक वाहनों की कतार लग गई।

शहर क्षेत्र में लाख प्रयास के बाद भी जाम की समस्या से निजात नहीं मिल पा रही है। विभिन्न मार्गों पर चल रहे ई-रिक्शा भी जाम का कारण बन रहे हैं। लेकिन बेतरतीब चल रहे ई-रिक्शा पर सहायक संभागीय परिवहन कार्यालय की ओर से कोई कार्रवाई नहीं की जा रही है। सोमवार को भी यही हाल देखने को मिला। शहर के इंदिरा गांधी स्पोर्ट्स स्टेडियम से लेकर डिगिहा तिराहे तक जाम लगा रहा। इसी तरह अस्पताल चौराहा से छोटी बाजार में जाम लगी रही। जाम के चलते चार पहिया वाहन जहां के तहां खड़े रहे। जाम में फंसे वाहन रेंगते दिखे। जाम ने शहर की रफ्तार पर पूरी तरह से ब्रेक लगा दिया। अस्पताल चौराहा पर स्थित ट्रैफिक पुलिस भी असहाय दिखी। घंटों बाद लोगों को जाम की समस्या से निजात मिल सकी। हालांकि रह रह कर जाम की स्थिति से शहर के लोग पूरी तरह परेशान दिखे।

छोटी बाजार मार्ग पर जाम में फंसे वाहन। अमृत विचार

नंबर से ऑटो संचालन कागजों तक ही सीमित

जाम की समस्या से निजात के लिए नगर मजिस्ट्रेट, ईओ और एआरटीओ ने छह माह पूर्व नियम बनाया था। जिसमें आटो और ई रिक्शा संचालन के लिए नंबर देने की बात कही थी। साथ ही सभी को अपने निर्धारित रूट पर ही वाहन चलाने के निर्देश थे। लेकिन यह सब कागजों तक ही सीमित रह गया है।

चलाएंगे अभियान

शहर क्षेत्र में बिना रजिस्ट्रेशन के ई-रिक्शा संचालित नहीं हो सकते हैं। इसके लिए अभियान चलाया जाएगा। सिटी मजिस्ट्रेट शालिनी प्रभाकर ने बताया कि जाम लगने की समस्या है। इस पर अंकुश के लिए ईओ और एआरटीओ से वार्ता की जायेगी।

पूर्ति निरीक्षक ने शुरू की मामले की जांच

संवाददाता, बहराइच

अमृत विचार। जिले के ग्राम पंचायत कठौतिया के लोगों से ग्राम प्रधान और कोटेदार पर अंत्योदय कार्डधारकों से दुर्गा पूजा के नाम पर 500-500 रुपये वसूली का आरोप लगाया है। इस खबर का प्रकाशन अमृत विचार ने सोमवार को प्रमुखता से किया। खबर का संज्ञान लेते हुए जिला पूर्ति अधिकारी ने पूर्ति निरीक्षक को जांच के लिए गांव भेजा।

विकास खंड मिहीपुरवा अंतर्गत ग्राम पंचायत कठौतिया के गांव के अंत्योदय और पात्र गृहस्थी कार्ड धारकों ने डीएम मोनिका रानी को शिकायती पत्र भेजा है। गांव निवासी सीता राम, लक्ष्मी, मंजेश, राजेश, राज नारायन, प्रमोद कुमार और लक्ष्मी ने हस्ताक्षरित पत्र भेजा। सभी का कहना है कि वह सभी अंत्योदय कार्ड धारक हैं। उनसे खाद्यान्न लेने जाने पर कोटेदार और प्रधान 500 रुपये चंदा मांग रहे हैं। चंदा दुर्गा पूजा के नाम पर लिया जा रहा है। विरोध करने पर बिना खाद्यान्न दिए वापस भेजा जा रहा है। इसकी शिकायत अधिकारियों से की तो कोई सुनवाई नहीं हुई। इस खबर का प्रकाशन अमृत विचार ने सोमवार के अंक में किया। खबर का संज्ञान लेकर जिला पूर्ति अधिकारी नरेंद्र तिवारी ने पूर्ति निरीक्षक रंजीत कुमार को जांच के लिए भेजा। पूर्ति निरीक्षक ने गांव पहुंचकर जांच की। इसी दौरान ग्राम प्रधान प्रतिनिधि और उनके गुर्गों ने एक शिकायतकर्ता को भी बंधक बना लिया। जिला पूर्ति अधिकारी नरेंद्र तिवारी ने बताया कि जांच के बाद सख्त कार्रवाई होगी। ग्राम प्रधान पर कार्रवाई के लिए डीपीआरओ से वार्ता की जा रही है।

खबर का असर

▸▸ ग्राम प्रधान ने शिकायतकर्ता को बनाया बंधक

अंत्योदय कार्डधारकों से दुर्गा पूजा के लिए चल रही वसूली

संवाददाता, बहराइच

अमृत विचार। जिले के ग्राम पंचायत कठौतिया के लोगों ने जिलाधिकारी को शिकायती पत्र भेजकर ग्राम प्रधान और कोटेदार पर अंत्योदय कार्डधारकों से दुर्गा पूजा के नाम पर 500/500 रुपये वसूली का आरोप लगाया है। इतना ही नहीं ग्रामीणों और ग्राम प्रधान तथा कोटेदार के बीच बवाल का वीडियो भी वायरल हो रहा है। विकास खंड मिहीपुरवा अंतर्गत ग्राम पंचायत कठौतिया के गांव के अंत्योदय और पात्र गृहस्थी कार्ड धारकों ने डीएम मोनिका रानी को शिकायती पत्र भेजा है। गांव निवासी सीता राम, लक्ष्मी, मंजेश, राजेश, राज नारायन, प्रमोद कुमार और लक्ष्मी ने हस्ताक्षरित पत्र भेजा है। सभी का कहना है कि वह सभी अंत्योदय कार्ड धारक हैं। उनसे खाद्यान्न लेने जाने पर कोटेदार और प्रधान 500 रुपये चंदा मांग रहे हैं। चंदा दुर्गा पूजा के नाम पर लिया जा रहा है। विरोध करने पर बिना खाद्यान्न दिए वापस भेजा जा रहा है। इसकी शिकायत अधिकारियों से की तो कोई सुनवाई नहीं हुई। ऐसे में मामले की जांच कर कार्यवाई की जाए। उधर ग्रामीणों के साथ ग्राम प्रधान और कोटेदार से बवाल का वीडियो भी सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है।

अमृत विचार में प्रकाशित खबर।

सियार ने युवक पर किया हमला ग्रामीणों ने पीटकर मार डाला

कोटवा गांव की घटना, खेत की रखवाली करने गया था

नानपारा, बहराइच

अमृत विचार। जिले के कोटवा गांव निवासी एक युवक पर सियार ने हमला कर दिया। इसकी जानकारी होने पर काफी संख्या में एकत्रित हुए लोगों ने सियार को पीट पीट कर मार डाला।

बहराइच वन प्रभाग से सटे गांवों में भेड़िया के बाद अब सियार भी हमला करने लगे हैं। सोमवार को खेत की रखवाली के लिए गए नानपारा कोतवाली क्षेत्र के कोटवा गांव निवासी सोनू (18) पर सियार ने हमला कर दिया। सोनू के शोर मचाने पर काफी संख्या में लोग एकत्रित हुए। सभी ने सियार को घेरकर ताबड़तोड़ वार किया। लाठियों से पिटाई के चलते सियार की मौत हो गई। इसकी जानकारी गांव के लोगों ने वन विभाग को दी। वन कर्मियों ने मौके पर पहुंच कर जांच की। डीएफओ अजीत कुमार सिंह ने बताया कि मामले की जांच करवाई जायेगी। जंगली जीव पर हमले कर मार डालना गलत है।

कलेक्ट्रेट में प्रदर्शन करते चौखड़िया गांव के लोग। अमृत विचार

बंदरों के हमले से परेशान लोगों ने किया प्रदर्शन

बहराइच, अमृत विचार। कोतवाली देहात क्षेत्र के चौखड़िया गांव के दर्जनों ग्रामीण सोमवार को डीएम कार्यालय पहुंचे। सभी ने बंदरों के हमले से बचाव के लिए प्रदर्शन किया। इसके बाद डीएम को ज्ञापन सौंपा। बहराइच वन प्रभाग के चौखड़िया गांव में बंदरों का काफी आतंक है। बंदर झुंड में हमला कर रहे हैं। इसकी शिकायत के बाद भी वन विभाग द्वारा बंदरों को पकड़वाया नहीं जा रहा है। इससे परेशान ग्रामीण सोमवार को डीएम कार्यालय पहुंचे। सभी ने प्रदर्शन कर बंदर पकड़वाने की मांग की। गांव निवासी पूर्व ग्राम प्रधान कैलाशनाथ ने बताया कि बंदरों के हमले में दर्जनों लोग घायल हो चुके हैं। ऐसे में वन विभाग बंदरों को पकड़वाये। इस दौरान रक्षाराम चौधरी, अमरेश कुमार, पंचमलाल, ध्रुव कुमार, राधेश्याम, संजय समेत अन्य मौजूद रहे।

गृह मंत्री से डीपीआर स्वीकृत कराने की सांसद ने की मांग

दिल्ली में गृह मंत्री से मुलाकात करते सांसद। अमृत विचार

संवाददाता, बहराइच

अमृत विचार। बहराइच सांसद ने इंडो नेपाल बॉर्डर पर चल रहे निर्माण कार्य के अधूरे काम की डीपीआर पूरा करने और जल्द से जल्द जनता के हित में काम पूरा करवाए जाने की मांग गृह मंत्री से की। इस पर गृह मंत्री ने सांसद को जल्द कार्य पूरा करवाने का आश्वासन दिया है।

बहराइच के सांसद डॉक्टर आनंद कुमार गोंड ने नई दिल्ली में गृहमंत्री अमित शाह से मुलाकात की। उन्होंने कहा कि संसदीय क्षेत्र बहराइच, श्रावस्ती महत्वाकांक्षी जिले में सम्मिलित हैं। इसमें केंद्र और उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा विकास के लिए विशेष प्रयास किये जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि भारत-नेपाल सीमा की निगरानी के लिए बॉर्डर पर सशस्त्र सीमा बल को गृह मंत्रालय की ओर से तैनात किया गया है। पेट्रोलिंग के लिए प्रथम चरण में स्वीकृत इंडो-नेपाल बॉर्डर मार्ग के निर्माण कार्य पूरा हो गया है, लेकिन शेष बचे कार्य का डीपीआर न बनने से कार्य को स्वीकृति नहीं मिली है। इसके चलते कतर्निया घाट और सोहेलवा वन्य जीव प्रभाग के मध्य आने-जाने वाले लोगों के लिए सही मार्ग नहीं है। ऐसे में 95 किलोमीटर लंबाई के शेष बचे कार्य की डीपीआर स्वीकृत करें, जिससे कि निर्माण पूरा हो सके। इस पर गृहमंत्री ने कार्रवाई का आश्वासन दिया है।

सार-संक्षेप

एमएलसी से मिला अधिवक्ताओं का प्रतिनिधिमंडल

विधान परिषद सदस्य को ज्ञापन देते अधिवक्ता। अमृत विचार

कैसरगंज, बहराइच, अमृत विचार। कैसरगंज तहसील के वकीलों ने सोमवार को भाजपा एमएलसी से मुलाकात कर ज्ञापन दिया। एसडीएम के कार्य व्यवहार से वकीलों ने अवगत कराया। अधिवक्ता संघ कैसरगंज का प्रतिनिधिमंडल भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष एवं सदस्य विधान परिषद पदम सेन चौधरी से उनके आवास पर मिला। सभी ने उप जिलाधिकारी द्वारा अधिवक्ताओं व जनता के प्रति अमर्यादित भाषा एवं दुर्व्यवहार पूर्ण आचरण का आरोप लगाते हुए उक्त प्रकरण के निस्तारण के लिए पत्र सौपा। एमएलसी श्री चौधरी ने तत्काल जिला अधिकारी कार्यालय पहुंचकर उक्त प्रकरण पर चर्चा की। जिलाधिकारी ने प्रकरण के निस्तारण का पूर्ण आश्वासन दिया।इस अवसर पर संघ के पूर्व अध्यक्ष गंगाधर मिश्रा वेद प्रकाश सिंह विजय प्रताप सिंह महामंत्री ज्ञान बाबू वर्मा मनोज कुमार सिंह मनोज मिश्रा रमेश वर्मा आदि अधिवक्ता उपस्थित रहे।

वन विभाग ने चलाया स्वच्छता अभियान

मरीमाता मंदिर तट पर आरती करते डीएफओ।

बहराइच, अमृत विचार। बहराइच वन प्रभाग की ओर से स्वच्छता अभियान चलाया गया। वन कर्मियों ने शहर के सरयू नदी तट पर स्थित परिसर की साफ सफाई कर स्वच्छता का संदेश दिया। शासन के निर्देश पर 2 अक्टूबर तक संचालित हो रहे विशेष सफाई अभियान के क्रम में जिलाधिकारी मोनिका रानी के नेतृत्व में वन प्रभाग के तत्वावधान में चलाये गये स्वच्छता ही सेवा अभियान अन्तर्गत मरी माता मन्दिर परिसर में स्वच्छता अभियान संचालित किया गया। कार्यक्रम के दौरान परिसर की स्वच्छता, सरयू घाट की साफ-सफाई, सरयू स्वच्छता शपथ का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मन्दिर परिसर एवं सरयू घाट की सफाई की गयी। इसके उपरान्त सरयू आरती का भी आयोजन किया गया। इसमें वन विभाग के साथ ही आमजनमानस ने भी सहयोग प्रदान किया। कार्यक्रम के अन्त में सरयू स्वच्छता की शपथ भी दिलायी गयी। सफाई अभियान में प्रभागीय वनाधिकारी अजीत प्रताप सिंह, वन विभाग के कर्मचारी एवं स्थानीय नागरिक मौजूद रहे।

एकमुश्त समाधान योजना हुई लागू

बहराइच, अमृत विचार। उत्तर प्रदेश अनुसूचित जाति वित्त एवं विकास निगम लिमिटेड द्वारा ऋण लाभार्थियों के हित के दृष्टिगत ऋण वसूली के लिए एक मुश्त समाधान योजना लागू की गयी है। यह योजना 1 मार्च से 31 मार्च 2025 तक प्रभावी रहेगी। योजना अवधि में ऋण बकायेदारों को पूरी धनराशि एकमुश्त जमा करने पर दण्ड ब्याज व चक्रवृद्धि ब्याज़ की पूरी धनराशि माफ कर दी जायेगी। बकायेदारों से केवल ऋण अवधि (36/60 माह, जो भी लागू हो) का ही साधारण ब्याज लेकर उन्हें ऋण मुक्ति प्रमाण पत्र निर्गत कर दिया जाएगा। एकमुश्त समाधान योजना का लाभ प्राप्त करने हेतु ऋण बकायेदार सम्बन्धित विकास खण्ड के बीडीओ, ग्राम विकास अधिकारी, सहायक विकास अधिकारी अथवा जनपद स्तर पर जिला समाज कल्याण अधिकारी (विकास) पदेन जिला प्रबन्धक/सहायक प्रबन्धक, अनुसूचित जाति वित्त एवं विकास निगम लिमिटेड बहराइच अथवा अधिक जानकारी के लिए मोबाइल नंबर 9151519090 व 9721576164 पर सम्पर्क किया जा सकता है।

नव भारत साक्षरता परीक्षा का हुआ आयोजन

नवाबगंज, बहराइच, अमृत विचार। बीईओ राधेश्याम वर्मा के दिशा निर्देश में नव भारत साक्षरता परीक्षा का आयोजन प्राविं नवाबगंज प्रथम में आयोजित किया गया। परीक्षा केन्द्राध्यक्ष सालमा बेगम प्रधानाध्यापिका के निर्देशन में हुई। परीक्षा में 23 प्रतिभागियों ने प्रतिभाग किया। कक्ष निरीक्षक के रूप में संतोष कुमार यादव ने परीक्षा सम्पन करायी। इस दौरान तीर्थ राम वर्मा, अरफात खां, मोहम्मद अहमद, मंसूर अहमद, रामचंद्र, अखिलेश यादव, समी अहमद, विजय, फात्मा तबस्सुम आदि शिक्षक मौजूद रहे।

श्री रामजानकी इण्टर कालेज में रोजगार मेला 27 को

बहराइच, अमृत विचार। जिला सेवायोजन कार्यालय के तत्वावधान में रूपईडीहा स्थित श्री रामजानकी इण्टर कालेज में 27 सितम्बर को पूर्वान्ह 11 बजे से एक दिवसीय रोज़गार मेले का आयोजन किया जाएगा। जिला सेवायोजन अधिकारी संजय कुमार ने बताया कि रोजगार संगम पोर्टल पर पंजीकृत उत्तर प्रदेश कौशल विकास मिशन व आईटीआई प्रशिक्षित अभ्यर्थी वृहद रोज़गार मेले में प्रतिभाग कर सकते है। अभ्यर्थियों को अपने साथ बॉयोडाटा सहित शैक्षिक योग्यता के अंकपत्र, प्रमाण पत्र, आधार कार्ड मूलरूप में एवं उनकी छायाप्रति तथा दो पासपोर्ट साइज फोटो लाना होगा।

विकसित भारत की संकल्पना का केन्द्र है आयुष्मान योजना

कैसरगंज, बहराइच

अमृत विचार। आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री जन-आरोग्य योजना' के छह साल पूरे होने पर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कैसरगंज में जन आरोग्य स्वास्थ्य मेले का आयोजन किया गया। उद्घाटन पूर्व कैबिनेट मंत्री मुकुट बिहारी वर्मा ने फीता काटकर किया।

पूर्व मंत्री श्री वर्मा ने कहा कि किसी भी राष्ट्र का स्वास्थ्य उसकी समृद्धि की नींव है। स्वस्थ जनता देश के विकास, उत्पादकता और नवाचार में योगदान करने में सक्षम होती है। आयुष्मान भारत इस स्वस्थ, मजबूत और विकसित भारत की संकल्पना का केंद्र है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की महत्वाकांक्षी योजना आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री जन-आरोग्य योजना की छठी वर्षगांठ गर्व का क्षण है। सितंबर 2008 में शुरू यह योजना आज विश्व की सबसे बड़ी स्वास्थ्य सुरक्षा योजना में से एक है। यह सभी नागरिकों, विशेष रूप से सबसे कमजोर लोगों के लिए समान स्वास्थ्य देखभाल पहुंच प्रदान करने की इस सरकार की प्रतिबद्धता का प्रतिनिधित्व करता है। सम्बोधन के पश्चात उन्होंने स्वास्थ्य मेले का अवलोकन किया तथा बनाये जा रहे गोल्डेन कार्ड की सीएचसी अधीक्षक डा.एनके सिंह से जानकारी भी ली। उन्होने मेले में अपने ब्लडप्रेशर व शुगर की जांच भी कराई। इस मौके पर गौरव वर्मा,ब्लॉक प्रमुख संदीप सिंह विसेन, डॉ. वीके सिंह, डॉ. वीडी वर्मा, डॉ. अरविंद सिंह, मंडल अध्यक्ष शिवसहाय सिंह, शिवानंद सिंह, बुद्धिसागर गुप्ता, संजय राव, डॉ. योगेश सिंह, विवेक शर्मा सहित बड़ी संख्या में लोग मौजूद रहे।

अमन चुने गये कांवड़िया संघ के अध्यक्ष

संवाददाता, बहराइच

अमृत विचार। श्री सिद्धनाथ बाबा कांवड़िया संघ की बैठक उपाध्यक्ष अक्षांश गुप्ता के आवास पर हुई। बैठक में संघ को नई ऊर्जा व नई दिशा प्रदान करने के लिए अमन रस्तोगी 'सानू' को सर्वसम्मति से अध्यक्ष चुना गया।

बैठक में उपस्थित पदाधिकारियों द्वारा संघ के द्वारा आयोजित कार्यक्रमों व आय-व्यय का ब्योरा प्रस्तुत किया गया। साथ ही संघ के निवर्तमान अध्यक्ष देवेन्द्र गुप्ता द्वारा नये अध्यक्ष के चयन का प्रस्ताव रखा गया, जिस पर बैठक में उपस्थित पदाधिकारियों व सदस्यों द्वारा सर्वसम्मति से अमन रस्तोगी 'सानू' को अध्यक्ष चुना गया। नवनियुक्त अध्यक्ष रस्तोगी ने पदभार ग्रहण करने के साथ ही अगली बैठक शीघ्र आहूत कर अन्य पदाधिकारियों के चयन की बात कही।

बैठक में प्रस्ताव रखा गया कि कांवड़िया संघ द्वारा प्रति वर्ष आयोजित होने वाले कांवर यात्रा के साथ ही समाज सेवा व धार्मिक कार्यों में संघ की सहभागिता बढ़ाई जाये, जिससे संघ के प्रति लोगों का और अधिक जुड़ाव हो एवं लोग समाजसेवा के प्रति जागरूक हों। बैठक मे श्री सिद्धनाथ बाबा कांवड़िया संघ के निवर्तमान अध्यक्ष देवेन्द्र गुप्ता, संयोजक रवि प्रकाश गुप्ता, सह-कोषाध्यक्ष संदीप गांधी, महामंत्री नीरज गुप्ता, उपाध्यक्ष अक्षांश गुप्ता, अभिषेक गुप्ता, श्रेजन गुप्ता, सुमित चौधरी, सुधांशु गुप्ता, आयुष सिंह, अभिषेक सोनी, सुमित, उत्कर्ष, रवि कश्यप, सुनील गुप्ता, शुभम श्रीवास्तव आदि मौजूद रहे।

चुनाव के दौरान मौजूद पदाधिकारी। अमृत विचार

एएसपी से मिले अपराध निरोधक समिति के सदस्य

संवाददाता, रुपईडीहा, बहराइच

अमृत विचार। अपराध निरोधक समिति की टीम ने जिला उपाध्यक्ष शेर सिंह कशौधन एवं जिला सचिव/जेल विजिटर केशव कुमार मौर्य के नेतृत्व में अपर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण पवित्र मोहन त्रिपाठी से मुलाकात कर समिति से प्रकाशित होने वाली पुस्तिका सेवा पथ भेंट कर उन्हें सम्मानित किया।

जिला उपाध्यक्ष शेर सिंह कशौधन ने बताया कि अपर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण से पुलिस लाइन के ऑडिटोरियम में समिति के लोगों को अपराध की रोकथाम और नशामुक्ति अभियान से सबंधित कानून के बारे में जागरूक करने के लिए प्रशिक्षण कराने के लिए आग्रह किया गया है। इसके बारे में उन्होंने आश्वस्त किया कि पुलिस अधीक्षक से बात करके आगामी दिनों में प्रशिक्षण शिविर आयोजित कराया जाएगा। इस अवसर पर समिति के विकास खंड नवाबगंज के प्रवक्ता संजय गुप्ता, विकास खंड नवाबगंज के संरक्षक/संयोजक रमेश कुमार सिंह, नगर पंचायत रूपईडीहा के उपाध्यक्ष इरशाद हुसैन आदि मौजूद रहे।

श्रीमद्भागवत कथा में कृष्ण जन्म पर झूम उठे श्रद्धालु

बहराइच, अमृत विचार। श्री पंच दशनाम जूना अखाड़ा के राष्ट्रीय अध्यक्ष सभापति प्रेम गिरी महाराज के आशीर्वाद से शहर के श्री सिद्धनाथ धाम मठ मंदिर परिसर में चल रही श्रीमद् भागवत कथा में सोमवार देर शाम को श्रीकृष्ण का जन्मोत्सव धूमधाम से मनाया गया। कथा के दौरान जैसे प्रभु का जन्म हुआ तो पूरा पंडाल नंद के आनंद भयो जय कन्हैया लाल की के जयकारों से गूंज उठा। इस दौरान लोग नाचने लगे।

भागवत कथा सुनाते कथा व्यास।

बैठक डीएम ने जलभराव वाले स्थानों पर विशेष सफाई अभियान चलानेके दिये निर्देश

कटानरोधी कार्य के लिए प्रस्ताव बनाकर शासन को भेजें : डीएम

संवाददाता, बहराइच

अमृत विचार। पिछले दिनों हुई भारी वर्षा के कारण नदियों के जल स्तर में हुई बढ़ोतरी से जनपद में बाढ़ जैसे हालात बन गए। इससे नदियों ने जमीन का कटान करना शुरू कर दिया है। इसको देखते डीएम ने कटानरोधी कार्य का प्रस्ताव बनाकर शासन को भेजने के निर्देश दिए हैं।

कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित बैठक के दौरान जिलाधिकारी मोनिका रानी ने राजस्व, चिकित्सा एवं स्वास्थ्य, पशुपालन, पंचायती राज, सिंचाई, लोक निर्माण, कृषि, खाद्य एवं रसद विभागों की कार्यवाही की समीक्षा करते हुए निर्देश दिया कि आपदा प्रभावित लोगों को हर संभव राहत पहुंचायी जाए। डीएम ने मुख्य चिकित्साधिकारी को निर्देश दिया कि प्रभावित तहसीलों से समन्वय कर खाद्यान्न किट के साथ मेडिकल किट व डिगनिटीकिट का वितरण किया जाए। डीएम ने जिला पंचायत राज विभाग को निर्देश दिया कि जल भराव वाले क्षेत्रों में सफाई अभियान संचालित कर फएँगिंग के साथ-साथ एंटीलार्वा का छिड़काव भी करा दिया जाए ताकि संक्रामक रोगों की संभावना न रहे। उन्होंने निर्देश दिया कि प्रभावित क्षेत्रों में क्षतिग्रस्त हुई परिसम्पत्तियों का आंकलन कर रिपोर्ट लोक निर्माण विभाग को उपलब्ध करा दी जाए ताकि प्रभावित क्षेत्रों की क्षतिग्रस्त सड़कों की मरम्मत करायी जा सके। डीएम ने तहसीलों से खाद्यान्न किट वितरण, अहेतुक सहायता, कृषि निवेश अनुदान, नावों के भुगतान इत्यादि के सम्बन्ध में जानकारी प्राप्त की। उन्होंने अधीक्षण अभियंता बाढ़ खण्ड को निर्देश दिया कि सर्वे कराकर कटानरोधी कार्य का प्रस्ताव तैयार कर शासन को भिजवाएं। राजस्व कार्यों की समीक्षा के दौरान निर्देश दिया गया कि भूमि आवंटन कार्य को एक सप्ताह में पूर्ण कर लें। इस अवसर पर एडीएम गौरव रंजन श्रीवास्तव, सीआरओ देवेन्द्र पाल सिंह, सीएमओ डॉ. संजय शर्मा, एसडीएम सदर राकेश कुमार मौर्या, पयागपुर के दिनेश कुमार, महसी के अखिलेश कुमार सिंह, नानपारा के अश्वनी पाण्डेय, कैसरगंज के आलोक प्रसाद आईएएस, मोतीपुर के संजय कुमार आदि मौजूद थे।

कलेक्ट्रेट में आयोजित बैठक को संबोधित करतीं डीएम मोनिका रानी। अमृत विचार

युवक पर धारदार हथियार से हमला, केस दर्ज

बहराइच, अमृत विचार। कोतवाली देहात के सरस्वती नगर निवासी यश सिंह पर कुछ लोगों ने हमला कर घायल कर दिया। कोतवाली में तहरीर देकर यश का कहना है कि रात 10 बजे के आसपास कुछ वाहन उसके घर के सामने रुके। इसके बाद वाहन से उतरकर शिवाकांत मिश्रा, अनुज सिंह, गौरव मिश्रा सारिम नादाब ने उस पर धारदार हथियार से हमला कर दिया। जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। उसका कहना है कि घर में घुसकर 15 से 20 लोगों ने हमला किया है। परिवार के लोगों ने घायल को जिला अस्पताल में भर्ती कराया। प्रभारी निरीक्षक परमानंद तिवारी ने बताया कि आठ लोगों के खिलाफ केस दर्जकर उनकी तलाश की जा रही है।

पोल्ट्री फार्म संचालक पर जानलेवा हमला

संवाददाता, बहराइच

अमृत विचार। जिले के सिंहपुर गांव निवासी पोल्ट्री फार्म संचालक पर रविवार को कुछ लोगों ने जानलेवा हमला कर दिया। उसे गंभीर हालत में जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। घायल ने चुनावी रंजिश में ग्राम प्रधान पर हमला करवाने का आरोप लगाया है।

हुजूरपुर थाना क्षेत्र के ग्राम सिंहपुर निवासी ज्ञानेंद्र कुमार सिंह (32) पोल्ट्री फार्म संचालक हैं। रविवार को घर के निकट उन पर 10 की संख्या में पहुंचे लोगों ने रॉड और अन्य धारदार हथियार से हमला कर दिया। जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गए। इसके बाद दबंग मौके से फरार हो गए। घायल को आसपास के लोगों की मदद से जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया। जिला अस्पताल में भर्ती घायल ज्ञानेंद्र कुमार सिंह ने बताया कि उस पर चुनावी रंजिश में हमला किया गया है। उसने बताया कि वह प्रधान का चुनाव लड़ा था। जिसमें उसे 82 मतों से हार मिली थी। दोबारा चुनाव न लड़े, इसके लिए ग्राम प्रधान द्वारा हमला करवाया किया गया है। थानाध्यक्ष अनिल कुमार से बात करने के लिए फोन लगाया गया, लेकिन उनका सीयूजी नंबर नहीं लगा।

एक नजर

कांग्रेस को अपने खराब दिनों में आती है अनुसूचित वर्ग की याद : मायावती

अमृत विचार, लखनऊ : बहुजन समाज पार्टी की प्रमुख मायावती ने कहा कि कांग्रेस को अपने खराब दिनों में अनुसूचित वर्ग की याद आती है। आरक्षित वर्ग के लोगों को इन आरक्षण विरोधी दलों से सचेत रहने की जरूरत है। सोशल मीडिया 'एक्स' के जरिये उन्होंने कहा कि देश में अभी तक के हुए राजनीतिक घटनाक्रमों से यह साबित होता है कि कांग्रेस व अन्य जातिवादी पार्टियों को कुछ समय के लिए अनुसूचित वर्ग के नेताओं को मुख्यमंत्री या संगठन में प्रमुख पदों पर रखने की याद आती है, जबकि अच्छे दिनों में इन्हें दरकिनार कर देती हैं।

नीट यूजी : दूसरे चरण में 2691 सीटों के लिए काउंसिलिंग

अमृत विचार, लखनऊ : नीट यूजी में दूसरे चरण की काउंसिलिंग कुल 109 कॉलेजों की एमबीबीएस व बीडीएस की 2691 सीटों के लिए हो रही है। काउंसिलिंग में एमबीबीएस में दाखिला लेने के लिए 84 मैंडिकल कॉलेज और 25 डेंटल कॉलेजों में अभ्यर्थी प्राथमिकताएं दे सकते हैं। चिकित्सा शिक्षा महानिदेशक किंजल सिंह द्वारा सोमवार को राज्य में कॉलेजवार सीट व्यौरा वेबसाइट पर उपलब्ध करा दिया गया है। उन्होंने बताया कि इन सीटों में 2210 सीटें अनारक्षित हैं, जबकि ओबीसी 197, एससी में 180, एसटी की 22, ईडब्लूएच की 82 सीटें शामिल हैं।

आयुष कॉलेजों में दाखिले के लिए काउंसिलिंग 25 से

अमृत विचार, लखनऊ : आयुर्वेद, होम्योपैथ व यूनानी कॉलेजों की करीब साढ़े सात हजार से ज्यादा स्नातक सीटों के लिए आयुष यूजी काउंसिलिंग 25 सितंबर को पंजीकरण के साथ शुरू होगी। 01 अक्टूबर को सीट आवंटित कर परिणाम घोषित होंगे। काउंसिलिंग में सरकारी कॉलेजों में केन्द्रीय कोटे की 15 प्रतिशत सीटों को पृथक रखा जाएगा।

हिंदू वही जो गोकशी रोके, गोरक्षा को समर्पित हो

जगद्गुरु शंकराचार्य स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती ने सिस्टम पर साधा निशाना

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- कहा, हिंदू का वोट लेकर उसके साथ धोखा किया गया
- बहुमत की सरकार ने भी गाय को राष्ट्र माता का दर्जा नहीं दिया

अमृत विचार: हिंदू वही है जो गोरक्षा करे, गोकशी रुकवाए। जगद्गुरु शंकराचार्य स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती ने सिस्टम पर निशाना साधते हुए कहा कि हिंदू से वोट लेकर उनके साथ धोखा किया गया है। यदि सत्ताधारी नीति नियंता चाहते तो अब तक गोकशी रोकने के लिए कानून बन गया होता, एक भी गाय की हत्या नहीं होती। गो हत्या रोकने के लिए सरकार को कानून बनाना होगा।

इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान में सोमवार को गो-ध्वज स्थापना भारत यात्रा कार्यक्रम में पत्रकारों से बातचीत में शंकराचार्यस्वामी ने कहा कि सरकार जब अभी तक कानून बनाने में असफल रही तो मुझे मठ से बाहर निकलना पड़ा। गो हत्या रोकने के लिए मेरी ओर से निकाली जा रही यात्रा का सबसे पहले विरोध भाजपा ने किया। उन्होंने कहा कि गो रक्षा को लेकर निकाली जा रही यात्रा 33 प्रदेशों में जाएगी। यात्रा नगालैंड भी जाएगी, अभी तक कार्यक्रम में कोई संशोधन नहीं किया है।

अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती

स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद ने कहा कि देश की जनता ने कई बार गो माता के नाम पर वोट देकर विभिन्न दलों की सरकारें बनवाईं, मगर किसी ने भी गाय की सुरक्षा के लिए कुछ नहीं किया। जब एक देश एक चुनाव को लेकर बात हो रही है तो गो माता को लेकर प्रदेशों में अलग-अलग कानून क्यों हैं।

योगी सिर्फ मुख्यमंत्री के तौर पर कर रहे हैं काम

जगतगुरु शंकराचार्य स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती ने कहा कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ अभी सिर्फ मुख्यमंत्री के तौर पर काम कर रहे हैं। गोरक्ष पीठ के अध्यक्ष की भूमिका नहीं दिखाई दे रही है। गोरक्ष पीठ के अध्यक्ष के तौर पर काम कर रहे होते तो उत्तर प्रदेश में गाय नहीं कट रहीं होतीं। उन्होंने कहा कि गो रक्षा के लिए पूरे देश में यात्रा करेंगे और गो ध्वज फहराएंगे। बताया कि रविवार को अयोध्या गए थे। वहां प्रभु श्रीराम से शक्ति मांगी ताकि गो हत्या बंद करा सकें। स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद ने कहा कि जिस दिन देश में गो हत्या बंद हो जाएगी उस दिन सोने के पात्र में गाय के दूध से अयोध्या में भगवान राम का अभिषेक करेंगे और दर्शन कर उनका आशीर्वाद लेंगे।

तिरुपति के प्रसाद से धर्म किया गया भ्रष्ट

स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती ने कहा कि तिरुपति के प्रसाद ने सनातनियों का धर्म भ्रष्ट किया है। क्योंकि उसमें जानवरों की चर्बी और मछली का तेल मिलाने की बात सामने आई थी। जिन्होंने प्रसाद ग्रहण किया है वे यदि गो माता के पंच द्रव्य का सेवन करेंगे तो पाप नष्ट हो जाएगा। सनातन धर्म रक्षा बोर्ड को लेकर उन्होंने कहा कि पवन कल्याण को बोलने का कोई अधिकार नहीं है। क्योंकि उनकी नाक के नीचे सब कुछ हो रहा था। सनातन धर्म रक्षा बोर्ड बनाने का काम पवन कल्याण का नहीं है। यह काम शंकराचार्य और महंतों का है। उन्होंने कहा कि सभी मंदिरों में बाहर से लाए जाने वाले प्रसाद को प्रतिबंधित किया जाना चाहिए। बताया कि अल्पसंख्यक नहीं कह सकते कि गो मांस खाना हमारा अधिकार है। इससे बहुसंख्यकों को तकलीफ पहुंचेगी। यदि वे ऐसा कहते हैं तो उनको शरिया और बाइबल मानने वाले देशों में चले जाना चाहिए।

सिपाही भर्ती की परीक्षा आदर्श मॉडल, अन्य बोर्ड भी अपनाएं

मुख्यमंत्री ने सभी भर्ती बोर्ड व आयोगों के अध्यक्षों को दिए निर्देश

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

योगी आदित्यनाथ

- रिक्त पदों पर भर्ती प्रक्रिया को पारदर्शी व समयबद्ध ढंग से पूरा कराने के लिए कहा

अमृत विचार: मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने विभिन्न बोर्ड व आयोगों के अध्यक्षों को निर्देश दिए हैं कि रिक्त पड़े पदों पर भर्ती प्रक्रिया को पारदर्शी व समयबद्ध ढंग से पूरा कराया जाए। उन्होंने हिदायत दी कि चिकित्सा व तकनीकी विभागों में भी स्थानीय स्तर पर बोर्ड गठित करके शीघ्र भर्ती की जाए। सभी भर्ती प्रक्रियाओं में आरक्षण के नियमों का पालन हर हाल में हो। यह भी कहा कि किसी भी विभाग की तरफ से भर्ती प्रक्रिया को लेकर पेंडेंसी न हो। योगी के मुताबिक, सिपाही भर्ती की परीक्षा आदर्श परीक्षा मॉडल है, सभी आयोग इसे अपनाएं।

मुख्यमंत्री ने सोमवार को विभिन्न पदों पर भर्ती प्रक्रियाओं के संबंध में बैठक की। इसमें उप्र. लोकसेवा आयोग के अध्यक्ष, अधीनस्थ चयन सेवा आयोग के अध्यक्ष, शिक्षा सेवा चयन आयोग की अध्यक्ष, विद्युत सेवा आयोग के अध्यक्ष, पुलिस भर्ती एवं प्रोन्नति बोर्ड के अध्यक्ष, सहकारी संस्थागत सेवा मंडल के अध्यक्ष, डीएम और एसएसपी समेत शासन के अधिकारी भी मौजूद रहे। मुख्यमंत्री को पुलिस भर्ती प्रोन्नति बोर्ड के अध्यक्ष ने हाल में ही सकुशल संपन्न कराई गई सिपाही भर्ती परीक्षा की प्रक्रिया व संचालन के संबंध में अवगत कराया।

मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश में ई-अधियाचन पोर्टल की व्यवस्था की गई है। सभी विभाग इसका उपयोग कर अधियाचन प्राप्त करें। जिन विभागों में नियुक्ति की जानी है, वहां से अधियाचन आयोग को तत्काल भेजकर नियुक्ति प्रक्रिया को संपन्न कराया जाए। ट्रांसपोर्ट, एजेंसी एवं परीक्षा केंद्रों के चयन की प्रक्रिया में सावधानी बरती जाए। गोपनीयता हर हाल में सुनिश्चित की जाए। किसी भी निजी संस्था को परीक्षा केंद्र न बनाया जाए। केवल राजकीय व राजकीय सहायता प्राप्त विद्यालयों को ही परीक्षा केंद्र बनाया जाए। परीक्षा केंद्र का चयन जिलाधिकारी, जिला विद्यालय निरीक्षक के निर्देशन में किया जाए।

एआई व सीसीटीवी की भी सहायता लें

मुख्यमंत्री ने कहा कि परीक्षा सकुशल संपन्न कराने के दौरान ऑर्टिफिशियल इंटेलीजेंस व सीसीटीवी की भी सहायता ली जाए। अफवाह को रोकने पर पूरा ध्यान दिया जाए। मुख्यमंत्री ने सभी बोर्ड व आयोग के अध्यक्षों से कहा कि सभी भर्ती प्रक्रियाओं को समयबद्ध ढंग से आगे बढ़ाने के लिए क्वेश्चन बैंक तैयार करें।

मध्यांचल विद्युत निगम ने खोला 'ब्लैक लिस्टेड' कंपनी का टेंडर

उपभोक्ता परिषद ने उठाए सवाल, जिम्मेदार अफसरों पर कार्रवाई की मांग

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

अमृत विचार: बिजली उपभोक्ताओं के आवासों पर स्मार्ट प्रीपेड मीटर लगाने के लिए मध्यांचल विद्युत वितरण निगम ने गोवा की उस निजी कंपनी का टेंडर खोल दिया है, जिसे हाल में 'ब्लैक लिस्टेड' किया गया था।

उत्तर प्रदेश राज्य विद्युत उपभोक्ता परिषद ने निगम में टेंडर प्रक्रिया पर सवाल उठाते हुए कहा कि जानकारी के बाद भी टेंडर प्रक्रिया में निजी कंपनी को शामिल करना अफसरों की लापरवाही है। परिषद ने उत्तर प्रदेश पावर कॉरपोरेशन से मामले की रिपोर्ट तलब कर अफसरों की जिम्मेदारी तय कर कार्रवाई करने की मांग की है।

5 अगस्त को काली सूची में डाली गयी थीं कंपनियां

उपभोक्ता परिषद के अध्यक्ष का कहना है कि गोवा की दोनों कंपनियों को पांच अगस्त को काली सूची में डाला गया था, ऐसे में जानकारी होने के बाद एक में अयोग्य व दूसरे में योग्य बताए जाने से अफसरों की कार्यशैली पर सवाल उठ रहे हैं।

सोमवार को ई-प्रोक्योरमेंट सिस्टम गर्वमेंट ऑफ उत्तर प्रदेश की टेंडर विवरण संबंधी रिपोर्ट में सिंगल फेस मीटर के टेंडर प्रक्रिया में आठ निजी कंपनियों का उल्लेख है। इसमें गोवा की निजी कंपनी एचपीएल इलेक्ट्रिक एंड पावर प्राइवेट लिमिटेड को काली सूची में होने के कारण अयोग्य ठहराया गया है। इसमें 'फाइनेंशियल बिड' खोलने की तारीख 19 सिंतबर 2024 का जिक्र है। 24 अगस्त 2024 की बिडिंग में एचपीएल इलेक्ट्रिक के साथ जीनस पावर इंफ्रास्ट्रक्चर्स लिमिटेड को स्वीकार किया गया है।

प्रदेश में स्मार्ट प्रीपेड मीटर लगा रही दोनों मीटर निर्माता कंपनियां गोवा में काली सूची में हैं। परिषद के अध्यक्ष अवधेश कुमार वर्मा ने कहा कि मध्यांचल निगम ने एक टेंडर में एचपीएल का पार्ट बिड न खोलकर उसे बाहर किया है, पर दूसरे टेंडर में दोनों कंपनियों का टेंडर का भाग दो खोला गया है।

भाजपा को हराया है, भाजपाई उसी का बदला ले रहे हैं : अखिलेश

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

अमृत विचार : सपा प्रमुख अखिलेश यादव ने एक बार फिर एनकाउंटर पर सवाल उठाया है। उन्होंने कहा कि लोकसभा चुनाव में भाजपा को हराया है, भाजपाई उसी का बदला ले रहे हैं। किसी का भी फर्जी एनकाउंटर नाइंसाफी है। हिंसा के जरिये उप्र की छवि को धूमिल किया जा रहा है। यह उप्र के भविष्य के विरुद्ध एक बड़ा षड्यंत्र है।

सपा मुखिया ने सोमवार को सोशल मीडिया एक्स पर कहा कि सबसे कमजोर लोग एनकाउंटर को अपनी शक्ति मानते हैं। सुल्तानपुर में एनकाउंटर में मारे गए एक लाख के इनामी अनुज प्रताप सिंह की बहन का विडियो एक्स पर साझा करते हुए कहा कि शोक में डूबी बहन के आंसू जो शब्द बनकर सबको झकझोर रहे हैं लेकिन हृदयहीन व असंवेदनशील लोगों के लिए इनका कोई महत्व नहीं है।

नवरात्र में प्रदेशभर के देवी मंदिरों में होंगे विविध आयोजन

अमृत विचार, लखनऊ : मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देश पर संस्कृति विभाग नवरात्र पर 3 अक्टूबर से 12 अक्टूबर तक प्रदेशभर के सभी देवी मंदिरों और शक्तिपीठों में महिलाओं व बालिकाओं की सहभागिता से विविध सांस्कृतिक आयोजन करेगा।

संस्कृति विभाग के प्रमुख सचिव मुकेश मेश्राम के अनुसार अष्टमी एवं नवमी पर प्रमुख शक्तिपीठ मन्दिरों में सामाजिक मूल्यों व राष्ट्रीय मूल्यों के व्यापक प्रचार-प्रसार व जनसामान्य को जोड़ते हुए रामायण पाठ का आयोजन किया जाएगा। सभी जिलाधिकारी अपनी अध्यक्षता में गठित समिति से अपने जिलों में देवी मन्दिरों, शक्तिपीठों में स्थानीय लोक कालाकारों, भजन मंडलियों, कीर्तन मंडलियों के चयन करेंगे। सभी कार्यक्रम मिशन शक्ति के अनुरूप स्थानीय जनसहभागिता के साथ आयोजित किए जाएंगे। स्थानीय कलाकारों का चयन संस्कृति विभाग की ई-डायरेक्ट्री से किया जा सकता है।

पंचायत भवन, आंगनबाड़ी केंद्र और शौचालय की हालत बदतर

संवाददाता, गैंड़ासबुजुर्ग

ग्राम पंचायत कैथोलिया सलेमपुर में जर्जर पंचायत भवन। अमृत विचार

अमृत विचार: ग्राम पंचायत कैथोलिया सलेमपुर के ग्रामीणों को पंचायत भवन आंगनबाड़ी केंद्र और शौचालय का लाभ नहीं मिल पा रहा है। तीनों सरकारी भवनों की हालत बदतर है। भवन जर्जर हो चुके हैं ।अंदर गंदगी का अंबार लगा हुआ है ।खिड़कियों के शीशे टूट गए हैं ।आसपास घनी झाड़ियां उगी हैं। ग्रामीणों का कहना है कि बरसों से इन भवनों का उपयोग ही नहीं हो रहा है ।

पंचायत भवन में रखे कंप्यूटर और उपकरण का कोई अता पता नहीं है ।पंचायत सहायक भी पंचायत भवन में नहीं बैठते हैं। ग्रामीणों को मिलने वाली सरकारी सुविधाओं का सर्वथा अभाव है ।ग्रामीण चंद्रिका प्रसाद ,दिनेश, मुन्नी देवी, शकुंतला, अंजुम, निर्मला, सितारा ,रामरथ और माया देवी आदि ने शासन प्रशासन से पंचायत भवन आंगनबाड़ी केंद्र और शौचालय के भवनों की मरम्मत कराकर इनका संचालन कराए जाने की मांग की है।

निर्धारित मानक के खिलाफ चलाई कंबाइन मशीन तो होगी सील : डीएम

संवाददाता, बलरामपुर

- खेतों में पराली न जलाने का दिया गया दिशा निर्देश

अमृत विचार: मुख्य सचिव, उत्तर प्रदेश शासन कृषि अनुभाग-2 के निर्देशानुसार खरीफ फसल 2024 में फसल अवशेष जलाने से हो रहे हुए वायु प्रदूषण की रोकथाम के लिए विस्तृत दिशा निर्देश जारी किए गए हैं। यह जानकारी डीएम पवन अग्रवाल द्वारा दी गई।

उन्होंने कहा कि फसल कटाई के दौरान प्रयोग की जानी वाली कम्बाइन हार्वेस्टर के साथ सुपर स्ट्रा मैनेजमेन्ट सिस्टम अथवा स्ट्रारीपर अथवा स्ट्रारेक एवं बेलर का उपयोग किया जाना अनिवार्य होगा। यदि कोई भी कम्बाइन हार्वेस्टर सुपर स्ट्रा मैनेजमेन्ट सिस्टम अथवा स्ट्रारीपर अथवा स्ट्रारेक एवं बेलर के बिना चलती पायी गयी तो तत्काल सीज कर दी जायेगी। कम्बाइन स्वामी के व्यय पर ही सुपर स्ट्रा मैनेजमेन्ट सिस्टम लगवाने के उपरान्त ही छोडी जायेगी। डीएम ने जनपद के समस्त कंबाइन मालिकों व हार्वेस्टर स्वामियों को निर्देशित किया है कि पत्र प्राप्ति के एक सप्ताह के अन्दर अपने तहसील के उप सम्भागीय कृषि प्रसार अधिकारी, कार्यालय में उपस्थित होकर इस आशय का लिखित शपथ-पत्र प्रस्तुत करते हुये कृषि विभाग से अनापत्ति प्रमाण-पत्र प्राप्त कर लें। अपनी कम्बाइन हार्वेस्टर में उपरोक्तानुसार अपेक्षित एटेचमेन्ट लगवा लिया है। यदि आप द्वारा निर्धारित अवधि में सक्षम अधिकारी के समक्ष शपथ-पत्र प्रस्तुत नहीं किया जाता है। तो यह अवधारित किया जायेगा कि कम्बाइन हार्वेस्टर का वर्तमान में उपयोग नहीं कर रहे हैं। ऐसी स्थिति में यदि आपको खरीफ फसलों की कटाई का कार्य करते हुये पाया जाता है तो आपकी कम्बाइन हार्वेस्टर को सीज करते हुये आपके विरूद्ध प्राथमिकी अंकित कराते हुये दण्डात्मक कार्यवाही हेतु न्यायालय में वाद प्रस्तुत किया जायेगा ।

सार-संक्षेप

सगीर ए खाकसार को मिला सोशल एक्सेलेंस अवॉर्ड

लखनऊ में पुरस्कार प्राप्त करते सगीर ए खाकसार। अमृत विचार

गैसड़ी, बलरामपुर, अमृत विचार। समाजसेवी ,शैक्षणिक ,व खेलकूद आदि संगठनों से जुड़े स्वतंत्र पत्रकार व जे एस आई स्कूल पचपेड़वा बलरामपुर के फाउंडर प्रबन्धक सग़ीर ए खाकसार को "नेशनल अवार्ड फॉर सोशल एक्सेलेंस 2024 ,चेंज मेकर अवार्ड से नवाज़ा गया है। गत रविवार को देर शाम राजधानी लखनऊ के एक होटल में आयोजित एक भव्य समारोह में उन्हे यह पुरस्कार ए एम पी संस्था द्वारा प्रदान किया गया। ए एम पी शिक्षा,रोज़गार व सामाजिक क्षेत्र में काम करने वाली देश की अग्रणी गैर सरकारी संस्था है। खाकसार फिलवक्त शिक्षा के क्षेत्र में काम करने वाली संस्था तालीमी बेदारी यूपी के अध्यक्ष, जागृति स्पोर्टिंग क्लब के सह संयोजक ग्रामीण पत्रकार एसोसिएशन सिद्धार्थनगर के उपाध्यक्ष व जिला ओलंपिक संघ सिद्धार्थनगर के उपाध्यक्ष हैं। इसके अलावा महिलाओं के उत्थान के लिए काम करने वाली संस्था वूमेन पावर फाउंडेशन सिद्धार्थनगर के कोऑर्डिनेटर भी हैं। इस अवसर पर ए एम पी दिल्ली के हेड फारुक सिद्दीकी, डा वली उल्लाह सिद्दीकी,पूर्व आई ए एस अनीस अंसारी,पूर्व आई ए एस ज़ोहरा चटर्जी , मिर्ज़ा मोईन बेग, आदि उपस्थित रहे।

सड़क हादसे में संविदा कम्प्यूटर ऑपरेटर की मौत

संदीप पांड़ेय (फाइल फोटो)

बलरामपुर, अमृत विचार। बिजली विभाग में संविदा कम्प्यूटर ऑपरेटर पद पर तैनात युवक की दुर्घटना में मौत हो गई। उसकी बाइक को रविवार रात साढ़े दस बजे थाना देहात अन्तर्गत बौद्ध परिपथ स्थित शारदा पब्लिक स्कूल के निकट किसी वाहन ने ठोकर मार दी। पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराया है। युवक ने हेलमेट नहीं लगाया था। सिर फटने से उसकी मौत हुई है ।थाना कोतवाली देहात के भैंसहवाडीह निवासी 24 वर्षीय संदीप पाण्डेय पुत्र अशोक पाण्डेय विद्युत वितरण खंड अधिशासी अभियंता कार्यालय में संविदा कम्प्यूटर ऑपरेटर पद पर तैनात था। रविवार देर रात वह बाइक से घर के लिए निकला था। शारदा पब्लिक स्कूल के निकट किसी वाहन ने बाइक को ठोकर मार दी। संदीप पाण्डेय सड़क पर गिरकर तड़प रहा था। राहगीरों ने एंबुलेंस बुलाकर उसे मेमोरियल चिकित्सालय पहुंचाया। चिकित्सक ने संदीप को मृत घोषित कर दिया। संदीप का बड़ा भाई डेढ़ साल पहले घर छोड़कर कहीं चला गया है। संदीप ही अपने माता-पिता की देखभाल करता था। घर वालों का रो-रोकर बुरा हाल है। कोतवाली नगर के प्रभारी निरीक्षक शैलेश कुमार सिंह ने बताया कि शव का पंचनामा कर पोस्टमार्टम कराया गया है। दुर्घटना कारित करने वाले वाहन का पता अभी नहीं चल सका है।

डॉ. रवि स्पेन में प्रस्तुत करेंगे शोध पत्र

डॉ. रवि सिंह।

बलरामपुर, अमृत विचार। शहर के वरिष्ठ होम्योपैथिक चिकित्सक, डॉ. रवि सिंह, 3 से 5 अक्टूबर को स्पेन के सेविला शहर में आयोजित होने वाले विश्व होम्योपैथिक सम्मेलन में अपने दो शोध पत्र प्रस्तुत करेंगे। विदेश रवाना होने से पहले, डॉ. रवि ने पत्रकारों से बातचीत के दौरान बताया कि यह सम्मेलन हर वर्ष अलग-अलग देशों में लिगा मेडिकोरम द्वारा आयोजित किया जाता है। भारत में इस सम्मेलन का आयोजन वर्ष 2011 में हुआ था। उन्होंने बताया कि वह सम्मेलन में अपने दो शोध पत्र प्रस्तुत करेंगे ।डॉ. रवि ने पहले भी दुबई, मॉस्को, इस्तांबुल, बैंकॉक, काठमांडू, नई दिल्ली, भोपाल, बेंगलुरु, पटना, इंदौर, औरंगाबाद, कन्याकुमारी, कोलकाता, दार्जिलिंग, पंचकुला और अन्य स्थानों पर राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय सम्मेलनों में अपने शोधपत्र प्रस्तुत किए हैं ।शहर के चिकित्सकों और मित्रों ने डॉ. रवि को इस महत्वपूर्ण अवसर पर शुभकामनाएं दी हैं।

तालाब में उतराता मिला अज्ञात व्यक्ति का शव

बलरामपुर, अमृत विचार। उतरौला कोतवाली क्षेत्र के गुलरहा गांव स्थित भगड़ा तालाब में अज्ञात व्यक्ति का शव उतराता मिलने से सनसनी फैल गई। गोताखोरों की मदद से शव को बाहर निकाला गया। अब तक शव की शिनाख्त नहीं हो सकी है। उतरौला कोतवाली के प्रभारी निरीक्षक संजय दुबे ने बताया कि सोमवार सुबह शौच गए ग्रामीणों ने तालाब में शव उतराता देखने की सूचना दी। गोताखोरों को बुलाकर शव बाहर निकलवाया गया। मछलियों ने चेहरे का मांस खा लिया है जिस कारण शव की पहचान नहीं हो पा रही है। फिर भी शव की पहचान का प्रयास किया जा रहा है।

आयुष्मान योजना के 6 वर्ष पूरे होने पर लगे हेल्थ कैंप

संवाददाता, पचपेड़वा/उतरौला

स्वास्थ्य मेले में विधायक उतरौला को सम्मानित करते सीएमओ। अमृत विचार

अमृत विचार: सोमवार को जनपद के सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र पचपेड़वा , गैंसड़ी , तुलसीपुर , नंदनगर खजुरिया तथा उतरौला पर आयुष्मान भारत योजना के 6 वर्ष पूर्ण होने पर निःशुल्क स्वास्थ्य परीक्षण शिविर का आयोजन हुआ। सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र उतरौला में आयोजित हेल्थ कैंप का शुभारंभ विधायक उतरौला राम प्रताप वर्मा, सीएचसी नंद नगर खजुरिया में आयोजित हेल्थ कैंप का शुभारंभ विधायक बलरामपुर सदर पलटू राम, सीएचसी तुलसीपुर में विधायक तुलसीपुर कैलाश नाथ शुक्ला द्वारा किया गया। पचपेड़वा में मेले का उद्घाटन नगर पंचायत अध्यक्ष रवि वर्मा ने किया। सीएचसी अधीक्षक डॉ. विजय कुमार की टीम ने लोगों का इलाज किया। सभी हेल्थ कैंपों में पंजीकरण,स्त्रीरोग विशेषज्ञ,बालरोग विशेषज्ञ, जनरल फिजिशियन, लैब जांच,एनसीडी स्क्रीनिंग,दवा वितरण का काउंटर पर मरीजों का इलाज एवं परीक्षण किया गया। जनपद में 20 से 30 सितम्बर तक आयुष्मान पखवाड़े का आयोजन किया जा रहा है। इस पखवाड़े के दौरान आयोजित आयुष्मान पखवाड़े में लोगों को सेहत को लेकर जागरूक किया जा रहा है। वहीं, लोगों को आयुष्मान भारत योजना से जुड़ने और आयुष्मान कार्ड बनवाने के लिए प्रेरित किया जा रहा है, ताकि पात्र लोग केंद्र सरकार की इस योजना का ज्यादा से ज्यादा लाभ ले सकें। आज आयोजित हेल्थ कैंपों में कुल 2072 मरीजों का उपचार किया गया। उपचारित मरीजों में एनसीडी 444, रक्त की जांच 604 , गर्भवती महिला की जांच 133 , टीबी के 56 सैंपल लिए गए, 57 गोल्डन कार्ड बनाए गए। इस अवसर पर भारतीय जनता पार्टी के जिला अध्यक्ष श्री प्रदीप सिंह , बृजेंद्र तिवारी एवं संबंधित सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्रों के अधीक्षक व स्टाफ उपस्थित रहे।

परिषदीय स्कूल में सुरक्षा और पेयजल का अभाव

संवाददाता, पचपेड़वा, बलरामपुर

विद्यालय की टूटी बाउंड्री वॉल, खराब पड़ा हैंडपंप।

अमृत विचार: शिक्षा क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम पंचायत रामनगर में पूर्व माध्यमिक विद्यालय का बाउंड्री लगभग 2 वर्ष पूर्व गिर गया था। जिसकी ईंट इकट्ठा करके परिसर में ही रख दिया गया है। जिम्मेदार प्रधान आज तक बाउंड्री वॉल का निर्माण नहीं करा पाए। वहीं, एक माह से विद्यालय में लगे सरकारी नल पूरी तरह से खराब है। हल्की बरसात होने पर परिसर में जलभराव हो जाता है। स्कूल में सुरक्षा और पेयजल का सर्वथा अभाव है। प्रधानाध्यापिका पूनम गुप्ता ने बताया इन सभी समस्याओं को कई बार प्रधान और अधिकारियों को भी अवगत कराया गया है। फिर भी समस्या का समाधान आज तक नहीं हो पाया। इस संबंध में तैनात ग्राम विकास अधिकारी गिरजा शंकर ने बताया सोमवार को मैं विद्यालय में गया था। दो-दिन के अंदर नल का रिपोर्ट करवा दूंगा जिससे बच्चों को स्वच्छ पेयजल मिलता रहे।

हर्षोल्लास के साथ मनायी जायेगी गांधी जयंती

संवाददाता, बलरामपुर

कलेक्ट्रेट सभागार में बैठक करते डीएम व अन्य अधिकारी। अमृत विचार

अमृत विचार: राष्ट्रपिता महात्मा गांधी जयंती एवं लाल बहादुर शास्त्री जयंती को परंपरागत एवं हर्षोल्लास के साथ मनाए हेतु डीएम पवन अग्रवाल की अध्यक्षता में बैठक संपन्न हुई। बैठक में डीएम ने गांधी जयंती पर प्रभातफेरी,पैदल चाल प्रतियोगिता,ध्वजारोहण, गांधी जी एवं शास्त्री जयंती जी के चित्र का अनावरण एवं माल्यार्पण, स्वच्छता अभियान, कस्तूरबा बालिका विद्यालय में पुरुस्कार वितरण, चित्र प्रदर्शनी,वृक्षारोपण,मरीजों को फल वितरण,स्कूलों में वाद विवाद प्रतियोगित आदि कार्यक्रम आयोजित किए जाने की समीक्षा की। उन्होंने कहा की सभी जिला स्तरीय एवं तहसील स्तरीय अधिकारी सभी कार्यक्रम गरिमामय ढंग से आयोजित करेंगे। सभी कार्यक्रमों से सरकार की कल्याणकारी योजनाओं को जोड़ते हुए व्यापक प्रचार प्रसार किया जाए तथा योजनाओं का कैंप लगाया जाए। इस दौरान एडीएम न्यायिक प्रमोद कुमार, सीएमओ , जिला विकास अधिकारी, परियोजना अधिकारी(डीआरडीए), समस्त एसडीएम, समस्त जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहे।

शतरंज प्रतियोगिता में छात्र-छात्राओं ने मारी बाजी

संवाददाता, बलरामपुर

शतरंज प्रतियोगिता के विजयी खिलाड़ी। अमृत विचार

अमृत विचार: सेंट जेवियर्स सीनियर सेकेंडरी स्कूल बलरामपुर में इंटर हाउस शतरंज चैंपियनशिप का आयोजन किया गया। जूनियर बॉयज ग्रुप में लैवेंडर हाउस के मानस चौहान ने शानदार खेल दिखाते हुए जीत हासिल की। जबकि जूनियर गर्ल्स ग्रुप में ट्यूलिप हाउस की पवनी गुप्ता ने भी शानदार चाल चलकर पहला स्थान प्राप्त किया।

सीनियर बॉयज ग्रुप में ट्यूलिप हाउस के अच्युत मिश्र ने जीत दर्ज की, और सीनियर गर्ल्स ग्रुप में लैवेंडर हाउस की सारा कमाल ने विजय हासिल की। विद्यालय प्रधानाचार्य आसिम रूमी ने विजेताओं को बधाई देते हुए कहा कि शतरंज खेलने से बच्चों की बुद्धि में विकास होता है।

अग्निर्यथैको भुवनं प्रविष्टो रूपं रूपं प्रतिरूपो बभूव ।
एकस्तथा सर्वभूतान्तरात्मा रूपं रूपं प्रतिरूपो बहिश्च !

एक ही अग्नि इस संसार में अदृश्य रूप से प्रवेश करते हुए जिस किसी वस्तु में प्रज्ज्वलित होती है और उसी के अनुरूप दृश्यमान होती है, उसी प्रकार सभी प्राणियों में विद्यमान परमात्मा एक होते हुए भी जिसमें प्रविष्ट होता है उसी के अनुसार रूप धारण कर लेता है और उनसे बाहर भी रहता है।(कठोपनिषद 2-5-9)

संपादकीय

बड़ा फैसला

पिछले कुछ वर्षों के दौरान बच्चों से जुड़ी अश्लील फिल्मों में बढ़ोतरी दर्ज की गई है। पूरे इंटरनेट का 37 फीसदी पोर्नोग्राफी है और इसके बड़े हिस्से में बच्चों को शामिल किया गया है। बाल पोर्नोग्राफी से निपटने के लिए राष्ट्रीय बाल अधिकार संरक्षण आयोग कई नियामक दिशानिर्देशों की अनुशंसा कर चुका है। गौरतलब है कि सोशल मीडिया पर पोर्नोग्राफी और बच्चों एवं समाज पर इसके प्रभाव जैसे चिंताजनक मुद्दे पर अध्ययन के लिए गठित राज्यसभा की एडहॉक कमेटी ने 25 जनवरी, 2020 को सौंपी अपनी रिपोर्ट में सुझाव दिया था कि बाल पोर्नोग्राफी की परिभाषा को व्यापक बनाया जाए ताकि उसमें लिखित सामग्री और ऑडियो रिकॉर्डिंग भी शामिल की जा सके जोकि नाबालिग के साथ यौन गतिविधि का समर्थन करती हो या उसे प्रदर्शित करती हो। कानून में 'यौन स्पष्टता' को भी परिभाषित किया जाए। कमेटी ने सुझाव दिया था कि नेशनल क्राइम रिकॉर्ड्स ब्यूरो को बाल पोर्नोग्राफी के सभी मामलों को अनिवार्य रूप से रिकॉर्ड और रिपोर्ट करना चाहिए। इस संबंध में सोमवार को उच्चतम न्यायालय ने एक बड़े फैसले में कहा कि चाइल्ड पोर्नोग्राफी को देखना और उसे डाउनलोड करना अपराध है। न्यायालय का मानना है कि पॉक्सो कानून में बच्चों के साथ यौन शोषण और दुर्व्यवहार के लिए 'बाल पोर्नोग्राफी' की जगह 'बाल यौन शोषण और दुर्व्यवहार सामग्री' (सीएसईएएम) लिखना सही होगा। क्योंकि बाल पोर्नोग्राफ़ी शब्द का प्रयोग अपराध को गौण बना सकता है।

पोर्नोग्राफ़ी को अक्सर वयस्कों के बीच सहमति से किया गया कार्य माना जाता है। सुप्रीम कोर्ट ने मद्रास हाईकोर्ट के फैसले को पलटते हुए यह फैसला सुनाया है। मद्रास उच्च न्यायालय ने एक निर्णय में कहा था कि चाइल्ड पोर्नोग्राफी डाउनलोड करना सूचना प्रौद्योगिकी अधिनियम, 2000 की धारा 67 बी के तहत अपराध नहीं माना जा सकता। इस फैसले के खिलाफ सुप्रीम कोर्ट में दाखिल याचिका में कहा गया था कि मद्रास उच्च न्यायालय के फैसले से बाल पोर्नोग्राफी की मांग बढ़ेगी, लोग बच्चों को पोर्नोग्राफी में शामिल करने के लिए प्रोत्साहित होंगे। उच्च न्यायालय के फैसले से तय हो गया है कि चाइल्ड पोर्न डाउनलोड करना और देखना पॉक्सो अपराध की श्रेणी में आता है। इस संबंध में अदालत ने जो निर्देश दिए हैं उनसे संभावित अपराधों को रोकने में मदद मिल सकती है। फिलहाल सरकार अध्यादेश जारी कर सकती है। जरूरी है कि यौन शिक्षा जैसे कार्यक्रमों के संबंध में जनसामान्य के बीच भ्रामक सोच को दूर किया जाना चाहिए और युवाओं को यौन सहमति और यौन शोषण के प्रभाव की स्पष्ट समझ कराई जानी चाहिए।

ऊर्जा क्षेत्र में करने होंगे नए प्रयोग

अमित बैजनाथ गर्ग
वरिष्ठ पत्रकार

भारत की बात करें, तो इसके ऊर्जा संकट से निपटने की राह में कई चुनौतियां हैं। पहली बात तो यह है कि सभी के पास सीमित ऊर्जा संसाधन हैं। भारत के पास कोयला, तेल और गैस जैसे सीमित ऊर्जा संसाधन ही मौजूद हैं और यह अपनी बढ़ती ऊर्जा मांगों की पूर्ति के लिए आयात पर निर्भर है।

दुनिया में एक बार फिर ऊर्जा क्षेत्र को लेकर चर्चा हो रही है। यह ऊर्जा क्षेत्र के बढ़ते महत्व को दर्शाता है। आखिर क्यों बार-बार एनर्जी सेक्टर पर इतनी गंभीरता से बातचीत की जा रही है? क्यों वैश्विक मंचों पर इस मुद्दे को उठाया जा रहा है? असल में दुनिया ऊर्जा के क्षेत्र में संकटों का सामना कर रही है। सभी इस बात को समझ चुके हैं कि इस क्षेत्र पर अभी गंभीरता से ध्यान नहीं दिया गया, तो आने वाला समय चुनौतीपूर्ण होगा। उभरते ऊर्जा संकट, घटते जीवाश्म ईंधन संसाधनों और उच्च तेल की कीमतों के साथ जलवायु परिवर्तन की चिंताओं ने बढ़ती ऊर्जा मांगों को पूरा करने के लिए नवीकरणीय, वैकल्पिक, पर्यावरण अनुकूल और कार्बन तटस्थ ईंधन के विकास की ओर वैश्विक ध्यान आकर्षित किया है। अधिकांश ऊर्जा संकट स्थानीय कमी, युद्ध और बाजार में हेरफेर के कारण हुए हैं।

भारत की बात करें, तो इसके ऊर्जा संकट से निपटने की राह में कई चुनौतियां हैं। पहली बात तो यह है कि सभी के पास सीमित ऊर्जा संसाधन हैं। भारत के पास कोयला, तेल और गैस जैसे सीमित ऊर्जा संसाधन ही मौजूद हैं और यह अपनी बढ़ती ऊर्जा मांगों की पूर्ति के लिए आयात पर निर्भर है। परिणामस्वरूप भारत ऊर्जा के वैकल्पिक स्रोतों की तलाश कर रहा है, जैसे कि सौर, पवन और जल विद्युत। वहीं देश के ऊर्जा क्षेत्र में अभी अपर्याप्त निवेश है। देश के ऊर्जा क्षेत्र को अपने बुनियादी ढांचे में सुधार और अपनी ऊर्जा क्षमता का विस्तार करने के लिए वृहद निवेश की आवश्यकता है, लेकिन सरकार और निजी क्षेत्र ऊर्जा क्षेत्र में पर्याप्त निवेश नहीं कर पा रहे हैं। देश की निम्न प्रति व्यक्ति आय और उच्च गरीबी दर भी लोगों के लिए स्वच्छ ऊर्जा स्रोतों का वहन कर सकना कठिन बनाती है। भारत विश्व के सबसे बड़े ग्रीनहाउस गैस उत्सर्जकों में से एक है और इसका ऊर्जा क्षेत्र इन उत्सर्जनों का एक प्रमुख योगदानकर्ता है।

हालांकि सरकार की ओर से अल्पकालिक और दीर्घकालिक नवीकरणीय ऊर्जा क्षमता वृद्धि के लिहाज से 2030 तक गैर-जीवाश्म ईंधन क्षमता के 500 गीगावाट के लक्ष्य को प्राप्त करने की दिशा में प्रयास किए जा रहे हैं। इधर, दुनिया में भारत एनर्जी ट्रांजिशन में ग्लोबल लीडर के रूप में उभर रहा है। यह उस विकास से स्पष्ट है, जो हमने अक्षय ऊर्जा के क्षेत्र में हासिल किया है। अक्षय ऊर्जा क्षेत्र सेक्टर रोजगार उत्पादन की दृष्टि से भी उम्मीदें बंधाता हुआ नजर आ रहा है। पूरी दुनिया जहां जलवायु परिवर्तन के खतरे को रोकने के लिए इस क्षेत्र को विकसित करने में जुटी है, वहीं भारत जैसे विकासशील देश ने इस स्रोत के विकास में अच्छी सफलता हासिल की है। पिछले दस सालों में देश ने अक्षय ऊर्जा उत्पादन की अपनी क्षमता में पांच गुना बढ़ोतरी की है। इसके साथ ही ऊर्जा उत्पादन के क्षेत्र में नए लक्ष्यों को तय किया है।

निवेश की बात करें तो देश के एनर्जी सेक्टर में साल 2000 से 2019 के बीच 14 .32 अरब डॉलर का विदेशी निवेश आया है। सरकार इस सेक्टर पर खासा ध्यान दे रही है, जिसके कारण आने वाले समय में इस सेक्टर में निवेश और बढ़ेगा। इससे नौकरी की संभावनाएं भी बढ़ेंगी।

वहीं अक्षय ऊर्जा क्षेत्र में रोजगार पैदा करने के लिहाज से चीन, ब्राजील और अमेरिका के बाद भारत दुनिया में चौथे नंबर पर है। पूरे विश्व में अक्षय ऊर्जा क्षेत्र में नियुक्त लोगों का 5.7 प्रतिशत भारत में है। इंटरनेशनल रिन्यूएबल एनर्जी एजेंसी की रिपोर्ट के अनुसार, दस साल पहले तक सेक्टर ने भारत में चार लाख नौकरियां उत्पन्न की थीं। असल में भारत में एनर्जी सेक्टर में आगे काफी ग्रोथ की संभावनाएं हैं और इस सेक्टर में जाने के लिए छात्रों को कुछ खास कोर्स करने की जरूरत पड़ेगी। एनर्जी सेक्टर में बीटेक पावर, एमबीए ऑयल एंड गैस, एमए एनर्जी इकोनॉमिक्स, सोलर एनर्जी आदि से जुड़े कई कोर्स होते हैं, लेकिन आने वाले समय में सबसे ज्यादा संभावनाएं सोलर एनर्जी में है, इसलिए छात्रों को इसी कोर्स का चुनाव करना चाहिए। विशेषज्ञों का कहना है कि भारत को पांच ट्रिलियन डॉलर की इकोनॉमी बनाने के लिए एनर्जी सेक्टर को रिवाइव करना जरूरी होगा।

वहीं देश में एलईडी बल्ब के इस्तेमाल से उजाले के लिए खर्च होने वाली बिजली में करीब 75 फीसदी की कमी आई है। अध्ययन बताते हैं कि ऊर्जा दक्ष उपकरणों के इस्तेमाल से करीब 30 फीसदी बिजली खपत कम की जा सकती है यानी भवनों में 1.20 लाख गीगावाट बिजली बचाए जाने की संभावना है। यदि भवनों में ऊर्जा दक्षता के मानक लागू हो जाएं, तो अतिरिक्त 30 फीसदी बिजली बच सकती है। यह बिजली बिहार और झारखंड जैसे राज्यों के एक साल की जरूरत के बराबर है। सांख्यिकी मंत्रालय की रिपोर्ट के अनुसार, देश में उद्योग जगत सबसे ज्यादा 42 फीसदी बिजली खर्च करता है। घरेलू क्षेत्र 24 फीसदी बिजली खर्च करता है। व्यावसायिक भवनों में बिजली की खपत आठ फीसदी है। भवन क्षेत्र की कुल खपत 32 फीसदी है, लेकिन भवनों में ऊर्जा दक्षता के मानकों का क्रियान्वयन सबसे कम हुआ है।

निवेश की बात करें तो देश के एनर्जी सेक्टर में साल 2000 से 2019 के बीच 14.32 अरब डॉलर का विदेशी निवेश आया है। सरकार इस सेक्टर पर खासा ध्यान दे रही है, जिसके कारण आने वाले समय में इस सेक्टर में निवेश और बढ़ेगा। इससे नौकरी की संभावनाएं भी बढ़ेंगी। 2022 तक भारत सरकार नवीकरणीय ऊर्जा की क्षमता को बढ़ाकर 175 गीगावाट कर चुकी है। इसमें 100 गीगावाट सोलर पावर और 60 गीगावाट पवन ऊर्जा शामिल है। वहीं भारत की कोल आधारित क्षमता 2040 तक 191 गीगावाट से बढ़कर 400 गीगावाट होने की संभावना है। हालांकि भारत लंबे समय से ऊर्जा उत्पादन के लिए सबसे ज्यादा भरोसा कोयले पर करता आया है, लेकिन पिछले दशक के मध्य से इसमें ग्रीन एनर्जी की भागीदारी महत्वपूर्ण रही है।

मौजूदा समय में भारत की ऊर्जा पर निर्भरता दूसरे देशों पर ज्यादा है। देश को ऊर्जा के क्षेत्र में आत्मनिर्भर बनाने के लिए कई पहल की जा रही हैं। इसी क्रम में नवीकरणीय ऊर्जा एक महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही है, जिसके लिए सोलर एनर्जी के क्षेत्र में सरकार की ओर से काफी काम किया जा रहा है। भारत ने साल 2070 तक कार्बन उत्सर्जन को शून्य करने का लक्ष्य रखा है, जिसके लिए लगभग 50 प्रतिशत ऊर्जा नवीकरणीय स्रोतों से उत्पादित करना बड़ा लक्ष्य है। साल 2040 तक भारत की ओर से 15,820 टेरावाट आवर बिजली का उत्पादन नवीकरणीय स्रोत से करने का भी लक्ष्य रखा गया है। ऐसे में सोलर एनर्जी इस लक्ष्य को प्राप्त करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकता है। इस लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए विभिन्न कंपनियां सोलर एनर्जी की तरफ तेजी से काम कर रही हैं। इसकी वजह से इस सेक्टर की कंपनियों में अच्छी ग्रोथ देखने को मिल रही है।

देखा जाए तो देश में ऊर्जा क्षेत्र में त्वरित सुधारों की दरकार है। सबसे पहले तो आयात पर निर्भरता कम करने के लिए घरेलू कोयले की गुणवत्ता में सुधार पर ध्यान देना होगा। इसे कोयले के कैलोरी मान को बढ़ाने और राख की मात्रा को कम करने के लिए प्रौद्योगिकी में निवेश कर प्राप्त किया जा सकता है। वहीं नवीकरणीय ऊर्जा को प्रोत्साहित करना होगा। देश में सौर, पवन और जल विद्युत जैसे ऊर्जा स्रोतों की अपार क्षमता मौजूद है। सरकार को प्रोत्साहन राशि और सब्सिडी के माध्यम से नवीकरणीय ऊर्जा परियोजनाओं के विकास को प्रेरित करना चाहिए।

असल में वैश्विक ऊर्जा संकट के समाधानों का व्यापक रूप से उपयोग नहीं किया जा रहा है। सबसे अच्छा विकल्प यह है कि गैर-नवीकरणीय संसाधनों पर दुनिया की निर्भरता को खत्म किया जाए और समग्र संरक्षण प्रयासों में सुधार किया जाए। पीले बल्बों की जगह एलईडी बल्ब लगाएं। वे कम ऊर्जा की खपत करते हैं और लंबे समय तक चलते हैं। अगर दुनिया में लाखों लोग आवासीय और व्यावसायिक उद्देश्यों के लिए एलईडी का उपयोग करते हैं, तो ऊर्जा की मांग कम होगी और संकट से बचा जा सकेगा। इसके अलावा, सौर पैनलों के लिए वित्तीय सहायता प्रदान की जानी चाहिए ताकि जनता को अक्षय ऊर्जा विकल्पों की जांच करने के लिए प्रोत्साहित किया जा सके। ज्यादा स्टार वाले उपकरण खरीदे जाने चाहिए, इससे बिजली की बचत होगी। वहीं बिना रेटिंग वाले उपकरणों की बिक्री पर रोक होनी चाहिए। ऊर्जा दक्षता को लेकर लोगों को अभी भी जागरूक होने की दरकार है। इस तरह छोटी-छोटी बातों का ध्यान रखकर हम बिजली की बचत कर सकेंगे।

प्रसंगवश

अव्यावहारिक मुद्दा

पूर्व राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद कमेटी ने एक देश एक चुनाव की सिफारिश कर दी थी,जिसे केंद्रीय कैबिनेट ने अंगीकार कर लिया है और संसद के शीतकालीन सत्र में इस हेतु विधेयक लाने पर सरकार विचार कर रही है। इस पर विपक्ष का एक बड़ा धड़ा विरोध कर रहा है और इसे महत्वपूर्ण मुद्दों से जनता का ध्यान भटकाने की सत्ता पक्ष की चाल बता रहा है। वैसे भी यह काफी कुछ अव्यावहारिक लग रहा है और इसे लागू करना लोहे के चने चबाने के समतुल्य है। इसे कार्यान्वित करने हेतु 18 संविधान संशोधनों की जरूरत होगी,जिसके लिए दोनों सदनों में उपस्थित और मत देने वाले सदस्यों के 2/3 बहुमत की आवश्यकता होगी,जो सत्तारूढ़ गठबंधन के पास नहीं है। सरकार के सहयोगी दल जनता दल(यूनाइटेड)और तेलगू देशम् पार्टी भी अभी तक मौन धारण किए हैं। इन संशोधनों में कुछ को विधानसभाओं से भी पारित कराना होगा,जिनमें अनेक में विरोधी दलों की सरकारें हैं,वे इसमें रोड़े अटकाएंगी। आने वाले विधेयक का मसौदा तो अभी सामने नहीं है,किंतु कोविंद समिति की संस्तुतियां ही समस्या का सही और संपूर्ण निदान नहीं बता पा रही हैं। उदाहरणार्थ यदि बीच में कोई विधानसभा भंग हो जाए,तो समिति कहती है कि उसका चुनाव सिर्फ बचे हुए कार्यकाल के लिए हो। यह क्या बात हुई? चुनाव तो बीच में हुआ ही;'फिर एक देश एक चुनाव'कैसे रह पाएगा? इसके अलावा यदि लोकसभा ही अपना कार्यकाल पूरा नहीं कर पाती है,तब क्या होगा? ऐसी कई परिस्थितियां हो सकती हैं। मिली जुली सरकार हो और सहयोगी समर्थन वापस ले लें;फिर कोई दल या गठबंधन सरकार बनाने की स्थिति में न हो। या सरकार के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव पास हो जाए और कुछ दल सत्ता और विपक्ष दोनों से दूरी बना लें। दरअसल,देश के संघीय ढांचे के चलते एक देश एक चुनाव सम्भव नहीं हो पायेगा और संघीय ढॉचा बदला नहीं जा सकता क्योंकि सुप्रीमकोर्ट ने आदेशित कर रखा है कि कोई ऐसा संशोधन नहीं किया जा सकता है ,जिससे संविधान के मूल ढांचे में परिवर्तन हो जाय। इन परिस्थितियों में फिलहाल यह मुद्दा सिर्फ चर्चा में ही बने रहने की संभावना है।

रघोत्तम शुक्ला
सेवानिवृत्त पीसीएस

जनतंत्र का महत्वपूर्ण स्तंभ मजबूत विपक्ष



कमलाकांत त्रिपाठी
पूर्व आईआरएस

विपक्ष जनतंत्र का महत्वपूर्ण स्तंभ है। मजबूत विपक्ष वह है, जिसमें अगले चुनाव में पक्ष के रूप में अंतरित होने की संपूर्ण संभावना संगर्भित हो।

कौन कहता है, इस महान, प्राचीन देश की महान, प्राचीन संस्थाओं के संरक्षण-परिवर्धन में एक ही राजनीतिक दल का योगदान है? यह तो अन्य दलों के साथ सरासर अन्याय होगा। उदाहरण के लिए जाति प्रथा को ले लीजिए। एक महान प्राचीन संस्था,जो इस देश की अनन्य विरासत है। पहले इसकी व्याप्ति रोटी-बेटी तक सीमित थी। अब मतदान में भी इसका विस्तार हो गया है। जैसे अपनी ही जाति में रोटी-बेटी,वैसे अपनी ही जाति में मतदान। इस विस्तार में सभी दलों का समान योगदान है।

बात राजनीतिक दलों तक सीमित नहीं। अगर आप कॉलेजों एवं अन्य शैक्षिक संस्थाओं के, विशेषकर देहाती इलाकों में नामकरण का अध्ययन करें तो कुछ दिलचस्प तथ्य सामाने आ सकते हैं। पता लगाएं कि महामना मदनमोहन मालवीय इंटर कालेज खोलने और चलाने वाले प्रधानतः किस जाति के लोग हैं। फिर कोई महाराणा प्रताप महाविद्यालय मिलेगा। पता लगाइए, इसे खोलने-चलाने वाले मुख्यतः किस जाति के हैं? महात्मा गांधी इंटर कालेज भी मिलेंगे ही,पता करें इनके पीछे किस जाति के लोग हैं? बाबू राजेंद्र प्रसाद और यहां तक कि बंगाल से दूर-दराज के इलाके में भी सुभाष चंद्र बोस डिग्री कालेज मिल सकते हैं। पता करिए इन सबकी प्रबंध समिति में किस जाति के लोगों का बोलबाला है?

आप पाएंगे कि हमने बड़ी शाइस्तगी से अपने महापुरुषों को जातियों के हिसाब से बांट लिया है। महामना मदन मोहन मालवीय पर सिर्फ एक जाति का हक हो गया है। महाराणा प्रताप पर दूसरी जाति काबिज हो गई है और महात्मा गांधी को तीसरी जाति के लिए छोड़ दिया गया है। बाबू राजेंद्र प्रसाद के साथ भी ऐसा ही कुछ हुआ है और सुभाष चंद्र बोस रहे होंगे पक्के सेक्युलर और अनन्य राष्ट्रभक्त, लेकिन हमारे जातीय बंटवारे में वे बाबू राजेंद्र प्रसाद के साथ एक चौथी जाति के हिस्से में पड़ गए हैं तो क्या किया जाए!

एक जाति ने कब्जाया और बाकी जातियों ने चुप्पी साधकर रजामंदी दे दी,अब और क्या चाहिए? इन महापुरुषों से पूछने की क्या जरूरत कि वे देश के महापुरुष कहलाना चाहेंगे या अपनी-अपनी जाति के? यह महान देश है। हमने तो भगवानों/अवतारों तक को बांट लिया है तो महापुरुषों की क्या बिसात? परशुराम केवल एक जाति के भगवान होकर रह गए हैं। इधर कृष्णावतार पर भी एक नई उभरती जाति ने कब्जा जमाना शुरू कर दिया है। देखना है,वे कब तक और जातियों के भक्तों को उपलब्ध रहते हैं। बात राजनीतिक दलों की हो रही थी। कई वर्षों के अंतराल के बाद कांग्रेस को अपने दम पर अधिकृत विपक्षी दल का तमगा मिल गया है। कुछ अच्छे माने जाने वाले सुधार,जो पहले असंभव लगते थे,साकार हो रहे हैं। कुछ बुरे माने जाने वाले सुधार,जो पहले संभव लगते थे,ठंडे बस्ते में डाल दिए गए हैं। नेता प्रतिपक्ष राहुल जी खानदानी राजनीतिज्ञ हैं। अब वे अधिक गंभीर,आश्वस्त,जिम्मेदार और अधिक वाचाल भी हो गए हैं। प्रधानमंत्री के लिए अन्य पुरुष, एकवचन का व्याकरण सम्मत प्रयोग अधिक करने लगे हैं। हर मुद्दे की तरह व्याकरण के मुद्दे पर भी अधिक मजबूत हुए हैं।

विपक्ष जनतंत्र का महत्वपूर्ण स्तंभ है। मजबूत विपक्ष वह है, जिसमें अगले चुनाव में पक्ष के रूप में अंतरित होने की संपूर्ण संभावना संगर्भित हो। कांग्रेस में है और राहुल में है। सबसे बड़ी बात,वे सदन के अकेले गांधी हैं। इस संभावना को मूर्त करने के लिए कांग्रेस ने अन्य प्रमुख दलों के साथ हाथ मिला लिया है। यह समय की मांग है, सत्ताकामी राजनीति की जरूरत है। अन्य दलों की अवांछित महत्वाकांक्षा आड़े आ सकती है। उन्हें ऐसे मजबूत विपक्ष की संरचना के लिए तीन काम करना अनिवार्य है।

एक तो उनके कर्णधारों को अवांछित महत्वाकांक्षा से मुक्त रहकर,कांग्रेस को प्रतिद्वंद्वी के बजाय सहधर्मी दल मानकर उसका नेतृत्व दिल से और हर प्रांत में स्वीकार करना होगा। दूसरा जिन दलों में (उन्हीं की करतूतों के चलते) जातीय रुझान होने का तमगा लग चुका है,इस तमगे से मुक्ति के लिए प्रकट और विश्वसनीय प्रयास करने होंगे और तीसरा काम इनमें से जो क्षेत्रीय दल हैं, उन्हें अखिल भारतीय दृष्टि विकसित करनी होगी और अखिल भारतीय नीति और कार्यक्रम का खाका बनाना पड़ेगा। ये सभी प्रमुख दल कांग्रेस के साथ न्यूनतम साझा कार्यक्रम बना सके तो इनका,कांग्रेस का और जनतंत्र का भविष्य उज्ज्वल होगा। यक्ष प्रश्न है कि क्या ये ऐसा कर पाएंगे?

सोशल फोरम

हिंदी प्रदेशों का शिक्षित मध्यवर्ग

पश्चिम बंगाल में जूनियर डाक्टरों ने पिछले 10 अगस्त से एक जूनियर महिला डाक्टर के रेप के विरुद्ध न्याय की मांग को लेकर आंदोलन शुरू किया है, जो पुलिस कमिश्नर, प्रमुख स्वास्थ्य अधिकारियों को उनके पद से हटाए जाने और जूनियर डाक्टरों के काम पर लौटने के बाद भी अभी समाप्त नहीं हुआ है। कोलकाता इसका केंद्र है , जबकि देश के कई नगरों और विदेशों में भी इसकी प्रतिध्वनि सुनाई पड़ी है। हजारों-हजार नागरिकों, बुद्धिजीवियों, शिक्षकों, कलाकारों ने 'रिक्लेम द नाइट' में मोबाइल टॉर्च लेकर जुलूस निकाला। दिन के जूलूस में गीत-संगीत तथा कई कलात्मक प्रयोग होते रहे। लोग बरसात में भीगते हुए रात-दिन डटे रहे, कहीं भी झुके नहीं। कोलकाता में 20 किलोमीटर लंबे शांतिपूर्ण जूलूस में लोगों ने जूनियर महिला डाक्टर के रेप के विरोध में आवाज उठाई। पिछले लगभग 40 दिनों से 'वी वांट जस्टिस' के केंद्रीय नारे के साथ पूरा आंदोलन बिना किसी राजनैतिक झंडे और घुसपैठ के चला। यह सब कोलकाता के लिए भी अभूतपूर्व है। मेरे मन में कुछ प्रश्न उठे : यह एक मध्यवर्गीय आंदोलन ही है और निश्चय ही इसके केंद्र में डाक्टरों के हित की मांगें हैं। इसका चरित्र दिल्ली- हरियाणा-पंजाब के पिछले किसान आंदोलन से भिन्न है। फिर भी जागरूक नागरिकों ने इसका साथ दिया, क्या इसे अभी भी मध्यवर्ग की अंतरात्मा के बचे होने, नागरिक बोध के बचे होने का लक्षण माना जा सकता है?

मध्यवर्ग केवल बंगाल में नहीं, दिल्ली, उत्तर प्रदेश, बिहार, मध्य प्रदेश आदि हिंदी क्षेत्रों में भी है। क्या वहां का मध्यवर्ग या शिक्षित नागरिक ऐसे किसी भी मुद्दे पर मिल-जुलकर इस तरह लंबे समय तक आंदोलन करने की स्थिति में हैं? और उनमें उच्च अधिकारियों को हटाने और किसी भी एक न्याय के लिए निरंतर लड़ने की ताकत है? यदि नहीं है तो क्यों नहीं है?

जूनियर डाक्टर के आंदोलन के मुद्दों में चिकित्सा क्षेत्र में व्यापक दुर्नीति और नर्सिंग होम, बड़े अस्पतालों में मनमानी लूट के मुद्दे शामिल नहीं हैं और मांगें उनकी सुरक्षा तक सीमित है। यह उनके आंदोलन की सीमा है।

शंभुनाथ
सेवानिवृत्त प्रोफेसर, कोलकाता

-फेसबुक वॉल से

एक देश, एक चुनाव के मायने

पांच साल में प्रत्येक ढाई साल के अंतराल में एक बार केंद्र के लिए और एक बार राज्य के लिए होने चाहिए देश के चुनाव। मोदी सरकार ने इच्छा शक्ति के साथ एक देश-एक चुनाव का फैसला कर लिया। देश की आजादी के वक्त केंद्र और राज्य के चुनाव एक साथ ही हुए थे। किंतु राजनितिक कारणों से उत्पन्न विभिन्न मध्यावधि चुनावों के चलते विभिन्न राज्यों और केंद्र सरकार के समय में अंतर आने लगा। प्रधानमंत्री ने सार्वजनिक मंचों से इस बात को कई बार दोहराया है कि बार -बार चुनाव होने की वजह से देश के विकास में बाधा आती है।

हमारे देश में चुनाव पांच साल में होता है। अमेरिका आदि देशों में यह समय 4 वर्ष का है। भारत में पांच साल के बीच कोई चुनाव ना होने का अर्थ है सत्ता की निरकुंशता। पांच साल तक जो मन चाहे करने का लाइसेंस। बीच -बीच में होने वाले चुनाव केंद्र सरकार को अलोकप्रिय निर्णय लेने से रोकती है और तानाशाही रवैये पर भी लगाम कसती है। आज जो पार्टी सत्ता में है, कभी उसको भी विपक्ष में बैठना पड़ जाए तो इस सत्य का अनुभव उसको भी होगा कि जब देश में राज्य और केंद्र में एक साथ चुनाव होते थे तो अधिकतर सभी राज्यों और केन्द्र में एक ही पार्टी के उम्मीदवार चुनाव जीतते थे। राज्य और केंद्र में एक ही पार्टी का वर्चस्व था।

राज्य और केंद्र के चुनाव एक साथ होने पर केन्द्रीय मुद्दे राज्य की राजनीति को प्रभावित कर सकते हैं एवं राज्य स्तर के क्षेत्रीय मुद्दे केंद्र की राजनीति को। ऐसा बहुत कम होने की संभावना रहेगी कि एक ही समय में एक आम मतदाता लोकसभा में किसी और एवं विधानसभा में किसी और पार्टी के लिए वोट करेगा। आम मतदाता का मन किसी समय में भाजपाई तो किसी समय में कांग्रेसी /समाजवादी तो हो सकता है किंतु एक ही समय में एक साथ केंद्र में भाजपाई और राज्य में कांग्रेसी /सपाई नहीं होगा।

कभी- कभी किसी विशेष लहर (धार्मिक, सामाजिक, सहानुभूति या अन्य) के सहारे एक ही पार्टी या विचारधारा का राज्यों और केंद्र में बहुमत आ सकता है। इस प्रकार विविधताओं वाले देश में एक ही विचार के हावी होने का खतरा है। उदाहरण स्वरूप यदि हम 2024 के लोकसभा चुनाव को साक्ष्य रखते हुए बात करें तो इस बार यूपी में लहर समाजवादी पार्टी समेत विपक्ष के पक्ष में रहीं। अब यदि लोकसभा के साथ ही यूपी विधानसभा चुनाव भी हो गए होते तो केंद्र में मोदी सरकार तो यथावत रहती, योगी जी के नेतृत्व वाली प्रदेश सरकार को खतरा हो जाता। अब यूपी में कम हुई सीटों से यदि उत्तर प्रदेश सरकार सीख ले तो 2027 में फिर से बहुमत हासिल कर लेगी। इसी प्रकार 2014 में मोदी लहर के चलते यूपी की सभी सीटों पर भाजपा ने विपक्षी दलों का सूपड़ा साफ कर दिया। यदि 2014 में लोकसभा और विधानसभा चुनाव एक साथ हुए होते तो अखिलेश सरकार 2017 तक नहीं चल पाती। राज्य और केंद्र के चुनाव एक साथ होने के समय मे विधायक प्रत्याशी अपने और सांसद प्रत्याशी प्राथमिक तौर पर अपने चुनाव जीतने के लिए ही कार्य करते दिखाई देंगे। यदि सरकार एक साथ चुनाव चाहती है तो उसे वन नेशन वन इलेक्शन नहीं, वन नेशन टू इलेक्शन के सिद्धांत पर कार्य करना होगा। सभी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों की विधानसभाओं का चुनाव एक साथ कराएं और लोकसभा की सभी सीटों के लिए एक साथ। और दोनों चुनावों के बीच में ढाई साल का अंतराल होना चाहिए। इस प्रकार राज्य विधानसभाओं के होने वाले चुनाव केंद्र सरकार की ढाई साल की कार्य का परीक्षण जैसा होगा। जिस प्रकार क्रिकेट में वर्ल्ड कप और मिनी वर्ल्ड कप (चैंपियंस ट्राफी) होती है, ठीक उसी तर्ज पर। इस प्रकार की व्यवस्था से जनता के बाद हर ढाई साल में (पहले लोकसभा फिर विधानसभा) के माध्यम से सरकार की कार्यप्रणाली का अवलोकन करने का एवं उस पर अपने निर्णय सुनाने का अधिकार होगा।



अनिरुद्ध चौहान
सीजीएसटी अधिकारी

शुद्धता - एक दिवास्वप्न

अभी तिरुपति बालाजी मंदिर के लड्डू में प्रयुक्त घी की शुद्धता पर धमाचौकड़ी मची हुई है, परिणाम का पता बाद में चलेगा क्योंकि अभी कुछ गुजरात की प्रयोगशाला पर प्रश्न कर रहे हैं, तो कुछ मुख्यमंत्री नायडू की अपने पूर्व मुख्यमंत्री से राजनीतिक प्रतिद्वंद्विता देख रहे हैं।

आज मैं मसालों की बात करता हूं। कुछ वर्ष पूर्व मैं केरल के कोच्चि शहर गया था। मसाले उत्पादन में केरल सैकड़ों वर्ष से प्रसिद्ध था। अरब और यूरोपीय व्यापारी मसाले के लालच में मध्य काल से केरल से व्यापार कर रहे थे। मैं कोच्चि के मसाला बाजार की एक दुकान में गया तो मसालों की सुगंध से ही मन भर गया। मेरी पहले लौंग के बोरे पर दृष्टि गई,तो उसमें रखी लौंग का आकार देख हतप्रभ रह गया। सुडौल और उससे निकलने वाली महक से मैं मंत्रमुग्ध हो गया। पूछने पर दुकानदार ने बताया कि हमारे उत्तर प्रदेश आदि में जो लौंग मिलती है, वह लौंग से तेल निकालने के बाद वाली लौंग है, इसीलिए वह सूखी व कम महक वाली होती है। लौंग के तेल का उपयोग चिकित्सीय कार्यों में होता है। यही हाल वहां पैदा होने वाले अन्य मसालों इलायची, काली मिर्च, जायफल आदि का होता है। मैं वहां से थोड़ा मसाले दैनिक उपयोग के लिए घर लाया और अब हम मसाले वहीं से कोरियर से मंगाते हैं। गुणवत्ता के कारण यह मसाले सब्जी या मांसाहारी खाने में कम मात्रा में ही प्रयुक्त होते हैं तथा अब यहां मिलने वाले मसाले कम अच्छे लगते हैं। वहां के शुद्ध मसाले सालों पड़े रहने पर खराब नहीं होते।



बद्री प्रसाद सिंह
सेवानिवृत्त पुलिस महानिरीक्षक उप्र.

फसलों में प्रयुक्त होने वाले रसायनों, कीटनाशकों से फसल के साथ वहां की मिट्टी पर भी प्रतिकूल प्रभाव पड़ता है। लौकी का आकार बढ़ाने हेतु, गाय भैंस का दूध बढ़ाने हेतु उनमें इंजेक्शन से दवा पहुंचाई जाती है। बैंगन में तो इतनी जहरीली दवा का छिड़काव होता है कि हमने बाजार का बैंगन खाना ही छोड़ दिया। आम हो या सेब, कीटनाशक दवा तो पड़ती ही है जिससे फल सुरक्षित रहें।अब तो आंवला की बाग में भी कीटनाशक दवा का छिड़काव हो रहा है। पेड़ों व जमीन पर पड़े रसायन एवं विष पानी के रास्ते जमीन के भीतर एकत्रित जल तक जाकर उसे प्रदूषित कर रहे हैं।

मैं 12-15 वर्ष का था, घर के किसी आयोजन के लिए दूध खरीद कर लाने हेतु पिताजी ने एक यादव को लगाया। जब यादव जी दूधिया के घर गए तो उसने शुद्ध दूध का रेट तीन रुपए प्रति लीटर बताया,ज बकि तब 2.50 रुपए का रेट था। यादव जी ने कहा, ठीक है लेकिन दूध शुद्ध हो। वह शुद्ध दूध के लिए 3.50 रुपए का रेट लगाया। यादव जी के अपने सामने ही दूध दुहाने की बात करने पर वह 3.75 रुपए प्रति लीटर का रेट बताया। जब रेट के इतना बढ़ने की बात यादव ने की तो उसने शुद्धता के साथ रेट बढ़ना बताया। बाजार में जब हम सस्ता सामान लेंगे तो शुद्धता से समझौता करना ही पड़ेगा। अधिक दाम देने पर भी शुद्धता की गारंटी नहीं है। यह मिलावट और प्रदूषण बढ़ता ही जा रहा है, इससे खाद्य,जल,वायु सभी प्रभावित हो रहे हैं। इसका हल फिलहाल दिख नहीं रहा है।

काम का दबाव

काम के दवाब में एक युवा चार्टेड एकाउंटेड की कार्डियक अटैक से असामयिक मृत्यु देश के सफेद कालर वालों के लिए दिल को छू देने वाली घटना है। इसने पूंजवादी व्यवस्था पर सवाल खड़े कर दिए हैं और मानवता की ओर गंभीर चिंतन पर अपना ध्यान खींचा है। हमारे नीति निर्धारक जो पूंजीवाद पर आधारित नीतियों के पोषक हैं उनके द्वारा सामाजिक दृष्टिकोण भुला दिया गया है।

केरल निवासी एक होनहार 26 वर्षीय अन्ना सेबेस्टियन पेरायिल की अस्वभाविक मृत्यु ने आधुनिक कार्य संस्कृति के बारे में एक महत्वपूर्ण चर्चा को प्रज्ज्वलित कर दिया है, उसकी मां ने नियोक्ता कंपनी के चेयरमैन राजीव मेनानी को लिखे पत्र में नौकरी के कार्य दवाब को इस मृत्यु से जोड़ा है।

इस त्रासदी भरी खबर का दो महीने बाद सामने आना,और उस पर प्रतिक्रिया ने अचंभित किया है।

क्या हम कर्मचारियों के काम के संकट के सकेतों को समझने और उन पर कारवाई करने में बहुत धीमे है? कंपनी ने घटना पर अपना दुख तो जाहिर किया है। परंतु अंतिम संस्कार में संस्थान के लोगों के शामिल न होने ने एक बड़ा सवालिया निशान लगा दिया है, जबकि इस कंपनी में एक लाख कर्मचारी है।



संजीव मेहरोत्रा
बरेली

एक नजर

स्मिता पांडेय को मिली पीएचडी की उपाधि

स्मिता पांडेय।

चांदा, सुलतानपुर, अमृत विचार : वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय जौनपुर में रविवार को आयोजित 28वें दीक्षांत समारोह में क्षेत्र के सफीपुर गांव की रहने वाली स्मिता पांडेय पत्नी देवांशु पांडेय ने मैत्रेयी पुष्पा और अलका सरावगी के उपन्यासों में नारी चेतना के विशेष संदर्भ अध्ययन में पीएचडी पूरी की। श्रीमती पांडेय को रविवार को सम्मानित किया गया। स्मिता पांडेय वर्तमान में पारस नाथ डिग्री कॉलेज सफीपुर सुलतानपुर में प्रधानाचार्य पद पर कार्यरत हैं। श्रीमती पांडेय की उपलब्धि पर ससुर नरेन्द्र पांडेय, उपेंद्र पांडेय सहित महाविद्यालय परिवार ने खुशी जताई।

बड़े दुर्गा पंडालों में समिति लगाए सीसीटीवी

कादीपुर, सुलतानपुर, अमृत विचार : दुर्गा पूजा महोत्सव को लेकर कोतवाली परिसर में शांति समिति की बैठक आयोजित की गई। उप जिलाधिकारी उत्तम कुमार तिवारी ने कहा कि कानून व्यवस्था के साथ किसी भी तरीके से खिलवाड़ नहीं करने दिया जाएगा। बड़े पंडालों में समिति के द्वारा सीसीटीवी कैमरा लगाया जाए। डीजे उन्हीं समितियों पर लगेगा। जिन्होंने प्रशासन से अनुमति ले रखी होगी। बिजली कनेक्शन को लेकर उपजिलाधिकारी ने पूजा पंडालों को कनेक्शन लेने की बात कही। मौके पर क्षेत्राधिकारी विनय गौतम, कोतवाल अशोक सिंह, नगर पंचायत अध्यक्ष आनंद जायसवाल, आनंद द्विवेदी, व्यापार मंडल अध्यक्ष घनश्याम जायसवाल आदि रहे।

पत्नी के हत्यारे को आजीवन कारावास

कोर्ट ने दोषी पति पर 50 हजार रुपये का अर्थदंड भी लगाया

विधि संवाददाता, सुलतानपुर

अमृत विचारः थाना क्षेत्र कोतवाली नगर के एक मोहल्ले में चार साल पूर्व पत्नी को जलाकर मौत के घाट उतारने के मामले में जिला जज जयप्रकाश पांडेय ने आरोपी पति ओमप्रकाश को आजीवन कारावास की सजा सुनाकर सोमवार को जेल भेज दिया। कोर्ट ने दोषी पति पर 50 हजार रुपए अर्थदंड भी लगाया है। अर्थदंड की 30 फीसदी धनराशि बतौर क्षतिपूर्ति मृतका के भाई गोविंद प्रसाद को देने का आदेश दिया है। अभियोजन के मुताबिक ओमप्रकाश की पत्नी सुनीता देवी की मौत 13 जुलाई 2020 को हुई थी, जब वह कथित रूप से जलकर बुरी तरह झुलस गई थी। सुनीता ने मरने से पहले दिए बयान में बताया था कि पति के अवैध संबंधों के चलते भोजन को लेकर हुए विवाद के बाद आरोपी ओमप्रकाश ने उसे आग लगा दी। मृतका के भाई गोविंद प्रसाद ने अपनी बहन की हत्या का मुकदमा दर्ज कराया, जिसमे ओमप्रकाश, नीरजा सोनी, और उसके पति राकेश सोनी को आरोपी बनाया गया। इस मामले में सभी के खिलाफ पुलिस ने आरोप-पत्र दाखिल किया । सहआरोपी नीरजा सोनी व राकेश सोनी को संदेह का लाभ देते हुए बरी कर दिया है । जिला जज की कोर्ट ने 19 सितंबर को आरोपी पति को दोषसिद्ध कर जेल भेज दिया था जिसे सोमवार को जेल से तलब कर सजा के बिन्दु पर सुनवाई करते हुए उसे पत्नी की हत्या में आजीवन कारावास की सजा सुनाकर जेल भेज दिया।

दीवानी में मौजूद अधिवक्ता और वादकारी। अमृत विचार

अशफाक हत्याकांड में अभियोजन साक्ष्य समाप्त, आरोपियों के बयान दर्ज

▸▸ जगदीशपुर बाजार में हुई थी हत्या

जगदीशपुर के चर्चित अशफाक हत्याकांड में अभियोजन की गवाही पूरी हो गई है। सोमवार को कोर्ट में पेश विकास खरवार , सूरज सिंह, वंशराज, सतीश उर्फ सतई, सुबास यादव का बयान दर्ज किया गया वही राजेश विक्रम सिंह का बयान जरिये वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग दर्ज किया गया। अन्य आरोपियों का बयान दर्ज करने के लिए कोर्ट ने मंगलवार की तारीख नियत की है।

एडीजीसी मनोज दुबे ने बताया अमेठी के जगदीशपुर थाना क्षेत्र के हुसैनपुर कला गांव के अशफाक अहमद की जगदीशपुर बाजार में स्थित विजया बैंक के पास 30 जनवरी 2018 गोली व बम मारकर हत्या कर दी गई थी। रजी अहमद और अन्य घायल हुए थे। मृतक के पिता अंसार अहमद की तरफ से जगदीशपुर के पूर्व ब्लाक प्रमुख राजेश विक्रम सिंह उनके भाई राकेश विक्रम सिंह समेत अन्य के खिलाफ केस दर्ज कराया गया था।

पूर्व विधायक सोनू सिंह के केस में कांस्टेबल का बयान दर्ज

संवाददाता, सुलतानपुर : धनपतगंज थाना क्षेत्र के मायंग में दो साल पूर्व गाली-गलौज और हत्या की धमकी के मामले मे पूर्व विधायक चंद्रभद्र सिंह सोनू समेत चार अन्य के केस में एमपी-एमएलए मजिस्ट्रेट कोर्ट में सोमवार को अभियोजन के तीसरे गवाह कांस्टेबल जयसिंह का बयान दर्ज किया गया। कोर्ट ने अभियोजन के अगले साक्ष्य के लिए एक अक्टूबर की तारीख नियत की है। अभियोजन के मुताबिक धनपतगंज थाना क्षेत्र के मायंग में 18 जून 2022 को नाली के पानी के विवाद को लेकर फूलचन्द्र निषाद, पूर्व विधायक चंद्रभद्र सिंह सोनू, रोशन सिंह और पप्पू सिंह पर गाली-गलौज और हत्या की धमकी देने के आरोप में गांव के ही बैजनाथ निषाद ने केस दर्ज कराया था। मामले में चारों के खिलाफ चार्जशीट दाखिल की गई है।

पूर्व विधायक के केस में गवाही पर नहीं हाजिर हुए दरोगा

संवाददाता, सुलतानपुर : लंभुआ के पूर्व विधायक संतोष पांडेय सहित 12 के विरुद्ध आदर्श आचार संहिता उल्लंघन के मामले में एमपी/ एमएलए मजिस्ट्रेट की विशेष न्यायालय में सोमवार को दरोगा आनंद गौतम के न आने के कारण की गवाही टल गई। बचाव पक्ष के वकील संतोष पांडेय ने बताया दरोगा के न आने के कारण जिरह नहीं हो सकी । कोर्ट ने अगली सुनवाई के लिए एक अक्टूबर की तारीख नियत की है। लंभुआ पूर्व सपा विधायक संतोष पांडेय व सह आरोपितों पर फरवरी 2022 में दो एफआईआर लम्भुआ व कोतवाली देहात थाने में लिखाई गई थी। विधानसभा चुनाव के दौरान उड़नदस्ता प्रभारी रहे बीडीओ संदीप सिंह ने आरोप लगाया है कि विधानसभा चुनाव के दौरान पूर्व विधायक ने समर्थकों के साथ विधानसभा क्षेत्र में कई स्थानों पर बिना प्रशासन की अनुमति के जनसभा की। जिससे आदर्श चुनाव आचार संहिता और कोरोना महामारी के नियमों का उल्लंघन हुआ। वहीं, इसौली विधायक मो . ताहिर खान के खिलाफ दर्ज वन अधिनियम के मामले में भी अभियोजन गवाह न आने के कारण सुनवाई टल गई। कोर्ट ने अगली सुनवाई के लिए चार अक्टूबर की तिथि नियत की है।

पतार खास ग्राम पंचायत सचिव व प्रधान को नोटिस जारी

▸▸ ग्राम प्रधान, पंचायत सचिव, ग्राम रोजगार सेवक ने मनरेगा योजना को भी नहीं बख्शा

संवाददाता, सुलतानपुर : जिला पंचायत राज अधिकारी शिकायत के बाद ही जांच करते हुए विधिक कार्यवाही करते हैं, जबकि जिले के सभी विकास खंडों के अधिकांश ग्राम पंचायतो में अनियमितता व्याप्त है, लेकिन अधिकारी शिकायत का ही इंतजार करते हैं। अखण्ड नगर थाना क्षेत्र के पतारखास निवासी सुशील कुमार पांडेय डीपीआरओ से शिकायत दर्ज कराई थी कि कि गांव के बाजार हाट के निर्माण के लिए आवंटित सभी धनराशि ग्राम प्रधान द्वारा निकाला जा चुका है। तीन साल बीतने पर भी बाकी का निर्माण अधूरा पड़ा है इसका भी जांच किये जाने का अनुरोध किया था ।वही पंचायत भवन के बाउंड्रीवाल निर्माण में घटिया सामग्री के प्रयोग किये जाने की बात कही थी। शिकायत पर डीपीआरओ ने सहायक विकास अधिकारी (पं) अखण्डनगर से जांच कराई। जांच के दौरान मौके पर घटिया ईंट पाया गया जिसको तत्काल उक्त स्थल से हटाने का निर्देश दिया गया। निर्माण कार्य में प्रयोग की गई पीली ईट को तोड़वाकर निकलवा दिया गया तथा निर्माण कार्य को तत्काल प्रभाव से रोक दिया गया। वही पंचायत भवन के बाउंड्रीवाल निर्माण में घटिया सामाग्री के प्रयोग किये जाने की बात सामने आई। जिस पर डीपीआरओ अभिषेक शुक्ला ने अखण्डनगर ब्लाक के पतारखास ग्राम में भ्रष्टाचार करने वाले ग्राम प्रधान और पंचायत सचिव को कारण बताओ नोटिस जारी कर जवाब दो सप्ताह में मांगा है। जवाब से संतुष्ट नहीं मिलने पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

इस बार बोर्ड परीक्षा में बैठेंगे 80 हजार परीक्षार्थी

जिला संवाददाता, सुलतानपुर

कक्षा	छात्र	छात्रा	कुल
हाईस्कूल	20553	19232	39785
इंटरमीडिएट	19768	20113	398881

राजकीय इंटर कॉलेज बनेगा संकलन केंद्र।

▸▸ यूपी बोर्ड की परीक्षा की तैयारियों में जुटा महकमा

▸▸ बीते बोर्ड परीक्षा से घट गए 831 परीक्षार्थी

अमृत विचारः उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षा परिषद की ओर से इंटरमीडिएट व हाईस्कूल की बोर्ड परीक्षा की तैयारियां शुरू हो गई है। इस बार की बोर्ड परीक्षा में हाईस्कूल और इंटरमीडिएट के कुल 79 हजार 666 छात्र-छात्राएं शामिल होंगे। बीते परीक्षा के हिसाब से इस बार 831 परीक्षार्थी कम हो गए हैं।

जिले में माध्यमिक शिक्षा परिषद के 331 विद्यालय संचालित हो रहे हैं। इसमें 25 राजकीय, 58 अशासकीय व 248 वित्तविहीन माध्यमिक विद्यालय शामिल है। यूपी बोर्ड की ओर से हाईस्कूल व इंटरमीडिएट की बोर्ड परीक्षा में अभी काफी समय है, लेकिन महकमा तैयारियों में जुट गया है।

परीक्षा प्रभारी जितेंद्र दुबे ने बताया कि विद्यालयों की परीक्षा फीस जमा करने व डाटा अपलोड करने की अंतिम तिथि बीत गई है। सबमिट किए गए डाटा के मुताबिक इस बार बोर्ड की परीक्षा में इंटरमीडिएट व हाईस्कूल के कुल 79 हजार 666 छात्र-छात्राओं का आवेदन प्रस्तुत किया गया है। इसमें हाईस्कूल में 39,785 तो इंटरमीडिएट में 39,881 छात्र-छात्रा शामिल है। बोर्ड के आदेशानुसार परीक्षा की तैयारियां शुरू कर दी है। परीक्षार्थियों की संख्या साफ हो जाने के बाद अब परीक्षा केंद्रों के निर्धारण की प्रक्रिया चालू होगी। परीक्षा प्रभारी ने बताया कि अब बोर्ड से आई समय-समय पर सूचनाएं आएंगे, जिसके अनुपालन में तैयारियां तेज की जाएगी।

> 20 सितंबर तक विद्यालयों की ओर से बोर्ड परीक्षार्थियों की अंतिम सूचना आनलाइन करते हुए शासन से निर्धारित परीक्षा शुल्क जमा कर दिया गया है। इस बार परीक्षा में 831 परीक्षार्थी पिछली बार से कम है। जो हाईस्कूल में कम हुए हैं। बोर्ड परीक्षा की तैयारियां अब तेज की जाएंगी। -रविशंकर, डीआईओएस, सुलतानपुर

शिकायत मिली तो मौके पर जा पहुंचीं डीएम

गोसाईगंज, सुलतानपुर

अमृत विचारः सोमवार को जिलाधिकारी का एक और अलग रूप दिखा। डीएम के जनता दर्शन में गोसाईगंज थाना क्षेत्र के रामदासपुर से एक ही मामले की कई शिकायत आईं थी। सबकी शिकायत थी कि आवास आवंटन की भूमि पर कब्जा नहीं मिल रहा है। शिकायत के निस्तारण हेतु डीएम कृत्तिका ज्योत्स्ना दोपहर बाद एसडीएम सदर विपिन कुमार द्विवेदी राजस्व व पुलिस टीम के साथ राम दास पुर गांव पहुंच गई।

राजस्व व पुलिस विभाग की संयुक्त टीम के साथ प्रकरण को निस्तारित कराया। उन्होंने राजस्व व पुलिस विभाग की टीम को निर्देशित किया कि सभी लाभार्थियों के आवास आवंटित भूमि का चिन्हांकन कर उन्हें तत्काल कब्जा दिलाया जाये, अब किसी भी प्रकार का विवाद नहीं होना चाहिये। जिलाधिकारी ने प्रकरण में कई लाभार्थियों के एक साथ शिकायत करने पर इसे तत्काल संज्ञान लेते हुए खुद जाकर निस्तारित कराया। महेंद्र, बखेडू, देव नरायन, प्रभावती, राधेश्याम निवासीगण रामदासपुर के मामले का निस्तारण कराया। मामले का निस्तारण होने पर पीड़ितों ने डीएम का आभार व्यक्त किया। इस मौके पर तहसीलदार सदर ह्रदय राम तिवारी,प्रधान प्रतिनिधि जमुना सिंह, लेखपाल सुनील सिंह, चौकी प्रभारी द्वारिकागंज शैलेंद्र प्रताप सिंह समेत अन्य लोग मौजूद रहे।

मौके पर पहुंचकर शिकायत की जांच करतीं डीएम कृत्तिका ज्योत्स्ना।

▸▸ अधिकारियों के साथ पहुंचीं डीएम ने हल कराया मामला

विद्युत कटौती पर उपकेंद्र में जड़ा ताला

संवाददाता, सुलतानपुर

अमृत विचारः जयसिंहपुर तहसील क्षेत्र बिरसिंहपुर उपकेंद्र से पांच फीडर हालापुर, तिन्दौली, छिटपट्टी, नुमाये, सेमरी से सैकड़ों गांव में बिजली आपूर्ति की जाती है। यहां आए दिन बिजली व्यवस्था राम भरोसे चलती रहती है। इस अव्यवस्था से गुस्साए ग्रामीणों ने बिरसिंहपुर विद्युत उपकेंद्र पर ताला लगा दिया और पांचों फीडरों को बंद करा दिया। गस्साए उपभोक्ता विभाग के आलाधिकारियों को बुलाने की मांग करने लगे।

सोमवार को सुबह लगभग 10 बजे गुस्साए उपभोक्ता काफी संख्या में बिरसिंहपुर विद्युत उपकेंद्र पहुँच कर पाँचो फीडरों को बंद करा दिया। उपकेंद्र पर मौजूद विद्युत कर्मचारियों से अपने अधिकारियों को बुलाने की बात कही। सुबह 10 बजे से लेकर दोपहर 3 बजे तक कोई भी अधिकारी मौके पर नहीं पहुंचा दोपहर बाद शाम 4 बजे एसडीओ अमरजीत वर्मा, जेई अभिषेक कुमार उपकेंद्र पहुंचकर ग्रामीणों को समझा बुझाकर व्यवस्था में सुधार लाने के प्रति आश्वस्त किया। वही ग्रामीणों ने एसडीओ को विद्युत सही करवाने को लेकर लिखित शिकायती पत्र दिया और बताया कि अगर लाइट सही नही होती है तो हम लोग उच्चाधिकारियों के पास जायेंगे। जेई अभिषेक कुमार ने बताया कि उपभोक्ताओं द्वारा विद्युत बंद कराया गया था। जिसके चलते 8 घंटे बाद उपभोक्ताओं को समझा बुझाकर आपूर्ति बहाल कराई गई है।

बिरसिंहपुर उपकेंद्र पर बैठे ग्रामीण। अमृत विचार

● दोपहर बाद पहुंचे एसडीओ व जेई ने ग्रामीणों को कराया शांत

सार-संक्षेप

ननिहाल में रह रही किशोरी से दुष्कर्म, केस दर्ज

कादीपुर, सुलतानपुर, अमृत विचार : ननिहाल में रह रही किशोरी के साथ युवक ने दुष्कर्म किया। किशोरी की मां की तहरीर पर पुलिस ने युवक के विरुद्ध नामजद केस दर्ज किया है। कोतवाली क्षेत्र के एक गांव में किशोरी अपनी मां के साथ ननिहाल में रह रही थी। आरोप है कि बीते 19 सितंबर को युवक ने किशोरी को घर से जबरन उठा कर ले गया और घर के पीछे ले जाकर उसके साथ दुष्कर्म किया। युवक ने घटना के संबंध में किसी से बताने पर जान से मारने की धमकी दी। पीड़िता की मां की रविवार को दी गई तहरीर पर पुलिस ने युवक अभिषेक के विरुद्ध दुष्कर्म करने के मामले में नामजद केस दर्ज कर लिया है।

ससुराल में संदिग्ध परिस्थिति में महिला की मौत

लंभुआ, सुलतानपुर, अमृत विचार : लंभुआ कोतवाली क्षेत्र के जैतपुर भिटार निवासी हरिकेश की शादी मई में प्रतापगढ़ जनपद कोतवाली आसपुर देवसरा क्षेत्र के गिरधारी की पुत्री सावित्री उम्र लगभग 21 वर्ष से हुई थी। रविवार की रात रोजाना की तरह दोनों पति पत्नी सोए हुए थे। सुबह लगभग चार बजे नींद खुलने पर देखा कि बिस्तर पर पत्नी नहीं है। कमरे के बाहर जैसे पहुंचा तो देखा जमीन पर उसकी पत्नी गिरी पड़ी है। अचेत अवस्था में तत्काल उसे लंभुआ सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया। जहां पर डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। कोतवाली प्रभारी अखंड देव मिश्रा ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है।

प्रमाण देकर कांति सिंह का किया गया सम्मान। अमृत विचार

शिक्षिका कांति सिंह को मिला उड वैज प्रमाण पत्र

सुलतानपुर, अमृत विचार : सोमवार को भारत स्काउट और गाइड उत्तर प्रदेश की प्रादेशिक परिषद की बैठक एवं पुरस्कार व प्रमाण पत्र वितरण समारोह उत्तर प्रदेश कौशल विकास मिशन अलीगंज लखनऊ में संपन्न हुआ। प्रदेश परिषद की इस बैठक में जनपद से डॉ. दिनेश प्रताप सिंह जिला कमिश्नर स्काउट, डॉ गुलाब सिंह जिला सचिव और गौरव सिंह जिला संगठन आयुक्त स्काउट ने प्रतिभाग किया। इस अवसर पर जिले के कुल आठ प्रशिक्षकों द्वारा प्रमाण पत्र दिए गए। महेंद्र कुमार वर्मा ट्रेनिंग काउंसलर स्काउट प्री एएलटी स्काउट का प्रमाण पत्र प्राप्त करके इस उपाधि को प्राप्त करने वाले सुलतानपुर से पहले ट्रेनिंग काउंसलर बने। शिक्षिका कांति सिंह जिला संगठन आयुक्त गाइड को हिमालय उड वैज प्रमाण पत्र भूतपूर्व कैबिनेट मंत्री जल शक्ति उत्तर प्रदेश सरकार, भारत स्काउट एंड गाइड उत्तर प्रदेश लखनऊ के अध्यक्ष डॉ महेंद्र सिंह , मुख्य आयुक्त डॉ प्रभात कुमार के द्वारा देकर सम्मानित किया गया। साथ ही ट्रेनिंग काउंसलर स्काउट गाइड आदर्श शुक्ला, गौरव गुप्ता, निकिता यादव, रागिनी सिंह, रेनू वर्मा और कविता वर्मा ने हिमालय उड वैज प्रमाण पत्र प्राप्त किया।

हिंदी में दीपा तो भौतिक में शैलेंद्र को मिला प्रथम पुरस्कार

संवाददाता, सुलतानपुर, अमृत विचार : शहर के केशकुमारी राजकीय बालिका इंटर कॉलेज में सोमवार को जिला स्तरीय शिक्षण अधिगम सामग्री प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। इसमें 25 राजकीय माध्यमिक विद्यालयों के हिंदी, अंग्रेजी, गणित, रसायन विज्ञान, भौतिक विज्ञान, जीव विज्ञान, भूगोल, इतिहास, अर्थशास्त्र एवं नागरिक शास्त्र के शिक्षकों व प्रवक्ताओं ने हिस्सा लिया। शुभारंभ जिला विद्यालय निरीक्षक रविशंकर व सह जिला विद्यालय निरीक्षक जटाशंकर ने किया। केश कुमारी राजकीय बालिका इंटर कॉलेज की डॉ .दीपा द्विवेदी ने हिंदी, भौतिक विज्ञान में शैलेंद्र चतुर्वेदी, अंग्रेजी में रचना, जीव विज्ञान में ज्योति मिश्रा,भूगोल में पुष्पलता व इतिहास में मुक्ता सिंह ने पहला स्थान प्राप्त किया। राजकीय बालिका इंटर कॉलेज कादीपुर की पल्लवी बरनवाल ने गणित, ममता ने नागरिक शास्त्र, पं .दीनदयाल उपाध्याय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बुआपुर के रामकृष्ण ने रसायन विज्ञान, राजकीय हाईस्कूल जुड़ूपुर की आयशा खातून ने अर्थशास्त्र में अव्वल दर्जा प्राप्त किया।

दिव्यांग दंपति ने डीएम से लगाई गुहार

संवाददाता, सुलतानपुर, अमृत विचार : सरकार का नारा है कि सबसे नीचे क्रम वाले पात्र को भी योजनाओं का लाभ मिलेगा। वही जिले में एक ऐसे दिव्यांग दंपती है जो आवास योजना का लाभ तो पाए है। लेकिन दबंगों के चलते अपनी ही पुश्तैनी जमीन पर निर्माण कार्य नहीं करवा पा रहा है। बिना पैर के अपनी आंखों से सूर पत्नी के साथ अधिकारियों के चौखट पर गुहार लगा रहे हैं। फिर भी इनकी सुनवाई नहीं हो पा रही है। मोतिगर थाना क्षेत्र के खडसरा निवासी दोनो पैर से दिव्यांग राम चंदर पत्नी दोनों आंखों से सूर के साथ रहता है। दिव्यांग राम चंदर अपनी पत्नी की साथ कई वर्षों से काबिज है। बाउंड्री वॉल के अंदर सरकार द्वारा मिले आवास का निर्माण कर रहा था। आरोप है कि इसी बीच गांव के पड़ोसी अच्छेलाल सहित सात लोग उसे जान से मारने की धमकी देते हुए निर्माणाधीन दीवाल तोड़ दिया। इसकी शिकायत उसने पहले थाना मोतिगरपुर में की कार्यवाही नहीं होने पर सीओ जयसिंहपुर व एसडीएम जयसिंहपुर से की निराशा हाथ लगने पर पुलिस अधीक्षक सुलतानपुर से की कार्यवाही न होने पर तो सोमवार को डीएम के पास पहुंचे है। दिव्यांग दंपति ने बताया कि जब डीएम साहिबा कोई कार्रवाई नहीं करती है तब तक घर वापस नहीं जाएंगे।

शौच के लिए गई युवती से दुराचार का प्रयास

▸▸ पुलिस ने आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर शुरू की जांच

लंभुआ, सुलतानपुर, अमृत विचारः शौच के लिए घर से बाग में गई दलित युवती के साथ युवक ने जबरदस्ती हाथ पकड़ कर दुराचार करने का प्रयास किया। किसी तरह से युवती वहां से अपनी इज्जत बचाकर भागी। पुलिस ने पीड़ित युवती की तहरीर पर उसका मेडिकल कराया और आरोपी युवक के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू की।

लंभुआ कोतवाली क्षेत्र के एक गांव की युवती सोमवार की सुबह लगभग साढ़े आठ बजे घर से सौ मीटर दूर जंगल में शौच के लिए गई थी। तभी वहां पहले से ही घात लगा कर बैठा गांव का युवक शिवेश चतुर्वेदी जबरन हाथ पकड़ कर दुराचार करने की कोशिश करने लगा। युवती जब अपने को छुड़ाने का प्रयास करने लगी तो बोला कि तुम्हारा वीडियो बना लिया हूं और इसे वायरल कर दूंगा। फिर जबरन दुराचार करने का प्रयास करने लगा। तभी युवती किसी तरह अपना बचाव करते हुए वहां से भागी और घर वालों को अपनी आप बीती बताई। पीड़ित युवती ने पुलिस को तहरीर दी। पुलिस ने पीड़िता का मेडिकल करवाया और कोतवाली क्षेत्र के घरवासपुर निवासी शिवेश चतुर्वेदी के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू की।

दुर्गा महोत्सव में मुकम्मल रहेंगी सारी व्यवस्थाएं: प्रवीण

जिला संवाददाता, सुलतानपुर

● पालिकाध्यक्ष की अध्यक्षता में हुई बोर्ड बैठक में पास हुए कई प्रस्ताव

अमृत विचारः सोमवार को पालिकाध्यक्ष प्रवीन कुमार अग्रवाल की अध्यक्षता में नगर पालिका परिषद की एक महत्वपूर्ण बोर्ड बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में आगामी दशहरा और दुर्गापूजा के मद्देनजर नगर पालिका द्वारा की जाने वाली तैयारियों पर गहन चर्चा की गई।

पालिकाध्यक्ष ने बताया कि दुर्गा पूजा के दौरान साफ-सफाई, पेयजल व्यवस्था, गड्ढों की पैचिंग, छुट्टा जानवरों को पकड़ने, स्ट्रीट लाइटों को दुरुस्त करने और घाटों पर उचित व्यवस्था सुनिश्चित करने के लिए प्रस्ताव पारित किए गए हैं। इसके अलावा अमहट स्थित गोराबारिक में नगर पालिका की भूमि पर सफाई और जल-कल के वाहनों को नियंत्रित और सुव्यवस्थित ढंग से खड़ा करने के लिए दो वर्कशॉप और जल-कल परिसर में पेयजल से संबंधित सामान रखने के लिए एक स्टोर रूम बनाने का प्रस्ताव भी पारित किया गया।

नवीनतम पार्किंग जोन और अन्य पार्किंग स्थलों के निर्माण के लिए भी स्वीकृति दी गई, जिसमें जीआईसी के पीछे वेंडिंग जोन और पर्यावरण पार्क के पीछे पार्किंग स्थल शामिल हैं। इसके साथ ही ट्रांजिट हास्टल और गेस्ट हाउस के निर्माण के लिए जिला प्रशासन द्वारा मांगी गई जमीन के लिए भी सर्वसम्मति से स्वीकृति प्रदान की गई। बैठक में एक विशेष निर्णय के तहत, पर्यावरण पार्क का नामकरण अटल पर्यावरण पार्क करने का प्रस्ताव रखा गया, जो कि पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न पं. अटल बिहारी वाजपेयी की स्मृति में किया गया। इस प्रस्ताव को सभी सदस्यों ने सहमति से मंजूर किया और अटल जी की आदमकद प्रतिमा लगाने के लिए उचित स्थान चिन्हित करने का निर्णय भी लिया गया। अधिशासी अधिकारी लाल चन्द्र सरोज ने उपस्थित सभी सदस्यों को धन्यवाद ज्ञापित करते हुए सभा का समापन किया। इस मौके पर कई सभासद व पालिका अधिकारी कर्मचारी रहे।

बोर्ड की बैठक को संबोधित करते पालिकाध्यक्ष प्रवीन कुमार अग्रवाल। अमृत विचार

बनी रणनीति बैठक कर विभिन्न संगठनों ने पेंशन बहाली के लिए 26 सितंबर को होने वाली आक्रोश बाइक रैली की सफलता के लिए किया विचार-विमर्श

अटेवा को मिला विभिन्न संगठनों का समर्थन, होगी आरपार की लड़ाई

संवाददाता, सुलतानपुर

अमृत विचारः सोमवार को जनपद में अटेवा के जिला अध्यक्ष अशोक सिंह गौरा के नेतृत्व में जनपद के विभिन्न संगठनों के अध्यक्ष ,मंत्री एवं पदाधिकारियों के साथ बैठक सम्पन्न हुई। जिसमें 26 सितंबर को एनपीएस /यूपीएस के विरोध में होने वाली आक्रोश बाइक रैली की सफलता के लिए विस्तार से चर्चा की गई।

जिला अध्यक्ष ने सभी संगठनों से अपील करते हुए कहा कि हमारी आपकी एकजुटता से ही पुरानी पेंशन बहाल होगी। जिस दिन हम लोग एक हो जायेंगे उसी दिन हमारी पुरानी पेंशन के बारे में सरकार सोचने को मजबूर होगी। इस मुद्दे पर उपस्थित सभी संघों ने पुरजोर सहयोग एवं समर्थन किया। वहीं इस कार्यक्रम की अध्यक्षता चतुर्थ श्रेणी राज्य कर्मचारी संघ स्वास्थ्य विभाग जिला अध्यक्ष ओमप्रकाश गौड़ ने कहा कि पुरानी पेंशन बहाली के मुद्दे पर हम सभी संगठनों के पदाधिकारी अटेवा के साथ हैं तथा कार्यक्रम का कुशल संचालन मंत्री डिप्लोमा फार्मासिस्ट एसोसिएशन के लक्ष्मण स्वरूप श्रीवास्तव ने किया। इस अवसर पर राजकीय नर्सेज संघ के जिला अध्यक्ष राज प्रताप सिंह, पंचायती राज विभाग ग्रामीण सफाई कर्मचारी संघ के अध्यक्ष डीडी चौहान,जिला मंत्री अमित यादव , अटेवा जिला आईटी प्रभारी चन्द्रपाल राजभर,अनुदेशक संघ के अध्यक्ष मनोज कुमार सिंह , फार्मासिस्ट एसोसिएशन के जिला अध्यक्ष शशिकांत मिश्रा,अटेवा जिला उपाध्यक्ष एवं राजकीय नर्सेज संघ के जिला उपाध्यक्ष चंद्रिका प्रसाद,एग्रीकल्चर मिनिस्ट्रियल एसोसिएशन कृषि विभाग के मंत्री वाहिदअली, डीपीए सुल्तानपुर के उपाध्यक्ष एसएन मिश्रा,फार्मासिस्ट संतोष कुमार बरनवाल,नर्सिंग ऑफिसर रेनू मिश्रा, नर्सिंग ऑफिसर स्मिता बौद्ध, सीनियर नर्सिंग ऑफिसर मुरेता, नियमित वर्कचार्ज कर्मचारी संघ लोक निर्माण विभाग के जिला अध्यक्ष विनोद कुमार साहू एंव मंत्री ओम प्रकाश यादव, मिनिस्ट्रियल एसोसिएशन लोक निर्माण विभाग के जिला अध्यक्ष राम बहादुर यादव एवं उपाध्यक्ष विजय कुमार, राजकीय वाहन चालक संघ के वरिष्ठ उपाध्यक्ष मसीद अहमद,मंत्री देवनारायण, राज्य कर्मचारी संयुक्त परिषद के अध्यक्ष श्याम नारायण यादव,स्वास्थ्य विभाग के मंत्री राम रतन,संयुक्त मोर्चा के संयोजक एवं विकास भवन कर्मचारी संघ के पूर्व जिला अध्यक्ष भानु प्रताप श्रीवास्तव, विकास भवन कर्मचारी संघ के जिला अध्यक्ष मनोज कुमार श्रीवास्तव, जूनियर हाई स्कूल शिक्षक संघ के अध्यक्ष रणधीर सिंह, ओटीए स्वास्थ्य विभाग ओमप्रकाश तिवारी,प्राथमिक शिक्षा मित्र संघ के जिला अध्यक्ष बृजेश पांडे एवं आदर्श शिक्षामित्र ऐसोसिएशन के जिला अध्यक्ष दिनेश चंद्र आदि उपस्थित रहे।

पुरानी पेंशन बहाली को लेकर कई संगठनों ने अटेवा को दिया समर्थन। अमृत विचार

एक नजर

दबिश देकर बरामद की अवैध शराब

गोरखपुर, अमृत विचार। अवैध शराब के विरुद्ध जनपद गोरखपुर में आबकारी विभाग द्वारा चलाए जा रहे अभियान के अंतर्गत आबकारी टीम द्वारा गिधवा एवं धनौड़ा खुर्द थाना बांसगांव में स्थित ईट भट्ठों पर दबिश देकर लगभग 25 लीटर कच्ची शराब बरामद कर आबकारी अधिनियम की धारा 60 के अंतर्गत 02अभियोग पंजीकृत किया गया। दबिश के दौरान लगभग 200 किग्रा लहन नष्ट किया गया। टीम में आबकारी इंस्पेक्टर ज्ञान प्रताप सिंह, पुंकेश कुमार सिंह हमराहियों शामिल रहे।

250 से ज्यादा आबादी वाले गांवों तक बनेगी सड़क

संतकबीरनगर, अमृत विचार। ऐसे गांव जहां की आबादी 250 से ज्यादा है और वे गांव अभी तक पिच सड़क से नहीं जुड़ सके हैं, उनके लिए अच्छी खबर है। शासन के निर्देश पर जिलाधिकारी ने जिले के तीनों तहसीलों में ऐसे गांवों का सर्वे कराना शुरू कर दिया है कि जहां अभी तक नागरिकों के आवागमन का मार्ग तक उपलब्ध नहीं हो सका है। जानकारी के मुताबिक जिले में 500 से कम आबादी वाले सैकड़ों गांवों में आवागमन के लिए सड़क की सुविधा उपलब्ध नहीं हो सकी है।

निर्बाध बिजली आपूर्ति के लिए करना होगा इंतजार

बस्ती, अमृत विचार। शहर में बिजली आपूर्ति दुरुस्त करने के लिए नई लाइन बनाई जा रही है। जिसके कारण दिन में क्षेत्रवार अक्सर शटडाउन लिया जा रहा है। जिससे लोगों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। दिक्कत की बात यह है कि हाल-फिलहाल इस समस्या से छुटकारा मिलने वाला नहीं है। विभाग के अधिकारी बताते हैं कि अप्रैल 2025 तक यह काम पूरा हो पाएगा। असल में पुनरोद्धार वितरण क्षेत्र योजना (आरडीएसएस) के तहत शहर में नए खंभे व बंच केबल लगाने का कार्य चल रहा है।

स्कूली वाहनों की जांच में देरी पर भड़के डीएम

सड़क सुरक्षा समिति की बैठक में बिना परमिट चल रहे वाहनों पर कार्रवाई के दिए निर्देश

संवाददाता, सिद्धार्थनगर

अमृत विचार। सड़क सुरक्षा समिति की बैठक जिलाधिकारी डॉ राजागणपति आर. की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में हुई।

बैठक की अध्यक्षता करते हुए जिलाधिकारी द्वारा पिछली बैठक की अनुपालन आख्या की समीक्षा की गयी। जिलाधिकारी ने स्कूली के वाहनों के फिटनेस की जांच की कम प्रगति पर एआरटीओ पर कड़ी नाराजगी व्यक्त करते हुए विद्यालय के वाहनों के फिटनेस की जांच कराने का निर्देश दिया तथा यह भी निर्देश दिया कि बिना पंजीकरण कोई भी वाहन नहीं चलना चाहिए।

सड़क सुरक्षा समिति की बैठक में अधिकारियों से जानकारी लेते जिलाधिकारी डॉ. राजागणपति।

बिना परमिट के चल रहे वाहनों पर कार्रवाई करने का निर्देश दिया। जिलाधिकारी ने एआरटीओ को निर्देश दिया कि ओवर लोडिंग गाड़ियों नहीं चलनी चाहिए। जिलाधिकारी ने कार्यदायी संस्थाओं के अधिशासी अभियन्ता, प्रोजेक्टर मैनेजर को निर्देश दिया कि सड़क के किनारे गिट्टी व अन्य सामग्री नहीं पड़ा होना चाहिए। ट्रांसपोर्टरों के साथ बैठक/कार्यशाला आयोजित कर स्थानीय लोगों को भी जागरूक करें। जिलाधिकारी ने ब्लैक स्पॉट को चिन्हित कर साइन बोर्ड लगवाने तथा गतिसीमा का बोर्ड लगाने का निर्देश दिया। सभी वाहनों पर रिफ्लेक्टर लगवाने का निर्देश दिया। इसके अलावा रोडवेज बस के चालकों का नेत्र परीक्षण कराने का निर्देश दिया। जिलाधिकारी ने अधिशासी अभियन्ता विद्युत को रास्ते में पड़ने वाले ट्रान्सफार्मर, बिजली पोल हटाने के लिए स्टीमेट बनाकर कार्यवाही करने का निर्देश दिया। इस अवसर पर उपरोक्त के अतिरिक्त पीडी नागेन्द्र मोहन राम त्रिपाठी, अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ डीके चौधरी, अधिशासी अभियन्ता लोनिवि (प्रा.ख.), एआरटीओ सुरेश कुमार मौर्या, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी देवेन्द्र कुमार पाण्डेय, जिला विद्यालय निरीक्षक सोमारू प्रधान तथा अन्य संबधित अधिकारी उपस्थित थे।

हर रविवार को आयुष्मान ग्राम में कैंप लगाने के निर्देश

संवाददाता, सिद्धार्थनगर

- जिला आयुष समिति की समीक्षा बैठक आयोजित

अमृत विचार। जिलाधिकारी डॉ राजागणपति आर. की अध्यक्षता में जिला आयुष समिति एवं कार्यकारी निकाय की समीक्षा बैठक कलेक्ट्रेट सभागार में हुई।

बैठक में जिलाधिकारी डॉ राजा गणपति आर. ने निर्देश दिया कि निविदा कराकर दवाओं की खरीददारी एक सप्ताह में कर लें। प्रत्येक सप्ताह आयुष्मान ग्राम में रविवार को कैम्प लगाकर लोगों को अधिक से अधिक लाभ दिये जाने हेतु निर्देश दिया गया। जनपद में आयुष्मान आरोग्य मन्दिर 11 हैं, जिसमें 2 का कनेक्शन नहीं हो पाया है। जिलाधिकारी ने कनेक्शन कराने का निर्देश दिया। जिलाधिकारी ने नगर पालिका बांसी के उद्यान पार्क में योग कार्यक्रम कराने का निर्देश दिया। जिलाधिकारी ने आयुष मोबाइल/मेडिकल यूनिट में गांव का चयन करने का निर्देश दिया जिसमें बार्डर के 10 गांवों का चयन किया जाना है। तहसील शोहरतगढ़ के 5 गांव तथा नौगढ़ के 5 गांवों का चयन करने हेतु प्रस्ताव प्रेषित करने का निर्देश दिया। इसके अलावा जिला आयुष समिति में उपलब्ध धनराशि, मानव संसाधन एवं डिस्पेंसरीवार विवरण, वृद्धावस्था जन्य रोग शिविर, आयुष मोबाइल मेडिकल यूनिट, हर्बल गार्डन आदि समस्त बिन्दुओं की समीक्षा की गयी।

नालियों की सफाई कराने का निर्देश

संवाददाता, सिद्धार्थनगर

- विशेष संचारी रोग नियंत्रण एवं दस्तक अभियान को लेकर डीएम ने की समीक्षा बैठक

अमृत विचार। जिलाधिकारी डॉ राजागणपति आर. की अध्यक्षता में विशेष संचारी रोग नियंत्रण एवं दस्तक अभियान 1 अक्टूबर से 31 अक्टूबर और सम्पूर्णता अभियान को सफल बनाने हेतु स्वास्थ्य विभाग के कार्यों की समीक्षा बैठक कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित हुई।

जिलाधिकारी डॉ. राजागणपति आर. ने विकास खण्ड स्तर पर प्रशिक्षण 24 सितम्बर से प्रारम्भ कराने का निर्देश दिया। सभी एमओआईसी और खण्ड शिक्षा अधिकारियों के साथ बैठक कर संचारी रोग अभियान को सफल बनाने हेतु कार्य करेंगे। जिलाधिकारी ने जिला पंचायत राज अधिकारी को निर्देश दिया कि सभी ग्राम प्रधानों को बैठक में आमंत्रित कराये। जिस प्रधान द्वारा अच्छा कार्य किया जाये, उन्हें सम्मानित किया जायेगा। जिलाधिकारी ने निर्देश दिया कि सभी विकासखण्ड वार माइक्रोप्लान बनाकर उपलब्ध करायें। जिलाधिकारी ने सभी नगर पालिका/नगर पंचायत एवं ग्राम पंचायतों में नालियों साफ-सफाई, फांगिग कराने का निर्देश दिया। सभी नगर पालिका/नगर पंचायतों में शेड्यूल तैयार कराकर प्रत्येक वार्डों में 2-2 दिन नालियों का ढक्कन हटाकर सफाई कराने का निर्देश दिया। जिला पंचायत राज अधिकारी को निर्देश दिया कि जिलाधिकारी के स्तर समस्त खण्ड विकास अधिकारियों को पत्र प्रेषित कर बीएचएनडी मद तथा समस्त ग्राम पंचायतों में अतिरिक्त मैनपावर बढ़ाकर नालियों की साफ-सफाई कराने का निर्देश दिया। समस्त खण्ड विकास अधिकारी अपने स्तर से माइक्रोप्लान बनाकर कार्य करायें। जिलाधिकारी ने जिला कार्यक्रम अधिकारी को कुपोषित बच्चों को पोषित बच्चों की श्रेणी में लाने का निर्देश दिया। बीएचएनडी दिवस बुधवार व शनिवार को सैम, मैम बच्चों को आंगनबाड़ी केन्द्रों पर डॉक्टर को दिखाने का निर्देश दिया। जिलाधिकारी ने समस्त एमओआईसी को निर्देश दिया कि सीएचओ को अपने नियंत्रण में रखें।

सिर में लकड़ी चुभने से युवक की मौत

सिद्धार्थनगर, अमृत विचार। भवानीगंज थाना क्षेत्र के जलालपुर गांव का एक युवक सूखे पेड़ से लकड़ी काटकर सिर पर रखकर पैदल घर जा रहा था। इस दौरान अचानक वह लड़खड़ा कर गिर गया। इससे सिर पर रखी लकड़ी का एक टुकड़ा उसके सिर में चुभ गया, जिससे उसके सिर में गंभीर चोट आईं। उसे एक निजी चिकित्सक के पास ले जाया गया, जहां डॉक्टर ने देखते ही मृत घोषित कर दिया।

जलालपुर के ग्राम प्रधान गौतम सोनी ने बताया कि मृतक 40 वर्षीय बालेदीन पुत्र बरखुल्लाह अपने घर का अकेला कमाने वाला था। इस घटना से गांव में शोक व्याप्त है।

अभियान चलाकर जेसीबी के जरिए हटवाए गए कब्जे

संवाददाता, सिद्धार्थनगर

- डुमरियागंज के कई कस्बों में चला अतिक्रमण हटाओ अभियान
- दोबारा अतिक्रमण करने पर मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई की दी गई चेतावनी

अमृत विचार। डुमरियागंज तहसील क्षेत्र के हल्लौर, भटंगवा, जबजौवा, सिकहरा, बेवां आदि कस्बों में रविवार को प्रशासन ने अतिक्रमण हटाओ अभियान चलाया। दो जेसीबी के जरिए अवैध कब्जे हटवाए गये। साथ ही चेतावनी दी गयी है कि यदि दोबारा अतिक्रमण हुआ तो संबंधित के विरूद्ध मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई की जाएगी।

अतिक्रमण हटाओ अभियान के तहत पूर्व ने दिए गए सूचना के क्रम में उपजिलाधिकारी डॉ. संजीव दीक्षित, सीओ सतीश चंद्र पाण्डेय, थानेदार रमेश कुमार यादव सहित अन्य जिम्मेदारों व भारी संख्या में पुलिसकर्मियों के साथ सुबह दस बजे ही जेसीबी के साथ पहुंच गये। डुमरियागंज से बस्ती की ओर जाने वाली सड़क के दोनों तरफ हल्लौर, भटंगवा, जबजौवा, सिकहरा, बेवां आदि स्थानों पर रोड पटरी की सरकारी जमीन पर किये गये कच्चे और पक्के सभी प्रकार के अतिक्रमण को हटवाया गया। कई पक्के निर्माणों को ध्वस्त करा दिया गया। हालांकि कई लोगों ने पूर्व में की गई घोषणा के चलते अपने अवैध निर्माण स्वयं हटा लिये थे, बाकी जगहों पर तहसील प्रशासन का जेसीबी चला।

उल्लेखनीय है कि ज़िले में तैनाती के बाद से ही जिलाधिकारी पूरे जनपद में अवैध कब्जों के खिलाफ अभियान छेड़े हुए हैं। उनके इस कदम से अतिक्रमणकारी सहमे हुए हैं।

विभिन्न स्टेशनों पर की गई सफाई

संवाददाता, गोरखपुर

अमृत विचार। पूर्वोत्तर रेलवे पर 'स्वच्छ भारत मिशन' की 10वीं वर्षगांठ के अवसर पर 14 सितम्बर से 1 अक्टूबर तक 'स्वभाव स्वच्छता-संस्कार स्वच्छता' थीम पर स्वच्छता ही सेवा अभियान के अन्तर्गत 23 सितम्बर को मुख्यालय एवं मंडलों पर विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किये गये।

स्वच्छता ही सेवा-2024 अभियान के अन्तर्गत मुख्यालय, गोरखपुर में न्यू वाशिंग पिट में गहन साफ-सफाई की गई। मंडल रेल प्रबन्धक/लखनऊ आदित्य कुमार के मार्गदर्शन में लखनऊ मंडल के गोमती नगर स्टेशन पर 'स्वच्छता ही सेवा' शब्दों को मानव श्रृंखला द्वारा निर्मित किया गया। इसी क्रम में, गोरखपुर, लखनऊ जं., गोंडा, ऐशबाग, खलीलाबाद एवं बस्ती जैसे प्रमुख स्टेशनों पर स्वच्छता शपथ के साथ स्वच्छता रैली का आयोजन किया गया तथा विभिन्न स्टेशनों पर साफ-सफाई की गई। इस अभियान के अन्तर्गत मंडल रेल प्रबन्धक वाराणसी विनीत कुमार श्रीवास्तव के मार्गदर्शन में वाराणसी मंडल के प्रमुख स्टेशनों पर 'सेल ऑफ रिसाइकिल प्रोडक्ट' के तहत सामग्रियों की प्रदर्शनी लगाकर जनमानस को जागरूक किया गया। साथ ही विभिन्न स्टेशनों पर रेल यात्रियों में स्वच्छता के प्रति जागरूकता लाने के लिए सार्वजनिक जागरूकता कार्यशाला, सामूहिक श्रमदान, सेल्फी प्वाइंट, मानव श्रृंखला, स्वच्छता शपथ, स्वच्छता संवाद आदि का आयोजन किया गया।

स्वच्छता की शपथ लेते लोग। अमृत विचार

किशोर का शव पेड़ से लटका मिला

सिद्धार्थनगर, अमृत विचार। सदर थाना क्षेत्र के मद्राहना बगीचे में 16 वर्षीय किशोर का शव आम के पेड़ में फंदा लगाकर लटकता मिला। शव देखकर ग्रामीणों ने पुलिस को सूचना दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। मृतक युवक महादेव बुजुर्ग का निवासी बताया जा रहा है। फिलहाल युवक ने आत्महत्या की है या उसकी हत्या हुई है, यह जांच का विषय है। पुलिस का कहना है कि अभी इस संबंध में कोई तहरीर प्राप्त नहीं हुई है। मृतक के पिता श्याम चंद्र ने बताया कि दोपहर लगभग 2: बजे भोजन के बाद बाप बेटे में कुछ कहा सुनी हुई और भोजन करने के बाद बाजार की तरफ गया था ।

वायरल बुखार व खांसी-जुकाम के मरीजों की संख्या बढ़ी

संवाददाता, सिद्धार्थनगर

अमृत विचार। मौसम के बदलते चक्र से लोगों को वायरल फीवर और खांसी परेशान कर रही है। ऐसे में अस्थमा के मरीजों को कुछ ज्यादा ही परेशानी हो रही है। वायरल फीवर होने से अस्थमा के मरीजों में सांस लेने में सबसे अधिक परेशानी हो रही है। मेडिकल कॉलेज में प्रतिदिन ऐसे 10 से 15 मरीज आ रहे हैं।

माधव प्रसाद त्रिपाठी मेडिकल कॉलेज में वायरल बुखार, खांसी-जुकाम के मरीजों की संख्या बढ़ गई है। इन बीमारियों से महिला-पुरुष से लेकर बच्चे तक प्रभावित हो रहे हैं, जबकि सबसे अधिक परेशानी वायरल के मरीजों को हो रही है। मेडिकल कॉलेज के मेडिसिन विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ. गौरव दुबे ने बताया कि इन दिनों तापमान एक जैसा नहीं है। बारिश होने पर मौसम में नरमी देखने को मिल रही है। इसके बाद तल्ख धूप और उमस हो रही है। ठंड-गर्म के इस उतार-चढ़ाव में लोग बीमार पड़ रहे हैं। बदन दर्द से शुरू होने वाली समस्या बुखार और खांसी-जुकाम तक पहुंच जा रही है।

उन्होंने बताया कि ओपीडी में वायरल के प्रतिदिन 90 से 100 मरीज आ रहे हैं। इसमें से अस्थमा के भी 10 से 15 मरीज पहुंच रहे हैं। अस्थमा के मरीजों को वायरल होने पर सांस लेने में सबसे अधिक परेशानी हो रही है।

सार-संक्षेप

दादर-बलिया व दादर-गोरखपुर गाड़ी का अवधि विस्तार

गोरखपुर अमृत विचार। रेलवे प्रशासन द्वारा यात्रियों को अत्याधिक भीड़ को ध्यान में रखते हुये यात्री जनता की सुविधा के लिए पूर्व से चलाई जा रही 01025/01026 दादर-बलिया-दादर विशेष गाड़ी एवं 01027/01028 दादर-गोरखपुर-दादर विशेष गाड़ी का अवधि विस्तार किया जायेगा तथा विस्तारित अवधि में इन गाड़ियों का मार्ग, ठहराव, समय एवं रेक संरचना पूर्ववत रहेगा।

01025 दादर-बलिया विशेष गाड़ी का अवधि विस्तार 2 अक्टूबर से 30 दिसम्बर, तक किया गया है। 01026 बलिया-दादर विशेष गाड़ी का अवधि विस्तार 4 अक्टूबर से 1 जनवरी, 2025 तक किया गया है। 01027 दादर-गोरखपुर विशेष गाड़ी का अवधि विस्तार 1 अक्टूबर से 31 दिसम्बर तक किया गया है। 01028 गोरखपुर-दादर विशेष गाड़ी का अवधि विस्तार 3 अक्टूबर से 2 जनवरी, 2025 तक किया गया है। उक्त जानकारी मुख्य जनसंपर्क अधिकारी पंकज कुमार सिंह ने दी।

कई गाड़ियों का शाहगंज स्टेशन पर ठहराव निरस्त

गोरखपुर, अमृत विचार। रेलवे प्रशासन द्वारा अपरिहार्य कारणों ने कई एक्सप्रेस गाड़ियों का शाहगंज स्टेशन पर दिये गये ठहराव को निरस्त किया गया है। शाहगंज स्टेशन के स्थान पर अब खेतासराय एवं बिलवई स्टेशन पर ठहराव प्रदान किया जायेगा तथा पूर्व अधिसूचित 19053/19054 सूरत-मुजफ्फरपुर-सूरत एक्सप्रेस के मार्ग परिवर्तन में संसोधन किया गया है। 23 सितम्बर से 5 अक्टूबर तक प्रतिदिन चलने वाली 15053 छपरा-लखनऊ जं. एक्सप्रेस खेतासराय स्टेशन से 01.15 बजे तथा बिलवई से 01.45 बजे छूटेगी। 24, 26, 27, 29 सितम्बर एवं 01, 03, 05 अक्टूबर को चलने वाली 19168 वाराणसी सिटी-अहमदाबाद एक्सप्रेस खेतासराय स्टेशन से 16.05 बजे तथा बिलवई से 16.40 बजे छूटेगी। 28 सितम्बर एवं 05 अक्टूबर को चलने वाली 15115 छपरा-दिल्ली एक्सप्रेस खेतासराय स्टेशन से 17.10 बजे तथा बिलवई से 17.45 बजे छूटेगी। 23, 25, 28, 30 सितम्बर एवं 2, 5 अक्टूबर को चलने वाली 15115 वाराणसी सिटी-जोधपुर एक्सप्रेस खेतासराय स्टेशन से 18.50 बजे तथा बिलवई से 19.20 बजे छूटेगी। 19053 सूरत-मुजफ्फरपुर एक्सप्रेस के मार्ग परिवर्तन में संसोधन के फलस्वरूप यह गाड़ी अयोध्या धाम जं.-मनकापुर-गोरखपुर-छपरा के रास्ते चलाई जायेगी तथा इस गाड़ी का ठहराव शाहगंज, आजमगढ़, मऊ एवं बलिया स्टेशनों पर नहीं रहेगा।

सेमीफाइनल में पहुंचकर रचा इतिहास

शानदार प्रदर्शन करने वाली पूर्वोत्तर रेलवे की फुटबाल टीम। अमृत विचार

गोरखपुर, अमृत विचार। पूर्वोत्तर रेलवे के खिलाड़ियों का राष्ट्रीय क्षितिज पर उत्कृष्ट प्रदर्शन जारी है। 23 से 28 सितंबर तक नागपुर में चल रहे इंटर रेलवे फुटबॉल चैंपियनशिप में पूर्वोत्तर रेलवे के खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए पूर्वोत्तर रेलवे के इतिहास में पहली बार इंटर रेलवे फुटबॉल चैंपियनशिप के सेमीफाइनल में प्रवेश किया। इस फुटबॉल टीम के कोच अरविंद प्रताप सिंह एवं सहायक कोच मिथुन विश्वास हैं। पूर्वोत्तर रेलवे के फुटबॉल टीम के खिलाड़ियों के इस उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिये महाप्रबंधक, पूर्वोत्तर रेलवे सुश्री सौम्या माथुर, पूर्वोत्तर रेलवे क्रीड़ा संघ (नरसा) के अध्यक्ष श्री अभय कुमार गुप्ता, महासचिव/नरसा पंकज कुमार सिंह, सहायक क्रीड़ा अधिकारी चन्द्र विजय सिंह ने बधाई एवं शुभकामनायें दी।

वरिष्ठ कार्यालय अधीक्षक को सेवानिवृत्ति पर किया सम्मानित

वरिष्ठ कार्यालय अधीक्षक रेखा अग्रवाल को सम्मानित करते अधिकारी।

गोरखपुर, अमृत विचार। पूर्वोत्तर रेलवे मुख्यालय के प्रमुख मुख्य कार्मिक अधिकारी कार्यालय में कार्यरत वरिष्ठ कार्यालय अधीक्षक श्रीमती रेखा अग्रवाल की सेवानिवृत्ति के पूर्व स्टाफ कैंटीन में रिटायरमेंट सम्मान समारोह आयोजित किया गया। रेखा अग्रवाल पूर्वोत्तर रेलवे कर्मचारी संघ एवं एनएफआईआर महिला विंग की वरिष्ठ पदाधिकारी हैं। कार्यक्रम में मुख्यालय के अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे। कार्यक्रम में पूर्वोत्तर रेलवे कर्मचारी संघ के महामंत्री एवं असिस्टेंट जनरल सेक्रेटरी एनएफआईआर विनोद राय अपने वरिष्ठ पदाधिकारियों के साथ सम्मिलित हुए एवं रेखा अग्रवाल को पुष्प गुच्छ देकर सम्मानित किया।

महाविद्यालय परिसर के अंदर व बाहर चलाया स्वच्छता अभियान

शोहरतगढ़/सिद्धार्थनगर

अमृत विचार। स्थानीय शिवपति स्नातकोत्तर महाविद्यालय में स्वच्छता ही सेवा-2024 पखवाड़ा कार्यक्रम के अन्तर्गत राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयंसेवकों ने प्राचार्य प्रो. अरविन्द कुमार सिंह के दिशा निर्देशों के क्रम में महाविद्यालय के विज्ञान संकाय एवं महाविद्यालय परिसर के अन्दर बाहर वृहद साफ-सफाई की। वहीं इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य छात्र-छात्राओं को प्लास्टिक कचरे के बारे में जागरूक करना था।

प्रो. अरविन्द कुमार सिंह ने छात्र-छात्राओं से कहा कि पॉलीथिन और प्लास्टिक का उपयोग पर्यावरण पर प्रतिकूल प्रभाव डाल रहा है। हम लोगों की पॉलीथिन की आदतें उनके स्वास्थ्य के लिए भी हानिकारक साबित हो रही हैं। हालांकि इसके उपयोग से होने वाले नकारात्मक प्रभावों का उन्हें सीधा एहसास नहीं हो पा रहा है। हर काम में पॉलीथिन का उपयोग अब हमारी दिनचर्या का हिस्सा बन गया है, चाहे बाजार में सामान खरीदना हो, सब्जी या कपड़े खरीदने हों, हर जगह लोग पॉलीथिन का ही इस्तेमाल कर रहे हैं। इस अभियान में छात्र-छात्राओं में सचिन, आशुतोष, कुशहर, धीरेन्द्र, ममता, निकिता, सोनी, सपना, नेहा एवं शिक्षक डॉ. धर्मेंद्र सिंह, डॉ. एके सिंह, डॉ मुकेश, डॉ. विनोद, अश्वनी सिंह, मनीष आदि मौजूद रहे।

ऋण की अदायगी एकमुश्त समाधान योजना के तहत करें

संतकबीरनगर, अमृत विचार। जिला प्रबंधक उत्तर प्रदेश अनुसूचित जाति वित्त एवं विकास निगम लि. महेंद्र कुमार ने सर्वसाधारण को अवगत कराया है कि उत्तर प्रदेश अनुसूचित जाति वित्त एवं विकास निगम लिमिटेड लखनऊ के निर्देशानुसार उत्तर प्रदेश अनुसूचित जाति वित्त एवं विकास निगम लि. संतकबीरनगर के द्वारा संचालित योजनाओं में स्पेशल कम्पोनेन्ट प्लान, अनुविनि लघुऋण, अनुविनि वाहन आदि के अन्तर्गत जो ऋण ग्रहीता ऋण प्राप्त किये हैं और किन्ही कारण वश ऋण की अदायगी नहीं कर सके हैं, जिसके चलते ऋण की धनराशि ब्याज सहित अत्यधिक हो गई है।

5 करोड़ से अधिक लोगों को मिला गोल्डन कार्ड

सेवा पखवाड़ा के तहत लगाया गया निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर

संवाददाता, सिद्धार्थनगर

अमृत विचार। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिन से लेकर गांधी जयंती तक भारतीय जनता पार्टी द्वारा आयोजित सेवा पखवाड़ा के अन्तर्गत प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र नौगढ़ में भाजपा जिलाध्यक्ष कन्हैया पासवान ने निशुल्क स्वास्थ्य शिविर का उद्घाटन किया।

कन्हैया पासवान ने मोदी-योगी सरकार द्वारा चलाई जा रही स्वास्थ्य सम्बन्धी योजनाओं और आयुष्मान भारत-प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना के सफल 6 वर्ष पूर्ण होने पर लाभार्थियों को शुभकामनाएं दीं। जिलाध्यक्ष ने बताया कि आर्थिक रूप से कमजोर और अशक्त परिवारों के लिए संजीवनी बने आयुष्मान भारत-प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना और मुख्यमंत्री जन आरोग्य योजना के अंतर्गत उत्तर प्रदेश में 5 करोड़ 11 लाख से अधिक लोगों को गोल्डन कार्ड जारी किए गए हैं। आज गरीबों को बेहतर इलाज भी मिल रहा है और उनका स्वास्थ्य भी सुरक्षित हैं।

इस अवसर पर जिला मीडिया प्रभारी भाजपा निशांत पांडेय, अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ डीके चौधरी, अधीक्षक डॉ संतोष गुप्ता, डॉ लक्ष्मी सिंह (आयुष्मान), योगेंद्र यादव, मंडल अध्यक्ष सोनू गुप्ता, गुड्डू यादव आदि लोग उपस्थित रहे।

निशुल्क स्वास्थ्य शिविर का उद्घाटन करते भाजपा जिलाध्यक्ष कन्हैया पासवान।

आयोजन | क्षेत्रीय रेलवे राजभाषा कार्यान्वयन समिति की बैठक आयोजित

राजभाषा हिन्दी के विकास पर हुई चर्चा, दिए निर्देश

संवाददाता, गोरखपुर

अमृत विचार। महाप्रबन्धक, पूर्वोत्तर रेलवे सौम्या माथुर की अध्यक्षता में क्षेत्रीय रेलवे राजभाषा कार्यान्वयन समिति की बैठक सोमवार को महाप्रबन्धक सभा कक्ष, गोरखपुर में आयोजित हुई। इस अवसर पर कार्मिक विभाग द्वारा 'रेलवे पास नियम' पर पावर प्वाइंट प्रस्तुति दी गयी।

बैठक को संबोधित करते हुये महाप्रबन्धक ने कहा कि हमारी रेलवे पर राजभाषा के प्रयोग-प्रसार की स्थिति अच्छी है। मुख्यालय द्वारा 14 सितम्बर से 20 सितम्बर तक सफलतापूर्वक राजभाषा सप्ताह समारोह-2024 का आयोजन किया गया। इस दौरान विविध कार्यक्रम आयोजित किए गए। पूर्वोत्तर रेलवे समय-समय पर सहित्यकारों की जयन्ती एवं सास्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन कर राजभाषा के प्रयोग-प्रसार में वृद्धि कर रहा है। उन्होंने कहा कि रेलवे से संबंधित प्रमुख विषयों पर हिन्दी में चर्चा हो तो सही मायने में राजभाषा हिन्दी का विकास होगा। इस दौरान सरल व बोलचाल की भाषा का प्रयोग किया जाए। पूर्वोत्तर रेलवे सरकार की राजभाषा नीति-नियमों के शत-प्रतिशत अनुपालन के प्रति पूर्णतया वचनबद्ध है। हम रोजमर्रा के कामों पर जो चर्चा करते हैं, उसकी भाषा हिन्दी होनी चाहिए तभी हिन्दी का विकास होगा। जिन विभागों में राजभाषा की बैठक नहीं हो रही है, उन्हें कराया जाए। उसमें कोई कमी न आए। कार्यालयों में कार्यशालाओं एवं तकनीकी संगोष्ठियों का आयोजन कर जागरूकता लायी जाए।

बैठक में अपर महाप्रबन्धक डीके सिंह, वरिष्ठ उप महाप्रबन्धक नीलमणि, प्रमुख विभागाध्यक्ष, तीनों मंडलों के अपर मुख्य राजभाषा अधिकारी, कारखानों एवं उत्पादन इकाइयों के उप मुख्य राजभाषा अधिकारी एवं उनके प्रतिनिधि तथा वरिष्ठ पर्यवेक्षक उपस्थित थे।

बैठक करतीं पूर्वोत्तर रेलवे की महाप्रबन्धक सौम्या माथुर। अमृत विचार

बैठक आज

गोरखपुर, अमृत विचार। महाप्रबन्धक, पूर्वोत्तर रेलवे एवं पदेन अध्यक्ष, नगर राजभाषा कार्यान्वयन समिति, गोरखपुर सौम्या माथुर की अध्यक्षता में 24 सितम्बर, को 15.30 बजे से महाप्रबन्धक सभा कक्ष, गोरखपुर में नगर राजभाषा कार्यान्वयन समिति की बैठक का आयोजन किया जायेगा। इस बैठक में रेलवे के वरिष्ठ अधिकारियों के अतिरिक्त गोरखपुर नगर स्थित केन्द्रीय सरकार के कार्यालयों, उपक्रमों एवं निगमों के प्रधान सम्मिलित होंगे। उक्त जानकारी मुख्य जनसंपर्क अधिकारी पंकज कुमार सिंह ने दी।

फोरलेन निर्माण में बाधा बने पुराने बिजली के खंभे

बस्ती, अमृत विचार। बड़ेवन कंपनी बाग फोरलेन निर्माण कार्य में बिजली के खंभे बाधा बने हुए हैं। नई लाइन बनाने के बाद भी विद्युत निगम खंभे नहीं हटा रहा है। जिससे सड़क निर्माण के लिए खुदाई कार्य में बाधा आ रही है। विद्युत निगम की कार्यदायी एजेंसी की मनमानी से पीडब्ल्यूडी भी परेशान है।

जनवरी माह से फोरलेन निर्माण के लिए काम शुरु हुआ। पीडब्ल्यूडी ने जनवरी में ही विद्युत निगम को खंभे हटाने व नई लाइन बनाने के लिए करीब 83 लाख रुपये का भुगतान कर दिया था। बिजली लाइन का काम करीब 9 माह बाद भी पूरा नहीं हो पाया है। नई लाइन तैयार हो चुकी है इसके बाद भी पुराने खंभे नहीं हटाए जा रहे हैं।

लोगों को संचारी रोग के प्रति करें जागरूक

सीडीओ की अध्यक्षता में हुई संचारी रोग नियंत्रण अभियान की तैयारी बैठक, अफसरों को दिए अहम निर्देश

संवाददाता, संतकबीरनगर

अमृत विचार: जिलाधिकारी महेन्द्र सिंह तंवर के निर्देशन में मुख्य विकास अधिकारी जयकेश त्रिपाठी ने सोमवार को कलेक्ट्रेट सभागार में संचारी रोग नियंत्रण और दस्तक अभियान से संबंधित अंतर्विभागीय समन्वय समिति की बैठक किया।

बैठक में मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ. रामानुज कन्नोजिया ने बताया कि राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन व राष्ट्रीय वेक्टर जनित संचारी रोग नियंत्रण कार्यक्रम के तहत जनपद में आगामी 1 अक्टूबर से 31 अक्टूबर तक विशेष संचारी रोग नियंत्रण और दस्तक अभियान चलाया जाएगा।

संचारी रोग और दस्तक अभियान की तैयारी बैठक करते सीडीओ जयकेश त्रिपाठी।

जिसमें 11 अक्टूबर से 31 अक्टूबर तक दस्तक अभियान चलाया जाएगा। उन्होंने बताया कि इसमें स्वास्थ्य विभाग सहित अन्य सम्बंधित विभागों की समन्वयता के साथ संचारी रोग नियंत्रण व दस्तक अभियान और जन जागरूकता कार्यक्रम के बारे में आम जनमानस को जागरूक किया जाएगा। मुख्य विकास अधिकारी जयकेश त्रिपाठी नेसंचारी रोग नियंत्रण और दस्तक अभियान के लिए चलाए जा रहे अभियान के बारे में जानकारी प्राप्त करते हुए सभी सम्बन्धित विभागीय अधिकारियों

▸▸ 1 से 31 अक्टूबर तक चलेगा विशेष संचारी रोग नियंत्रण अभियान

और चिकित्साधिकारियों को निर्देश दिया कि आपसी समन्वय बनाकर अभियान के उद्देश्यों की पूर्ति के लिए ग्रामीण स्तर पर कार्यरत स्वास्थ्य कर्मी घर-घर जाकर लोगों को जागरूक करें। सभी संबंधित विभागीय अधिकारीगण संचारी रोग नियंत्रण अभियान में अपने विभाग से संबंधित कार्यों/भूमिका का माइक्रोप्लान बनाकर संचारी रोगों से बचाव के प्रति लोगों को जागरूक करें। उन्होंने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में आशा और आंगनबाड़ी कार्यकत्रियां घर घर जाकर बुखार से पीड़ित लोगों को 108 और 102 एम्बुलेंस की सहायता लेने के साथ ही सरकारी अस्पतालों की सहायता लेने की सलाह देंगी। मुख्य विकास अधिकारी ने सभी सम्बंधित अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि बीएसए, डीआईओएस, डीपीआरओ, डीपीओ सहित सम्बन्धित अधिकारियों को स्वास्थ्य विभाग के साथ समन्वय बनाकर संचारी रोग नियंत्रण और दस्तक अभियान को सफल बनाने का निर्देश दिया। बैठक में अपर मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ. वी.पी. पांडेय, जिला क्षय रोग अधिकारी डॉ. एसडी ओझा, जिला पंचायत राज अधिकारी राजेश सिंह, जिला कार्यक्रम अधिकारी सत्येंद्र सिंह आदि स्वास्थ्य समितियों के प्रतिनिधि मौजूद रहे।

संदिग्ध परिस्थिति में मिला युवक का शव

संवाददाता, धनघटा, संतकबीरनगर

▸▸ सोमवार की सुबह पिता के ऊपर कुदाल से प्राण घातक हमला करने का है आरोप

अमृत विचार: महुली थानाक्षेत्र के रीठी जोत सीवान में सोमवार को कुआनो नदी के किनारे एक अज्ञात युवक का शव बरामद हुआ। बाद में शव की पहचान पिता पर प्राणघातक हमला करके फरार होने वाले एक युवक के रूप में हुई। हमलावर बेटे के शव को पुलिस ने जहां पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। वहीं जिंदगी और मौत से जूझ रहे घायल पिता को चिकित्सकों ने ट्रामा सेंटर लखनऊ के लिए रेफर कर दिया है। ग्रामीणों की मानें तो युवक पिछले कुछ दिनों से डिप्रेशन में था।

ग्रामीणों के अनुसार महुली थानाक्षेत्र के ग्राम सिक्टहा निवासी संतोष सिंह पुत्र हनुमंत सिंह का सोमवार की सुबह किसी बात को लेकर घर पर विवाद हुआ। आरोप कि संतोष सिंह ने अपने पिता पर कुदाल की धार से हमला कर दिया। पिता पर हमले के बाद युवक घर से फरार हो गया। पड़ोसियों ने घायल अवस्था में पिता को मेडिकल कॉलेज गोरखपुर में भर्ती कराया। बाद में गम्भीर हालत को देखते हुए चिकित्सकों ने उन्हें ट्रामा सेंटर लखनऊ के लिए रेफर कर दिया। इधर, पिता पर हमले के आरोपी संतोष सिंह का शव संदिग्ध परिस्थितियों में महुली थानाक्षेत्र के ही रीठी जोत स्थित सीवान में कुआनो नदी के किनारे मिला। दोपहर को चरवाहे नदी के किनारे भैंस चरा रहे थे। तभी नदी के किनारे श्मशान घाट के पास संदिग्ध परिस्थितियों में सिर्फ अंडरवेयर पहने अचेत अवस्था में एक अज्ञात युवक को लेटे देखा तो शोर मचाया। सूचना पर पहुंची पुलिस की जांच में युवक को मृत पाया गया। पुलिस के अनुसार लगभग 45 वर्षीय अज्ञात युवक के कपड़े उसके शव के पास पड़े थे। पुलिस ने शव की पहचान कराने का प्रयास किया तो उसकी पहचान ग्राम सिक्टहा निवासी संतोष सिंह पुत्र हनुमंत सिंह के रूप में हुई। बाद में पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। इंस्पेक्टर रामकृष्ण मिश्र ने बताया कि युवक की पहचान हो गई है। पुलिस को अभी दोनों घटनाओं से संबंधित कोई तहरीर नहीं मिली है। मृतक के शरीर पर चोट के निशान परिलक्षित नहीं हुए हैं। पोस्टमार्टम के बाद ही युवक की मौत का कारण स्पष्ट हो सकेगा।

विधायक से मिला किसानों का प्रतिनिधिमंडल

संवाददाता, मगहर, संतकबीरनगर

अमृत विचार: खलीलाबाद विकास खण्ड क्षेत्र अंतर्गत ग्राम पंचायत बयारा के ग्रामीणों ने सोमवार को किसान नेता रणजीत सिंह के साथ किसानों की विभिन्न समस्याओं को लेकर सदर विधायक अंकुरराज तिवारी के आवास पर उनसे मुलाकात कर उन्हें विभिन्न समस्याओं से सम्बोधित मांग पत्र सौंपा। विधायक को दिये गए पत्र में ग्रामीणों ने उल्लेख किया है कि गांव में सीसी रोड का निर्माण कराया जाना बेहद आवश्यक है। विधायक अंकुर राज तिवारी ने ग्रामीणों की समस्याओं का शीघ्र निस्तारण कराने का आश्वासन दिया है।

भाकियू भानू गुट के राष्ट्रीय

सदर विधायक को मांगपत्र सौंपते किसान यूनियन के पदाधिकारी।

महासचिव रणजीत सिंह के नेतृत्व में पांच सदस्यीय टीम ने सोमवार को सदर विधायक अंकुरराज तिवारी के आवास पर पहुंच कर उन्हें एक मांग पत्र सौंपा। जिसमें लिखा है कि बयारा चौराहे से रसूलपुर होते हुए मगहर को जाने वाली सड़क टूट कर जर्जर हो गई है। जिसमें चौराहे से लगभग पांच सौ मीटर तक सड़क में बड़े बड़े गड्ढे हो जाने से आने जाने वाले राहगीरों को कठिनाई का सामना करना पड़ता है। इस रास्ते काश्तकारों को अपने खेतों में ट्रैक्टर और पम्पिंगसेट को नहीं पहुंचा पा रहे हैं। राष्ट्रीय महासचिव रणजीत सिंह ने बताया कि विधायक सदर अंकुरराज तिवारी ने पत्र को गम्भीरता से लेते हुए समस्याओं का शीघ्र निस्तारण कराने का आश्वासन दिया है। विधायक से मिलने वालों में रामसनेही गुप्ता, सुरेश गौड़, हरिओम चौहान, विवेक विश्वकर्मा, विजय चौहान आदि शामिल रहे।

केक काटकर मनाया गया कन्या जन्मोत्सव

कुशीनगर। अमृत विचार : जिलाधिकारी विशाल भारद्वाज के निर्देश पर अंतर्राष्ट्रीय बेटी दिवस के अवसर पर बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ योजना को लेकर जिला प्रोबेशन कार्यालय कुशीनगर में संयुक्त जिला चिकित्सालय में कन्या जन्मोत्सव का आयोजन किया गया। जिसमे तीन दिन पूर्व तक जन्म ली बच्चियों का जन्म दिन केक काटकर हर्षोल्लास के साथ मनाते हुए उनकी माताओं पूजा मद्धेशिया पत्नी रामलखन मद्धेशिया, इन्द्रावती देवी पत्नी प्रदीप, रंजीता देवी पत्नी देवानन्द, प्रीति देवी पत्नी अजय गुप्ता, वन्दना कुशवाहा पत्नी गोविन्द एवं रेनू देवी पत्नी अभिषेक को मिष्ठान, अंगवस्त्र, बेबी किट, हल्दी पैकेट, गुड़िया, चाकलेट आदि भेंट किया गया। इस दौरान एचएस राय मुख्य चिकित्सा अधीक्षक, जिला प्रोबेशन अधिकारी बिना कुमार, अमित शाहीं, राजेश्वरी कुमारी स्टॉफ नर्स, अभिषेक कुमार सिंह, रीता यादव सहित अन्य उपस्थित रहे।

अपर पुलिस अधीक्षक ने रेलवे ट्रैक का लिया जायजा

संवाददाता, संतकबीरनगर

▸▸ ट्रैक की सुरक्षा को लेकर मातहतों को दिया जरुरी निर्देश

▸▸ आम जनता भी रेलवे की सुरक्षा में निभाए अपनी भूमिका: एएसपी

अमृत विचार: अपर पुलिस अधीक्षक सुशील कुमार सिंह ने जनपद मुख्यालय से गुजरने वाले रेलवे ट्रैकों का रविवार की देर रात जायजा लिया। पुलिस क्षेत्राधिकारी खलीलाबाद अजीत चौहान और कोतवाली खलीलाबाद प्रभारी सतीश कुमार सिंह समेत तमाम पुलिस कर्मियों के साथ उन्होंने रेलवे ट्रैकों की सुरक्षा के दृष्टिकोण से सभी बिंदुओं को बारीकी से देखा। जनपद में पड़ने वाले रेलवे ट्रैकों की सुरक्षा समुचित तरीके से हो, जो शासन की प्राथमिकता में है, इसके लिए मातहतों को आवश्यक दिशा निर्देश दिया।

उन्होंने कहा कि रेलवे ट्रैक के आसपास मौजूद मोहल्लों और गांवों

त्रिपाठी मार्केट रेलवे क्रासिंग का निरीक्षण करते एएसपी। अमृत विचार

की जनता को रेलवे ट्रैक की सुरक्षा के प्रति जागरूक किया जाय। इन मोहल्ले और गांवों के आपराधिक रिकॉर्ड वाले व्यक्तियों की सूची बनाकर उनकी निगरानी कराई जाय। रेलवे ट्रैक के आसपास कोई संदिग्ध वस्तु या व्यक्ति दिखाई दे तो स्थानीय नागरिक उसकी सूचना तत्काल सम्बन्धित थाने या पुलिस कन्ट्रोल रूम को जरूर दें। इसके साथ ही पुलिस कर्मी नियमित रूप से रेलवे ट्रेकों की निगरानी करते रहें। अपर पुलिस अधीक्षक ने बताया कि इन दिनों देश और प्रदेश के अलग-अलग स्थानों पर ट्रेनों को डिरेल करने की साजिशें प्रकाश में आई हैं। इसी के मद्देनजर रेलवे ट्रैकों का निरीक्षण करते हुए मातहतों को जरुरी कार्यवाही करने के निर्देश दिए गए हैं। उन्होंने कहा कि रेल की सुरक्षा आम जनता से जुड़ा हुआ मामला है। रोज हजारों लोग ट्रेन यात्राएं करते हैं। उनकी सुरक्षा हर नागरिक की जिम्मेदारी है। आम जनता को भी जागरूक रहते हुए रेलवे ट्रैक की सुरक्षा में अपनी भागीदारी निभाने की आवश्यकता है। पुलिस पूरी मुस्तैदी के साथ रेलवे ट्रैकों की सुरक्षा में तत्पर है। इस दौरान क्षेत्राधिकारी खलीलाबाद अजीत चौहान, प्रभारी निरीक्षक कोतवाली खलीलाबाद सतीश कुमार सिंह सहित तमाम पुलिस कर्मी मौजूद रहे।

धर्म परिवर्तन की सूचना पर पहुंची पुलिस, की छानबीन

संवाददाता, मेंहदावल, संतकबीरनगर

अमृत विचार: थाना क्षेत्र के बीएमसिटी मार्ग के नायक टोला मोहल्ले में एक निजी मैरिज हाल में धर्म परिवर्तन के लिए आयोजित एक कार्यक्रम की सूचना पर पुलिस पहुंच गई। इस दौरान कुछ हिन्दू संगठनों के कार्यकर्ता भी वहां पहुंचे और पूरे मामले को लेकर जानकारी ली। पुलिस ने लगभग 1 घंटे तक सारे कागजातों की जांच कर अपने उच्चाधिकारियों को अवगत कराया।

मिली जानकारी के अनुसार मेंहदावल थानाक्षेत्र के बीएमसिटी मार्ग के नायक टोला मोहल्ले में स्थित पीएस मैरिज हॉल में कार्यक्रम चल रहा था। इसी बीच मेंहदावल पुलिस को सूचना मिली कि यहां धर्म परिवर्तन कराने सम्बन्धी कार्यक्रम चल रहा है। जानकारी होते ही प्रभारी निरीक्षक रामकृपाल सिंह पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे। प्रभारी निरीक्षक ने तत्काल महिला पुलिस कर्मियों को मौके पर बुलाया। महिला पुलिस कर्मियों ने पुलिस टीम को रोकने वाली महिलाओं को काबू में करके पुलिस टीम को मैरेज हॉल में प्रवेश कराया। अंदर मुस्लिम रीति-रिवाज से शादी का आयोजन चल रहा था। पुलिस ने सारे कागजातों को गहनता से चेककर वैवाहिक समारोह सम्पन्न कराने की अनुमति दे दी।

बुजुर्गों के स्वास्थ्य की हुई जांच

संवाददाता, बस्ती

अमृत विचार: आयुष्मान भारत योजना के 6 वर्ष पूर्ण होने पर सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्रों पर स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें 60 वर्ष से अधिक उम्र मरीजों का इलाज कर उन्हें दवाएं व रोगों से बचाव की सलाह दी गई। इस अवसर पर सरकार द्वारा चलाई जा रही विभिन्न योजनाओं को उल्लेख किया गया।

सोमवार को बस्ती में सेवा पखवाड़ा अभियान के अंतर्गत आयुष्मान भारत स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया, जिसमें भाजपा नेताओं ने भाग लिया। शिविर में विभिन्न स्वास्थ्य जांचों का आयोजन किया गया, जिसमें रक्त

मरीजों की जांच करता स्वास्थ्य कर्मी। अमृत विचार

▸▸ आयुष्मान भारत योजना के 6 वर्ष पूरे होने पर कार्यक्रम आयोजित

जांच, शुगर जांच और आयुष्मान कार्ड और आभा आईडी बनाने की सेवाएं शामिल थीं। इस अवसर पर हरैंया सामुदायिक स्वस्थ केन्द्र पर विधायक अजय सिंह, कप्तानगंज में जिलाध्यक्ष विवेकानन्द मिश्र, रुधौली में जिला पंचायत अध्यक्ष संजय चौधरी, मरवाटिया में पूर्व विधायक दयाराम चौधरी, बहादुरपुर में पूर्व विधायक रवि सोनकर मुख्य अतिथि रूप में शिविर का उद्घाटन किया। जिलाध्यक्ष विवेकानन्द मिश्र ने कहा शिविर का उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्र में स्वास्थ्य सेवाओं की पहुंच बढ़ाना और लोगों को स्वस्थ जीवनशैली अपनाने के लिए प्रेरित करना है।

नाबालिग से दुष्कर्म का आरोपी गिरफ्तार

धनघटा, संतकबीरनगर, अमृत विचार : कोतवाली खलीलाबाद क्षेत्र के एक गांव निवासी एक व्यक्ति की नाबालिग पुत्री से दुष्कर्म करने और जान से मारने की धमकी देने वाले शातिर अभियुक्त को सोमवार को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। प्रभारी निरीक्षक महुली रामकृष्ण मिश्र ने बताया कि गोरखपुर जिले के हरपुर बुदहट थाना अंतर्गत ग्राम कब्सा निवासी सूरज पुत्र परमात्मा चौधरी ने कोतवाली खलीलाबाद क्षेत्र के एक गांव निवासी एक व्यक्ति की नाबालिग लड़की से दुष्कर्म किया और जान से मार देने की धमकी दी। पीड़ित की तहरीर पर कोतवाली खलीलाबाद पुलिस ने आरोपी के खिलाफ मुअसं 590/24 की धारा 376(2)(एन), 504, 506 आईपीसी व 3(2)(वी), 3(2)(वीए), 3(1)ध एससी/एसटी एक्ट और 5(एल)/6 पाक्सो एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज किया था।

सार-संक्षेप

हाटा सीएचसी पर लगा जन आरोग्य स्वास्थ्य मेला

संवाददाता, कुशीनगर। अमृत विचार : प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिन सेवा पखवाड़ा के अंतर्गत आयुष्मान योजना के 6 वर्ष पूर्ण होने पर हाटा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर जन आरोग्य स्वास्थ्य मेले का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन हाटा विधायक मोहन वर्मा द्वारा फीता काटकर किया गया। विधायक ने कहा कि भाजपा सरकार स्वास्थ्य के प्रति संकल्पित है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का देश के प्रति समर्पण और सेवा भाव आज हर क्षेत्र में प्रगति के रूप में दिखाई दे रहा है। उन्होंने कहा कि मोदी के नेतृत्व में देश स्वास्थ्य, शिक्षा के साथ अन्य महत्वपूर्ण क्षेत्रों में तेजी से आगे बढ़ रहा है। आरोग्य मेले के दौरान विधायक ने आयुष्मान कार्ड वितरण बूथ का उद्घाटन किया। इसके अलावा उन्होंने विभिन्न स्वास्थ्य शिविरों का निरीक्षण किया। इस दौरान सीएचसी प्रभारी डॉ. अमित कुमार, डॉ. बी प्रसाद, सहित अन्य चिकित्सक, आशा कार्यकत्री व भाजपा कार्यकर्ता मौजूद रहे।

विकास कार्यों का जायजा लेने पहुंची सोशल ऑडिट टीम

संवाददाता, सांथा, संतकबीरनगर, अमृत विचार : मेंहदावल विकास खंड़ क्षेत्र के रेकसा, पेडारी, सांडे.कला, सांडे.खुर्द और रानीपुर गांव में सोमवार को सोशल आडिट टीम ने विकास कार्यों का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान टीम ने शौचालय, इंटर लॉकिंग, चकरोड, मेंड़बंदी समेत तमाम परियोजनाओं

विकास कार्यों की जांच करती सोशल ऑडिट टीम।

का घर घर जाकर सत्यापन किया। सांथा ब्लॉक की कोआर्डिनेटर सालिनी त्रिपाठी तीन सदस्यीय टीम के साथ रेक्सा गांव में आडिट करने पहुंचीं। जिसमें विश्राम के घर से जेपी मिश्र के घर तक इंटरलॉकिंग कार्य, बाल्मीकि मिश्र के घर से बहरैची यादव के घर तक इंटरलॉकिंग कार्य, अमृत सरोवर, पंचायत भवन, बाउंड्री वाल, खेल मैदान, लाभार्थियों को पेंशन, सभी मनरेगा मजदूरों के जाब कार्ड आदि का सत्यापन किया। टीम ने इंटर लॉकिंग की नाप और चौड़ाई आदि कार्य का भौतिक निरीक्षण किया। इस दौरान मनरेगा मजदूरों से जाब कार्ड और मजदूरी के बारे में पूछताछ भी की गई। सालिनी त्रिपाठी ने दो दिनों तक इन सभी गांव में घूम घूमकर सभी विकास कार्यों का मिलान किया। इस दौरान मुख्य रूप से ग्राम प्रधान, दुलारी देवी, घमंडी, फूलचंद, धर्मेन्द्र कुमार, शैलेन्द्र, सुनील मिश्र, हरिश्चंद्र मिश्र, बिंदू, दीपचंद, ग्राम प्रधान प्रतिनिधि दीपक मिश्र समेत तमाम ग्रामीण मौजूद रहे।

चेयरमैन ने किया निर्माणाधीन सड़क का निरीक्षण

संवाददाता, मगहर, संतकबीरनगर, अमृत विचार : नगर पंचायत मगहर की चेयरमैन अनवरी बेगम और अधिशाषी अधिकारी वैभव सिंह ने सोमवार को ईदगाह रोड पर बनाई जा रही सीसी सड़क के निर्माण कार्य का स्थलीय निरीक्षण किया। कार्यदाई संस्था को उन्होंने मानक के अनुरूप कार्य

निर्माणाधीन सड़क का निरीक्षण करतीं चेयरमैन अनवरी बेगम और ईओ वैभव सिंह। अमृत विचार

कराये जाने का निर्देश दिया। नगर पंचायत के वार्ड नम्बर 13 अंजान शहीद की ईदगाह रोड काफी समय से जर्जर हो चुकी थी। जिसे नगर पंचायत द्वारा प्रस्ताव तैयार कर पुन: निर्माण कराया जा रहा है। जिसका राष्ट्रीय राजमार्ग से मुख्य मार्ग और ईदगाह से जूनियर हाईस्कूल तक निर्माण कार्य किया जा रहा है। सोमवार को नगर पंचायत चेयरमैन अनवरी बेगम और अधिशाषी अधिकारी वैभव सिंह ने कार्य का स्थलीय निरीक्षण किया।इस दौरान उन्होंने कार्यदाई संस्था को कराये जा रहे निर्माण कार्य में मानकों का पालन करने का सख्त निर्देश दिया। इस अवसर पर चेयरमैन प्रतिनिधि नूरुज्जमा अंसारी, लिपिक संजय दूबे, सभासद अवधेष सिंह आदि तमाम लोग मौजूद रहे।

5 को जेडी कार्यालय पर गरजेंगे मंडल के शिक्षक

संवाददाता, बस्ती। अमृत विचार : श्रीकृष्ण पांडेय इंटर कॉलेज सभागार में रविवार को उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षक संघ के पदाधिकारियों की बैठक हुई। प्रदेशीय नेतृत्व के आह्वान पर 5 अक्टूबर को संयुक्त शिक्षा निदेशक कार्यालय पर आयोजित होने वाले धरने को लेकर चर्चा हुई। मंडलीय अध्यक्ष रामविलास यादव ने कहा कि धरने में तीनों जिलों के शिक्षक पहुंचे और सफल बनाए। सरकार द्वारा जारी यूपीएस शिक्षकों के साथ एनपीएस से भी बड़ा धोखा है। जब तक पुरानी पेंशन बहाली नही हो जाती है, तब तक संघर्ष जारी रखना है। बैठक में अध्यक्ष शिवपाल सिंह , रामविलास यादव , हरिबक्श सिंह , डॉ. विकास भट्ट, 'कामिल', रामनिवास कुशवाहा, योगेंद्र सिंह, किशोर कुमार, बृजभूषण चौधरी, अनिल कुमार सिंह, राजाराम यादव, चंद्रशेखर सिंह, शंभू नाथ, सर्वेंद्र नारायण द्विवेदी सहित तमाम शिक्षक मौजूद रहे।

आयुष्मान वार्ड में लगी आग, भगदड़

संवाददाता, बस्ती

▸▸ दो घंटे तक ठप रही वार्ड की विद्युत आपूर्ति, हड़कंप के बीच दौड़भाग करते रहे कर्मचारी

अमृत विचार: जिला महिला अस्पताल के आयुष्मान वार्ड में अचानक भगदड़ शुरू हुई। यहां अचानक इलेक्ट्रिक बोर्ड से धुआं निकलते हुए देख मरीज और तीमारदार बाहर की ओर भागने लगे। शॉर्ट-सर्किट से आग लगने की सूचना पूरे अस्पताल में फैल गई। अफरा- तफरी के बीच किसी विद्युत सप्लाई बंद कराई गई। जिससे कोई जनहानि नहीं होने पाई।

दिन में 2.40 बजे के करीब महिला अस्पताल के आयुष्मान वार्ड में अंडरग्राउंड वॉयरिंग से चिंगारी उठने लगी। भीतर ही भीतर दौड़ाया गया केबल जलने लगा। बाद इलेक्ट्रिक बोर्ड में आग पहुंची तो धुंआ उठते हुए देखा गया। कुछ ही देर बाद वार्ड में धुआं फैलने से भगदड़ मच गई। मरीज और तीमारदार बाहर की ओर भागने लगे। तीमारदारों ने आनन- फानन इसकी सूचना स्टॉफ नर्स एवं मौजूद अन्य कर्मचारियों को दिया। मौके पर पहुंचे कर्मियों ने विद्युत आपूर्ति बंद कराई। इसके बाद आग बुझाई गई। मौके पर तत्काल इलेक्ट्रिशियन बुलाए गए। दो घंटे की मशक्कत के बाद तार और बोर्ड को दुरूस्त कर विद्युत आपूर्ति बहाल कराई गई। इस दौरान मरीजों और तीमारदारों को सांसत झेलनी पड़ी। महिला अस्पताल के आयुष्मान वार्ड में छह मरीज भर्ती हैं। इलेक्ट्रिक

> आयुष्मान वार्ड में धुंआ उठने की सूचना मिलते ही अस्पताल प्रशासन सक्रिय हो गया। विद्युत आपूर्ति बाधित कराने के साथ तत्काल इलेक्ट्रिशियन बुलाए गए। कुछ देर के बाद स्थिति सामान्य हो गई।
>
> –डॉ. एके वर्मा, सीएमएस।

बोर्ड और वॉयरिंग में आग लगने के बाद धुंआ से मरीज और तीमारदारों में हड़कंप मची रही। बाद में स्थिति सामान्य होने पर मरीज अंदर गए। आयुष्मान वार्ड में अग्निशमन यंत्र उपलब्ध नहीं पाया गया। गनीमत यह कि मरीज और तीमारदार धुंआ देख सजगता दिखाते हुए बाहर की ओर निकल पड़े। मरीजों ने बताया कि वार्ड में अग्निशमन यंत्र नहीं है। यदि आग तेज होती तो समस्या हो जाती।

नकली नोट मामले में 10 लोग गिरफ्तार

संवाददाता कुशीनगर

▸▸ लाखों के जाली नोट के साथ विस्फोटक व हथियार बरामद

अमृत विचार: कुशीनगर पुलिस ने नकली नोट का कारोबार करने वाले गिरोह के दस लोगों को गिरफ्तार किया है। पुलिस के हत्थे चढे इन अभियुक्तों के पास से पांच लाख से अधिक नकली नोट, नेपाली नोट, दस तमंचा, देशी बम, जिन्दा कारतूस, एटीएम कार्ड, लैपटॉप सहित लाखों रुपये असली नोट भी बरामद किया है।

पुलिस सभागार में प्रेस वार्ता के दौरान पुलिस अधीक्षक संतोष मिश्र ने बताया कि जिले की तमकुहीराज, तरयासुजान, सेवरही थाना व साइबर सेल की संयुक्त टीम ने पुलिस क्षेत्राधिकारी जितेंद्र सिंह कालरा के नेतृत्व में रविवार को संयुक्त पुलिस टीमों द्वारा सघन चेकिंग किया जा रहा था। इसी दौरान जाली नोटों को भारतीय मुद्रा में मिलाकर लेन-देन करने वाले, जाली नोटों की खरीद फरोस्त करने वाले व विस्फोटक रखने वाले 10 शातिर अपराधियों को गिरफ्तार कर लिया गया। पुलिस ने अभियुक्तों के खिलाफ धारा 179/62(2) बीएनएस, 3/25 आर्म्स एक्ट व 5 विस्फोटक पदार्थ अधिनियम में मुकदमा दर्ज कर सभी अभियुक्तों को सलाखों के पीछे भेज दिया है। जिले मे नकली नोटों का अवैध कारोबार करने वाले गैंग के पकडे गये अभियुक्तों में रफीक खान उर्फ बबलू खान पुत्र हनीफ निवासी तरया रोड थाना तमकुहीराज जनपद कुशीनगर, नौशाद खान पुत्र रियाजुल निवासी वार्ड नं. 4 गांधी नगर तमकुहीराज थाना तमुकहीराज जनपद कुशीनगर, रफी अंसारी पुत्र अब्दुल करीम निवासी ग्राम रकबा दुलमा पट्टी थाना सेवरही, औरंगजेब उर्फ लादेन पुत्र नूरमोहम्मद निवासी ग्राम झड़वा थाना तरया सुजान जनपद कुशीनगर, शेख जमालुद्दीन पुत्र सरफुद्दीन सा० गांधीनगर थाना तमकुहीराज, नियाजुद्दीन उर्फ मुन्ना पुत्र सरफुद्दीन निवासी वार्ड न. 4 थाना तमकुहीराज, रेहान खान उर्फ सद्दाम पुत्र जामिल खान वार्ड नं. 4 गुदरी मुहल्ला थाना तमकुहीराज, हासिम खान पुत्र हसन अली निवासी ग्राम हरिहरपुर थाना तमकुहीराज को पुलिस ने आवश्यक कार्रवाई करते हुए जेल भेज दिया।

गोष्ठी संतकबीर साहित्यिक सामाजिक कला संस्थान ने कवि गोष्ठी व शेरी निशस्त का किया आयोजन

इतनी नफरत लिए हुए दिल में, लोग कैसे...

संवाददाता, मगहर, संतकबीरनगर

▸▸ दिवंगत ख्यातिलब्ध कवियों और शायरों की याद में हुआ आयोजन

अमृत विचार: सेवाश्रम आइडियल पब्लिक स्कूल काजीपुर में सोमवार को संतकबीर साहित्यिक सामाजिक कला संस्थान के तत्वावधान में डाक्टर ओआर फैज, दोस्तों मगहरी, वेदप्रकाश चौबे, बशीर दानिश और मास्टर फतेह मोहम्मद जैसे ख्यातिलब्ध कवियों, शायरों और विद्वानों की याद में भव्य कवि गोष्ठी और शेरी निशस्त का आयोजन किया गया। आयोजन के मुख्य अतिथि बृजेश चौरसिया रहे और अध्यक्षता इंस्पेक्टर ओमप्रकाश गौतम ने किया। संचालन संस्था के अध्यक्ष और शायर शाहरुख सागर ने किया।

कार्यक्रम की शरूआत रिवायत के मुताबिक कवि जितेंद्र भारती के द्वारा वंदना गीत और शायर सुम्बुल हाशमी के द्वारा नात पाक से कराया गया। इसके बाद संचालक ने शायर साकिर वफ़ा को आवाज दिया। जिन्होंने "बहा देना रगों का खून अपने देश की खातिर, मेरे भाई कभी सरहद से तुम नाकाम मत आना" सुनकर देश भक्ति का जज्बा भरने की कोशिश किया। मशहूर शायर सुम्बुल हाशमी गोरखपुरी ने "इतनी नफरत लिये हुए दिल में, लोग कैसे जहां में रहते हैं" सुनाकर खूब वाहवाही लूटी। अब बारी थी मशहूर शायर शाहरुख सगर की जिन्होंने "मुझे वो दरिया मिला ही नहीं जहां प्यास मेरी बुझ सके, वो किनारा अबतक दिखा ही नहीं जहां नाव मेरी रुक सके" खूबसूरत अंदाज़ में सुनाया। इसके बाद कवि जितेंद्र भारती ने भोजपुरी में खूबसूरत गीत प्रस्तुत कर खूब वाहवाही लूटी। कवि विनय अजीज ने भी श्रोताओं का दिल जीत लिया। मशहूर शायर अहसास मग़हरी ने "इक दोशीज़ा पागलपन में फिर रही नंगे बदन, शर्म से आंखों को अपने झेंपता कोई नहीं" सुनाकर आज के दौर पर तंज कसा। शायर मास्टर निसार मगहरी ने "अब समंदर से निकलकर मछलियां उड़ने लगीं, वज्द में आकर हमें भी चांद पर उड़ना पड़ा" खूबसूरत अंदाज़ में पेश किया। इनके अलावा साकिर अली साकिर, राजेश मृदुल, हलीम मेहदावली, हाजी बदरे आलम, अरमान अली, हसमत अजीजी ने भी अपनी रचनाएं सुनाईं। इस अवसर पर विद्यालय के निदेशक आतिफ ओबैद ने आगंतुक मेहमानों कवियों और शायरों के प्रति आभार व्यक्त किया। गोष्ठी की अध्यक्षता कर रहे इंस्पेक्टर ओम प्रकाश गौतम व संदीप मौर्य ने शायरों, कवियों के रचनाओं की प्रशंसा करते हुए उन्हें बधाई दिया।

रंगोली गारमेंट्स के मालिक पर गैर इरादतन हत्या का केस दर्ज

संवाददाता, कुशीनगर

अमृत विचार: पडरौना नगर के ओंकार वाटिका कॉलोनी में निर्माणाधीन बहुमंजिला मकान से गिरकर मजदूर की हुई मौत के मामले में पुलिस ने मृतक के भाई की तहरीर पर रेडीमेड कपड़ा व्यवसायी रंगोली गारमेंट्स के मालिक सुभाष अग्रवाल के खिलाफ कोतवाली पुलिस ने गैर इरादतन हत्या का केस दर्ज किया है। हलांकि कि व्यापारी और उनके पुत्र घटना के दिन से ही अपना दुकान बंद कर फरार चल रहे है।

शनिवार की सुबह पडरौना के ओंकार वाटिका कॉलोनी में रंगोली गारमेंट्स के मालिक सुभाष अग्रवाल के निर्माणाधीन मकान की शटरिंग पर चढकर तीसरे मंजिल से एक मजदूर की गिरकर मौत हो गई थी। इसकी जानकारी जब कपड़ा व्यवसायी को हुई तो वह अपने पुत्र के साथ मौके पर पहुचे और घायल मजदूर को मेडिकल कॉलेज पहुंचाया। जहां डॉक्टर ने मजदूर को मृत घोषित कर दिया। इसके बाद कारोबारी और उनके पुत्र दोनों वहां से भाग निकले। रविवार को इस पुलिस ने मृतक की पहचान 50 वर्षीय रमाशंकर चौरसिया निवासी सेमरा हरदोई के रूप में किया। कोतवाली पुलिस ने कपड़ा व्यवसायी सुभाष अग्रवाल, उनके पुत्र अंकित अग्रवाल के खिलाफ गैर इरादतन हत्या के मामले में केस दर्ज किया है।

लखनऊ मंडी

अनाज प्रति कुन्तल गेहूं (आरआर 21) 2360-2800 गेहूं (के 65) 3500-3800 बाजरा 2200-2300 मक्का 2700-2800 जौ 2900-3000 चावल प्रति कुन्तल चावल सेल्हा 2800-3100 चावल बासमती 7000-8000 चावल मोटा 2800-3000 चावल मन्सूरी 3200-3500 चावल शक्कर चीनी 4800-5200 चावल गोल्डन सेल्हा 5600-8600 चावल राजरानी 7000-7500 दाल दलहन चना देशी 6800-7000 चना फार्मी 7200-7500 चना काबली 14500-17000 मटर हरा 6000-620 मटर सफेद 6100-6500 दाल चना 8000-8400 दाल मटर 6400-6500 उड़द हरा 12000-12500 उड़द काला 9000-9500 दाल उड़द हरी 15500-16000 दाल उड़द काली 10500-11000 दाल उड़द धोवा 12000-12500 मूंग खड़ा 10000-10500 मूंग दाल 10500-11000 मूंग धोवा 12000-13000 मसूर 8800-9000 मलका 9000-9500 दाल अरहर फूल 16000-17000 दाल स्पेशल 13000-14000 राज्मा सफेद 13000-14000 राज्मा काला 11500-12500 मूंगफली का दाना 11000-12000 तेल तिलहन अलसी 5310-5510 लाही 4800-5200 काली सरसों 4900-5300 पीली सरसों 5600-5800 तेल सरसों (प्रति 15) 1475-1900 तेल अलसी 2600-2700 तेल तिल्ली 2600-2700 तेल मूंगफली रिफाइन्ड 3400-3500 तेल नारियल 2700-2800 तेल सोयाबीन 1650-1700 वनस्पति बावर्ची 1900 रथ 1950 चीनी (एम 30) 4250 चीनी (एस 30) 4100 गुड़ पंसेरा 5000 गुड लड्डू 5200 मैदा 3000-3100

सर्राफा

लखनऊ

सोना स्टैंडर्ड	76,250
सोना रवा	76,100
सोना गिन्नी (प्रति नग)	42,500
चांदी तैयार	89,700
चांदी (999)	89,600
चांदी सिक्के (100 नग)	80,000

वॉयस-इंटरनेट दरों में 95% की कमी: सिंधिया

दूरसंचार विभाग के चार समावेशित, विकसित, त्वरित और सुरक्षित सेवाओं का लक्ष्य संचार मंत्री ने बताया

नई दिल्ली, एजेंसी

- मंत्रालय के 100 दिनों की उपलब्धियों पर बोले- 117 करोड़ मोबाइल धारकों की संख्या
- 2014 में कॉल की दरें 54 पैसे प्रति मिनट थी जो 2024 में घटकर 3.5 पैसे प्रति मिनट है
- 2014 में इंटरनेट की दरें 287 रुपये प्रति जीबी थी जो 2024 में घटकर 8.75 रुपये प्रति जीबी है

संचार मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने दूरसंचार विभाग के 4 समावेशित, विकसित, त्वरित और सुरक्षित सेवाएं देने का लक्ष्य बताते हुए सोमवार को कहा कि कॉल ड्राप में धीरे-धीरे सुधार करने की दूरसंचार विभाग द्वारा तैयारी की गई है। सिंधिया ने अपने मंत्रालय के 100 दिनों की उपलब्धियों पर कहा कि अभी देश में 117 करोड़ मोबाइलधारकों की संख्या है। एक दशक पहले 2014 में देश में छह करोड़ इंटरनेट के कनेक्शन थे जो अभी बढ़कर 95 करोड़ हो गया है। इसी तरह से ब्रॉडबैंड कनेक्शन की संख्या भी छह करोड़ से बढ़कर 94 करोड़ हो गयी है।

उन्होंने कहा कि 2014 में कॉल की दरें 54 पैसे प्रति मिनट थी जो 2024 में 94 प्रतिशत घटकर औसतन 3.5 पैसे प्रति मिनट है। 2014 में इंटरनेट की दरें 287 रुपये प्रति जीबी थी जो 2024 में 95 प्रतिशत घटकर 8.75 रुपये प्रति जीबी है। इस तरह से कॉल और इंटरनेट दरों में 95 प्रतिशत की कमी आई है। मंत्री ने कहा कि साइबर धोखाधड़ी पर काबू पाने के उद्देश्य से संचार साथी पोर्टल के माध्यम से निगरानी की जा रही है कार्रवाई के तहत 15 सितंबर तक 2.3 लाख से अधिक मोबाइल फोन को ब्लॉक किया गया है।

साथ ही 3.50 लाख हैकर को ब्लॉक किया गया है और साथ एक करोड़ मोबाइल कनेक्शन बंद कर दिये गये हैं। कॉल ड्रॉप पर सिंधिया ने कहा कि इसके तहत चरणबद्ध काम करने की योजना बनायी गयी है। शुरूआत में तिमाही स्तर पर कॉल ड्राप निगरानी की समीक्षा की जा रही है और आगे चलकर इसको मासिक करने की योजना है। साथ ही प्रति टावर भी इसकी समीक्षा की जायेगी। इसको इस तरह से काबू पाने का लक्ष्य तय किया गया है। उन्होंने कहा कि दूरसंचार विभाग चार स्तंभ समावेशित, विकसित, त्वरित और सुरक्षित सेवा देने के लक्ष्य के साथ काम कर रहा है। उन्होंने कहा कि देश में 6.5 लाख गांव में से 36621 गांव में दूरसंचार सेवाओं को पहुंचाना है जिसमें से 100 दिनों में 9500 गांवों में यह सेवा पहुंची है। 7200 से अधिक टावर लगाए गए हैं। गावों में सेवायें पहुंचाने के लिए 27600 से अधिक टावर लगाये जाने हैं। बीएसएनएल के लिए 4 जी की तैयारी जोरों से जारी है। इसके लिए 4 जी स्टैक लगाने का काम चल रहा है।

रत्न-आभूषण निर्यात 18.79% घटा

मुंबई, एजेंसी

सुस्त वैश्विक मांग से अगस्त में भारत का रत्न और आभूषण निर्यात 18.79घटकर 2.01 अरब डॉलर रहा है। रत्न आभूषण निर्यात संवर्धन परिषद (जीजेईपीसी) के आंकड़ों से जानकारी मिली है। अगस्त, 2023 के दौरान रत्न एवं आभूषण निर्यात 2.47 अरब डॉलर रहा था।

जीजेईपीसी ने कहा कि समीक्षाधीन महीने के दौरान निर्यात जुलाई से बेहतर रहा, जब यह 1.66 अरब डॉलर का रहा था। जीजेईपीसी के चेयरमैन विपुल शाह ने बताया कि अगस्त में तराशे और पॉलिश किए गए हीरों का निर्यात 26% घटकर एक अरब डॉलर रह गया, जबकि पिछले वर्ष यह 1.36 अरब डॉलर रहा था। समीक्षाधीन महीने के दौरान सोने के आभूषणों का निर्यात भी 1.15% घटकर 68 करोड़ 76.9 लाख डॉलर का रह गया। कामा ज्वेलरी के प्रबंध निदेशक, कॉलिन शाह ने कहा कि वैश्विक बाजार परिदृश्य की तुलना में घरेलू स्तर पर रत्न और आभूषण क्षेत्र अच्छा प्रदर्शन कर रहा है। सीमा शुल्क में कटौती के बाद सोने की कीमत में आई कमी खरीदारों तक पहुंचेगी, जिससे अंततः बिक्री बढ़ेगी।

सोना 600 रुपये चढ़ा, चांदी में 1,000 की गिरावट

नई दिल्ली। अंतर्राष्ट्रीय बाजारों में बहुमूल्य धातुओं की कीमतों में तेजी के बीच देश के सर्राफा बाजार में सोने का भाव सोमवार को 600 रुपये चढ़कर 76,950 रुपये प्रति 10 ग्राम हो गया। सूत्रों ने स्थानीय बाजारों में सोने की कीमतों में तेजी का श्रेय आभूषण विक्रेताओं और खुदरा विक्रेताओं की बढ़ती मांग को दिया। अखिल भारतीय सर्राफा संघ के अनुसार, औद्योगिक इकाइयों और सिक्का निर्माताओं की कमजोर मांग से सात दिन की तेजी का क्रम टूट गया और चांदी 1,000 रुपये गिरकर 90,000 रुपये प्रति किलो रह गई। पिछले सत्र में यह 91,000 रुपये प्रति किलो पर बंद हुई थी।

प्याज की कीमतों पर नियंत्रण को बफर स्टॉक से बढ़ी बिक्री

- केंद्र ने दिल्ली और अन्य शहरों के बाजारों में भंडार से प्याज निकालना कर दिया शुरू

नई दिल्ली। सरकार ने निर्यात शुल्क हटाने के बाद खुदरा कीमतों में आए उछाल के मद्देनजर थोक बाजारों में बफर स्टॉक से बिक्री बढ़ाकर प्याज की कीमतों पर अंकुश लगाने के प्रयास तेज कर दिए हैं। उपभोक्ता मामलों की सचिव निधि खरे ने सोमवार को कहा कि केंद्र ने दिल्ली और अन्य प्रमुख शहरों के थोक बाजारों में अपने बफर स्टॉक (भंडार) से प्याज निकालना शुरू कर दिया है। सरकार की योजना पूरे देश में सब्सिडी वाले प्याज की खुदरा बिक्री की है। खरे ने कहा कि निर्यात शुल्क हटाने के बाद हमें कीमतों में उछाल का अनुमान था। हमारे 4.7 लाख टन के बफर स्टॉक और खरीफ की बुवाई के बढ़े हुए रकबे के साथ हमें उम्मीद है कि प्याज की कीमतें नियंत्रण में रहेंगी। सरकार समूचे भारत में 35 रुपये प्रति किलो की रियायती दर पर प्याज की खुदरा बिक्री बढ़ाने की योजना बना रही है।

मोटर इंश्योरेंस क्लेम के लिए एक आसान गाइड

वाहन दुर्घटनाग्रस्त हो जाए तो कैसे पाएं क्लेम

आज लोगों के बड़ी संख्या में निजी वाहन खरीदने से मोटर इंश्योरेंस सबसे प्रचलित बीमा उत्पाद बन गया है। परिणामस्वरूप हर साल सबसे ज्यादा क्लेम भी होते हैं, लेकिन हममें से अधिकांश लोग अपना पहला मोटर क्लेम करते समय कई प्रकार की कठिनाइयों का सामना करते हैं। लेकिन मोटर इंश्योरेंस के प्रकार, क्लेम से पहले और बाद की प्रक्रियाओं के बारे में जानकारी हो तो मुश्किलें खत्म हो जाती हैं। आइए जानते हैं इसके बारे में...

क्लेम के प्रकार- मोटर इंश्योरेंस के क्लेम आमतौर पर दो श्रेणियों में होते हैं - कैशलेस और रीइम्बर्समेंट क्लेम।

कैशलेस क्लेम : इसके तहत अगर आपके वाहन को कोई नुकसान पहुंचता है, जिसे मरम्मत की जरूरत हो तो आपको आगे बढ़कर कोई खर्च नहीं करना पड़ता। बीमा प्रदाता सीधे अपने नेटवर्क गेराज को वाहन की मरम्मत के लिए खर्चों का भुगतान करता है। आप यानी ग्राहक केवल मूल्यह्रास (डेप्रिसिएशन) और डिडक्टेबल लागू होने पर उसका भुगतान करते हैं। मूल्यह्रास का प्रतिशत वाहन की आयु और भाग के अनुसार अलग-अलग होता है।

रीइम्बर्समेंट क्लेम : इसके तहत अगर आपके वाहन को कोई भी नुकसान होता है, तो आप किसी भी गेराज में अपने वाहन की मरम्मत करवा सकते हैं। आपको मरम्मत की लागत का भुगतान करना होगा और बीमा प्रदाता से रीइम्बर्समेंट (प्रतिपूर्ति) के लिए अप्लाई करना होगा। सुनिश्चित करें कि आप वर्कशॉप से मरम्मत से संबंधित सभी रसीदें और बिल ले लें। बीमा प्रदाता क्लेम संबंधी दस्तावेजों और बिलों को सत्यापित करने के बाद आपको भुगतान करेगा।

तीन तरह के क्लेम

थर्ड पार्टी (टीपी) : भारत में थर्ड पार्टी कवर कानूनन अनिवार्य है। टीपी का उद्देश्य है आपके वाहन द्वारा किसी थर्ड पार्टी को हुए नुकसान के मुआवजे की स्थिति में आपको कानूनी दायित्वों के लिए कवरेज प्रदान करना। टीपी सेक्शन आपको या आपके वाहन को कोई कवर प्रदान नहीं करता। टीपी सेक्शन में एक थर्ड पार्टी जिसे आपके वाहन से चोट लगी हो, संपत्ति को नुकसान हुआ हो या मृत्यु हो गई हो, मुआवजे के लिए क्लेम कर सकता है। मृत्यु या चोट के मामले में मुआवजे पर कोई सीमा नहीं होती और मुआवजे की राशि कोर्ट द्वारा निर्धारित की जाती है। अगर आप दुर्घटना में थर्ड पार्टी हैं, तो आपको तुरंत एफआईआर दर्ज करवानी चाहिए और वाहन के मालिक से उनके टीपी इंश्योरेंस के विवरण लेने चाहिए।

ओन डैमेज (ओडी) : दुर्घटना में आपके वाहन को हानि पहुंचने पर ओडी क्लेम लागू हो जाता है। पहला कदम है पुलिस और अपने बीमा प्रदाता को सूचित करना। पुलिस और बीमा प्रदाता की सहमति के बिना अपने वाहन को दुर्घटना स्थल से न हटाएं। दुर्घटना स्थल से वाहन को हटाने की सहमति मिलने के बाद आप अपने वाहन को मरम्मत के लिए ले जा सकते हैं और बीमा प्रदाता कैशलेस या रीइम्बर्समेंट के आधार पर भुगतान करेगा।

चोरी : अगर आपका वाहन चोरी हो जाता है तो आपको पुलिस में एफआईआर दर्ज करवानी होगी और बीमा प्रदाता व आरटीओ को चोरी के बारे में सूचित करना होगा। आपको बीमा प्रदाता के पास एफआईआर, ड्राइविंग लाइसेंस, वाहन रजिस्ट्रेशन सर्टिफिकेट आदि की एक कॉपी जमा करवानी होगी। पुलिस इस मामले की जांच करेगी, लेकिन अगर आपका वाहन 90 दिनों के भीतर नहीं मिलता, तो पुलिस एक "नो ट्रेस रिपोर्ट" जारी करेगी। चोरी के मामले में क्लेम सेटलमेंट के लिए नो ट्रेस रिपोर्ट अनिवार्य होती है।

डिजिटल क्लेम प्रक्रिया

बीमा उद्योग तेजी से डिजिटलीकरण की ओर बढ़ रहा है और समय पर क्लेम सेटलमेंट करने के लिए नए उपायों का उपयोग कर रहा है। क्लेम सेटलमेंट में ऐसा एक नया इनोवेशन है ऑन द स्पॉट सेटलमेंट। यह बीमा प्रदाता के एप या वेबसाइट के माध्यम से किया जाता है। बीमित व्यक्ति को केवल अपने वाहन को हुए नुकसान की कुछ फोटो क्लिक करके बीमा प्रदाता के एप या पोर्टल पर उन्हें अपलोड करना होगा। बीमा प्रदाता उन फोटो और अपने डेटा एनालिटिक्स टूल का उपयोग करके क्लेम राशि निर्धारित करते हैं। स्वीकार किए जाने पर क्लेम 20 मिनट के अंदर मिल जाता है।

टीए रामलिंगम
(चीफ टेक्निकल ऑफिसर, बजाज आलियांज जनरल इंश्योरेंस)

राष्ट्रीय

एक नजर

तृणमूल विधायक, डॉक्टर से सीबीआई की पूछताछ

कोलकाता। पिछले महीने यहां आरजी कर अस्पताल में एक महिला चिकित्सक के साथ बलात्कार और हत्या की सीबीआई जांच के सिलसिले में सोमवार को तृणमूल कांग्रेस विधायक निर्मल घोष से केंद्रीय एजेंसी की पूछताछ जारी है। अधिकारियों ने बताया कि अस्पताल के फॉरेंसिक विभाग में डॉक्टर-प्रोफेसर अपूर्व बिस्वास से भी इसी मामले के सिलसिले में सीबीआई अधिकारी पूछताछ कर रहे हैं। तृणमूल कांग्रेस के पानीहाटी से विधायक घोष सुबह साढ़े 10 बजे साल्टलेक स्थित सीबीआई के सीजीओ कॉम्प्लेक्स कार्यालय पहुंचे। सीबीआई ने कहा कि हमने उन्हें आरजी कर अस्पताल की घटना के बारे में पूछताछ के लिए बुलाया था।

मेडिकल की दो छात्राओं की डूबने से मौत

अल्लूरी सीताराम राजू जिला (आंध्र प्रदेश)। जिले में झरने में डूबने से दो मेडिकल छात्राओं की मौत हो गई तथा एक की तलाश जारी है। सोमवार को एसपी अमित बरदार ने बताया कि मारेडुमिल्ली के जलाथरंगिनी झरने में रविवार शाम चार बजे मेडिकल की शिक्षा ले रहे पांच विद्यार्थी बह गए, जिनमें से दो को पुलिस और वन अधिकारियों ने बचा लिया, हालांकि तीन को नहीं बचाया जा सका।

राउज के सीईओ और समन्वयक को जमानत

नई दिल्ली। दिल्ली की अदालत ने सोमवार को राउज आईएएस स्टडी सर्किल के सीईओ अभिषेक गुप्ता और समन्वयक देशपाल सिंह को जुलाई में कोचिंग सेंटर के बेसमेंट में पानी भर जाने से सिविल सेवा परीक्षा की तैयारी कर रहे तीन विद्यार्थियों की मौत से संबंधित मामले में सात दिसंबर तक अंतरिम जमानत दे दी।

कोर्ट पहुंचे स्वामी, निगरानी में जांच का अनुरोध

तिरुपति लड्डू विवाद: याचिका में मुख्यमंत्री चंद्रबाबू नायडू के आरोपों की जांच के निर्देश देने की मांग की

नई दिल्ली, एजेंसी

- टीटीडी के पूर्व अध्यक्ष ने सेवानिवृत्त जज की समिति से जांच का किया अनुरोध

भाजपा नेता सुब्रमण्यम स्वामी ने तिरुपति लड्डू बनाने में पशुओं की चर्बी के कथित इस्तेमाल की जांच अदालत की निगरानी में किये जाने के अनुरोध के साथ सोमवार को उच्चतम न्यायालय का रुख किया। भाजपा नेता ने न्यायालय से अनुरोध किया कि वह आंध्र प्रदेश सरकार को लड्डू बनाने में इस्तेमाल किए गए घी के स्रोत और नमूने पर एक विस्तृत रिपोर्ट दाखिल करने का निर्देश दे।

स्वामी ने आग्रह किया कि वह अधिकारियों से विस्तृत फोरेंसिक रिपोर्ट के लिए अंतरिम निर्देश जारी करे। याचिका अनुसार प्रसाद में इस्तेमाल होने वाली सामग्रियों के आपूर्तिकर्ताओं की गुणवत्ता या उसकी कमी की निगरानी और सत्यापन के लिए आंतरिक रूप से अंकुश होना चाहिए था। स्वामी ने याचिका की जानकारी एक्स पर पोस्ट की है। उन्होंने पोस्ट में लिखा कि मैंने जनहित याचिका दायर कर मुख्यमंत्री चंद्रबाबू नायडू के आरोपों की जांच के निर्देश की मांग की। नायडू ने आरोप लगाया है कि तिरुपति तिरुमाला मंदिर के प्रसाद में जानवरों के मांस और सड़े पदार्थों की मिलावट की गई है। तिरुमाला तिरुपति देवस्थानम (टीटीडी) के पूर्व अध्यक्ष एवं राज्यसभा सदस्य वाई.वी. सुब्बा रेड्डी ने भी न्यायालय में याचिका दायर कर शीर्ष अदालत के सेवानिवृत्त न्यायाधीश के नेतृत्व वाली स्वतंत्र समिति द्वारा जांच कराये जाने का अनुरोध किया है।

मिलावट के आरोपों का स्वतः संज्ञान ले न्यायालय : विहिप

तिरुपति। विश्व हिंदू परिषद (विहिप) ने उच्चतम न्यायालय से तिरुपति के लड्डुओं में मिलावट के आरोपों का स्वत: संज्ञान लेने और दोषियों का पता लगाने के लिए जांच शुरू करने की सोमवार को अपील की। विहिप के केंद्रीय मार्गदर्शक मंडल की तिरुपति में हुई बैठक में यह निर्णय लिया गया। विहिप ने कहा कि उच्चतम न्यायालय को इस मामले का स्वत: संज्ञान लेना चाहिए तथा एक निश्चित समयावधि में इसकी जांच कर इस अक्षम्य अपराध के दोषियों की पहचान करनी चाहिए तथा उन्हें कड़ी सजा देनी चाहिए। उसने कहा कि इस मामले में लापरवाही और देरी की कोई गुंजाइश नहीं है, क्योंकि ऐसा होने पर हिंदू समुदाय के सदस्य राष्ट्रव्यापी आंदोलन कर सकते हैं, जो इस मामले को लेकर पहले से ही अधीर हैं। विहिप के अनुसार, तिरुपति के लड्डुओं को लेकर पिछले चार-पांच दिन में दक्षिणी राज्य में सत्तारूढ़ राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) और विपक्षी वाईएसआरसीपी द्वारा एक दूसरे पर लगाए गए आरोपों-प्रत्यारोपों से हिंदू समुदाय स्तब्ध है।

एफएसएसएआई की रिपोर्ट का इंतजार

नई दिल्ली। तिरुपति मंदिर में बांटे गए लड्डुओं पर जारी विवाद के बीच उपभोक्ता मामलों की सचिव निधि खरे ने सोमवार को कहा कि उनका विभाग भारतीय खाद्य सुरक्षा और मानक प्राधिकरण (एफएसएसएआई) की रिपोर्ट मिलने के बाद ही बाजार में घी की गुणवत्ता की निगरानी के लिए अतिरिक्त उपायों पर विचार करेगा। खरे ने कहा कि हम रिपोर्ट का इंतजार करेंगे।

कांग्रेस दलित विरोधी पार्टी, उसने सैलजा का किया अपमान : शाह

चंडीगढ़, एजेंसी

केंद्रीय मंत्री अमित शाह ने सोमवार को कांग्रेस पर तीखा हमला करते हुए उसे दलित विरोधी पार्टी करार दिया और कहा कि उसने कुमारी सैलजा और अशोक तंवर जैसे दलित नेताओं का अपमान किया है। शाह ने आरक्षण के संबंध में टिप्पणी के लिए कांग्रेस नेता राहुल गांधी पर निशाना साधते हुए कहा कि अगर कोई आरक्षण की रक्षा कर सकता है, तो वह केवल प्रधानमंत्री हैं।

शाह हरियाणा विधानसभा चुनाव के लिए टोहाना में रैली को संबोधित कर रहे थे। भाजपा नेता ने आरोप लगाया कि कांग्रेस दलित विरोधी पार्टी है। कांग्रेस ने दलित नेताओं का अपमान किया, चाहे वह अशोक तंवर हों या बहन सैलजा। सत्तारूढ़ भाजपा दलित नेता सैलजा के चुनाव प्रचार से दूर रहने को लेकर कांग्रेस पर निशाना साध रही है। सैलजा के चुनाव प्रचार से दूर रहने की खबरों के बीच हाल में केंद्रीय मंत्री मनोहर लाल खट्टर ने सैलजा को भाजपा में शामिल होने का न्योता दिया था।

मैं कांग्रेसी हूं, दो-तीन दिन में शुरू करूंगी प्रचार: सैलजा

नई दिल्ली। कांग्रेस महासचिव कुमारी सैलजा ने नाराजगी की खबरों के बीच सोमवार को कहा कि वह कांग्रेसी हैं और दो-तीन दिन में चुनाव प्रचार शुरू करेंगी। उन्होंने पार्टी नेतृत्व के साथ बैठक को लेकर कहा कि शीर्ष नेताओं के साथ अक्सर चर्चा होती रहती है। पूर्व केंद्रीय मंत्री सैलजा ने कहा कि पार्टी में 100 तरह की बातें होती हैं, लेकिन वो पार्टी के अंदर की बातें होती हैं।

आरोपी ने पुलिस की रिवॉल्वर छीन चलाई गोली, जवाबी फायरिंग में मौत

बदलापुर (महाराष्ट्र), एजेंसी

बदलापुर यौन शोषण

- अस्पताल में आरोपी ने तोड़ा दम, एक पुलिसकर्मी घायल

स्कूल में दो बच्चियों के यौन शोषण के आरोपी अक्षय शिंदे ने हिरासत में पुलिस की रिवॉल्वर छीनकर गोली चलाई। पुलिस की जवाबी फायरिंग में आरोपी घायल हो गया। उसे अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां उसने दम तोड़ दिया। घटना में एक पुलिसकर्मी भी घायल हुआ है।

आरोपी शिंदे को तलोजा जेल से पुलिस रिमांड पर लेकर बदलापुर जा रही थी। आरोपी ने गाड़ी में पुलिसकर्मी से रिवाल्वर छीन ली और पुलिसकर्मियों पर फायरिंग कर दी। इसमें एक पुलिसकर्मी घायल हो गया। जवाबी कार्रवाई में पुलिस की ओर फायरिंग की गई। इसमें अक्षय शिंदे को गोली लग गई। इससे वह घायल हो गया। उसे गंभीर हालत में अस्पताल में भर्ती कराया गया। जहां अक्षय शिंदे ने दम तोड़ दिया।

अक्षय शिंदे की मौत को लेकर महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने कहा कि अक्षय शिंदे की पूर्व पत्नी ने यौन उत्पीड़न का मामला दर्ज कराया था। इसलिए उसे जांच के लिए ले जाया जा रहा था। शिंदे ने एक पुलिस कर्मी नीलेश मोरे पर गोली चलाई, जो घायल हो गए और उन्हें अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पुलिस मौके पर है। पुलिस ने आत्मरक्षा में यह कार्रवाई की है। जांच के बाद अधिक जानकारी सामने आएगी।

जाति जनगणना बोलने से डरते हैं मोदी : राहुल

नई दिल्ली, एजेंसी

श्रीनगर में सभा को संबोधित करते राहुल गांधी।

लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने आरक्षण पर भाजपा पलटवार करते हुए सोमवार को कहा कि बहुजन विरोधी भाजपा चाहे कितना भी झूठ फैला ले, लेकिन मुख्य विपक्षी दल आरक्षण पर आंच तक नहीं आने देगा। राहुल गांधी ने आरोप लगाया कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जाति जनगणना बोलने तक से डरते हैं और वह नहीं चाहते कि बहुजन को उनका हक मिले।

राहुल गांधी ने आरक्षण की 50 प्रतिशत की सीमा को हटाने की पैरवी करते हुए कहा कि बहुजन को न्याय दिलाना उनके जीवन का मिशन है। अमेरिका में राहुल गांधी द्वारा आरक्षण के संदर्भ में दिए बयान को लेकर भाजपा और उसके शीर्ष नेता उन पर हमले कर रहे हैं। गृह मंत्री अमित शाह ने जम्मू-कश्मीर की सभा में राहुल गांधी पर निशाना साधते हुए कहा था कि किसी को भी पहाड़ी, गुज्जर, दलित, अन्य पिछड़े वर्गों सहित वंचित वर्गों को दिए आरक्षण को छूने की इजाजत नहीं दी जाएगी। राहुल अमेरिका में कह रहे हैं कि आरक्षण की जरूरत नहीं है।

जम्मू-कश्मीर में बोले राहुल- संसद में बनूंगा आपकी आवाज

श्रीनगर। लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने संसद में जम्मू-कश्मीर के लोगों की आवाज बनने का सोमवार को वादा किया और जम्मू-कश्मीर का राज्य का दर्जा बहाल करने के लिए भाजपा शासित केंद्र पर दबाव बनाने की कांग्रेस की प्रतिबद्धता दोहराई। श्रीनगर के बाहरी इलाके जैनाकोट में चुनावी रैली में गांधी ने कहा कि जब भी आपको मेरी जरूरत होगी, आप मुझे सिर्फ आदेश दीजिए, मैं आपके समक्ष हाजिर हो जाऊंगा। मैं आपके मुद्दों को संसद में उठाऊंगा। आप जानते हैं कि मेरा आपसे कितना खास रिश्ता है। मुझे इसका जिक्र करने की भी जरूरत नहीं है।

किश्तवाड़ में आतंकियों व सुरक्षाबलों में मुठभेड़

जम्मू। जम्मू-कश्मीर के किश्तवाड़ जिले में सोमवार को सुरक्षा बलों और आतंकियों के समूह में कुछ देर तक गोलीबारी होने के बाद मुठभेड़ शुरू हो गई। किश्तवाड़ के चटरू इलाके में मुठभेड़ तीसरे दिन में प्रवेश कर गई है। माना जा रहा है कि दो से तीन आतंकियों के जंगली इलाके में छिपे होने की उम्मीद है। जहां सुरक्षा बलों की टीम ने घेराबंदी कर रखी है। चटरू के गुरिनाल गांव में डन्ना धार वन क्षेत्र के पास 21 सितंबर को शुरू हुई मुठभेड़ तीसरे दिन में प्रवेश कर गई है। 13 सितंबर को हुई गोलीबारी में दो जवान शहीद हो गए थे और कई घायल हो गए थे।

हिमाचल सरकार और सोनिया के खिलाफ आरोप साबित करें कंगना

- राज्य सरकार पर कर्ज लेकर सोनिया गांधी को पैसे देने का कंगना ने लगाया है आरोप

शिमला। हिमाचल प्रदेश कांग्रेस ने सोमवार को मंडी की सांसद कंगना रनौत को चुनौती दी कि वह अपने इस आरोप को साबित करें कि राज्य सरकार ने कर्ज लेकर सोनिया गांधी को पैसे दिए। कांग्रेस ने कहा कि कंगना रनौत ने यदि आरोप साबित नहीं किया तो वह उनके खिलाफ मानहानि का मामला दायर करेगी। हिमाचल प्रदेश के मंत्री विक्रमादित्य सिंह ने संवाददाताओं से कहा कि कंगना रनौत की टिप्पणी भाजपा सांसद के बौद्धिक दिवालियापन को दर्शाती है। उन्होंने कहा कि इससे बड़ा मूर्खतापूर्ण बयान कोई नहीं हो सकता कि केंद्र से आने वाला धन या राज्य का विकास कोष सोनिया गांधी को दिया जा रहा है।

सैन्य अधिकारी व महिला मित्र के उत्पीड़न को लेकर आयोग गठित

भुवनेश्वर, एजेंसी

ओडिशा के मुख्यमंत्री मोहन चरण माझी ने पुलिस थाने में सैन्य अधिकारी को कथित तौर पर प्रताड़ित करने और उसकी मंगेतर के यौन उत्पीड़न के मामले की न्यायिक जांच के आदेश दिए हैं। राज्य सरकार ने हाईकोर्ट के सेवानिवृत्त न्यायमूर्ति चितरंजन दास की अध्यक्षता में जांच आयोग गठित किया है।

आयोग घटनाक्रम और उससे जुड़ी परिस्थितियों के साथ ही इससे संबद्ध व्यक्तियों तथा प्राधिकारियों की भूमिका, आचरण और जवाबदेही पर गौर करेगा। जांच रिपोर्ट 60 दिन में सौंपी जाएगी। आयोग भविष्य में ऐसी घटनाओं की पुनरावृत्ति रोकने और महिलाओं की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए उपाय सुझाएगा। एक अधिकारी ने बताया कि सेना अधिकारी, उसकी मंगेतर और महिला के पिता ने सोमवार सुबह राज्य सचिवालय में माझी से मुलाकात की। मुख्यमंत्री ने कहा था कि सरकार दोषियों पर कार्रवाई को प्रतिबद्ध है।

महिलाओं के पवित्र वजूद की हर हाल में रक्षा आवश्यक : अदालत

इंदौर। मध्यप्रदेश हाईकोर्ट के न्यायमूर्ति प्रेमनारायण सिंह की इंदौर पीठ ने कथित तौर पर क्रूरतापूर्ण दुष्कर्म के मामले में पीड़ित और आरोपी पक्ष के बीच समझौते पर प्राथमिकी रद करने से इनकार करते हुए कहा है कि महिलाओं के पवित्र वजूद की हर हाल में रक्षा आवश्यक है।

इस मामले के आरोपी के खिलाफ अपनी प्रेमिका की आपत्तिजनक तस्वीरें और वीडियो सोशल मीडिया पर प्रसारित करने की धमकी देकर उसके साथ शारीरिक संबंध बनाने का इल्जाम है। आरोपी ने पीड़िता से हुए समझौते पर याचिका दायर करते हुए हाईकोर्ट से गुहार की थी कि उसके खिलाफ इंदौर के थाने में इस साल तीन मई को दर्ज प्राथमिकी और निचली अदालत की लंबित कार्यवाही रद कर दी जाए।

सूरत: पटरी से छेड़छाड़ में रेलवे के ही कर्मी गिरफ्तार

सूरत, एजेंसी

- हादसा टालने का श्रेय लेने और सम्मान पाने के लिए पटरी पर फिश प्लेट रखकर दी थी सूचना

गुजरात के सूरत जिले में रेल पटरी से छेड़छाड़ करने और फिर संभावित हादसे को टालने का श्रेय लेने के आरोप में रेलवे के तीन कर्मचारियों को गिरफ्तार किया गया। एसपी होतेश जॉयसर ने बताया कि सुभाष पोद्दार, मनीष मिस्त्री और शुभम जायसवाल रेलवे के रखरखाव विभाग में ट्रैकमैन हैं। पोद्दार और अन्य ने कोसांबा और किम स्टेशन के बीच निरीक्षण के दौरान शनिवार सुबह 5.30 बजे रेलवे प्रशासन को सतर्क किया था कि शरारती तत्व पटरी से ट्रेन को उतारने के लिए एक तरफ की पटरी से इलास्टिक क्लिप और दो फिश प्लेट हटाकर उन्हें दूसरी तरफ की पटरी पर रख रहे हैं।

रेलवे अधिकारियों ने बताया कि तीनों के पटरियों से छेड़छाड़ देखे जाने से ठीक पहले मार्ग से एक ट्रेन गुजरी थी। छेड़छाड़ का पता चलने और ट्रेन के गुजरने के समय का अंतर बहुत कम था और इतने कम समय में इलास्टिक क्लिप और फिशप्लेट हटाना संभव नहीं था। तीनों के मोबाइल फोन की जांच की और देर रात 2.56 बजे से तड़के 4.57 बजे तक अलग-अलग अंतराल पर रिकॉर्ड किए छेड़छाड़ वाले वीडियो पाए। मिस्त्री ने अपनी खींची तस्वीरें भी डिलीट कर दी थीं। पूछताछ के बाद तीनों ने इस कृत्य को कबूल किया। उन्होंने बताया कि वे इस कृत्य में इसलिए शामिल हुए कि उन्हें सम्मानित किया जाएगा और आगे भी रात की ड्यूटी पर तैनात किया जाएगा, जिससे उन्हें दिन में परिवार के साथ रहने का मौका मिलेगा। वह पोद्दार ही था, जिसके मन में यह विचार आया, क्योंकि मानसून में लगाई गई उसकी रात्रि ड्यूटी समाप्त होने वाली थी।

20 साल में पहली बार खिताब जीतना गर्व का पल

- हरिका बोलीं- सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन नहीं करने के बाद भी शतरंज ओलंपियाड जीतने की खुशी है

नई दिल्ली, एजेंसी

शतरंज ओलंपियाड खिताब जीतने के बाद ट्रॉफी के साथ जश्न मनाते भारतीय खिलाड़ी। ● एजेंसी

अनुभवी डी हरिका को प्रतिष्ठित शतरंज ओलंपियाड खिताब जीतने के सपने को साकार करने के लिए लंबे समय तक इंतजार करना पड़ा लेकिन उन्हें बुडापेस्ट में अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन नहीं करने के बाद भी इस खिताब को जीतने की खुशी है।

भारत ने रविवार को शतरंज ओलंपियाड में इतिहास रच दिया जब उसकी पुरुष और महिला टीमों ने अंतिम दौर के मैचों में क्रमशः स्लोवेनिया और अजरबैजान को हराकर दोनों वर्गों में स्वर्ण पदक जीते। अजरबैजान के खिलाफ महिला टीम के लिए 33 वर्षीय हरिका ने लय में वापसी करते हुए जीत दर्ज की, जबकि 18 वर्षीय दिव्या देशमुख ने तीसरे बोर्ड पर गोवर बेयदुल्यायेवा को पछाड़ कर अपना व्यक्तिगत स्वर्ण पदक भी पक्का किया। हरिका ने कहा मेरे लिए जाहिर तौर पर यह इन लोगों (टीम के साथी खिलाडियों) से ज्यादा भावुक क्षण है। मैं लगभग 20 साल से खेल रही हूं लेकिन पहली बार स्वर्ण पदक जीतने का मौका मिला है। मैं इन खिलाड़ियों के लिए काफी खुश और गर्व महसूस कर रही हूं। युवा खिलाड़ियों ने टीम के लिए काफी अच्छा प्रदर्शन किया। शायद मेरा प्रदर्शन संतोषजनक नहीं था लेकिन टीम के स्वर्ण पदक से मैं सब कुछ भूलने में सफल रही। मुझे खुशी है कि हम निराशा को पीछे छोड़कर मजबूत वापसी करने में सफल रहे।

दिव्या ने कहा इसकी शुरुआत काफी अच्छी रही, लेकिन बीच में हमें कुछ सफलता मिली और जिस तरह से मैंने और मेरी टीम ने इसे संभाला उस पर मुझे गर्व है। हमने दृढ़ता के साथ मुकाबला किया और आखिरकार हम स्वर्ण पदक के साथ यहां हैं। मैं अभी भावनाओं से भरी हुई हूं। मैं काफी खुश हूं। मैंने यहां अच्छा प्रदर्शन किया है। यह करो या मरो जैसे हालात थे, आपको देश के लिए सब कुछ झोंकना होता है। दिव्या तीसरे बोर्ड पर 11 में से 9.5 अंक हासिल कर व्यक्तिगत स्वर्ण पदक जीतने में भी सफल रही। तानिया ने कहा यह वह क्षण है, मुझे लगता है कि हम इसके लिए ही बने थे। पिछली बार (2022 में टीम मामूली अंतर से चूक कर कांस्य पदक जीती थी) ऐसा नहीं हुआ। पिछली बार कांस्य पदक का जश्न मनाना कठिन था लेकिन मैं अभी बहुत खुश हूं।

श्रीलंका ने जीता पहला टेस्ट मैच

गाले, एजेंसी

प्रबथ जयसूर्या की शानदार गेंदबाजी की बदौलत श्रीलंका ने सोमवार को पहले टेस्ट मैच के पांचवें दिन न्यूजीलैंड को 68 रनों से हरा दिया है। आज यहां मैच के पांचवें दिन न्यूजीलैंड की टीम कल के स्कोर आठ विकेट पर 207 रन से आगे खेलना शुरु किया।

प्रबथ ने शतक की ओर बढ़ रहे रचिन रविंद्र (92)को पगबाधा आउट कर पवेलियन भेज दिया। इसके दो रन बाद विलियम ओरूर्क (शून्य) को बोल्ड कर प्रबथ ने न्यूजीलैंड की पारी को 211 के स्कोर पर समेट कर मुकाबला 68 रनों से जीत लिया। मैच में नौ विकेट लेने वाले श्रीलंकाई स्पिनर प्रबथ जयसूर्या को उनकी शानदार गेंदबाजी के लिए प्लेयर ऑफ द मैच से नवाजा गया।

प्रबथ जयसूर्या को प्लेयर ऑफ द मैच।

- पांचवें दिन 275 रन के लक्ष्य का पीछा करने उतरी न्यूजीलैंड 68 रनों की हारी

इससे पहले 275 रन के लक्ष्य का पीछा करने उतरी न्यूजीलैंड की शुरुआत अच्छी नहीं रही। और उसने छह रन के स्कोर पर डेवन कॉन्वे (चार) का विकेट गंवा दिया। इसके बाद प्रबथ ने केन विलियमसन (30) को स्टंप आउट करा दिया। टॉम लेथम (28) को धनंजय ने पगबाधा किया। टॉम ब्लंडल (30) को प्रबथ ने बोल्ड आउट किया। रचिन रवींद्र ने न्यूजीलैंड के लिए सबसे अधिक 92 रन बनाए। न्यूजीलैंड के सात खिलाड़ी दहाई आंकड़े तक भी नहीं पहुंच सके। श्रीलंका के लिए प्रबथ जयसूर्या ने 68 रन देकर पांच विकेट लिए। रमेश मेंडिस को तीन विकेट मिले। धनंजय डी सिल्वा और असिथा फर्नांडो को 1-1 बल्लेबाज को आउट किया।

खेल डायरी

भारत अंडर-19 ने ऑस्ट्रेलिया को नौ विकेट से हराया

पुडुचेरी। साहिल पारेख (नाबाद 109) और अभिज्ञान कुंडू (नाबाद 53) की अर्धशतकीय पारियों की बदौलत भारत की अंडर-19 क्रिकेट टीम ने सोमवार को नौ विकेट से हराकर तीन मैचों की शृंखला में 2-0 से अजेय बढ़त बना ली है। आज यहां 177 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी भारत की अंडर-19 टीम शुरुआत अच्छी नहीं रही। तीसरे ओवर में हैरी होकेस्ट्रा ने रुद्ध पटेल को (10) पर रोनाल्डो के हाथों कैच आउट करा दिया। इसके बाद साहिल पारेख और अभिज्ञान कुंडू ने भारतीय पारी को संभालते हुए ताबड़तोड़ बल्लेबाजी करते हुए 22 ओवर में एक विकेट पर 177 रन बनाकर नौ विकेट से मुकाबला जीत लिया। साहिल ने 75 गेंदों में 14 चौके और पांच छक्के लगाते हुए (नाबाद 109) रनों की शतकीय पारी खेली। वहीं अभिज्ञान कुंडू ने 50 गेंदों में नौ चौके लगाते हुए (नाबाद 50) रन बनाए। इसी के साथ भारत ने तीन मैचों की शृंखला 2-0 से अजेय बढ़त बना ली है।

द. अफ्रीका ने अफगानिस्तान को क्लीन स्वीप से रोका

शारजाह। दक्षिण अफ्रीका ने तीसरे और अंतिम एकदिवसीय अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट मैच में सात विकेट से जीत दर्ज करके अफगानिस्तान को शृंखला में सूपड़ा साफ करने से रोका दिया। एडेन मार्कराम की नाबाद 69 रन की पारी की बदौलत दक्षिण अफ्रीका ने 170 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए 17 ओवर शेष रहते तीन विकेट पर 170 रन बनाकर आसान जीत दर्ज की। अफगानिस्तान की टीम इससे पहले 34 ओवर में सिर्फ 169 रन पर ढेर हो गई। अफगानिस्तान ने शृंखला 2-1 से जीती। दक्षिण अफ्रीका की अनुभवहीन टीम शुरुआती दो मैच में 106 और 134 रन पर सिमट गई थी लेकिन शारजाह क्रिकेट स्टेडियम में एक बार फिर धीमी पिच पर मार्कराम ने अच्छी पारी खेलते हुए अपनी टीम की जीत सुनिश्चित की। अफगानिस्तान के लिए पिछले मैच के शतकवीर रहमानुल्लाह गुरबाज ने 94 गेंद में 89 रन की पारी खेली। टीम का शीर्ष आठ में शामिल कोई अन्य बल्लेबाज 10 रन से अधिक नहीं बना पाया। इनमें से तीन बल्लेबाज रन आउट हुए। नौवें नंबर पर बल्लेबाजी करने उतरे एएम गजनफर ने नाबाद 31 रन की पारी खेली।

तैराक प्रत्याशा रे को मिलेगा एकलव्य पुरस्कार

भुवनेश्वर। ओडिशा की उभरती हुए तैराक प्रत्याशा रे को 2024 के प्रतिष्ठित एकलव्य पुरस्कार के लिए चुना गया है। एक अधिकारी ने यह जानकारी दी। प्रत्याशा ने इस साल फरवरी में गुवाहाटी में खेलो इंडिया विश्वविद्यालय खेलों में चार स्वर्ण, एक रजत और एक कांस्य पदक सहित कुल छह पदक जीते थे। विभिन्न क्षेत्रों से चुने गए जूरी सदस्यों वाली एकलव्य पुरस्कार समिति ने यहां एक बैठक में सर्वसम्मति से प्रत्याशा का चयन किया। प्रत्याशा को एक समारोह में प्रशस्ति पत्र के साथ सात लाख रुपये का नकद पुरस्कार दिया जाएगा। धावक डोंडापति मृत्युम जयराम और बैडमिंटन खिलाड़ी तन्वी पत्री को भी विभिन्न अंतरराष्ट्रीय और राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिताओं में उल्लेखनीय प्रदर्शन के लिए सम्मानित किया जाएगा। प्रत्येक को प्रशस्ति पत्र के साथ डेढ़ लाख रुपये का नकद पुरस्कार मिलेगा।

बार्सीलोना ने स्पेनिश लीग में लगातार छठी जीत दर्ज की

मैड्रिड। बार्सीलोना ने स्पेनिश फुटबॉल लीग में अपना शानदार प्रदर्शन जारी रखते हुए रविवार को यहां विलारीयाल को 5-1 से हराकर लगातर छठी जीत दर्ज की। इस मुकाबले के दौरान हालांकि बार्सीलोना को झटका भी लगा तब उसके कप्तान और गोलकीपर मार्क आंद्रे टेर स्टेगेन के घुटने में गंभीर चोट लगी और उन्हें स्ट्रेचर पर मैदान से बाहर जाना पड़ा। स्थानीय मीडिया की खबरों के अनुसार टेर स्टेगेन स्टेडियम से अस्पताल एंबुलेंस में गए और अस्पताल से वापस व्हीलचेयर पर लौटे। बार्सीलोना के कोच हेंसी फ्लिक ने कहा इस चोट से हम दुखी हैं। मुझे लगता है कि चोट बहुत बड़ी होगी लेकिन हमें अधिक जानकारी के लिए इंतजार करना होगा। हमें इसे स्वीकार करना होगा। यह आसान नहीं है। बार्सीलोना ने अब तक हुए छह मुकाबलों में 22 गोल किए हैं जबकि उसके खिलाफ सिर्फ पांच गोल हुए हैं। टीम ने अंक तालिका के शीर्ष पर रीयाल मैड्रिड पर चार अंक की बढ़त बना ली है जिसने शनिवार को इस्पानयोल को 4-1 से हराया। एटलेटिको मैड्रिड ने रेयो वालेकानो से 1-1 से ड्रॉ खेला जबकि गेटाफे और लेगानेस का मुकाबला भी 1-1 से बराबर रहा। एथलेटिक बिलबाओ ने सेल्टा विगो को 3-1 से हराया।

डब्ल्यूटीसी की तालिका में भारत का वर्चस्व

बांग्लादेश पर जीत के साथ मजबूत हुई स्थिति, श्रीलंका तीसरे स्थान पर पहुंचा

दुबई, एजेंसी

जीत के बाद जश्न मनाते भारतीय खिलाड़ी। (फाइल फोटो) ● एजेंसी

भारत ने बांग्लादेश पर 280 रन की जीत के साथ विश्व टेस्ट चैंपियनशिप (डब्ल्यूटीसी) तालिका के शीर्ष पर अपनी स्थिति मजबूत कर ली जबकि श्रीलंका ने गॉल में न्यूजीलैंड को हराकर लार्ड्स में अगले साल होने वाले फाइनल के लिए अपना दावा मजबूत किया। श्रीलंका अपने मौजूदा प्रतिद्वंद्वी न्यूजीलैंड को पछाड़कर तीसरे स्थान पर पहुंचा है।

चेन्नई में जीत और 12 डब्ल्यूटीसी अंक के साथ भारत ने 71.67 प्रतिशत अंक के साथ तालिका के शीर्ष पर ऑस्ट्रेलिया (62.50 प्रतिशत अंक के साथ दूसरे स्थान पर) पर अपनी स्थिति मजबूत कर ली। पाकिस्तान के खिलाफ शृंखला 2-0 से जीतकर चौथे स्थान पर पहुंचा बांग्लादेश (39.29 प्रतिशत अंक) इस हार के बाद छठे स्थान पर खिसक गया है। बांग्लादेश ने चौथे दिन भारत के 515 रनों के लक्ष्य का पीछा करते हुए चार विकेट पर 158 रन से आगे खेलना शुरू किया। कप्तान नजमुल हुसैन शंटो और शाकिब अल हसन ने कुछ देर हार को टाला लेकिन रविचंद्रन अश्विन और रविंद्र जडेजा की भारत की स्पिन जोड़ी ने मात्र 40 रन देकर शेष छह विकेट चटका दिए। अश्विन को पहली पारी में शानदार शतक जड़ने और दूसरी पारी में छह विकेट लेने के लिए मैच का सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी चुना गया। गॉल में जीत के बाद तालिका में तीसरे स्थान पर पहुंचे श्रीलंका के पास 2025 के फाइनल में जगह बनाने के लिए 2023 डब्ल्यूटीसी के फाइनलिस्ट भारत और ऑस्ट्रेलिया को चुनौती देने का सबसे अच्छा मौका है।

गॉल में न्यूजीलैंड पर 63 रन की जीत श्रीलंका की आठ मैचों में चौथी जीत है जिससे उनके 50 प्रतिशत अंक हो गए हैं। श्रीलंका की टीम मौजूदा चक्र में अब अधिकतम 69.23 प्रतिशत अंक हासिल कर सकती है जो उसे अगले साल लॉर्ड्स में होने वाले फाइनल में जगह दिलाने के लिए पर्याप्त होगा और फिर दक्षिण अफ्रीका तथा ऑस्ट्रेलिया का सूपड़ा साफ करना होगा। भारत को डब्ल्यूटीसी चक्र में अभी नौ टेस्ट और खेलने हैं और उसकी नजरें लगातार तीसरी बार डब्ल्यूटीसी फाइनल में जगह बनाने पर टिकी हैं। भारत पिछले दो सत्र में उपविजेता रहा था जब उसे न्यूजीलैंड (2020) और ऑस्ट्रेलिया (2022) के खिलाफ फाइनल में हार झेलनी पड़ी।

गिल के साथ मैदान के बाहर की दोस्ती काम आई : पंत

चेन्नई। भारत के स्टार विकेटकीपर बल्लेबाज ऋषभ पंत ने बांग्लादेश के खिलाफ पहले टेस्ट क्रिकेट मैच की दूसरी पारी में शुभमन गिल के साथ सफल साझेदारी के रहस्य का खुलासा करते हुए कहा कि दोनों के बीच मैदान के बाहर की दोस्ती से मैदान पर काफी मदद मिली। पंत और गिल दोनों पहली पारी में नहीं चल पाए थे लेकिन उन्होंने दूसरी पारी में 167 रन की साझेदारी की जिसका आखिर में मैच के परिणाम पर असर पड़ा। भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) ने सोशल मीडिया पर एक वीडियो जारी किया है जिसमें पंत ने कहा जब मैदान के बाहर आपके बीच बहुत अच्छे संबंध होते हैं तो फिर उस खिलाड़ी के साथ बल्लेबाजी करते हुए काफी मदद मिलती है। हम एक दूसरे के खेल का आनंद ले रहे थे, आपस में खूब बातें कर रहे थे और मैच पर भी बात कर रहे थे तथा बेहद सहज थे। आखिर में हम दोनों यह जानते थे कि हमें क्या करना है। दिसंबर 2022 में सड़क दुर्घटना में घायल होने के बाद अपना पहला टेस्ट मैच खेलने वाले पंत ने कहा मेरी खेल की समझ यह कहती है कि आप जहां भी खेल रहे हों, आपके खेल में सुधार होना चाहिए। इसलिए मैं टीम की मदद करने की कोशिश कर रहा था और यह शानदार रहा। मैंने इसका पूरा लुत्फ उठाया।

बुमराह सभी प्रारूपों में सर्वश्रेष्ठ तेज गेंदबाज : स्टीव स्मिथ

नई दिल्ली। अनुभवी ऑस्ट्रेलियाई बल्लेबाज स्टीव स्मिथ ने बोर्डर-गावस्कर ट्रॉफी से पहले जसप्रीत बुमराह की सराहना की और उन्हें सभी प्रारूपों में सर्वश्रेष्ठ तेज गेंदबाज बताया। भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच पांच टेस्ट मैच की शृंखला 22 नवंबर से पर्थ में शुरू होगी। भारत ने ऑस्ट्रेलिया में पिछली दो शृंखला जीती हैं। अगर भारत को लगातार तीसरी टेस्ट शृंखला जीतनी है तो ऑस्ट्रेलिया में बुमराह के असाधारण कौशल पर काफी कुछ निर्भर करेगा। स्मिथ ने कहा वह एक बेहतरीन गेंदबाज हैं, चाहे मैं नई गेंद से, थोड़ी पुरानी गेंद से या पुरानी गेंद से उनका सामना करूं। उनके पास सभी तरह का शानदार कौशल है। 35 वर्षीय स्मिथ पिछली कुछ शृंखला से ऑस्ट्रेलिया के लिए पारी का आगाज कर रहे हैं और उनके भारत के खिलाफ भी ऐसा ही करने की उम्मीद है।

टीम यूरोप ने टीम विश्व को हराकर लीवर कप जीता

बर्लिन। चार बार के ग्रैंडस्लैम चैंपियन कार्लोस अल्कारेज ने टेलर फ्रिट्ज को 6-2, 7-5 से हराया जिससे टीम यूरोप ने पिछड़ने के बाद वापसी करते हुए टीम विश्व को लीवर कप टेनिस टूर्नामेंट में 13-11 से शिकस्त दी।

अल्कारेज ने दूसरे सेट के 11वें गेम में अमेरिकी ओपन उप विजेता फ्रिट्ज की सर्विस तोड़ी और फिर अपनी सर्विस बचाकर मैच जीतकर टीम यूरोप की जीत सुनिश्चित की। तीन दिन के मुकाबले के तीसरे और अंतिम दिन के खेल से पहले टीम विश्व 8-4 की बढ़त बनाकर लगातार तीसरा खिताब जीतने के करीब थी। रविवार को टीम यूरोप ने वापसी की जब अल्कारेज और कास्पर रूड ने बेन शेल्टन और फ्रांसेस टियाफो की अमेरिका की जोड़ी को युगल मुकाबले में 6-2, 7-6 से हराया। शेल्टन ने इसके बाद ऑस्ट्रेलियाई ओपन के उप विजेता दानिल मेदवेदेव को 6-7, 7-5, 10-7 से हराकर टीम विश्व को फिर बढ़त दिलाई। टियाफो के पास टीम विश्व को जीत दिलाने का मौका था लेकिन वह फ्रेंच ओपन के फाइनल में पहुंचे एलेक्जेंडर ज्वेरेव के खिलाफ हार गए। अल्कारेज ने इसके बाद फ्रिट्ज को हराकर टीम यूरोप की जीत पक्की की।

सुर्खियों से दूर भारत के तारणहार बने रहे हैं जडेजा

- कानपुर टेस्ट में 300 विकेट और 3,000 रन के साथ ग्रैंड डबल एलीट क्लब में शामिल होने का मिलेगा मौका

चेन्नई, एजेंसी

अगर आप जसप्रीत बुमराह जैसे विलक्षण नहीं हैं तो फिर रविचंद्रन अश्विन के साथ खेलने वाले गेंदबाजों के लिए इस दिग्गज ऑफ स्पिनर की छाया से बाहर निकलना आसान नहीं होता, फिर भले ही वह रविंद्र जडेजा जैसा प्रतिभाशाली खिलाड़ी ही क्यों ना हो।

इस हफ्ते शुरू होने वाले कानपुर टेस्ट में जडेजा के पास टेस्ट क्रिकेट में 300 विकेट और 3,000 रन के ग्रैंड डबल को हासिल करने वाले खिलाड़ियों के एलीट क्लब में शामिल होने का मौका होगा। इस ऑलराउंडर के नाम पर अभी 299 विकेट और 3,122 रन दर्ज हैं। भारत के दो खिलाड़ियों अश्विन और कपिल देव सहित अब तक दुनिया के केवल 10 खिलाड़ी ही इस उपलब्धि को हासिल कर पाए हैं।

गैरी सोबर्स और जाक कैलिस जैसे महान खिलाड़ी भी इस सूची का हिस्सा नहीं हैं लेकिन इसके बावजूद जडेजा को उतनी सुर्खियां नहीं मिलती जितनी इन्हें मिला करती थी। एक तरह से जडेजा का काम करने का तरीका इसका मुख्य कारण है।

अश्विन बोलने में तेज हैं और वह प्रेस कांफ्रेंस या अपने यूट्यूब चैनल पर अपने कौशल के बारे में बात करने से नहीं डरते। जडेजा इनमें से कुछ भी नहीं करते। वह रडार की पकड़ में नहीं आने वाले लड़ाकू विमान की तरह अपना काम करते हैं। हालांकि भारत जब भी मुश्किल में होता है तो जडेजा की लड़ाकू प्रवृत्ति तुरंत सामने आ जाती है।

स्वदेश में हमने 45 मैच खेले, जडेजा ने लिए 218 विकेट : अश्विन

अश्विन ने कहा अब यह प्रशंसा एक कदम और बढ़ गई है, यह जानते हुए कि मैं जडेजा को कभी नहीं हरा सकता। इसलिए मैं अपने खेल में सहज हूं, लेकिन उन्होंने जो किया है, उससे पूरी तरह प्रेरित हूं। उन्होंने पहले टेस्ट के बाद कहा वह काफी प्रेरणादायक है। कभी-कभी जब आप अपने साथी क्रिकेटरों के साथ दौड़ में होते हैं तो आप एक-दूसरे से आगे निकलना चाहते हैं, और फिर आप धीरे-धीरे एक-दूसरे की प्रशंसा करने लगते हैं। वर्ष 2012 में जोड़ी बनाने के बाद से अश्विन और जडेजा स्वदेश में एक साथ 45 टेस्ट खेले जिनमें से भारत ने 34 जीते, तीन में हार और शेष आठ ड्रॉ रहे। इन 45 मैचों में जडेजा ने 218 जबकि अश्विन ने 263 विकेट चटकाए।

बॉलीवुड हलचल

मिस यूनिवर्स इंडिया 2024 बनीं रिया सिंघा

जयपुर। गुजरात की रिया सिंघा मिस यूनिवर्स इंडिया 2024 की विजेता बन गईं हैं। मिस यूनिवर्स इंडिया 2024 का ग्रैंड फिनाले को राजस्थान के जयपुर में आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम में देश भर से चुनी गई 51 फाइनलिस्टों ने एक से बढ़कर एक जबरदस्त परफॉर्मेंस दी। 51 फाइनलिस्टों में पहले दो राउंड के बाद से टॉप 20 फाइनलिस्ट चुनी गई।दिल्ली की प्रांजल प्रिया को हराकर गुजरात की रिया सिंघा ने मिस यूनिवर्स इंडिया 2024 का खिताब अपने नाम कर लिया। मिस यूनिवर्स इंडिया 2015 एवं बॉलीवुड स्टार उर्वशी रौतेला ने रिया सिंघा को मिस यूनिवर्स इंडिया का ताज पहनाया। रिया इस वर्ष मैक्सिको में होने वाले मिस यूनिवर्स प्रतियोगिता में भारत का प्रतिनिधित्व करेंगी। रिया ने इस अवसर पर कहा, मैंने मिस यूनिवर्स इंडिया 2024 का खिताब जीत लिया है। मैंने इस मुकाम तक पहुंचने के लिए बहुत मेहनत की है, जहां मैं खुद को इस ताज के लायक समझ सकती हूं। मैं पिछले विजेताओं से बहुत प्रेरित हूं। कार्यक्रम में जज के रूप में मिस यूनिवर्स इंडिया 2024 के डायरेक्टर निखिल आनंद, बॉलीवुड अभिनेत्री उर्वशी रौतेला, फिलीपींस के जाने माने फैशन डिजाइनर ग्युयें कुयन्ह, रियान फर्नांडिस एवं राजीव श्रीवास्तव थे। गौरतलब है कि तीन भारतीय सुंदरियों ने मिस यूनिवर्स का ताज जीता है, जिसमें वर्ष 1994 में सुष्मिता सेन, वर्ष 2000 में लारा दत्ता और वर्ष 2022 में हरनाज संधू शामिल है।

गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड से सम्मानित हुए चिरंजीवी

हैदराबाद। दक्षिण भारतीय फिल्मों के सुपरस्टार चिरंजीवी को गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड से सम्मानित किया गया। चिरंजीवी अब गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड्स के धारक बन गए हैं। चिरंजीवी को यह सम्मान 45 वर्षों में अपनी 156 फिल्मों के 537 गानों में 24,000 डांस मूव्स करने के लिए मिला। इसी दिन सुपरस्टार चिरंजीवी 1978 में भारतीय फिल्म इंडस्ट्री में अपने फिल्मी करियर की शुरुआत की थी। चिरंजीवी को यह सम्मान आमिर खान ने दिया। इस अवसर पर आमिर खान ने कहा, यहां आना मेरे लिए खुशी और सम्मान की बात है। मैं चिरंजीवी गारू के प्रशंसकों को देखकर खुश हूं और मुझे भी अपने बीच शामिल करने के लिए आप सभी का धन्यवाद क्योंकि मैं भी उनका बहुत बड़ा प्रशंसक हूं। मैं उन्हें अपने बड़े भाई की तरह देखता हूं। जब चिरंजीवी गारू ने मुझे फोन किया और मुझे इस कार्यक्रम में आमंत्रित करना चाहा तो मुझे नहीं पता कि उन्होंने मुझसे क्यों बुलाया था और मैंने उनसे पहले ही कहा था कि आपको केवल ऑर्डर करना है, कोई मांग नहीं है। मुझे बहुत खुशी है कि चिरंजीवी गारू को यह सम्मान दिया गया है। चिरंजीवी ने कहा कि उन्होंने कभी नहीं सोचा था कि वह गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड धारक बन जाएंगे। उन्होंने दर्शकों का आभार व्यक्त किया।

अल्लू अर्जुन की आने वाली फिल्म पुष्पा 2 का रोमांचक पोस्टर रिलीज

मुंबई। दक्षिण भारतीय फिल्मों के सुपरस्टार अल्लू अर्जुन की आने वाली फिल्म पुष्पा 2 का रोमांचक पोस्टर रिलीज हो गया है। पुष्पा 2 : द रूल इस साल की सबसे ज्यादा प्रतीक्षित फिल्म है। दिलचस्प बात यह है कि फिल्म अब अपनी रिलीज से सिर्फ 75 दिन दूर है और जल्द ही दुनिया पुष्पा और उनके बेमिसाल जलवे को बड़े पर्दे पर देखेगी। पुष्पा 2 : द रूल के निर्माताओं ने अपने सोशल मीडिया पर अल्लू अर्जुन का एक रोमांचक पोस्टर शेयर किया है, जिसमें वे पुष्पराज के रूप में नजर आ रहे हैं, जिसमें उनका सिग्नेचर स्वैग साफ झलक रहा है। उन्होंने कैप्शन में लिखा 75 दिन में दुनिया को पुष्पा और उनकी बेमिसाल आभा को बड़े पर्दे पर देखने का मौका मिलेगा। #पुष्पा 2 द रूल भारतीय सिनेमा में एक अभूतपूर्व अध्याय लिखेगा द रूल 6 दिसंबर 2024 को सिनेमाघरों में रिलीज होगी। सुकुमार द्वारा निर्देशित और माइथ्री मूवी मेकर्स द्वारा निर्मित इस फिल्म में अल्लू अर्जुन, रश्मिका मंदाना और फहाद फासिल मुख्य भूमिकाओं में हैं। फिल्म का संगीत टी सीरीज का है।

भांबरी, जीवन और प्रशांत अलग-अलग टूर्नामेंट के युगल फाइनल में

नई दिल्ली, एजेंसी

विजय सुंदर प्रशांत व जीवन नेदुनचेझियान।

- फाइनल मुकाबला जीवन और विजय का कॉन्स्टेंटिन फ्रांत्जेन और हेंड्रिक जेबेंस की जर्मन जोड़ी से होगा

भारत के जीवन नेदुनचेझियान, विजय सुंदर प्रशांत और युकी भांबरी ने सोमवार को चीन में खेले जा रहे दो अलग-अलग एटीपी टूर्नामेंट के पुरुष युगल के फाइनल में जगह बनाई।

जीवन और विजय की गैर वरीयता प्राप्त भारतीय जोड़ी ने हांग्झोऊ ओपन के सेमीफाइनल में एरियल बेहार (उरुग्वे) और रॉबर्ट गैलोवे (अमेरिका) की तीसरी वरीयता प्राप्त जोड़ी के खिलाफ पहले सेट में करारी हार के बाद शानदार वापसी की तथा एक घंटे और 11 मिनट के रोमांचक मुकाबले में 0-6, 6-2, 10-4 से जीत हासिल की। फाइनल में जीवन और विजय का मुकाबला कॉन्स्टेंटिन फ्रांत्जेन और हेंड्रिक जेबेंस की गैरवरीयता प्राप्त जर्मन जोड़ी से होगा।

उन्होंने रिंकी हिजिकाटा (ऑस्ट्रेलिया) और मैकेंजी मैकडोनाल्ड (अमेरिका) से वॉकओवर मिलने के बाद फाइनल में जगह बनाई। इस बीच चेंगदू ओपन में युकी और फ्रांस के अल्बानो ओलिवेटल की तीसरी वरीयता प्राप्त जोड़ी ने एक घंटे और 31 मिनट तक चले कड़े मुकाबले में क्रोएशिया के इवान डोडिग और ब्राजील के राफेल माटोस को 6-3, 7-6 से हराया। फाइनल में युकी और अल्बानो का मुकाबला सादियो डौम्बिया और फैबियन रेबौल की शीर्ष वरीयता प्राप्त फ्रांसीसी जोड़ी से होगा, जिन्होंने सेमीफाइनल में मिगुएल रेयेस-वरेला और जॉन-पैट्रिक स्मिथ को 4-6, 6-3, 12-10 से हराया।

स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक शशि भूषण सिंह द्वारा 1224, देवकाली रोड, निकट यश पेट्रोल पंप अयोध्या-224001 (उ.प्र.) से प्रकाशित एवं प्लाट नं.-42, निकट बद्री नगर, इंडस्ट्रियल एरिया, नादरगंज, लखनऊ-226008 (उ.प्र.) से मुद्रित।
संपादक-**शंभू दयाल वाजपेयी**, कार्यकारी संपादक- विवेक सक्सेना* 05278-352045 (कार्यालय), ईमेल- amritvicharayodhya@gmail.com आर.एन.आई नं0-UPHIN/2022/84450, *इस अंक में प्रकाशित समाचार के चयन एवं संपादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट की धारा 7 के अंतर्गत उत्तरदायी।(नोट-सभी विवादों का न्याय क्षेत्र अयोध्या होगा)।

अनोखी प्रतियोगिता

केरल में बैलों की दौड़ प्रतियोगिता चर्चा में रहती है। खास मौकों पर यह प्रतियोगिता आयोजित की जाती हैं। कोझिकोड जिले में एक किसान अपने बैलों के साथ दौड़ता हुआ। एजेंसी

सामाजिक दबावों के बीच पुरुष अकेलेपन की महामारी से जूझ रहे

जस्टिन बीबर और उनकी पत्नी हैली ने मई 2024 में घोषणा की थी कि वे बच्चे की उम्मीद कर रहे हैं, उससे कुछ हफ्ते पहले पॉप आइकन ने एक सेल्फी सोशल मीडिया पर साझा की थी जिसमें उनकी आंखों में आंसू थे और वह परेशान दिखाई दे रहे थे। मीडिया का ध्यान तुरंत ही हैली की गर्भावस्था की ओर चला गया जबकि एक पुरुष सेलिब्रिटी और भावी पिता द्वारा सार्वजनिक रूप से अपनी कमजोरी साझा करने के महत्व पर बहुत कम ध्यान दिया गया। फिर भी, बीबर का सोशल मीडिया पोस्ट उनके आंतरिक संघर्ष को उजागर करने के लिए काफी है। भावनात्मक दर्द गंभीर स्वास्थ्य समस्याओं से जुड़ा हुआ है। लेकिन, पुरुषों की भावनाओं और कमजोरियों की अभिव्यक्ति के प्रति लोगों की प्रतिक्रिया अक्सर कमतर होती है, भले ही उन्हें पूरी तरह खारिज नहीं किया जाता हो। उदाहरण के लिए, बीबर के आंसू भरे पोस्ट के जवाब में हैली ने उन्हें काफी रोने वाला बताया।

कनाडाई रैप गायक ने अपने दिल की भावनाएं पेश की

एक साल पहले, कनाडाई रैप गायक डैक्स ने टू बी ए मैन गाना रिलीज किया था। उस समय उन्होंने कहा था, यह एक ऐसा गाना है जिसमें मैंने अपने दिल की भावनाएं पेश की हैं। मैं प्रार्थना कर रहा हूं कि यह उन सभी तक पहुंचे जिन्हें इसकी जरूरत है। आज, इस गाने का संदेश समय के अनुकूल है। इस गाने का भाव कुछ इस तरह है : हां, मुझे पता है कि यह जिंदगी आपको वाकई हरा सकती है, तुम चीखना चाहते हो लेकिन तुम आवाज नहीं निकाल पाओगे, इतना वजन है कि तुम उसे थामे हुए हो लेकिन एक पुरुष के तौर पर कोई भावना नहीं दिखा पाओगे, जो अनकही रह जाएगी।

अमेरिकी सर्जन ने महामारी बताया

पुरुषों पर अकेलेपन का असर को लेकर अमेरिकी सर्जन डॉ. विवेक मूर्ति ने एक सलाह जारी की, जिसमें उन्होंने देश में अकेलेपन और अलगाव को एक महामारी के रूप में वर्णित किया। हाल ही में हमने 75 नए और भावी पिताओं पर एक अध्ययन किया, जिसमें उन्होंने व्यक्तिगत और सामूहिक आघात से निपटने की आवश्यकता पर बात की। उन्होंने कहा कि इससे अंततः उनके परिवारों को सहायता मिलेगी। लेकिन नए और भावी पिताओं का कहना है कि पुरुषों को उनके मानसिक स्वास्थ्य में मदद करने के लिए संसाधन अक्सर अनुपलब्ध या बहुत सीमित होते हैं।

पुरुष होने के नाते बाहर से दिखाते मजबूत

शोध में शामिल एक प्रतिभागी ने कहा एक पिता और एक पुरुष होने के नाते, आपको माहौल खुशनुमा रखना है और बाहर से खुद को मजबूत दिखाना है। लेकिन, अंदरुनी तौर पर आप कुछ अलग ही महसूस कर रहे होते हैं। शोध एक स्थायी सामाजिक स्वास्थ्य चुनौती को दर्शाता है, वह चुप्पी जो आमतौर पर पुरुषों के मानसिक स्वास्थ्य के इर्द-गिर्द रहती है।

एक नजर

ईरान में भूकंप के झटकों में 28 लोग घायल

तेहरान। ईरान के पूर्वी प्रांत उत्तरी खुरासान के बोजनुर्द काउंटी में रविवार को आए भूकंप के तीव्र झटकों के कारण कम से कम 28 लोग घायल हो गए। आधिकारिक समाचार एजेंसी इरना ने यह जानकारी दी। एजेंसी ने बताया कि भूकंप की तीव्रता रिक्टर पैमाने पर 5.2 मापी गयी एवं कम से कम 28 लोग घायल हो गए। ईरानी भूकंप विज्ञान केंद्र के अनुसार स्थानीय समयानुसार 16:13 बजे आए भूकंप की गहराई आठ किमी पर थी। इसके बाद चार झटके महसूस किए गए जिनमें एक ही काउंटी में 4.7 और 4.1 तीव्रता के दो झटके शामिल थे।

पाकिस्तान में युवक पर लगा ईशनिंदा का आरोप

इस्लामाबाद। पाकिस्तान के पंजाब प्रांत की पुलिस ने साहीवाल जिले के चिचावतनी शहर के एक युवक (25) पर सोशल मीडिया पर साझा पोस्ट को लेकर ईशनिंदा का आरोप लगाया है। स्थानीय अखबार डॉन ने सोमवार को बताया कि शनिवार रात चिचावतनी के सदर थाना के सहायक उप-निरीक्षक शमसुल हसन की शिकायत पर युवक के खिलाफ मामला दर्ज किया गया। वह शख्स इस्लामाबाद में सीनेट का कर्मचारी था, लेकिन हाल ही में उसे नौकरी से हटा दिया गया।

इराक के आतंकवादी गुट ने ड्रोन हमले की जिम्मेदारी ली

बगदाद। इराक के आतंकवादी गुट एक शिया मिलिशिया समूह ने रविवार शाम को जॉर्डन घाटी में एक इजराइली ठिकानों पर ड्रोन हमले की जिम्मेदारी ली। मिलिशिया समूह ने एक बयान में कहा कि रविवार को अपनी तरह का पांचवां हमला गाजा पट्टी के लोगों के साथ एकजुटता में किया गया था जिसमें दुश्मन के गढ़ों को निशाना बनाना जारी रखने का संकल्प लिया गया था। समूह ने प्रभावित स्थलों को निर्दिष्ट नहीं किया या किसी हताहत की सूचना नहीं दी। इससे पहले दिन में समूह ने इज़रायली ठिकानों पर कई ड्रोन और मिसाइल हमलों की जिम्मेदारी ली जिसमें भोर में दक्षिणी इज़राइल में स्थलों पर ड्रोन हमला, उत्तर में कई स्थलों पर उन्नत अल-अरक़ब क्रूज मिसाइलों से हमले और सुबह में जॉर्डन घाटी में एक इजराइली सैन्य अड्डे पर ड्रोन हमला शामिल है।

भारत में विकास की अनंत संभावनाएं : मोदी

प्रधानमंत्री ने अमेरिका की 15 प्रमुख प्रौद्योगिक कंपनियों के सीईओ के साथ की बैठक

न्यूयॉर्क, एजेंसी

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने अमेरिका में प्रौद्योगिकी क्षेत्र की प्रमुख कंपनियों के मुख्य कार्यकारी अधिकारियों (सीईओ) के साथ सार्थक गोलमेज सम्मेलन में हिस्सा लिया और इस दौरान भारत में विकास की संभावनाओं पर जोर दिया एवं विभिन्न क्षेत्रों में द्विपक्षीय सहयोग को बढ़ाने की पहलों पर चर्चा की। बैठक मोदी की तीन दिवसीय अमेरिका यात्रा के दूसरे दिन रविवार को लोट्टे न्यूयॉर्क पैलेस होटल में हुई।

बैठक में एआई क्वांटम कंप्यूटिंग और सेमीकंडक्टर जैसी अत्याधुनिक प्रौद्योगिकियों पर काम करने वाली अमेरिका की 15 प्रमुख कंपनियों के सीईओ ने हिस्सा लिया। मोदी ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर पोस्ट किया न्यूयॉर्क में प्रौद्योगिकी क्षेत्र की कंपनियों के सीईओ के साथ सार्थक गोलमेज सम्मेलन में हिस्सा लिया। प्रौद्योगिकी, नवोन्मेष और अन्य विषयों से संबंधित पहलुओं पर चर्चा की। इस क्षेत्र में भारत की प्रगति पर भी प्रकाश डाला। भारत के प्रति आशावादी दृष्टिकोण को देखकर मुझे खुशी हुई। विदेश मंत्रालय के अनुसार, सम्मेलन के दौरान मोदी ने कहा कि प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में सहयोग और महत्वपूर्ण एवं उभरती प्रौद्योगिकियों पर पहल (आईसीईटी) जैसे प्रयास भारत-अमेरिका व्यापक वैश्विक रणनीतिक साझेदारी के मूल में हैं। प्रधानमंत्री ने जोर देकर कहा कि उनके तीसरे कार्यकाल में भारत को दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनाने का हर संभव प्रयास किया जाएगा और उन्होंने कंपनियों को सहयोग एवं नवोन्मेष के मामले में भारत की विकास गाथा का लाभ उठाने के लिए प्रोत्साहित किया। कंपनियां भारत में दुनिया के लिए सह-विकास, सह-डिजाइन और सह-उत्पादन कर सकती हैं। भारत के आर्थिक और तकनीकी विकास से अवसरों का लाभ उठा सकती हैं। मैसाचुसेट्स इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी (एमआईटी) स्कूल ऑफ इंजीनियरिंग द्वारा आयोजित इस सम्मेलन में गूगल के सीईओ सुंदर पिचाई, अडोब के सीईओ शांतनु नारायण, एक्सेंचर की सीईओ जूली स्वीट के सीईओ शामिल हुए।

न्यूयॉर्क के एक होटल में कंपनियों के सीईओ के साथ उपस्थित प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी। एजेंसी

प्रधानमंत्री ने आर्थिक परिवर्तन पर प्रकाश डाला

बौद्धिक संपदा की सुरक्षा और तकनीकी नवाचार को बढ़ावा देने के लिए भारत की गहरी प्रतिबद्धता के बारे में उद्योगपतियों को आश्वस्त करते हुए मोदी ने देश में विशेष रूप से इलेक्ट्रॉनिकी और सूचना प्रौद्योगिकी विनिर्माण और सेमीकंडक्टर के क्षेत्र में हो रहे आर्थिक परिवर्तन पर प्रकाश डाला। सम्मेलन में भाग लेने वाले अन्य लोगों में एएमडी की सीईओ लिजा सु, एचपी इंक के सीईओ एनरिक लोरेस, आईबीएम के सीईओ अरविंद कृष्णा, मॉडर्ना के चेयरमैन डॉ. नौबर अफयान और वेरिजॉन के सीईओ हैंस वेस्टबर्ग शामिल थे।

भारत को सेमीकंडक्टर विनिर्माण का वैश्विक केंद्र बनाने के लिए प्रतिबद्ध

सीईओ के साथ बैठक में मोदी ने जोर देकर कहा कि उनकी सरकार भारत को सेमीकंडक्टर विनिर्माण का वैश्विक केंद्र बनाने के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने देश को बायोटेक पावरहाउस के रूप में विकसित करने के लिए भारत की बायो ई3 (पर्यावरण, अर्थव्यवस्था और रोजगार के लिए जैव प्रौद्योगिकी) नीति के बारे में भी बात की। उन्होंने एआई के विषय पर कहा कि भारत की नीति सभी के लिए एआई को बढ़ावा देने तथा इसके नैतिक और जिम्मेदारी से उपयोग पर आधारित है।

सीईओ ने भारत के साथ निवेश और सहयोग करने में गहरी रुचि व्यक्त की

सीईओ ने ऐसे वैश्विक प्रौद्योगिकी केंद्र के रूप में भारत के बढ़ते प्रभुत्व की सराहना की, जो इसकी नवोन्मेष-अनुकूल नीतियों और समृद्ध बाजार के अवसरों से प्रेरित है। उन्होंने भारत के साथ निवेश और सहयोग करने में भी गहरी रुचि व्यक्त की। सम्मेलन में भाग लेने वाले अन्य लोगों में बायोजेन इंक के सीईओ क्रिस विहबैकर, ब्रिस्टल मायर्स स्क्विब के सीईओ क्रिस बोर्नर, एली लिली एंड कंपनी के सीईओ डेविड ए रिक्स, एलएएम रिसर्च के सीईओ टिम आर्चर, ग्लोबलफाउंड्रीज के सीईओ थॉमस कौलफील्ड और किंड्रिल के सीईओ मार्टिन श्रोएटर शामिल थे।

प्रधानमंत्री ने औली समेत विश्व के कई नेताओं से की मुलाकात

न्यूयॉर्क, एजेंसी

- द्विपक्षीय संबंधों के विभिन्न पहलुओं पर चर्चा की
- प्रधानमंत्री ने फिलस्तीनी राष्ट्रपति सहित से की गहन चर्चा

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने अपने नेपाली समकक्ष केपी शर्मा ओली और फिलिस्तीन के राष्ट्रपति महमूद अब्बास सहित विश्व के कई नेताओं के साथ अलग-अलग बैठकें की, जिनमें द्विपक्षीय संबंधों के विभिन्न पहलुओं पर चर्चा की गई। मोदी अमेरिका की तीन दिवसीय यात्रा के तहत न्यूयॉर्क में हैं। उन्होंने रविवार को संयुक्त राष्ट्र महासभा (यूएनजीए) सत्र के इतर अब्बास से मुलाकात की।

मोदी ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर एक पोस्ट में कहा, न्यूयॉर्क में प्रधानमंत्री केपी ओली के साथ बैठक बहुत अच्छी रही। भारत और नेपाल की मित्रता बहुत मजबूत है और हम अपने संबंधों को और गति देना चाहते हैं। हमारी बातचीत ऊर्जा, प्रौद्योगिकी और व्यापार जैसे मुद्दों पर केंद्रित रही। विदेश मंत्रालय के आधिकारिक एक्स अकाउंट पर एक पोस्ट में कहा गया प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने घनिष्ठ मित्रता को और प्रगाढ़ करते हुए यूएनजीए सत्र से इतर नेपाल के प्रधानमंत्री के पी शर्मा ओली से आज मुलाकात की। इसमें कहा गया दोनों नेताओं ने सदियों पुरानी, बहुआयामी और विस्तारित साझेदारी के तहत सभी क्षेत्रों में सहयोग को मजबूत करने के लिए आपसी हित के मामलों पर चर्चा की। ओली प्रधानमंत्री का कार्यभार संभालने के बाद सबसे पहले किसी पड़ोसी देश का दौरा करने की परंपरा को तोड़ते हुए संयुक्त राष्ट्र महासभा (यूएनजीए) के 79वें सत्र में भाग लेने के लिए अपनी पहली विदेश यात्रा पर अमेरिका आए हैं।

नेपाल के प्रधानमंत्री के साथ मोदी।

गाजा में मानवीय स्थिति पर गहरी चिंता व्यक्त की

मोदी ने फिलिस्तीन के राष्ट्रपति महमूद अब्बास से भी यहां मुलाकात की और गाजा में मानवीय स्थिति पर गहरी चिंता व्यक्त करते हुए क्षेत्र में शांति एवं स्थिरता की शीघ्र बहाली के प्रति भारत के समर्थन की पुष्टि की। मोदी ने एक्स' पर एक पोस्ट में कहा, न्यूयॉर्क में (फलस्तीन के) राष्ट्रपति महमूद अब्बास से मुलाकात की।

अगर हारा, तो 2024 का चुनाव मेरा आखिरी मुकाबला होगा : ट्रंप

वाशिंगटन। अमेरिका के पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने रविवार को कहा कि अगर वह 2024 में व्हाइट हाउस (अमेरिका के राष्ट्रपति का आधिकारिक कार्यालय और आवास) में वापसी करने में नाकाम रहते हैं तो उन्हें नहीं लगता कि वह 2028 में राष्ट्रपति पद के लिए दोबारा चुनाव लड़ेंगे। जब पत्रकार शेरिल एटकिसन ने ट्रंप से फिर से राष्ट्रपति चुनाव लड़ने के बारे में पूछा तो उन्होंने कहा नहीं, मैं (चुनाव नहीं) लड़ पाऊंगा। ट्रंप की यह टिप्पणी इसलिए उल्लेखनीय है क्योंकि उन्होंने व्हाइट हाउस के लिए चौथी बार दावेदारी की संभावना को खारिज कर दिया है और वह कभी इस संभावना को स्वीकार नहीं करते हैं कि वह वैध रूप से चुनाव हार सकते हैं।

रूसी व अमेरिकी नागरिक को लेकर पृथ्वी पर लौटा कैप्सूल

मॉस्को, एजेंसी

- दो यात्रियों ने परिक्रमा कर रही अंतरिक्ष प्रयोगशाला में रिकॉर्ड-लंबा प्रवास पूरा किया

अंतर्राष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन (आईएसएस) से दो रूसी और एक अमेरिकी नागरिक को लेकर सोयूज कैप्सूल सोमवार को कजाकिस्तान में उतरा। इसके साथ ही रूस के दोनों अंतरिक्ष यात्रियों का लंबा प्रवास समाप्त हो गया। आईएसएस से अलग होने के लगभग साढ़े तीन घंटे बाद कैप्सूल कजाकिस्तान के मैदान पर उतरा। ओलेग कोनोनेंको और निकोलाई चूब अंतरिक्ष स्टेशन पर 374 दिन बिताने के बाद वापस लौटे, जो वहां उनका सबसे लंबा निरंतर प्रवास था। इस कैप्सूल में अमेरिकी ट्रेसी डायसन भी थीं, जो छह महीने तक अंतरिक्ष स्टेशन में रहीं। कोनोनेंको और चूब 15 सितंबर, 2023 को अंतरिक्ष स्टेशन के लिए रवाना हुए और शुक्रवार को आईएसएस पर सबसे लंबे समय तक लगातार रहने का रिकॉर्ड बनाया। डायसन, बाहरी अंतरिक्ष में अपने तीसरे मिशन में छह महीने अंतरिक्ष में रहीं।

लेबनान एक और गाजा में हो सकता है तब्दील : गुटेरेस

न्यूयॉर्क। संयुक्त राष्ट्र के महासचिव एंटोनियो गुटेरेस ने कहा कि इजराइल व हिजबुल्ला के मध्य बढ़ते हमलों के बीच लेबनान एक और गाजा में तब्दील हो सकता है। गुटेरेस ने अमेरीकी समाचार आउटलेट सीएनएन के साथ एक साक्षात्कार के दौरान कहा कि लेबनान में संचार उपकरणों के हाल ही में विस्फोट का मतलब है कि बहुत अधिक वृद्धि की संभावना है जिसके बारे में उन्हें डर है कि यह दुनिया के लिए विनाशकारी त्रासदी हो सकती है। लेबनान के लिए संयुक्त राष्ट्र की विशेष समन्वयक जीनिन हेनिस ने एक्स पर कहा क्षेत्र एक आसन्न तबाही के कगार पर है और इसे अनदेखा नहीं किया जा सकता है, ऐसा कोई सैन्य समाधान नहीं है जो किसी भी पक्ष को सुरक्षित कर सके।

इजराइली हमलों में 182 लोग मारे गए

लेबनान के लिए 2006 के बाद सर्वाधिक घातक दिन, 300 ठिकानों पर हमला किया

मरजायौन (लेबनान), एजेंसी

लेबनान के लिए वर्ष 2006 के बाद सोमवार सर्वाधिक घातक दिन रहा और हिजबुल्ला के खिलाफ इजराइल के हमलों में 180 से अधिक लोग मारे गए। इजराइली सेना ने हिजबुल्ला के खिलाफ व्यापक हवाई अभियान से पहले दक्षिणी और पूर्वी लेबनान के निवासियों को अपने घर खाली करने की चेतावनी दी थी।

दक्षिण लेबनान से इजराइल की चेतावनी के बाद हजारों लेबनानी अपने घरों को छोड़कर भाग गए। वर्ष 2006 के इजराइल-हिज़बुल्ला युद्ध के बाद इस सबसे बड़े पलायन में दक्षिणी बंदरगाह शहर सिडोन के पास मुख्य राजमार्ग बेरूत की ओर जाने वाली कारों से जाम हो गया। इजराइल की सेना ने कहा कि उसने हिजबुल्ला आतंकवादी समूह के खिलाफ दबाव बढ़ाते हुए लेबनान में सोमवार को लगभग 300 ठिकानों पर हमला किया। इजराइल की सेना ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर एक पोस्ट में तस्वीर जारी करते हुए घोषणा की कि सैन्य प्रमुख लेफ्टिनेंट जनरल हर्जी हलेवी, तेल अवीव स्थित सैन्य मुख्यालय से अतिरिक्त हमलों को मंजूरी दे रहे हैं। हिजबुल्ला के खिलाफ पिछले एक साल से चल रही लड़ाई में यह सबसे घातक हवाई हमलों में से एक है।

मध्यस्थता सुनवाई में रूस पर जड़े आरोप

द हेग, एजेंसी

- यूक्रेन और रूस के बीच एक उच्चस्तरीय मध्यस्थता मामले की सुनवाई शुरू

यूक्रेन और रूस के बीच एक उच्च-स्तरीय मध्यस्थता मामले की सुनवाई सोमवार को शुरू हुई। इस दौरान, कीव ने मॉस्को पर रणनीतिक रूप से अहम अजोव सागर और केर्च जलडमरूमध्य पर अवैध रूप से कब्जा करने की कोशिश करने का आरोप लगाया। स्थायी मध्यस्थता न्यायालय (पीसीए) में यह सुनवाई रूस और यूक्रेन से जुड़े अंतर्राष्ट्रीय कानूनी मामलों की श्रृंखला में नवीनतम है। ये मामले 2014 में मॉस्को के क्रीमिया पर कब्जा करने और 2022 में यूक्रेन पर पूर्ण आक्रमण करने से जुड़े हुए हैं। यूक्रेन के प्रतिनिधि एंटन कोरिनविच ने मध्यस्थों के एक पैनल को बताया रूस अजोव सागर और केर्च जलडमरूमध्य पर कब्जा करना चाहता है। इसलिए उसने प्रवेश स्थल पर एक विशाल द्वार बनाया है, ताकि छोटी रूसी नौकाओं को प्रवेश की अनुमति दी जा सके और अंतर्राष्ट्रीय जहाजों को बाहर रखा जा सके। प्रवेश द्वार से यूक्रेन का संदर्भ क्रीमिया पर कब्जे के बाद केर्च जलडमरूमध्य पर रूस द्वारा बनाए गए एक पुल से था।

मध्यस्थता सुनावाई के दौरान पक्ष रखते जेलेंस्की। एजेंसी

जेलेंस्की ने गोला बारूद फैक्टरी का दौरा किया

स्क्रैंटन (अमेरिका)। यूक्रेन के राष्ट्रपति जेलेंस्की ने अत्यधिक कड़ी सुरक्षा के बीच रविवार को पेंसिल्वेनिया में गोला-बारूद की उस फैक्टरी का दौरा किया जो रूसी बलों के साथ उनके देश की लड़ाई के लिए आवश्यक हथियारों में से एक का उत्पादन कर रही है। स्क्रैंटन सेना गोला बारूद संयंत्र के निरीक्षण के साथ ही अमेरिका की उनकी यात्रा शुरू हो गयी है और इस दौरान वह युद्ध में यूक्रेन के लिए समर्थन जुटाने का प्रयास करेंगे।

माली के राष्ट्रपति ने आतंकवाद पर अंकुश लगाने का लिया संकल्प

बमाको। पश्चिमी अफ्रीकी देश माली के राष्ट्रपति असिमी गोइता ने देश में शांति, सुरक्षा एवम विकास को आगे बढ़ाने के अपने दृढ़ संकल्प की पुष्टि की और आतंकवाद के खिलाफ लड़ाई तेज करने का संकल्प लिया। गोइता ने देश की आजादी की 64वीं वर्षगांठ के अवसर पर एक सैन्य परेड के बाद यह टिप्पणी की। उन्होंने कहा जब तक हमारा देश इस खतरे से पूरी तरह मुक्त नहीं हो जाता, हम दिन-रात इन सशस्त्र समूहों का समर्थन करेंगे। मालियान लोगों की प्रतिबद्धता की प्रशंसा करते हुए, जो चुनौतियों के बावजूद राष्ट्र की रक्षा के लिए अपने मिशन में मालियान सशस्त्र बलों का सक्रिय रूप से समर्थन करना जारी रखते हैं। गोइता ने रक्षा और सुरक्षा बलों के आसपास एक पवित्र संघ की आवश्यकता पर जोर दिया।

बदलाव | श्रीलंका के नव नियुक्त राष्ट्रपति ने ली शपथ

दिसानायके ने नया युग लाने का किया वादा

कोलंबो, एजेंसी

मार्क्सवादी नेता अनुरा कुमारा दिसानायके ने सोमवार को श्रीलंका के नए राष्ट्रपति के रूप में शपथ ली और कहा कि वह अपने देश में पुनजार्गरण की शुरुआत करेंगे। दिसानायके (56) ने सोमवार को श्रीलंका के नौवें राष्ट्रपति के तौर पर शपथ ली। प्रधान न्यायाधीश जयंत जयसूर्या ने राष्ट्रपति सचिवालय में उन्हें शपथ दिलायी।

दिसानायके ने चुनाव जीतने के बाद पहली बार देश को संबोधित करते हुए जनादेश का सम्मान करने और शांतिपूर्ण सत्ता हस्तांतरण के लिए पूर्व राष्ट्रपति रानिल विक्रमसिंघे का आभार जताया। उन्होंने शपथ ग्रहण करने के बाद दिए संबोधन में कहा मैं आपको आश्वस्त करता हूं कि मैं लोकतंत्र को बचाने और नेताओं का सम्मान बहाल करने की दिशा में काम करने के लिए सर्वश्रेष्ठ प्रयास करूंगा क्योंकि लोगों के बीच नेताओं के आचरण को लेकर संदेह है। दिसानायके ने कहा कि श्रीलंका अलग-थलग नहीं रह सकता और उसे अंतर्राष्ट्रीय सहयोग की जरूरत है। उन्होंने कहा कि वह कोई जादूगर नहीं हैं बल्कि उनका उद्देश्य आर्थिक संकट से जूझ रहे देश को ऊपर उठाने की सामूहिक जिम्मेदारी का हिस्सा बनना है। मैं इस देश में जन्मा आम नागरिक हूं। मुझमें क्षमताएं और अक्षमताएं हैं। मैं कुछ चीजें जानता हूं और कुछ नहीं जानता। मेरा पहला काम लोगों की प्रतिभाओं का इस्तेमाल करना और इस देश का नेतृत्व करने के लिए बेहतर निर्णय लेना है। उन्होंने कहा मैं सामूहिक जिम्मेदारी में एक योगदानकर्ता बनना चाहता हूं।

शपथ ग्रहण समारोह के बाद संबोधन करते राष्ट्रपति दिसानायके।

मोदी का जताया आभार

एक अन्य पोस्ट में उन्होंने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा उन्हें बधाई दिए जाने पर उनका आभार जताया और कहा कि वह द्विपक्षीय संबंधों को मजबूत करने के लिए प्रधानमंत्री मोदी की प्रतिबद्धता का समर्थन करते हैं। दिसानायके ने कहा, प्रधानमंत्री मोदी, आपके स्नेहपूर्ण शब्दों और समर्थन के लिए धन्यवाद।